दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :224
प्रतापगढ़ | रविवार , 16 जून-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

न्यूज डायरी

प्रथम चंद्रमा मिशन चंद्रयान-1 के निदेशक श्रीनिवास हेगड़े का निधन

बेंगलुरु (हि.स.)। प्रथम चंद्रमा मिशन चंद्रयान-1 के निदेशक श्रीनिवास हेगड़े का शुक्रवार को यहां निधन हो गया। 71 वर्षीय हेगड़े ने एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनका इस अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र हैं।हेगड़े तीन दशक से अधिक समय तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से संबद्ध रहे। उन्होंने अंतरिक्ष एजेंसी के कई ऐतिहासिक मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनमें से सबसे उल्लेखनीय 2008 में लॉन्च किया गया चंद्रयान -1 था। यह भारत का पहला चंद्र मिशन था। इस मिशन ने चंद्रमा पर पानी के अणुओं की अभूतपूर्व खोज की। सेवानिवृत्ति के बाद वह बेंगलुरु स्थित स्टार्ट-अप टीम इंडस से जुड़े थे।

दुनिया की भलाई के लिए मिलकर काम करते रहेंग-पीएम मोदी

जी7 शिखर सम्मेल में शामिल होकर स्वदेश लौटे पीएम मोदी, खुद बताया कैसी रही यात्रा

नईदिल्ली,(आरएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली के अपुलिया में हुई जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद शनिवार सुबह स्वदेश लौट आए. दिल्ली पहुंचने से पहले पीएम मोदी अपनी इटली यात्रा के बारे में जानकारी दी और बताया कि जी7 समित में शिकरत करना कैसा रहा. पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, अपुलीया में जी7 शिखर सम्मेलन में बहुत ही उपयोगी दिन रहा. विश्व नेताओं से बातचीत की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की. साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य ऐसे प्रभावशाली समाधान तैयार करना है जिससे वैश्विक समुदाय को लाभ हो और भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर दुनिया का निर्माण हो सके. इसके साथ ही पीएम मोदी इटली का अभार जताया. पीएम ने लिखा, मैं इटली के लोगों और सरकार को उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं.बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम को इटली के लिए रवाना हुए थे. इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए अपुलिया गए थे. जहां शुक्रवार को उन्होंने जी7 शिखर सम्मेलन में शिरकत की और वैश्विक नेताओं से मुलाकात की. इस दौरान पीएम मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी समेत कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ती भी की.बता दें कि पीएम मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेन के लिए पहली विदेश यात्रा की. जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूक्रेन राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के अलावा पॉप फ्रांसिस, जापानी पीएम फुमिओ किशिदा समेत दुनिया के कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बात की.इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी के चांसलर स्कोल्ज़ से भी मुलाकात की, पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, जर्मन चांसलर स्कोल्ज के साथ आज की बातचीत बहुत सार्थक रही. भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी वैश्विक विकास को आगे बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभा सकती है जो समावेशी और टिकाऊ है.जी7 शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय वार्ती की. पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, पीएम जॉर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी मुलाकात हुई. भारत को जी 7 शिखर सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करने और शानदार व्यवस्थाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया. हमने वाणिज्य, ऊर्जा, रक्षा, दूरसंचार और अन्य क्षेत्रों में भारत-इटली संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की.पीएम ने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर पोस्ट की और कहा, राष्ट्रपति जो बाइडेन से मिलना हमेशा खुशी की बात है। भारत और अमेरिका दुनिया की भलाई को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

लगातार तीसरी बार पद संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की ये पहली विदेश यात्रा है और जी7 शिखर सम्मेलन में उनकी लगातार पांचवीं भागीदारी है।

हालांकि दोनों नेताओं के बीच कोई औपचारिक द्विपक्षीय बैठक निर्धारित नहीं थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने संवाददाताओं से कहा था कि बाइडेन और पीएम मोदी को जी7 सत्र के दौरान एक-दूसरे से मिलने का मौका मिलेगा।

जॉर्जिया मेलोनी ने ली पीएम मोदी के साथ सेल्फी, सोशल मीडिया पर वायरल हो रही फोटो

नई दिल्ली,15 जून (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली के अपुलिया में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद दिल्ली लौट आए। इसके बाद इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और नरेंद्र मोदी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी, जिसमें जॉर्जिया, पीएम मोदी के साथ सेल्फी लेती दिख रही हैं।

नार्को-आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़

हथियार और प्रतिबंधित सामान बरामद, तीन गिरफ्तार

कुपवाड़ा,(हि.स.)। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में तीन लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और प्रतिबंधित सामान बरामद करके एक नार्को-आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिले के करनाह इलाके में पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि एक व्यक्ति हेरोइन के लिए खरीदार ढूंढने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद पुलिस और सेना ने एक जाल बिछाया। उसके बाद करीब 500 ग्राम हेरोइन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।प्रवक्ता ने बताया कि इन लोगों की पहचान खावरपरब करनाह निवासी शफीक अहमद शेख और बागबल्ला निवासी तारिक अहमद मलिक के रूप में हुई है। प्रवक्ता ने बताया कि आगे की जांच में तीन पिस्तौलें और साधपुरा निवासी परवेज अहमद पठान के रूप में पहचाने गए एक अन्य व्यक्ति की मौजूदगी का पता चला।उन्होंने बताया कि पठान को पुलिस और सेना की संयुक्त छापेमारी में गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से तीन पिस्तौलें, 76 पिस्तौल राउंड, छह पिस्तौल मैगजीन और करीब पांच किलोग्राम संदिग्ध विस्फोटक बरामद किया गया।प्रवक्ता ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की पूछताछ और विस्तृत जांच जारी है।

8 नक्सलियों के शव व हथियार बरामद

- एक जवान बलिदान
- 2 घायल जवानों की स्थिति खतरे से बाहर

नारायणपुर, 15 जून (हि.स.)।

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिला अंतर्गत महाराष्ट्र सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्राम कुतुल में शनिवार सुबह शुरू हुई मुठभेड़ में नक्सलियों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। सुरक्षाकर्मियों ने 8 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ का एक जवान बलिदान और एसटीएफ के दो जवान घायल हो गए हैं।बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे गये हैं। एक जवान बलिदान और दो जवान घायल हुए हैं। घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है। मारे गये नक्सलियों के शव के साथ हथियार एवं अन्य नक्सल सामग्री के बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि संयुक्त अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव-कांकेर-दन्तेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ व आईटीबीपी 53वीं वाहिनी, बीएसफ 135 वीं वाहिनी का बल शामिल है। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद पृथक से जारी की जायेगी।संयुक्त अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव- कांकेर- दन्तेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ व आईटीबीपी 53वीं वाहिनी, बीएसफ 135 वीं वाहिनी का बल शामिल है। इलाके की सर्चिंग जारी है। शवों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मुठभेड़ में शामिल जवानों ने बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल और मारे जाने की संभावना व्यक्त की है।पुलिस को कुतुल, फरसबेड़ा, कोड़तामेटा इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के बाद संयुक्त अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव- कांकेर- दन्तेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ व आईटीबीपी 53वीं वाहिनी, बीएसफ 135 वीं वाहिनी बल के करीब 1400 जवानों को अभियान के लिए रवाना किया गया था।उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों से नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। एक दिन पहले 14 जून को भी जवानों की संयुक्त टीम के साथ नक्सलियों के साथ दिनभर रुक-रुक कर गोलीबारी हुई थी। 15 जून की सुबह से फिर से मुठभेड़ शुरू हुआ, जिसमें 8 नक्सली मारे गये।

सरकार ने सभी दलों और सांसदों से संसद को सुचारू ढंग से चलाने की अपील की

नई दिल्ली,(आरएनएस)।

संसद सत्र की तैयारियों में जोर-शोर से जुटी केंद्र सरकार ने सभी राजनीतिक दलों और सभी सांसदों से टीम इंडिया की तरह संसद की कार्यवाही को सुचारू ढंग से चलाने की अपील की है।लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों की संख्या कम होने को विपक्षी दलों द्वारा भाजपा की नैतिक हार बताने की बयानबाजी के बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सभी राजनीतिक दलों से मिलकर संसद की कार्यवाही को सुचारू ढंग से चलाने की अपील करते हुए कहा है कि जनादेश बिल्कुल स्पष्ट है। जनता ने एनडीए गठबंधन को देश चलाने के लिए सरकार बनाने का जनादेश दिया है और विपक्षी दलों को विपक्ष की ही भूमिका निभाने का जनादेश दिया है। इसलिए सरकार और विपक्ष दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है और देश के लिए दोनों को ही मिलकर कार्य करना चाहिए।उन्होंने कहा कि सरकार उच्च गुणवत्ता वाली बहस और चर्चा के साथ संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों और सांसदों के साथ मिलकर काम करने के लिए सकारात्मक रूप से तत्पर है।किरेन रिजिजू ने वर्ष 2000 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा लोकसभा में दिए गए भाषण के एक अंश को साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून 2024 से शुरू हो रहा है। मुझे उम्मीद है कि सभी नवनिर्वाचित माननीय सदस्य राष्ट्र की सेवा करने के लिए, भारतीय संसद की समृद्ध परंपराओं को बनाए रखने, इसका गौरव बढ़ाने और सदन की गरिमा को बनाए रखने में योगदान देंगे।आपको बता दें कि लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसदों के शपथ ग्रहण, लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति के अभिभाषण और उस पर चर्चा के लिए 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से 3 जुलाई तक बुलाया गया है। वहीं राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून को शुरू होगा और 3 जुलाई को समाप्त होगा।लोकसभा सत्र के पहले दो दिन यानी 24 और 25 जून को लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद सदस्यता की शपथ लेंगे।

नीट पेपर लीक मामला

ईओयू का बड़ा एक्शन

पटना में 9 स्टूडेंट्स को भेजा नोटिस, अबतक 19 गिरफ्तार

नईदिल्ली,15 जून (आरएनएस)।

मेडिकल फील्ड में करियर बनाने वालों के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानी जाने वाली एंट्रेंस एग्जाम नीट को लेकर इन दिनों माहौल गर्माया हुआ है. पेपर लीक से लेकर स्टूडेंट्स के करियर तक कई तरह के सवाल इस परीक्षा को लेकर उठे हैं. मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है. इस बीच इस मामले में लगातार नए अपडेट भी सामने आ रहे हैं. इसी कड़ी में आर्थिक अपराध इकाई यानी ईओयू का बिहार में बड़ा एक्शन देखने को मिला है. दरअसल नीट एग्जाम में पेपर लीक को लेकर बिहार से कनेक्शन सामने आया है. इस कनेक्शन के चलते अब तक यहां से 14 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. यही नहीं शनिवार को भी इओयू ने 9 परीक्षार्थियों को नोटिस भेजा है. इन सभी परीक्षार्थियों से सबूत के साथ दफ्तर आने को कहा गया है.

दरअसल बिहार की राजधानी पटना में एक घटना से सबका ध्यान नीट पेपर लीक की तरफ खींचा. यहां सॉल्वर गिरोह ने एक प्राइवेट स्कूल में कुछ स्टूडेंट्स को प्रश्नपत्र को रटवाया था. इसी स्कूल से जले हुए प्रश्नपत्रों को यानी एग्जाम पेपर के टुकड़े भी मिले थे. इसके बाद पटना से नीट एग्जाम में पेपर लीक की बातें सामने आने लगीं. इस मामले में ईओयू की ओर से एक्शन लिया गया और अब तक सिर्फ बिहार से ही 14 लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है.

पेपर लीक के तार अकेले बिहार के पटना से नहीं जुड़े बल्कि इसका कनेक्शन गुजरात के गोधरा से भी मिला है. यहां के पंचमहल जिले में कुछ लोगों को आरोप हैं कि उन्होंने 27 स्टूडेंट्स से 10 लाख रुपए की रिश्वत लेकर नीट-यूजी एग्जाम पास कराने में मदद की. इसके चलते अब तक गुजरात से भी 5 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है. यानी इस मामले में अब तक 19 लोग अरेस्ट किए जा चुके हैं.

गोधरा के एक स्कूल में हुई धांधली का खुलासा 9 मई को की गई एक एफआईआर के जरिए हुआ. दरअसल गोधरा के एक स्कूल में नीट-यूजी में 5 मई को हुई एग्जाम के दौरान सेंटर बनाया गया था. कलेक्टर को इससे जुड़ी एक शिकायत मिली कि एग्जाम में कुछ गड़बड़ी हुई है. जांच पड़ताल में पूरा मामला सामने आया था.बिहार के पटना में पकड़े गए चार छात्रों से पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है. इन छात्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि एग्जाम से चार घंटे पहले ही इन्हें प्रश्न पत्र मिल गया था. इसका प्रिंट आउट भी लेने के बाद इसे एक निजी स्कूल में ले जाकर स्टूडेंट्स को रटाया गया था. ईओयू के एक अधिकारी की मानें तो एनटीए की ओर से उन्हें जरूरी एग्जाम पेपर नहीं भेजे गए हैं, यही वजह है कि स्कूल से मिले जले हुए प्रश्न पत्र का मिलान अब तक नहीं किया जा सका है. नीट पेपर लीक मामले को लेकर सियासत भी गर्मा चुकी है. विपक्षी दल कांग्रेस ने इसको लेकर मोर्चा खोल दिया है. आगामी संसद सत्र में कांग्रेस ने इस मुद्दे को जोर शोर से उठाने की बात कही है. दरअसल कोर्ट में भी इस मामले को लेकर कई याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं. कहीं एग्जाम रद्द करने तो कहीं दोबारा करने तो कहीं कुछ और मांगों के साथ याचिकाएं दायर की गई हैं. सुप्रीम कोर्ट और 7 हाई कोर्ट मिलाकर अब तक 41 याचिकाएं दाखिल की जा चुकी हैं. मामले कोर्ट में चल रहा है और 8 जुलाई को इस मामले में अगली सुनवाई होना है.

येदियुरप्पा सीआईडी के समक्ष 17 जून को होंगे पेश

नई दिल्ली, (हि.स.)। वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने शनिवार को बताया कि वह उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले में पूछताछ के लिए 17 जून को सीआईडी के सामने पेश होंगे। येदियुरप्पा ने कहा कि उनके खिलाफ साजिश की गई है, जिसका जनता जवाब देगी।उल्लेखनीय है कि कर्नाटक हाई कोर्ट ने कल सीआईडी को येदियुरप्पा को गिरफ्तार किए जाने पर रोक लगा दी थी। न्यायालय ने कहा था कि वे समान्य व्यक्ति नहीं है, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। साथ ही वे जांच में सहयोग देने के लिए तैयार हैं।येदियुरप्पा ने कहा कि वे किसी काम से दिल्ली गए थे। उन्होंने पहले से इसकी जानकारी दी थी और 17 जून को पेश होने की भी बात कही थी। मामले में बेमतलब की संशय की स्थिति बनाई गई।

जम्मू-कश्मीर हमले को लेकर एक्शन में अमित शाह, 16 जून को बुलाई गई अहम बैठक

नईदिल्ली,(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ दिनों से लगातार आतंकी हमले की खबर सामने आ रही है. इसे देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक्शन में आ चुके हैं. गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की. इस बैठक में जम्मू-कश्मीर की मौजूदा स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की. गृह मंत्री के साथ बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के अलावा जम्मू-कश्मीर के डीजीपी, सीआरपीएफ और इंटेलिजेंस ग्रेड के भी वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए. सभी से अमित शाह ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल किया. सूत्रों की मानें तो शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी जम्मू पर हुए हमले को लेकर बातचीत की है. 16 जून को गृहमंत्री ने जम्मू कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था और सिक्योरिटी रिव्यू को लेकर एक बड़ी बैठक भी बुलाई है. इस हाई लेवल की बैठक अमरनाथ यात्रा और घाटी की सुरक्षा को लेकर विस्तार में चर्चा की जाएगी. आपको बता दें कि महज चार दिनों के अंदर जम्मू-कश्मीर में चार आतंकी हमले किए ग, जिसमें कठुआ, रियासी और डोडा में चार जगहों को आतंकियों ने अपना निशाना बनाया. इन हमलों में एक सीआरपीएफ जवान शहीद हो गया. वहीं, 9 तीर्थयात्रियों की भी जान ले ली गई. सेना के द्वारा चलाए गए ऑपरेशन में कठुआ में दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया. 9 जून को सबसे पहले आतंकियों ने रियासी में तीर्थयात्रियों से भरी बस पर हमला करते हुए फायरिंग कर दी. बस ने हमले में संतुलन खो दिया और खाई में जा गिरी.

कई राज्यों में भारी बारिश की आशंका

नईदिल्ली, (आरएनएस)।

दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्से में प्रचंड गर्मी पड़ रही है. वहीं दूसरी और पश्चिम की ओर से आने वाली हवाओं के चलते मानसून की रफ्तार धीमी हो गई है. जिसके चलते लोगों को मानसून बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है. वहीं बंगाल की खाड़ी में दो हफ्ते पहले आए रेमल चक्रवात के असर से मानसून को मिली गति भी अब लगभग खत्म हो गई है. इस बीच मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है.

भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, 10 जून के बाद मानसून की रफ्तार धीमी हो गई और ये आगे नहीं बढ़ पा रहा है. फिलहाल मानसून की स्थिति स्थिर बनी हुई है. हालांकि अच्छी बात ये है कि अब मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनने लगी हैं. जिसके चलते आने वाले चार से पांच दिनों में मानसून फिर से रफ्तार पकड़ेगा और झमाझम बारिश होगी.बता दें कि हमारे देश में जून से सितंबर के बीच मानसून की दो शाखाएं सक्रिय रहती हैं. एक शाखा बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर आती है वहीं दूसरी अरब सागर की ओर से प्रवेश करती है. बंगाल की खाड़ी वाली शाखा अभी बेहद कमजोर पड़ गई है, लेकिन पश्चिमा शाखा अभी भी सक्रिय बनी हुई है.

फिलहाल दक्षिण-पश्चिम मानसून देश के कई राज्यों में सक्रिय है और इससे बारिश भी हो रही है. मौसम विभाग की मानें तो दक्षिण पश्चिम मानसून से गुजरात एवं राजस्थान के कुछ इलाकों के अलावा दक्षिणी राज्यों में अच्छी बारिश हो रही है. जबकि पूर्वी शाखा सबसे ज्यादा क्षेत्र को प्रभावित करती है. इसके सुस्त पड़ जाने से देश की औसत बारिश पर बड़ा असर पड़ रहा है.मौसम विभाग के मुताबिक, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, पश्चिमी बंगाल और बिहार के पूर्वी भाग में अगले कुछ दिनों में भारी बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग का कहना है कि यहां दक्षिणी-पश्चिमी मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल होने लगी हैं. जिसके चलते अगले चार से पांच दिनों में बंगाल, सिक्किम एवं पूर्वोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है. वहीं पूर्वी मानसून भी गति पकड़ सकता है, इसके बाद ये बिहार और झारखंड के साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ सकता है.वहीं राजधानी दिल्ली में इनदिनों प्रचंड गर्मा का कहर देखने को मिल रहा है. स्काइमेट वेदर के मुताबिक, पश्चिमी हवाओं की गति तेज है, जो बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर आ रही पूर्वी हवाओं को उत्तर-पश्चिम में आगे बढ़ने से रोक रही हैं. जब हवा की दिशा बदलेगी तभी मानसून आगे बढ़ेगा. जब मानसून एक बार गति पकड़ लेगा तब ये तेजी से आगे बढ़ेगा.

- प्रचंड गर्मी के बीच मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

जिससे बारिश होगी. दक्षिण पश्चिम मानसून के इस महीने यानी जून के आखिर तक दिल्ली पहुंचने की संभावना है. जिससे दिल्ली के अलावा हरियाणा और पश्चिमी यूपी में बारिश होगी.

टेम्पो ट्रैवलर अलकनंदा में गिरा, 12 की मौत, 14 घायल

देहरादून, (हि.स.)। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ हाइवे पर रैतोली के पास शनिवार को यात्रियों से भरा एक टेम्पो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिर गया। इस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई है जबकि 14 लोग घायल हैं, जिनका उपचार चल रहा है। दुर्घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है। साथ ही प्रधानमंत्री की ओर से सड़क हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे का ऐलान किया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रुद्रप्रयाग शहर से पांच किलोमीटर आगे बदरीनाथ हाईवे पर रैतोली के पास एक टेम्पो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिर गया। टेम्पो ट्रैवलर में 26 यात्री सवार थे। ये लोग चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रिप पर घूमने यहां आये हुए थे। एसडीआरएफ की 14 सदस्यीय 02 टीमें तत्काल रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल पहुंची। एसडीआरएफ टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस व लोगों के साथ मिलकर संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस दौरान 16 घायलों को रेस्क्यू कर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग भिजवाया गया, जहां से 07 गंभीर घायलों को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा गया। हादसे में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई

प्रयागराज में लाख उद्योग से हजारों ग्रामीण बेरोजगारों को मिला काम

पारंपरिक उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए वरदान साबित हो रही है स्फूर्ति निधि योजना

- खादी ग्रामोद्योग के सहयोग से मिली निधि से 11 हजार से अधिक ग्रामीणों को मिला रोजगार

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। वृहद स्तर पर रोजगार सृजन उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की प्राथमिकता है। सरकार इसके लिए जहां नए उद्योग लगा रही है तो वहीं पारंपरिक उद्योगों का भी पुनरुद्धार कर रही है। स्फूर्ति निधि योजना पारंपरिक उद्योगों को नया जीवन दे रही है । प्रयागराज में लाख उद्योग के उन्नयन में सहयोग कर रही इस योजना से हजारों ग्रामीण रोजगार पा रहे हैं।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के पारंपरिक उद्योगों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। योगी सरकार इन पारंपरिक उद्योगों को नया जीवन प्रदान कर रही है। प्रयागराज के मोहरब में लाख के क्लस्टर का विकास किया जा रहा है। खादी ग्रामोद्योग विभाग की तरफ से इस उद्योग के पुनरुद्धार के लिए मदद की गई है। प्रयागराज के जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अजय कुमार सिंह बताते हैं कि स्फूर्ति निधि योजना के अंतर्गत मोहरब के बायो वेद रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज संस्थान को ₹256.12 लाख की आर्थिक मदद प्रदान की गई है । इस आर्थिक मदद से यहां लाख के उद्योग के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित किया गया है। इसे क्लस्टर के रूप में विकसित कर गांव के बेरोजगार लोगों को रोजगार दिया जा रहा है।

प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर के निकट मोहरब में स्थापित ब्रिट्स संस्थान लाख के उत्पादन का प्रदेश में अग्रणी संस्थान है। लाख की खेती के लिए प्रोत्साहन दे रहा यह संस्थान अब लाख से कई तरह के इको फ्रेंडली उत्पाद तैयार कर हजारों ग्रामीणों को काम भी दे रहा है। संस्थान के निदेशक डॉ. बीके द्विवेदी बताते हैं कि खादी ग्रामोद्योग की तरफ से स्फूर्ति निधि योजना से ₹236.12 लाख की आर्थिक मदद मिली है जिससे यहां कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित किया गया है। सरकार की तरफ से इसमें 90 फीसदी की सब्सिडी प्रदान की गई है। सेंटर स्थापना से ग्रामीण कारीगरों को काम और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। डॉक्टर बीके द्विवेदी के मुताबिक योजना से लाख उद्योग के उत्पाद निर्माण से 11 हजार से अधिक ग्रामीणों को काम मिला है।

बदल रही है ग्रामीण कारीगरों और महिलाओं की जिंदगी

प्रयागराज। पारंपरिक उद्योग गांवों के एक बड़े हिस्से को रोजगार देते हैं। स्फूर्ति योजना पहले बांस, खादी और शहद जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित जिसमे लाख उद्योग को भी शामिल किया गया है। इसका प्राथमिक उद्देश्य पारंपरिक उद्योगों और कारीगरों को एक साथ लाना , नए उत्पादों को बाजार की मांग के अनुरूप डिजाइन करना और क्लस्टर के विकास से बेहतर पैकेजिंग करना है। प्रयागराज में लाख के उत्पादों को तैयार करने में स्थापित सीएफसी से स्थानीय कारीगरों और ग्रामीण लोगों को रोजगार मिला है। आनापुर की गृहिणी प्रतिमा मिश्रा बताती हैं कि अपना घर गृहस्थी का काम पूरा कर वह संस्थान में लाख से बने विभिन्न गिफ्ट आइटम और यूटिलिटी प्रोडक्ट तैयार करती हैं जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी हो रही है। मोहराब गांव की रजिया बेगम का कहना है कि संस्थान में वह लाख के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण ले रही हैं । आगे इसकी मार्केटिंग से उनकी आमदनी बढ़ेगी।

एसीए की तीन सदस्यीय "प्रोटेस्ट एवं डिसिप्लिन कमेटी" का गठन

प्रयागराज। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने तीन सदस्यीय ÷प्रोटेस्ट एवं डिसिप्लिन कमेटी÷ का गठन किया है। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक आरपी भटनागर ने बताया कि इस कमेटी में देवेश मिश्र (इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व क्रिकेट कोच), अनुराग श्रीवास्तव (एडवोकेट एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व क्रिकेट कप्तान) और सलीम अहमद (अंडर-19 भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी) को शामिल किया गया है। यह कमेटी मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर होने वाली आपत्ति एवं खिलाड़ियों के द्वारा ऑफिशियलों से दुर्व्यवहार पर फैसला लेगी।

श्री सहायक लाल अंडर-12 क्रिकेट 21 से

प्रयागराज। श्री सहायक लाल अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता 21 जून से डॉ. केएन काटजू इंटर कॉलेज मैदान पर शुरू होगी। लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में प्रवेश की इच्छुक टीमें हृदय नारायण पाण्डेय (9580070303) अथवा अमर चौधरी (9807757577) से संपर्क कर सकती हैं।

मुक्त विश्वविद्यालय ने आर ए एफ जवानों को दिलाई योग की शपथ

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के परिपेक्ष्य में गिनीज वर्ल्ड बुक में रिकॉर्ड बनाने जाने हेतु ऑनलाइन शपथ दिलाए जाने के क्रम में प्रयागराज के फाफामऊ स्थित आर ए एफ की 101 बटालियन के परिसर में इसका आयोजन किया गया। जिसमें आर ए एफ की ओर से डिप्टी कमांडेंट रामचंद्र राम ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार और विश्व योग दिवस 2024 के संयोजक डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी का स्वागत करते हुए आर ए एफ परिसर के सभी सदस्यों को मुक्त विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराया गया।

इसी क्रम में मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने सभी जवानों को योग का महत्व समझाते हुए वर्तमान में आयोजित हो रहे ऑनलाइन योग शपथ महा अभियान के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा योग ही एक ऐसा माध्यम है जिससे जीवन में शांति लाई जा सकती है।

योग समन्वयक डॉ देवेश रंजन ने उपस्थित सभी प्लाटून कमांडर को विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों की उपयोगिता समझाते हुए ऑनलाइन योग शपथ लिए जाने के विभिन्न चरण समझाए। तत्पश्चात सभी ने सामूहिक ऑनलाइन शपथ ली । सभी प्लाटून कमांडर ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे इस महा अभियान को अपने प्रत्येक जवान तथा पारिवारिक सदस्यों तक पहुंचाने और शपथ दिलाए जाने का संकल्प लिया।

अंत में डिप्टी कमांडेंट ने अपने कमांडेंट श्री मनोज एवं कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। डिप्टी कमांडेंट श्री राम ने यह आश्वस्त किया कि भविष्य में भी मुक्त विश्वविद्यालय एवं आर ए एफ संयुक्त रूप से इसी प्रकार से जनोपयोगी कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।

इसके साथ ही राजभवन, लखनऊ ने विश्व योग दिवस-2024 के अवसर पर विश्व में सर्वाधिक योग संबंधी शपथ का रिकॉर्ड बनाने के निर्देश मिलने के बाद प्रदेश का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरन्तर शपथ ग्रहण अभियान चला रहा है। नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम की अभिप्रेरणा से आज विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने योग शपथ अभियान में बढ़चढ कर भागीदारी की। इसके साथ ही विश्विद्यालय कैम्पस के समीप प्रतिष्ठानों में भी योग शपथ अभियान में विश्वविद्यालय का साथ देने के लिए लोगो को प्रेरित किया।

आतंकवादियों द्वारा सुरक्षाबलों एवं आम नागरिकों पर जानलेवा हमले दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय-अभाविप

- पाकिस्तान पोषित आतंकवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए कड़े कदम उठाए केंद्र सरकार - याज्ञवल्क्य शुक्ल

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। हाल ही में शांतिपूर्ण क्षेत्र जम्मू के अंदर आम नागरिकों एवं सुरक्षा बलों पर आतंकवादियों द्वारा जानलेवा हमले करना अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। जम्मू में आतंकी घटनाओं के विरोध में एबीवीपी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है और केंद्र सरकार से जम्मू में शान्ति स्थापित करने की माँग कर रही है। काफ़ी समय के बाद ऐसा देखने को मिल रहा है कि जम्मू जैसे शांतिपूर्ण क्षेत्र में इस प्रकार के आतंकवादी हमले हो रहे हैं।

अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री गुलाम मुस्तफा अली ने कहा कि अभाविप केंद्र सरकार से मांग करती है कि जम्मू-कश्मीर में सीमा सुरक्षा तंत्र के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा तंत्र को और कड़ा किया जाना चाहिए, साथ ही क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भारतीय सेना की उपस्थिति बढ़ाने की जरूरत है।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि पकिस्तान पोषित निर्मम आतंकवादियों द्वारा निर्दोष नागरिकों एवं सुरक्षाबलों पर जानलेवा हमला करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है बल्कि देश की अस्मिता पर भी हमला है।

इस प्रकार की कायरतापूर्ण घटनाओं को अंजाम देना अक्षम्य है, केंद्र सरकार को इस विषय में सख्त कदम उठाते हुए ऐसे अपराधियों पर अंकुश लगाना चाहिए। साथ ही जम्मू कश्मीर में ऐसी घटनाओं के कारण विद्यार्थियों को भी बहुत मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के सभी विश्विद्यालयों में भी प्रवेश का कार्य चल रहा है और नेट परीक्षा की तिथि भी दूर नहीं है। ऐसी स्थिति में विद्यार्थी घर से निकलने में डर रहे हैं। अभाविप केन्द्र सरकार से मांग करती है कि त्वरित निर्णय लेते हुए क्षेत्र में शांति बहाली हेतु कड़े कदम उठाते हुए आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

नुक्कड़ नाटक के द्वारा छात्रों ने गैस रिसाव पर बचाव का दिया संदेश

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। सर्वस्य लोक कल्याण स्वैच्छिक संस्था और इण्डेन ऑयल के संयुक्त तत्वावधान में कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रयागराज शहर के करेली, मीरापुर, मुंडेरा, चौक, अल्लापुर, आदि क्षेत्रों में गैस रिसाव के कारण हो रही दुर्घटना से जनमानस को जो हानि हो रही है उस पर नुक्कड़ नाटक द्वारा उसके बचाव पर अच्छी जानकारी दी गई।

नुक्कड़ नाटक में इण्डेन आयल द्वारा जारी नंबर 1906 जो कि एक टोल फ्री नंबर है जो ग्राहक के लिए गैस रिसाव की समस्या से निजात दिलाने के 24 घंटे उपलब्ध है।

नुक्कड़ नाटक में कलाकार रोहित बाजपेयी, सोनाली शर्मा, रतिभान सिंह, अमन सिंह, शुभम कश्यप, और इण्डेन आयल के अधिकारी समीर शुक्ला, सर्वज्ञ श्रीवास्तव, चन्दन गुप्ता आदि उपस्थित रहें,इन शानदार नुक्कड़ नाटक का निर्देशन पंकज गौड़ ने किया। राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि-कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा ने बच्चों द्वारा गैस रिसाव से होने वाली अग्नि दुर्घटना से बचने के सम्यक उपाय के नाट्य मंचन की सराहना की और कहा इससे समाज में अग्नि से बचाव की सजगता आएगी। सर्वस्व लोक कल्याण स्वैच्छिक संस्था एवं इंडेन आयल को ऐसे सामाजिक सुरक्षा विषयों के नुक्कड़ नाटक हेतु बधाई दी ठीक है ऐसा देशहित कार्यक्रम करते रहें।

कुलपति ने दिखाई हरी झंडी, दूसरे चरण की परीक्षा सामग्री रवाना

प्रयागराज। उ. प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र जून 2024 की परीक्षाएं प्रदेश के 166 केंद्रों पर विगत 11 जून 2024 से प्रारंभ होकर शांतिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही है। इन परीक्षा केंद्रों में 4 केंद्रीय कारागार भी शामिल हैं। परीक्षा में लगभग 80 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने अगले चरण की परीक्षा हेतु शनिवार को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सामग्री लेकर जा रही गाड़ियों को ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में परीक्षा को पारदर्शिता पूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। विश्वविद्यालय की स्नातक,परास्नातक तथा शेष परीक्षाएं 18 जून से 16 जुलाई तक 2 पालियों में प्रातः 10ः00 से 1ः00 तथा दोपहर 2ः00 से 5ः00 बजे तक आयोजित की जाएंगी। भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए कुलपति के निर्देशों परीक्षा केदो पर पर्याप्त शीतल जल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डी पी सिंह के निर्देशन में परीक्षा विभाग में हेल्पलाइन देश के माध्यम से परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

अंश हेला के अपहरण के बाद हुई हत्या के मामले में सपा नेतृत्व ने लिया संज्ञान

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। शहर के थाना कीडगंज अंतर्गत ओल्ड लश्कर लाइन बैरहना निवासी श्रीमती ज्योति हेला के दस वर्षीय पुत्र अर्थ आनंद उर्फ़ अंश हेला के अपहरण के बाद हत्या कर दिए जाने के मामले को सपा नेतृत्व ने गंभीरता से सज्ञान में लिया है।सपा नेताओं का सात सदस्यों का दल रविवार 16 जून को मृतक अंश हेला के परिजनों से मुलाक़ात करेगा।

ज्ञात हो कि अंश हेला 17 मई 2024 की सायं 7 बजे अपने घर के बाहर खेलते हुए गायब हो गया था जिसकी गुमशुदी 18 मई को माता श्रीमती ज्योति हेला द्वारा कीड गंज थाने म दर्ज करा दी गई थी। दुःखद है कि 19 मई 2024को उसकी लाश अंदावा के पास एक झाड़ी में बरामद हुई थी। जिसके बाद चार लोगों के खिलाफ अपहरण एवं हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। दो अभियुक्त जेल में हैं लेकिन अभी तक दो अभियुक्त पुलिस की पकड़ से बाहर हैं जिसमें एक को भाजपा का नेता बताया जा रहा है।पा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल द्वारा गठित कमेटी में सपा विधायक संदीप पटेल, पूर्व विधायक हाजी परवेज अहमद, लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राम करन निर्मल, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी, यमुनापार अध्यक्ष पप्पूलाल निषाद एवं उपाध्यक्ष जय शंकर भारतीय शामिल हैं। सपा अनु. जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव जीतराज हेला ने जानकारी दी है

जैविक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। सी एम पी कॉलेज प्रयागराज के जंतु विज्ञान विभाग में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद , उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा वित्त पोषित नेमाटोड्स आर यूसिंग एस ए बायोमॉनिटरिंग एनालाइज सॉइल हेल्थ स्टेटस आफ रिवर गंगा एण्ड यमुना एट प्रयागराज नामक परियोजना के अंतर्गत दारागंज क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आज संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में परियोजना की मुख्य अन्वेषिका डॉक्टर हेमलता पंत असिस्टेंट प्रोफेसर, जंतु विज्ञान विभाग, सी एम पी पी जी कॉलेज प्रयागराज ने बताया कि ज्यादातर नेमाटोड हानिकारक होते हैं जो पौधों, मनुष्यों एवं पशुओं को हानि पहुंचाते हैं लेकिन कुछ सूत्रकृमि लाभदायक भी होते हैं। जो मृदा की गुणवत्ता को बढ़ाने का कार्य भी करते हैं। हमें ऐसे ही लाभदायक सूत्रकृमियों को खोजने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में कुमारी निधि गुप्ता जे आर ए (यू पी सी एस टी प्रोजेक्ट) में कुछ सूत्रकृमियों एवं उनके होने वाले हानि के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में 50 किसान उपस्थित थे।

साहित्यांजलि प्रकाशन द्वारा पत्रकार साहित्यकार उमेश चन्द श्रीवास्तव सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। "साहित्यांजलि प्रकाशन" के तत्वावधान में सिबिल लाइन्स स्थिति कार्यालय में साहित्यकार श्याम फत्तनपुरी की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में प्रतिष्ठित पत्रकार ÷शहर समता÷ समाचारपत्र के संपादक उमेश श्रीवास्तव को अंग-वस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेन्द्र कुमार मिश्र ÷विश्वबन्धु÷ ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन साहित्यकारों में उमंग-उल्लास का संचार करते हैं।

उक्त अवसर पर एक काव्य-गोष्ठी आयोजित हुई। प्रकाशन के प्रोपराइटर डाज्भगवान प्रसाद उपाध्याय ने कार्यक्रम का संचालन किया।प्रदीप सिंह पत्रकार ने समस्त साहित्यकार बन्धुओं का शब्द-सुमनों से स्वागत तथा डाज़रामलखन चौरसिया ने आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि शम्भूनाथ श्रीवास्तव ÷शम्भु÷, वरिष्ठ फोटोग्राफर अरविंद मालवीय, वरिष्ठ शायर अजय मालवीय, कवि रजनीश पांडेय रायबरेली एवं कवि पंज़राकेश मालवीय उपस्थित रहे।

कलश यात्रा से शुरू हुई सामूहिक श्रीमद्भागवत कथा

सैकड़ों भक्तों ने गांव की दो मंदिरों तक निकाली कलश यात्रा

- पहले दिन बताया गया श्रीमद्भागवत कथा का महात्म्य

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़ (प्रयागराज)। प्रतापगढ़ के डीह कटरा छतौना में आयोजित सामूहिक श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ शनिवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा मंडप से गांव की दो बड़ी मंदिर शिव मंदिर और दुर्गा देवी मंदिर तक अंग्रेजी बाजा,शंख, घंटा घड़ियाल के साथ निकाली गई।

प्रकांड पंडित आचार्य सौरभ जी ने विधिवत पूजन के बाद लोगों को बताया कि कलश यात्रा जहां तक जाती है वहां तक की भूमि पवित्र हो जाती है और आस पास के लोगों और मंदिरों में स्थापित देवी देवताओं का इसी बहाने आवाहन किया जाता है।विकराल गर्मी के कारण पहले दिन की कथा कुछ देर से शुरू हुई।

कथा व्यास अनंत श्री विभूषित स्वामी श्रीधराचार्य महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के महात्म के बारे में बताया कि सच्चे मन से कथा सुनने वालों का इह लोक और उह लोक दोनों सुधर जाता है।

मुख्य यजमान वायु सेना के पूर्व वारंट अफसर जगदीश प्रसाद मिश्र एवं उनकी धर्म पत्नी आशा देवी रहीं।

कथा एवं कलश यात्रा में प्रमुख संयोजक आचार्य राज कुमार शुक्ल,सह संयोजक प्रेम शंकर शुक्ल,नंद कुमार शुक्ल,अशोक कुमार,आचार्य गोविंद, आचार्य शशांक,आचार्य शुभम के साथ कई शिष्य गण एवं दुर्गेश शुक्ला, अनुपमा शुक्ला,वैष्णवी, मांडवी आदि मौजूद रहीं।

मामूली विवाद में दो पक्षों में धारदार हथियार से मारपीट, कई घायल

लोकमित्र ब्यूरो

जारी(प्रयागराज)। कौंधियारा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी जारी अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत भिस्कुरी में शुक्रवार देर रात दो पक्षों में पहले आपस में कहां सुनी हुई बाद में गाली गलौज के बाद धारदार हथियार से मारपीट हो गई। जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने घटना की लिखित ताहरीर पुलिस चौकी जारी समेत कौंधियारा थाने पर जा कर दिया ।तब मौके पर पहुंची जारी पुलिस मौका मुआयना कर चली गई और जांच पड़ताल पूरी होने के बाद कार्रवाई की बात कहीं। मामले के अनुसार भिस्कुरी निवासी गोरेलाल उर्फ अमित कुमार शनिवार रात अपने दरवाजे पर बैठे थे कि तभी गांव के ही शीतला प्रसाद अपने बेटों शनि, रोहित और दिनेश के साथ वहां पर पहुंच गए और वाद विवाद शुरू कर दिए।

इस बीच कुछ और लोग वहां पर धारदार हथियार लेकर पहुंच गए और हमला बोल दिया जिसमें परिवार के कई लोग घायल हो गए।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय जारी पुलिस क्षेत्र में कभी भी गश्त नहीं करती परिणाम स्वरूप इस क्षेत्र में शराब बनाने से लेकर तमाम तरह के अवैध काम किये जाते हैं।और आपस में गाली गलौज व मारपीट होना लगभग आम बात हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यह विवाद भी शराबियों के आतंक से शुरू हुआ घंटों मार हुई लेकिन गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित स्थानीय जारी पुलिस गांव तक नहीं पहुंच सकी। जिससे झगड़ा नहीं रुका और लगभग आधा दर्जन लोग अस्पताल तक पहुंच गए।

भूमि विवाद में ससुराल गए युवक को पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़(प्रयागराज)। बभनपुर निवासी आशीष कुमार पांडेय पुत्र सूर्य नारायण पाण्डेय को जमीनी विवाद के तहत शुक्रवार की शाम डडवा,अरुवाव में कुछ लोगों ने लोहे की रॉड से हमला कर सिर फोड़ दिया। बताया गया कि आशीष की ससुराल डडवा निवासी राम सजीवन पांडेय के यहां है। ससुर के बुलाने पर वह ससुराल गया था। जहा भूमि के नाप में गलत होने का विरोध किया तो ग्रामवासी राम कृष्ण शुक्ल, राज कुमार शुक्ल, उत्कर्ष,उद्देश आदि ने मिलकर आशीष के ऊपर जान से मारने की नियत से सिर पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।आशीष ने थानाध्यक्ष होलागढ़ को तहरीर दी है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था।

योग सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के उपलक्ष्य में दिनांकः 15 जून से 21 जून तक जन सामान्य को नियमित रूप से योग से जोड़ने उद्देश्य से आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसके तारतम्य में जनपद प्रयागराज में इस कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरु प्रसाद मौर्य, विधायक फाफामऊ द्वारा आज अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद उद्यान, सिविल लाइन्स प्रयागराज में दीप प्रज्वलन एवं योगाभ्यास से किया गया।

मौके पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 शारदा प्रसाद, होम्योपैथिक अधिकारी डा0 संजीव वर्मा, क्रीड़ाधिकारी देवी प्रसाद जिला उद्यान अधिकारी, डा0 राजेश चन्द्र मौर्य, डा0 हेमन्त सिंह, डा0 दीपक सोनी, डा0 सुमन मिश्रा आयुष विभाग के चिकित्सक व योग प्रशिक्षकों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से योगाभ्यास का प्रदर्शन किया गया।

हिंदुस्तान इंजीनियरिंग क्लब ने एसजेसी को हराया

प्रयागराज। हिंदुस्तान इंजीनियरिंग क्लब ने सेंट जोसेफ कॉलेज (एसजेसी) को प्रथम स्वर्गीय हाफिज़ ग़ज़नफर उल्ला स्मृति अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पांच विकेट से हराया।एमआईसी मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में सेंट जोसेफ कॉलेज ने 22.3 ओवर में 104 रन (प्रत्यूष कुमार 33, कृष्णम पाण्डेय 31, अथर्व 3/15, संस्कार श्रीवास्तव 3/22) बनाये। जवाब में हिंदुस्तान इंजीनियरिंग ने 15.2 ओवर में पांच विकेट पर 106 रन (सक्षम 22, आरव मौर्य 20 नाबाद, अंश सोनकर 19 नाबाद, प्रकेत 15, मोहम्मद आकिब इमरान 2/24) बना लिए। संस्कार श्रीवास्तव को रेलवे के क्रिकेटर सुशील ओझा ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।

संदिग्ध हालात में महिला विद्युत कर्मी की मौत

प्रयागराज। मामा के घर आयी एक महिला विद्युत कर्मी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सोरांव के मलाक चौधरी निवासिनी श्रद्धा देवी (34) के पति स्वर्गीय महेंद्र कुमार पटेल विद्युत विभाग में कर्मचारी थे। लगभग 8 साल पहले उसके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद पति के स्थान पर के बाद श्रद्धा देवी को जार्जटाउन में लिपिक के पद पर नौकरी मिल गयी। नौकरी मिलने के बाद वह ससुराल छोड़ अपने मायके टिकरी इस्माइलगंज थरवई चली आयी। उसकी दो पुत्रियां हैं जो अभी छोटी हैं। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व श्रद्धा देवी अपने मामा के घर मऊआइमा के ग्राम चकफात्मा उर्फ माधवपुर विश्वनाथ पटेल के यहां सपरिवार आई थी। मामा के घर वालों का कहना है कि बीती रात अचानक श्रद्धा देवी की तबीयत खराब हो गई। उसे अस्पताल ले जाया गया। मगर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मऊआइमा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

संक्षिप्त खबरें

सऊदी भेजने के नाम पर कबूतरबाज ने की 1 लाख 82 हजार की ठगी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक कबूतर बाज ने सऊदी अरब भेजने के नाम पर कई लोगो से 1 लाख 82 हजार की ठगी कर फरार हो गया , कई वर्ष बीतने के बाद जब कबूतरबाज ने पैसा वापस नहीं किया तो भुक्तभोगियों ने मामले की शिकायत सैनी पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

प्रयागराज जनपद के हंडिया के धन्नूपुर निवासी शिव कुमार पाल पुत्र बसंत लाल ने शनिवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक व्यक्ति गांव आया और सऊदी अरब में एक कंपनी में काम दिलाने के नाम पर शिव कुमार , विनोद कुमार , मनोज , गोविंद पाल , राधे श्याम , दीनानाथ , बृजभान आदि लोगो ने एक लाख बयासी हजार रुपए लेकर सऊदी अरब चला गया , भुक्तभोगियों का आरोप है की कबूतरबाज के हीलाहवाली करते करते पांच वर्ष बीत गए इस दौरान कबूतरबाज ने न तो सऊदी अरब भेजा न ही पैसा वापस किया । भुक्त भोगियो ने किसी तरह कबूतर बाज का पता लगा कर घर पहुंचे तो परिवारीजनो ने हीलाहवाली करते हुए भगा दिया । मामले में भुक्तभोगियों ने पुलिस से कबूतरबाज पर कार्यवाही कर पैसा वापस कराए जाने की मांग की है।

देवीगंज कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरे खराब कैसे होगी निगहबानी

लोकमित्र ब्यूरो

सैनी, कौशाम्बी। नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के देवीगंज कस्बे की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए चौराहों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे अब केवल शो-पीस बन कर रह गए हैं। इसके लिए लगे यंत्र धूल फांक रहे हैं। इस पर किसी का ध्यान ही नहीं है। हालत यह है कि अगर इन चौराहों पर कोई बड़ी घटना हो जाए तो पुलिस को दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों का सहारा लेना पड़ेगा।

नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के महत्वपूर्ण चौराहों पर नगर पंचायत द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसका लाभ भी नगर पंचायत व पुलिस को मिलता है।

कार्यवाही हेतु डीएम से शिकायत

चौराहों पर जाम लगने पर आने-जाने वाले वाहनों भी पुलिस की नजर रहती थी। धीरे-धीरे चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे खराब हो गए। ऐसे में इनके बंद होने से चौराहों की निगरानी पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

नगर पंचायत क्षेत्र के कमालपुर के रहने वाले अविनाश श्रीवास्तव ने डीएम राजेश कुमार रॉय को शिकायती पत्र देते हुए बताया की अधिशासी अधिकारी से शिकायत करने पर हीलाहवाली करते है। अविनाश श्रीवास्तव ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

अनियंत्रित होकर पलटी बाइक , पत्नी की मौत , पति गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

सैनी, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के पास बीती रात बाइक सवार अनियंत्रित होकर पलट गया , हादसे में बाइक में सवार महिला की मौत हो गई जबकि महिला का पति गंभीर रूप से जख्मी हो गया , हादसे की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया , सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

फतेहपुर जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के गोदामपुर निवासी अनूप शर्मा पुत्र वासदेव 30 वर्ष शुक्रवार की रात अपनी पत्नी मीरा देवी 28 वर्ष के साथ अपने ससुराल भरवारी ससुर रामसिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहे थे , अनूप शर्मा जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के संभूई गांव के नजदीक पहुंचे तभी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई , हादसे में बाइक में बैठी मीरा देवी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अनूप शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए ।

हादसा देख आसपास मौजूद लोगो ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने हादसे की खबर परिजनों को देते हुए घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और मृतका के शव को कब्जे में लेकर औपचारिकता पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा , हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया । मृतक के एक आठ वर्ष का पुत्र है।

भाजपा नेत्री को दबंगों से जान का खतरा, एडीजी से शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के गिरिया खालसा गांव में दबंग एक भाजपा नेत्री के जान के पीछे पड़े हैं। वह दिन रात उनका पीछा करते हैं जिससे वह अपने घर नहीं जा पा रही हैं। शुक्रवार को पीड़िता ने अपर पुलिस महानिदेशक से शिकायत कर दबंगों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने की गुहार लगाई।एडीजी में इंस्पेक्टर को शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

पुलिस चौकी चायल क्षेत्र के गिरिया खालसा गांव की मंजू तिवारी पत्नी निरंजन तिवारी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष हैं। उनके अनुसार 12 मई को वह पार्टी का प्रचार करने गई थी।इससे नाराज होकर गांव के एक दबंग में उसके घर पर जाकर तोड़फोड़ की थी। विरोध करने पर दबंग ने 1 जून को उसके पुत्र के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया था। पुलिस चौकी में शिकायत करने के बावजूद दबंग के खिलाफ पुलिस से कोई कार्यवाही नहीं की।वह 11 जून को अपने पुत्र प्रवीण तिवारी के साथ बेटी के घर मऊ चित्रकूट गई थी। इसी दौरान विपक्षियों ने उनके पुत्र पवन तिवारी, प्रशांत तिवारी और प्रदीप तिवारी समेत पांच लोगों के खिलाफ मारपीट का एक फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया।उनके विरोध करने पर दबंगों ने गाली गलौज के साथ मारपीट करने की धमकी दी। अब वही दबंग भाजपा नेत्री के जान के पीछे पड़े हैं। उनके कहीं आने जाने पर पीछा करते हैं।वह अपने घर नहीं जा पा रही है।पीड़िता ने शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक भानू भास्कर को मामले की तहरीर दी। एडीजी ने इंस्पेक्टर बृजेश करवरिया को शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

कुएं में गिरने से युवती की हुई मौत

भरवारी, कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के नगर के वॉर्ड 2 राजा सुहेलदेव नगर के परसरा में घर से 150मीटर की दूरी पर स्थित कुएं में गिरकर एक लड़की की मौत हो गई, तड़के परिजनों को जानकारी हुई तो सूचना पुलिस को दी।राजा सुहेलदेव नगर के परसरा निवासी रूपचंद्र मजदूरी करके परिवार चलाते है, उन्होने बताया कि उनकी लडकी बबीता उम्र लगभग 17 वर्ष जिसकी मानसिक रूप से बचपन से ही ठीक नही थी, जिसका कई डाक्टरों से ईलाज करवाया लेकीन ठीक नहीं हुई,शनिवार बीती रात लगभग 11 बजे घर से 150 मीटर दूर स्थित कुएं में गिर गई, उस समय घर के सभी लोग सो रहे थे शनिवार सुबह तड़के 4 बजे उठे तो देखा बबीता नहीं दिखी तो डूडने पर बगल वहीं मुंडेर विहीन कुएं के पानी वो दिखाई दी, सूचना पुलिस को दिया, मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियो ने बबीता को बाहर निकाला और देखा की कुएं के पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई

पार्वती जन्म और संध्या चरित्र सुन हर हर महादेव से गूंजा पांडाल

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, कौशाम्बी। कौशाबेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट आमाकुआं कौशाम्बी में चल रहे श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन डॉ0 ओम ओझा महाराज ने पार्वती जन्म का वर्णन किया। कहा कि ब्रह्मा जी ने नारद जी से कहा कि मेरे पुत्र सनकादी ने पित्रों की तीन कन्याओं में मेना को आशीर्वाद दिया कि वह विष्णु के अंशभूत हिमालय गिरि की पत्नी होंगी। उससे जो कन्या होगी वह पार्वती के नाम से विख्यात होगी। कहा कि रामचरितमानस में भी आया है कि सती जी ने मरते समय भगवान हरि से यह वर मांगा था कि मेरा हर जन्म में शिवजी के चरणों में अनुराग रहे। इस कारण हिमाचल के घर जाकर पार्वती के रूप में प्रकट हुई। नारद जी ने हिमाचल की पुत्री का हाथ देखकर बताया कि शिवजी को छोड़कर इनका दूसरा वर नहीं हो सकता है। यदि आपकी कन्या तप करे तब भगवान शिव को वर के रूप में प्राप्त कर सकती है। इस दौरान पार्वती ने महान तप किया। कुछ दिन जल और वायु का भोजन किया। कठोर उपवास किया। जो वेल पत्र सूखकर पृथ्वी पर गिरते 3000 वर्षों तक उन्हीं को खाया। इससे उनका नाम उमा पड़ गया। संध्या का चरित्र कथा वाचक ओम ओझा जी महराज ने श्रोताओं को कथा में संध्या का चरित्र सुनते हुए कहा कि कामदेव ने जब आपना बाण चलाया तब ऋषी, ब्रह्माजी और उनके मानस पुत्र संध्या पर वशीभूत हो गए थे। तब शिवजी ब्रह्माजी पर हसें थे संध्या का चरित्र सुनकर समस्त कमनीयां सतीदूसाध्वी हो सकती हैं। संध्या ब्रह्माजी की मानस पुत्री थी, जिसने घोर तपस्या करके अपना शरीर त्याग दिया था। फिर वह मुनिश्रेष्ठ मेधातिथि की पुत्री अरुंधति के रूप में जन्मी। संध्या ने तपस्या करते हुए अपना शरीर इसलिए त्याग दिया था क्योंकि वह स्वयं को पापिनी समझती थी। उसे देखकर स्वयं उसके पिता और भाइयों में काम की इच्छा जाग्रत हुई थी। तब उसने इसका प्रायश्चित करने के बारे में सोचा तथा निश्चय किया कि वह अपना शरीर वैदिक अग्नि में जला देगी, जिससे मर्यादा स्थापित हो। भूतल पर जन्म लेने वाला कोई भी जीव तरुणावस्था से पहले काम के प्रभाव में नहीं आ पाएगा। यह मर्यादा स्थापित कर में अपने जीवन का त्याग कर दूंगी। मन में ऐसा विचार करके संध्या चंद्रभाग नामक पर्वत पर चली गई। यहीं से चंद्रभागा नदी का आरंभ हुआ। इस बात का ज्ञान होने पर ब्रह्माजी ने वेददृशास्त्रों के पारंगत, विद्वान, सर्वज्ञ और ज्ञानयोगी पुत्र वशिष्ठ को वहां जाने की आज्ञा दी। ब्रह्माजी नर वशिष्ठ जी को संध्या को विधिपूर्वक दीक्षा देने लिए वहां भेजा था। चंद्रभाग पर्वत पर एक देव सरोवर है, जो जलाशयोचित गुणों से पूर्ण है। उस सरोवर के तट पर बैठी संध्या इस प्रकार सुशोभित हो रही थी, जैसे प्रदोष काल में उदित चंद्रमा और नक्षत्रों से युक्त आकाश शोभा पाता है। तभी उन्होंने चंद्रभागा नदी का भी दर्शन किया। तब उस सरोवर के तट पर बैठी संध्या से वशिष्ठ जी ने आदरपूर्वक पूछा, हे देवी! तुम इस निर्जन पर्वत पर क्या कर रही हो? तुम्हारे मातादूपिता कौन हैं? यदि यह छिपाने योग्यन हो तो कृपया मुझे बताओ। यह वचन सुनकर संध्या ने महर्षि वशिष्ठ की ओर देखा। उनका शरीर दिव्य तेज से प्रकाशित था। मस्तक पर जटा धारण केए वे साक्षात कोई पूण्यात्मा जान पड़ते थे। संध्या ने आदरपूर्वक प्रणाम करते हुए वशिष्ठ जी को अपना परिचय देते हुए कहा—ब्राम्हण! मैं ब्रह्माजी की पुत्री संध्या हूं। मैं इस निर्जन पर्वत पर तपस्या करने आई हूं। यदि आप उचित समझें तो मुझे तपस्या की विधि बताइए। मैं तपस्या के नियमों को नहीं जानती हूं।

अतः मुझ पर कृपा करके आप मेरा उचित मार्गदर्शन करें। संध्या की बात सुनकर वशिष्ठ जी ने जान लिया कि देवी संध्या मन मे तपस्या का दृढ संकल्प कर चुकी हैं। इसलिए वशिष्ठ जी8 ने भक्तवत्सल भगवान शिव का स्मरण करते हुए कहा हे देवी! जो सबसे महान और उत्कृष्ट हैं, सभी के परम आराध्य हैं, जिन्हें परमात्मा कहा जाता है, तुम उन महादेव शिव को अपने हृदय में धारण करो। भगवान शिव ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के स्त्रोत हैं। तुम उन्ही का भजन करो। ओम नमः शिवायश् मंत्र का जाप करते हुए मौन तपस्या करो। मौन रहकर ही स्नान तथा शिवदूपूजन करो। प्रथम दो बार छठे समय में जल को आहार के रूप में लो। तीसरी बार छठा समय आने पर उपवास करो। देवी! इस प्रकार की गई तपस्या ब्रह्मचर्य का फल देने वाली तथा अभिष्ट मनोरथों को पूरा करने वाली है। अपने मन में शुभ उद्देश्य लेकर शिवजी का मनन व चिंतन करो। वे प्रसन्न होकर तुम्हारी मनोकामना अवश्य पूरी करेंगे। इस प्रकार संध्या को तपस्या की विधि बताकर और उपदेश देकर मुनि वशिष्ठ वहां से अंतर्धान हो गए। इस दौरान कथा के बीच बीच आर्गन और तबला वादक ने अपनी कला से लोगों का मन मोह भक्त खूब शिव भक्ति में डूबे और झूमे ।इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक कौशांबेश्वर संकट मोचन ट्रस्ट संस्थापक बाबा बुद्धन दास महराज,आचार्य अशोक ओझा,उपाध्यक्ष संरक्षक राजू केशरवानी, रोहित मिश्र,कौशिक अग्रहरि ,विकास अग्रहरि,सचिव अंकित केशरवानी, चित्रकूट के संत खत्री बाबा, संदीप कुमार सिंह,रमेश पाल ,रज्जन महराज जी,के साथ साथ आमाकुआं के सनातन प्रेमियों के साथ सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रीय भक्त मौजूद रहे।

गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ढूंढ रहे पेड़ों की छांव

टेवां, कौशाम्बी। भीषण गर्मी से बचने के लिए जहां कूलर पंखा जवाब दे रहे हैं वही लोग पेड़ों की छांव ढूंढ रहे हैं 46 डिग्री पारा चढ़ने पर लोगों को पेड़ की छांव याद आ रही है जीवन में वृक्ष का अनमोल योगदान है बिना वृक्ष के सब सून, याद आए वृक्ष अप्रैल ,मई ,जून, छोटे-छोटे बच्चे गर्मी में बेहाल हैं पशु पक्षी तपते सूरज विकराल बीत गया है 14 जून, कब आएगा मानसून, कटती नहीं गर्मी से रात, सुबह शाम की कौन कर बात, होता रहा गर वृक्षों का नाश, ना समझो जन जीवन की आश, 46 डिग्री पारा चढ़ने पर लोग इधर-उधर भटक रहे हैं पेड़ों की छांव ढूंढ रहे हैं समय रहते मानव समाज ने पौधारोपण नहीं किया तो यह पारा 50 पहुंचने में देर नहीं लगेगी सभी को चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाए वातावरण को शुद्ध बनाएं।

भारत की जीवन रेखा हैं गंगा- प्रमोद कुमार

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में प्रयागराज के सी.एम.पी. डिग्री कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर जो वर्षों से गंगा मैया के उपर अध्ययन अध्यापन के कार्य में लगे हैं, नें मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि जिन पंचमहाभूतों एवं पंचतन मात्राओं से सृष्टि संचालित होती है उनमें सबसे महत्वपूर्ण जल तत्व है। हम सभी जानते हैं सभ्यता एवं संस्कृति का विकास नदियों के किनारे हुआ है हम शिक्षित जरूर हुए लेकिन प्रकृति के विज्ञान को अभी हम बेहतर ढंग से समझ नहीं पाए हैं हवा मिट्टी पानी और जंगल के बिना जीवन संभव नहीं है। दुर्भाग्य से जीडीपी जो ग्रोथ रेट का पैमाना बना हुआ है उसमें लॉस आफवॉटर नॉट द पार्ट ऑफ जीडीपी चौबीस लाख तालाब आजादी के पहले थे उसमें चार लाख सत्तर हजार तालाब बचे हैं लगभग सात सौ नदियां सदानीरा थी आज दो तिहाई नदियां सुख गई, गंगा जैसी पवित्र नदी जो करोड़ों भारतीयों के लिए जीवन रेखा हैं उसकी भी स्थिति बहुत चिंताजनक है। छोटी

नदियों के क्या हाल होंगे गंगा की अविरलता एवं निर्मलता हेतु जल के प्राकृतिक स्रोतों को बचाने का जो हमारा इंडीजीनस नॉलेज सिस्टम था उसे फिर से अपनाने की जरूरत है। औद्योगिक अपशिष्ट, सीवरेज का पानी किसी भी हाल में नदियों में ना डालकर सिचाई या अन्य उद्योगों के उपयोग में लाने की जरूरत है। हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट का भी विकल्प खोजना होगा, कम पानी वाली फसलों की तरफ लौटने की जरूरत है, इस प्रकार यदि हम समग्रता से समाधान का रास्ता खोजेंगे तो हमारी गंगा भी अविरल और निर्मल होंगी और पर्यावरण भी संरक्षित होगा। हमारी वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में पर्यावरण प्रकृति के संरक्षण हेतु जैसा सिलेबस और फील्ड वर्क आदि होना चाहिए था वह नहीं है। भारत के 365 जिले ऐसे हैं जहां सूखा पड़ता है 190 जिलों में बाढ़ आती है हमारा भूगर्भ जल बहत्तर परसेंट ओवरड्राफ्ट हो गया है अब हमें वर्ल्ड बैंक नहीं वाटर बैंक बनाने की जरूरत है। महाराष्ट्र का लातूर उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड राजस्थान, बेंगलुरु अनेको ऐसे स्थान जहां जल की चुनौतियां जग जाहिर है।

गर्मियों के दिनों में वाटर टेबल और नीचे चला जाता है, प्रधानमंत्री जी के द्वारा शुरुआत की गई कैच द रेन योजना, अमृत सरोवर के निर्माण की योजना भी सफल नहीं हो पाई आने वाले समय में वृक्षारोपण एवं जल संचयन की तरफ यदि काम ढंग से नहीं हुआ तो प्रकृति के कोपभाजन का शिकार हम हो जाएंगे। प्रकृति के साथ दोस्ती करने से इन सभी चुनौतियों से निपटने के रास्ते मिलेंगे। शोषण की इंजीनियरिंग एवं तकनीक जब से भारत में आई है तब से पर्यावरण का यह हाल हुआ है।

दुष्कर्म के दो वांछित आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक अरूण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित शिवम सोनकर निवासी निगाह मवई थाना महेवाघाट को गिरफ्तार किया गया। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक संजय राय मय हमराहपुलिस बल द्वारा एससी एसटी एक्ट से संबन्धित वांछित नीरज कुमार मौर्य निवासी देवखरपुर थाना मंझनपुर को टेम्पों स्टैड मंझनपुर के पास से गिरफ्तार किया गया।

वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक बिन्दू लाल बिन्द मय हमराह पुलिस बल द्वारा एससी एसटी एक्ट से सम्बन्धित वारंटी गोपाल मौर्या निवासी महगांव थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभि6यान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 141 वाहनों का ई-चालान किया।

निरोधात्मक कार्यवाही में 15 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में(थाना मंझनपुर से 01, थाना पश्चिम शरीरा से 03, थाना सराय अकिल से 05, थाना पिपरी से 04, थाना मो0पुर पइन्सा से 01, थाना कोखराज से 01) कुल 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान

जिलाधिकारी ने योग सप्ताह कार्यक्रम का द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने कलेक्ट्रेट स्थित बौद्ध वाटिका में आयोजित योग सप्ताह कार्यक्रम का द्वीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 21 जून 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेंगा। शासन के निर्देशानुसार 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं, ताकि योग के प्रति आमजन को जागरूक किया जा सकें। योग स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक हैं तथा योग से व्यक्ति तनावमुक्त भी रहता हैं। हम सभी को योग अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार

गोंड व प्रबुद्ध सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 अक्षय लाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पतंजलि योग समिति के पदाधिकारी व सदस्य संतोष कुमार, सुशील कुमार, राजीव सोमवंशी, गुलाब सिंह व भइया लाल एवं आमजन ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया। जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान न्यास हर्ष ने कहा कि योग से तन और मन का सर्वांगीण विकास होता है। भारत ने पूरे दुनियॉ को योग के क्षेत्र में जागरूक किया हैं, इसमें सभी देश बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहें हैं। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए सभी से आवाह्न किया। उन्होंने जिलाधिकारी को योग दर्शन पुस्तिका भी भेंट किया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एण्टी रोमियों टीम ने चलाया गया जागरूकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

बकरीद में कुर्बानी के लिए मुन्नू और शेरू नामक बकरे की लगी बोली

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। नगर स्थित भरवारी चौंकी के पास ईद-उल-अजहा के पर्व पर बकरा मंडी सजी हुई. अलग अलग नस्ल के बकरे मंडी आ रहे हैं, जिनकी कीमत बेहद ऊंची है स कुछ हजार से लेकर दस हजार रुपये की कीमत के बकरे मंडी में बिक रहे हैं स बकरा मंडी में आने वाले बकरे अलग-अलग रंग में नजर आ रहे हैं , कोई बकरा किसी विशेष नाम का है ,तो कई की कीमत लाखों में है शनिवार को भरवारी बकरा बजार में कई बकरे लोगो ने खरीदे जिसमे सबसे अधिक कीमत के बकरों की में जलालपुर के शेरू नाम के बकरे की खरीद की गई सफेद रंग के शेरू को रसूलपुर के गांव के रहेने वाले नियाज ने 33500 रुपए में खरीदा वहीं लाल रंग के मुन्नू नाम वाले बकरे को 27000 रुपए में बिका।

गांव-गांव हुई सकिपा की ग्राम मासिक बैठक

स्थानीय स्तर पर खोली जाएं सरकारी डिजिटल लाइब्रेरी- अजय सोनी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में दिनांक 15 जून को जिले के कई गांवों में ग्राम मासिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पार्टी के संगठन और विस्तार को लेकर पार्टीजनों ने चर्चा की। साथ ही आम जनता की समस्यायों को प्रशासन द्वारा प्रमुखता से समाधान कराने को लेकर लोगों ने सुझाव दिया। शनिवार 15 जून को समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में जिले के तमाम गांवो जैसे उदहिन बुजुर्ग, उदहिन खुर्द, बडनपुर घाटमपुर, फत्तेपूर बेला, जियापुर, पड़री, मलाक पिंजरी, देवखरपुर, सरसवा, अंधावा, पश्चिम शरीरा, अलवारा, टिकरी,

महुआखाडा, मालीपुर महराजगंज, ऐडहरा, मनौरी, बथुई फदिलाबाद आदि गांवो में मासिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पार्टी के तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। ग्राम बडनपूर घाटमपुर में हुई मासिक बैठक में शामिल होने पहुंचे पार्टी नेता अजय सोनी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन कौशांबी समेत जिले के जनप्रतिनिधियों से स्थानीय स्तर पर सरकारी डिजिटल लाइब्रेरी खुलवाने की मांग की है, ताकि युवाओं को स्थानीय स्तर पर शिक्षा का समुचित संसाधन और वातावरण मिल सके। आगे कहा कि मैं स्वयं जिला पंचायत सदस्य होने के नाते जिला पंचायत सदन की बैठक में इस मुद्दे को उठाऊंगा ताकि क्षेत्रीय स्तर पर सरकारी डिजिटल लाइब्रेरी खुल सके और युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर शिक्षा का समुचित संसाधन और वातावरण मिल सके। इस अवसर पर आदित्य तिवारी, डॉ राजेश सिंह, अमरनाथ लोधी, प्रह्लाद लोधी, संतोष केसरवानी, दिलीप सोनकर आदि मौजूद रहे।

शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये-जिलाधिकारी

● सम्पूर्ण समाधान दिवस रानीगंज में डीएम एवं एसपी ने सुनी शिकायतें
● 11 मामलों का मौके पर किया निस्तारण
● डीएम ने लेखपाल दिनेश मिश्रा को निलम्बित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। रानीगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 260 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 11 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 260 शिकायतों में से 108 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 84, विकास विभाग से 27, समाज कल्याण से 06 एवं 35 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा द्वारा सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता साबिरा पत्नी स्व0 इन्सान अली ने शिकायत किया कि प्रार्थिनी के पूर्वजों की भूमि ग्राम पूरेहिरामन की गाटा संख्या 409 है, प्रार्थिनी के पति इन्सान अली सुत मो0 हनीफ के नाम भूमि है, प्रार्थिनी का पति इन्सान अली ग्राम पूरेहिरामन तहसील रानीगंज का रहने वाला था जिसकी मृत्यु दिनांक 13.06.2023 को हो चुकी है। प्रार्थिनी व उसके दो पुत्र शेर अली व शमसाद अली उपरोक्त पते पर ननिहाल/माइके में रहते है जो कि दो बार वरासत के लिये आनलाइन करा चुके है लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल दिनेश मिश्रा के द्वारा बगैर जांच किये निरस्त कर दिया जाता है और लेखपाल कहते है कि जाओ तहसीलदार के यहां से करा लो, इस प्रकरण को जिलाधिकारी ने गम्भीरता से लेते हुये क्षेत्रीय लेखपाल दिनेश मिश्रा को निलम्बित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया और तहसीलदार रानीगंज को शिकायतकर्ता की वरासत दर्ज कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों, लेखपालों एवं कानून-गो को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये एवं शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये जमीनी विवादों के शिकायतों को राजस्व और पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। उन्होने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं निस्तारण की गुणवत्ता को देखें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि कार्यों में ढिलाई कदापि न बरती जाये, कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित गति से किया जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुनें, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

नौ दिवसीय संगीतमयी श्री रामकथा का शुभारंभ आज

प्रतापगढ़। संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर राजगढ़ में कल रविवार 16 जून से 24 जून तक संगीतमयी नौ दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन रखा गया है।जिसमें प्रख्यात कथावाचक स्वामी निर्मल शरण जी महाराज के मुखारविंद से श्री राम कथा का वाचन 9 दिनों तक प्रतिदिन शाम 6ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक होगा।25 जून दिन मंगलवार को हवन पूजन एवं प्रसादी के साथ कथा समापन होगा।संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर के पुजारी बच्चा पांडेय ने धर्म प्रेमी भक्तों से अनुरोध किया है कि सभी ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी कथा स्थल पर पहुंचकर कथा का आनंद लें। कथा के आचार्य एवं संचालक अमित महाराज जी हैं।

30 सितम्बर तक फ्राई एवं फिंगरलिंग को बेचना प्रतिबन्धित-जिला मजिस्ट्रेट

प्रतापगढ़। जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने बताया है कि नदियों में मछली की अवैध शिकारमाही करके मत्स्य बीज नदियों से निकालकर फ्राई एवं फिंगरलिंग कर बेचे जाते है जिससे मछुआ एवं परम्परागत मत्स्य पालन कर रहे समुदायों में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा प्राकृतिक मत्स्य सम्पदा की हानि होती है। जिला मजिस्टेªट ने शासनादेश/निर्देश के क्रम दिनांक 15 जून से 31 अगस्त तक नदियों में मत्स्य आखेट करना तथा 15 जुलाई से 30 सितम्बर की अवधि में फ्राई एवं फिंगरलिंग को पकड़ना, नष्ट करना व बेचना आदि प्रतिबन्धित कर दिया है। यह आदेश जनपद प्रतापगढ़ में सम्पूर्ण सीमा के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा।

तहसील में शीतल जल की व्यवस्था

रानीगंज,प्रतापगढ़। तहसील में बढ़ती गर्मी को देखते हुए अधिशाशी अधिकारी नगर पंचायत रानीगंज महेंद्र सिंह ने अधिवक्ताओं व पत्रकारों एवं वादकारियों के लिए प्याऊ जल की व्यवस्था जहां पर टैंको में पानी आ रहा है तो वही मिट्टी के घडो की भी व्यवस्था किया है। जिसको तहसील में लेकर लोगों ने खूब सराहा एवं अधिशांसी अधिकारी महेन्द्र सिहं का आभार व्यक्त किया । इस दौरान काफी संख्या में अधिवक्ता व पत्रकार वादकारियो ने ठंडा जल को पिया।

हत्या के आरोप में दो को सश्रम आजीवन कारावास

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। अपर सत्र न्यायाधीश बाबू राम ने हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए रेखा देवी निवासी लोदीपुर थाना महेशगंज व राजा सरोज निवासी उमरीकोटिला थाना बाघराय को सश्रम आजीवन कारावास व 27-27 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। उक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी अजय कुमार पाण्डेय ने किया । वादी मुकदमा मगलू के अनुसार उसने 16 अगस्त 2012 को उसके भाई शंकर लाल को फांसी लगाकर आत्मा हत्या के सम्बन्ध में सूचना दिया था। बाद में उसे जानकारी मिली कि उसके भाई शंकर लाल सरोज को उसके भाई की पत्नी रेखा देवी व राजा सरोज एवं राजा सरोज की बहन साधना देवी ने मिलकर मारपीट कर गला दबा कर उसकी हत्या कर दी और सबूत को छिपाने के लिए 15 अगस्त 2012 की रात में फांसी लगाकर आत्मा हत्या कर लेने की बात उसके भाई शंकर लाल की औरत ने बताई। विवेचना उपरांत पुलिस द्वारा रेखा देवी व राजा सरोज के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। राज्य की ओर से पैरवी कर रहे एडीजीसी अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि उक्त मामले अभियोजन की ओर से न्यायालय में छः गवाहों के माध्यम से 11 प्रदर्शों को साबित कराया गया है।

लापता मजदूर को तीसरे दिन भी नहीं ढूंढ पाई पुलिस

▸▸ परिजनों ने जेसीबी से तालाब में खोजा, नहीं मिली सफलता
▸▸ तीन दिन पहले गायब हुआ है भंगवा गांव का उदयराज

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। कोतवाली नगर के भंगवा गांव में रहने वाला उदयराज जो कि मजदूरी करता है। पिछले तीन दिन से गायब है। उसकी पत्नी ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। लेकिन पुलिस अभी तक उसके पति को नहीं ढूंढ पाई है। पुलिस की तरफसे मदद न मिलने पर उसने गांव वालों की मदद से शनिवार को जेसीबी मंगा कर रेलवे तालाब में उदयराज की कराई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पत्नी और बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस की कार्यशैली से ग्रामीणों में आक्रोश है।
उदयराज मजदूरी करता है। तीन दिन पहले की रात से वह घर नहीं लौटा। जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि सहोदरपुर मोहल्ले में उसी रात को चोरों की आहट पाकर लोगों ने शोर मचाया था। उस समय एक व्यक्ति को लोगों ने तालाब की तरफ भागते देखा था। इसकी भनक उदयराज के परिजनों को लगी। उन्हें लग रहा है कि हो न हो।
वह तालाब में कूदा हो और डूब गया हो। इसी लीक पर दो दिन पहले पुलिस वालों ने भी तालाब की पड़ताल कराई थी। शनिवार को ग्रामीण जेसीबी लेकर पहुंच गए। इस बारे में भंगवा चुंगी चौकी पुलिस का कहना है कि खोज जारी है। कुछ पता नहीं चल रहा है।

समाधान दिवस में पचपन शिकायतों में से पांच का निस्तारण, तहसीलदार ने की सुनवाई

लालगंज, प्रतापगढ़। तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में पचपन शिकायतों में से पांच शिकायतों का अफसरों ने त्वरित निस्तारण कराया। शिकायतों में जमीनी विवाद के साथ हैण्डपम्प की खराबी व बिजली आपूर्ति प्रमुख नजर आयीं। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुए तहसील समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की बीस में से तीन का निस्तारण कराया गया। वहीं पुलिस विभाग तेरह, विकास विभाग बारह, आपूर्ति तीन व अन्य विभागों की पांच शिकायतों पर तहसीलदार ने जिम्मेदार अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिये। कुम्भीआइमा गांव के जितेन्द्र कुमार ने दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि अठेहा परगना के कुम्भीआइमा गांव में अतिक्रमणीयों ने कब्रिस्तान की जमीन पर अतिक्रमण कर रखा है। तहसीलदार ने उदयपुर एसओ को सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण हटवाये जाने के आदेश दिये। नगर पंचायत लालगंज के बाजार खास के बृजलाल गुप्ता ने दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि बाजार में सरकारी इण्डिया मार्का नल खराब होने से पीने के पानी की समस्या है। तहसीलदार ने नगर पंचायत के ईओ को समस्या का समाधान कराये जाने को कहा।
बाजार खास के ही संजय सिंह, दिनेश सिंह, राकेश तिवारी आदि ने इधर कस्बे में रात की पाली में बिजली कटौती से हो रही परेशानी दूर कराए जाने को लेकर मांग पत्र सौंपा। समाधान दिवस में इन्दिरा चौक पर डगामारी व अतिक्रमण को लेकर भी सुमित त्रिपाठी आदि ने तहसीलदार को शिकायती पत्र दिया। इस मौके पर नायब तहसीलदार पंकज कुमार, अधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता, टीएन मिश्र, केके सरोज, प्रदीप सिंह आदि रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष एवं सीडीओ ने शहीद उद्यान में योग सप्ताह दिवस का किया शुभारम्भ

▸▸ नियमित रूप से करें योग, रहें निरोग-विधायक सदर

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़।भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा ने शहीद उद्यान (कम्पनी गार्डेन) में दिनांक 15 जून से 21 जून तक चलने वाले योग सप्ताह दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। योग सप्ताह दिवस के अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों व जनसामान्य ने विभिन्न योगासन किया। योग प्रशिक्षक द्वारा योगासन की विभिन्न मुद्राएं यथा वृक्षासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भद्रासन, वज्रासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन, ध्यान मुद्रा, भ्रामरी प्राणायाम, शलभ आसन, मकराआसन, पवनमुक्तासन, भुजंगासन, शीतली प्राणायाम, उष्ट्रासन, ग्रीवा चालन, स्कन्ध संचालन, ताड़ासन इत्यादि का योगाभ्यास कराया गया एवं योग के लाभों को बारें में बताया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने उपस्थित लोगों से नियमित रूप से योगाभ्यास करने की अपील की। उन्होने कहा कि नियमित रूप से योग करें और निरोग रहें। योग के माध्यम से तन और मन को चुस्त-दुरुस्त एवं स्वस्थ्य रखे।
मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि दैनिक जीवन में योग का निरन्तर उपयोग करें, योग स्वस्थ जीवन जीने का एक तरीका है, इससे अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने भी योग के लाभों के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। महिला पतंजलि योग प्रभारी वंदना वहन ने कहा कि वैसे तो महिलाएं घर गृहस्थी के काम काज करते हुए परोक्ष रूप से योग ही करती हैं किंतु प्रत्यक्ष रूप से योग करने से घर के बच्चे भी सीखते हैं कि कैसे स्वयं को स्वस्थ रखा जाए ।
अन्त में इस सत्र का समापन करते हुए क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी जयराम यादव जी ने कहा कि 2014से प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो लौ जलाई है हमे इस लौ को जीवन्त रखने और स्वस्थ रहने के लिए नित्य योग करना होगा। संचालन कर रहे आयुष चिकित्सक डॉ रंगनाथ शुक्ल ने सर्व समाज को इस भव्य आयोजन का साक्षी बनने की सलाह देते हुए कहा कि इस आयोजन से योग की अवधारणा को सामान्य जन मानस में स्वाभाविक रूप से विकसित कर सकते हैं । आज के इस सत्र में पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान ट्रस्ट युवा भारत पतंजलि किसान सेवा समिति महिला पतंजलि योग समिति आरोग्य भारती विवर ए हैण्ड ट्रस्ट आयुष विभाग नगर विकास विभाग आदि सरकारी व स्वैच्छिक संस्थानों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के योग प्रशिक्षकों ने प्राणायाम और योगासनों का प्रदर्शन और क्रमबद्ध अभ्यास कराया।
आज इस कार्यक्रम में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी भूपेन्द्र प्रताप सिंह जी आरोग्य भारती के संरक्षक डॉ एस के शर्मा उपाध्यक्ष अमित शुक्ल जी महिला पतंजलि योग समिति प्रभारी वंदना जी युवा भारत प्रभारी नंदलाल जी योग प्रशिक्षकगण सपना गुप्ता किरण शिल्पा सुचिता सिंह सुरभि सिंह सुभ्रा अग्रवाल मान्या अग्रवाल सुधा व आयुष विभाग से डॉ त्रिभुवन राम डॉ शशेंद्र सिंह डॉ ब्रह्मा नन्द जी अशोक जी शुभम मिश्र अजय पांडेय प्रतीक खंडेलवाल अनिल सिंह धर्मेंद्र सिंह आकाश सचिन श्रीवास्तव राज कुमार गुप्त अनीता गुप्त कमलेश जी धीरज उपाध्याय जी धर्मेंद्र प्रताप सिंह संरक्षक युवा भारत आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

लालगंज, प्रतापगढ़। राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो जाने से शनिवार को दीवानी परिसर में लोगों में दुख छा गया। दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार की सुबह अधिवक्ता पहुंचे तो कोर्ट के सामने परिसर में राष्ट्रीय पक्षी मयूर मृत देखा। अधिवक्ताओं ने इसकी सूचना लालगंज वन प्रभाग के अधिकारियों को दी। सूचना पर वनरक्षक दिलीप पहुंचा और शव को सुरक्षित कब्जे में लिया। वानिकी उपनिरीक्षक टीएन तिवारी की देखरेख में मृत मयूर का स्थानीय पशु चिकित्सालय में पीएम कराया गया। इसके बाद समीप के जंगल में मयूर का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया गया। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय पक्षी की मृत्यु की सूचना विभागीय उच्चाधिकारियों को दी गई है। लोगों में यह चर्चा दिखी सुनी गयी कि शायद गर्मी के प्रकोप के चलते मोर की सांसे थम गयीं।

अधिवक्ता परिषद के स्वध्याय मण्डल में भारतीय न्याय संहिता 2023 पर हुई चर्चा

▸▸ दिवानी न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में आयोजित हुआ कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। अधिवक्ता परिषद अवध की प्रतापगढ़ ईकाई के आयोजकत्व में अधिवक्ता भवन में स्वाध्याय मण्डल कार्यक्रम का आयोजन भारतीय न्याय संहिता 2023 विषय पर परिषद के उपाध्यक्ष रवि सिंह के अध्यक्षता व महामंत्री शिवेश शुक्ल के संचालन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता परिषद के निवर्तमान जिलाध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता व मुख्य वक्ता के रूप में फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता राम मिलन शुक्ल मौजूद रहे। इस मौके पर श्री शुक्ल ने भारतीय न्याय संहिता 2023 पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि यह कानून 1 जुलाई 2024 से प्रभावी होगा। इस नये अधिनियम मे मा. उच्चतम न्यायालय द्वारा पूर्व में वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुरूप केन्द्र सरकार को नया कानून बनाने का जो निर्देश दिया गया था उसे शामिल किया गया है।भारतीय दण्ड संहिता में 511 धारा थी जो अब भारतीय न्याय संहिता में 358 धारा है।
अब जीरो एफ आई आर दर्ज करा सकते है और पुलिस कस्टडी की समय सीमा भी बढ़ा दी गई है। श्री शुक्ल ने बताया कि इलेक्ट्रानिक साक्ष्य को अब ग्राह्य किया किया जाएगा। इन सब बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा किया। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य वक्ता व अतिथि का परिषद के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रवि सिंह,भरत लाल,विनीत शुक्ला, ममता पांडेय शिशिर शुक्ला, आशीष गुप्ता,अभिषेक पांडेय,अश्वनी पांडेय ,विवेक तिवारी, आशीष शुक्ल, प्रवीण शुक्ल,प्रभाकर यादव, इंद्र कुमार सिंह दीपू,श्रवण दीक्षित, विनोद सरोज सहित आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

चोरों ने नगदी समेत लाखों के जेवरात उड़ाये

उदयपुर, प्रतापगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के भैयापुर गांव निवासिनी संगीता सिंह पत्नी स्व राजकुमार सिंह ने शनिवार को थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि शुक्रवार रात सभी गर्मी के कारण बाहर सो रहे थे से इसी बीच अज्ञात चोर घर के पीछे से छत पर गए और जीना के रास्ते से अंदर जाकर दरवाजा अंदर से बंद करके कमरे का ताला तोड़ा। इसके बाद अंदर रखा बाक्स तथा आलमारी का लाक तोड़कर लाखों का जेवर जिसमें दो माँग टीका,चार जोड़ी कान का झुमका, दो जोड़ी कमर बंद,दो बिछुआ,दो छागल,दो हार,चार अंगूठी,दो मंगल सूत्र तथा एक जोड़ी पायल चार मीना सहित लगभग तीस हजार रूपए नगद उठा ले गए। सुबह जब हम लोग उठे तो दरवाजा खोलने लगे तो दरवाजा अंदर से बंद था तो मेरा लड़का केतन पीछे की तरफ से छत पर जाकर दरवाजा खोला तो देखते ही दंग रह गए और रोने बिलखने लगे। एस,ओ,राधे बाबू के अनुसार तहरीर मिली है तथा जाँच करके कार्यवाही की जायेगी।

पुलिस की सह पर धधक रही कच्ची शराब की भट्ठियां

लोकमित्र ब्यूरो

लीलापुर-प्रतापगढ़। पुलिस की मिली भगत से क्षेत्र में कच्ची शराब की भट्ठियां धधक रही है लोगों को दिखावे के लिए अवैध कच्ची शराब में पुलिस दर्ज करती है मुकदमा। स्थानीय थाना क्षेत्र के हण्डौर,बलदियान, खलहिया,छेमर सरैया,बहलोलपुर, लीलापुर, मिश्रपुर, महेशपुर घरौरा आदि गांवों में पुलिस की मिली भगत से अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां तेजी से धधक रही है शाम होते ही इन अवैध कच्ची शराब की भट्ठियों पर शराबियों का जमावड़ा लगने लगता है नवयुवक वर्ग के लोग शराब के लती बन जा रहें हैं शराब के ठेकों पर लोगों की नजर ना पड़ जाए जिसके चलते ज्यादातर नवयुवक वर्ग के लोगो का इन अवैध कच्ची शराब की भट्ठियों पर जमावड़ा होता है और शराब पीने के बाद आए दिन गालियां देने और मार-पीट करने की घटनाएं आम हो गई है यही नहीं आने जाने वाले लोगों का रास्ता भी दुश्वार हो जाता है पुलिस जान कर भी अनजान बनी रहती है अपना कोरम पूरा करने के लिए पुलिस इन अवैध कच्ची शराब बनाने वाले व्यवसायियों की दो-चार लीटर कच्ची शराब में पानी मिलवाकर व्यवसायियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके अपने कर्तव्यों की इतिश्री मान लेती हैं लोगों की चर्चाओं पर गौर करें तो यह अवैध कच्ची शराब के व्यवसायियों द्वारा इस अवैध गोरख धंधे के लिए प्रत्येक महीने पैसे दिए जाते हैं। इस तरह से बिक रही अवैध कच्ची शराब से जहां लोगों को शारीरिक नुकसान आएं दिन अवैध कच्ची जहरीली शराब पीने से जाने जा रही है वहीं आबकारी विभाग का भी लाखों का नुकसान हो रहा है। इस संदर्भ में पुलिस उपाधीक्षक लालगंज रामसूरत सोनकर ने बताया कि ऐसी कोई जानकारी नहीं है जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी।

नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में कांग्रेस जनों ने की नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़।नीट परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया। नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय मांग पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।
इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि गत दिनों सम्पन्न हुई नीट की परीक्षा के परिणाम में 67 छात्रों ने सौ प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं माइनस मार्किंग के बावजूद छात्रों ने 720 में से 718,719 अंक प्राप्त किए, जबकि ये संभव ही नहीं है। 1 प्रश्न गलत होने पर 5 अंक व एक प्रश्न छोड़ने पर 4 अंक कट जाते है, इतना ही नहीं उसमें बहुत से छात्र ऐसे भी हैं जिनको ग्रेस मार्क्स देकर इस श्रेणी में लाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है। इससे लगभग 24 लाख छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया। ज्ञापन के माध्यम से 580 से ज्यादा अंक पाने वाले छात्रों के परीक्षा केंद्रों के नाम जारी करने,12वीं के बोर्ड के मार्क्स का मिलान नीट के टॉपर्स के साथ करने,जिन एग्जाम सेंटर पर औसत से ज्यादा हाई मार्क्स वाले परीक्षार्थी है, उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग जारी करने और उन बच्चों की सूची जारी करने जिन्होंने विंडो का लाभ उठाते हुए अपने एग्जाम सेंटर्स बदले हैं, उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराने,परीक्षा तत्काल प्रभाव से रद्द करने, दोषियों को सजा देने की मांग की है।
ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, वेदान्त तिवारी,विजय शंकर त्रिपाठी, सुरेश मिश्रा, फ़ोह बहादुर सिंह, मो.दिलशाद, भवानी शंकर दुबे,मासूम हैदर, संजय इस्तियाक, सुधीर तिवारी,अतुल पांडेय,अभिषेक तिवारी, मो. इरशाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

जनसत्ता दल बूथ कमेटी की बैठक आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राजापुर ग्राम पंचायत के बूथ कमेटी के कार्यकर्ताओं बूथ अध्यक्ष रुपेंद्र शुक्ला, पंडित जगदीश तिवारी, सेक्टर प्रभारी बबलू यादव,बूथ सचिव प्रभात मिश्रा के अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई। बैठक में ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले विकास कार्यों की चर्चा हुई और सेक्टर प्रभारी को बूथ अध्यक्ष ने प्रस्ताव दिया। इस दौरान राहुल त्रिपाठी, वीरेंद्र त्रिपाठी, आलोक त्रिपाठी, प्रकाश कुमार, आशीष, ईशु तिवारी, आशीष तिवारी, सूरज दुबे, रमाकांत, फूलचंद गौतम, पुनीत पांडेय, छोटेलाल सरोज, धुन्नी तिवारी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

डॉ0 रिजवी कालेज आफ इंजीनियरिंग में टैबलेट वितरण समारोह का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। डॉ रिजवी कालेज आफ इंजीनियरिंग में मुख्यमंत्री मुफ्त टैबलेट स्मार्ट फोन वितरण योजना के अंतर्गत एमए व बीए के 53, बीटेक के 243, डिप्लोमा पाठ्यक्रम के 63 छात्र छात्राओं को को टैबलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तजम्मुल अफज़ाल , सयुक्त निदेशक प्राविधिक शिक्षा परिषद पूर्वी क्षेत्र ने छात्र छात्राओं को तकनीकी शिक्षा की विशेषताओं पर प्रकाश डाला, डॉ रिजवी एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव करार हुसैन ने छात्र छात्राओं को अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संस्था निदेशक डॉ इस्तियाक अहमद , कुल सचिव सरताज आलम चीफ प्रॉक्टर अली जाहिर आगा ने छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन मंतशा हसीब , बेबी शबनम , श्वेता सोनकर , हिमांशी चौधरी व मंतशा रसीद ने किया। सुधांशु शर्मा, वीरेंद्र साहू, हिमांशु जायसवाल अभिनय राज सिंह , विकास शर्मा व आलिम हुसैन के कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

पड़ोसी गांव के लोगो ने पीड़ित के पिता का अपहरण कर निकलवाया बैंक लोन व जबरन कराया जमीन का बैनामा

पीड़ित ने डीएम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक पीड़ित की भूमधरी जमीन को पड़ोस के गांव के कुछ लोगो ने अपहरण कर जबरन लोन निकलवाकर उसकी जमीन का बैनामा करा लिया। पीड़ित ने डीएम कौशांबी को शिकायती पत्र देकर मामले की जांचकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के केन का मजरा कैथन का पुरवा का रहने वाला लल्लू पाल पुत्र राम आसरे ने डीएम राजेश कुमार रॉय को शिकायती पत्र देकर बताया की लगभग आठ वर्ष पहले पड़ोस के गांव के रहने वाले कुछ लोगो ने उसके पिता का अपहरण कर लिया इस दौरान दबंगो ने बैंक कर्मियो व राजस्व कर्मियो की मिली भगत से पिता की जमीन का बैनामा करा दिया साथ ही जालसाजी करके पिता के नाम से बैंक लोन भी ले लिया । अपहरण के चार साल बाद पिता बेहोशी की हालत में सैनी चौराहे पर मिले जिनका इलाज कराया गया लेकिन मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण पिता की मौत हो गई , जिसके बाद लल्लू पाल न्याय के लिए अधिकारियो के चक्कर काट रहा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने शनिवार को डीएम से न्याय की गुहार लगाई है।

दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने विवाहिता को घर से निकाला

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसकी पुत्री की शादी सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के रहने वाले एक युवक की शादी तीन वर्ष पहले हुई थी , महिला का आरोप है की शादी के बाद से ही बेटी के ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में कूलर व गाड़ी की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे , इस दौरान हरियाणा से दामाद की एक महिला मित्र आई और अतिरिक्त दहेज की मांग न पूरी होने पर धमकी देने लगी, इस दौरान दामाद बेटी के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट करने लगा , और कुछ दिन बाद महिला मित्र के साथ हरियाणा चला गया । सात माह बाद दामाद घर आया और बेटी को भी हरियाणा लेकर चला गया और वहा बेटी को प्रताड़ित करने लगा और महिला मित्र के साथ हफ्ते हफ्ते गायब रहता इस दौरान दामाद से बेटी ने एक पुत्री को जन्म दिया । बेटी ने जब मां को आपबीती बताई तो मां ने किसी तरह बेटी को उसके मायके बुला लिया , पीड़ित महिला के अनुसार एक साल हो गए दामाद बेटी को लेने नही आया । पीड़िता ने मामले में दामाद व उसके परिजनों पर कार्यवाही की मांग की है।

विवाहिता की मां ने पुलिस से शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार

साहब पैसा मांगने पर दबंग देता है जान से मारने की धमकी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। फ्तेहपुर जनपद के खागा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने एसपी कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया की सैनी कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति से अपना पैसा मांगने पर दबंग जान से मारने की धमकी देता है , मामले में एसपी ने सैनी पुलिस को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए है।

फ्तेहपुर जनपद के खागा थाना क्षेत्र के खैरापुर गांव के रहने वाले राम नरेश पुत्र सुंदर लाल ने शनिवार को सिराथू तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने खागा कोतवाली के पुरईन मोड़ में दुकान थी जिसके दुकान में एक वर्ष पहले सरसो बेचा था जिसका पैसा दबंग नही दे रहा था कई बार पुलिस से शिकायत के बाद दबंग ने कुछ पैसा दे दिया लेकिन दस हजार रुपए अभी तक नही दिया। पैसा वापस मांगने पर दबंग हिलाहवाली करते हुए जान से मारने की धमकी देता है ।पीड़ित ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

बड़े भाई ने पत्नी संग घरेलू विवाद में दम्पति को पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

मनौरी, कौशाम्बी। पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के मनौरी गांव में शनिवार की सुबह बड़े भाई ने पत्नी संग घरेलू विवाद मे दंपति को जमकर पीट दिया।पिटाई से दोनों को काफी चोटें आईं। मोहल्ले के लोगों ने बीच बचाव कर झगड़ा शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। मनौरी गांव निवासी अंकित कुमार पुत्र हरिश्चंद्र आटो चालक है। उन्होंने बताया कि बड़े भाई से उनका घरेलू विवाद चल रहा है।इसी विवाद को लेकर वह अक्सर विवाद करता रहता है। उनसे उधार लिए 65 हजार रुपए भी बड़ा भाई नहीं दे रहा।शनिवार की सुबह वह अपनी पत्नी के साथ उसके घर पहुंचा और बेवजह गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर दोनों ने अंकित को पीटना शुरू कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी कोमल देवी को भी उन्होंने पीट दिया।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।घायल दम्पति ने थाने

सीडीओ ने रामपुर सुहेला व नॉदेमई में ससुर खदेरी नदी की खुदाई व जीर्णोद्धार कार्य का किया भौतिक निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

सैनी, कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा शनिवार को विकस खण्ड सिराथू के रामपुर सुहेला में मनरेगा योजनान्तर्गत चल रहें कार्य-बनवारी के खेत से राम सुमेर के खेत तक ससुर खदेरी नदी की खुदाईध्जीर्णोद्धार कार्य का भौतिक निरीक्षण किया गया।

सीडीओ के निरीक्षण के दौरान मौके पर 90 श्रमिक कार्य करते हुए पाये गए। खण्ड विकास अधिकारी, सिराथू भवेश शुक्ला ने मुख्य विकास अधिकारी को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्य को 750 मीटर लम्बाई में कराया जायेंगा, वर्तमान में कुल 150 मीटर तक कार्य कराया जा चुका हैं एवं शेष कार्य जारी है। कार्य की कुल प्राक्कलित लागत 8.13 लाख है, जिसमें 3317 मानव दिवस सृजित करने का प्रावधान हैं। नदी पुनरुद्धार में औसतन 10 मीटर चौड़ाई और ढलान के अनुसार औसतन 1.6 मीटर गहराई तक खुदाई करायी जा रहीं है और 1.20 मीटर का दोनों तरफ बंधा तैयार किया जा रहा है, जिसके उपरान्त नदी में जल धारण क्षमता और वर्ष भर पानी की उपलब्धता बनाये रखने में मदद मिलेगी। जंगली जानवरों, पशु पक्षियों एवं किसानो को सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बनी रहेंगी। नदी पुरुद्धार से जहाँ एक ओर मानव दिवस सृजन कर अकुशल श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, वही दूसरी ओर जल संरक्षण तथा विलुप्त प्राय नदी को पुनर्जीवित भी किया जा रहा हैं। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी राजमणि भारतीया, ग्राम प्रधान बड़ेलाल, ग्राम रोजगार सेवक शिवबाबू एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड कड़ा के नॉदेमई में भी मनरेगा योजनान्तर्गत चल रहें ससुरे खदेरी नदी की खुदाईध्जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान मौके पर लगभग 40 मनरेगा श्रमिक कार्य करते हुए पाये गये। खण्ड विकास अधिकारी दिनेश चन्द्र ने बताया कि अब तक 1200 मीटर तक का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नदी पुनरुद्धार में औसतन 10 मीटर चौड़ाई और ढलान के अनुसार औसतन 1.6 मीटर गहराई तक खुदाई करायी जा रही है और 1.20 मीटर का दोनों तरफ बंधा तैयार किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाते हुए समय से कार्य गुणवत्तापूर्ण नियमानुसार कराया जाय। इसके साथ ही उन्होंने उपायुक्त(श्रम-रोजगार) मनोज कुमार वर्मा को निरन्तर अनुश्रवण करने के भी निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी(मनरेगा) जयचन्द्र पाण्डेय, ग्राम विकास अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, रोजगार सेवक व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उपस्थित थे।

साहब शादी नही हुई तो सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा

अविवाहित व्यक्ति ने डीएम से लगाई गुहार

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक अविवाहित व्यक्ति ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया की साहब शादी नही हुई तो सरकारी योजनाओ का लाभ नहीं मिल पा रहा है , जिससे घर खर्च नही चल पा रहा है।सिराथू तहसील क्षेत्र के धुमाई का मजरा ककराली पर गांव के रहने वाले महेश प्रसाद पाल पुत्र गोपी प्रसाद ने शनिवार को सिराथू तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम राजेश कुमार रॉय को शिकायती पत्र देकर बताया की उसकी शादी नही हुई जिससे कोई भी सरकारी योजना के लाभ के लिए जाता है तो अधिकारियो द्वारा कहा जाता है तुम्हारी शादी नही हुई तो योजना का लाभ नहीं मिलेगा, महेश प्रसाद का कहना है की उसको सरकारी योजना का लाभ दिलाया जाए।

ईंट लदा बेकाबू ट्रैक्टर ने साइकिल सवार को कुचला मौके पर हुई मौत

ट्रैक्टर में ट्राली बांधकर सड़कों पर दौड़ने वाले ट्रैक्टरों पर पूरी तरह से पुलिस नही लगा रही अंकुश

लोकमित्र ब्यूरो

कनैली/गुरौली, कौशाम्बी। सराय अकिल कोतवाली के कनैली स्थित एक ईंट भट्ठे से ईंट लादकर ओवर स्पीड में बेकाबू ट्रैक्टर महिलाघाट गांव की तरफ जा रहा था। रास्ते में साइकिल सवार को ट्रैक्टर चालक ने कुचल दिया जिससे साइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर सहित भागने की फिराक में था, जैसे ही वह भागने की कोशिश किया आस- पास मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर और चालक को पकड़ लिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना देकर बुला लिया और पुलिस के पहुंचने पर ट्रैक्टर और चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस

ने युवक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हाउस भेज कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली चौकी अंतर्गत जुगराजपुर गांव निवासी मोनू (18) पुत्र जयराम साइकिल से किसी काम से कनैली गया था।

कनैली से होकर जुगराज पुर गांव साइकिल से वापस लौटते समय रास्ते में ईंट लदा ओवर स्पीड ट्रैक्टर ने युवक को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर तड़प- तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है। साइकिल सवार युवक की मौत के बाद परिजनों के बीच कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक और ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुट गई।

ट्रैक्टर से कुचल कर साइकिल सवार युवक की मौत के बाद लापरवाह यातायात पुलिस और चौकी पुलिस की पोल खुल गई है। न्यायालय की तल्ख टिप्पड़ी के बावजूद ट्रैक्टर में बिना रजिस्ट्रेशन के ट्राली बांधकर सड़कों पर दौड़ते हुए ट्रैक्टर दिखाई देते हैं। निजी स्वार्थ के चलते थाना पुलिस, चौकी पुलिस और यातायात पुलिस ट्रैक्टर में ट्राली बांधकर सड़कों पर दौड़ने वाले ट्रैक्टरों पर पूरी तरह से अंकुश नहीं लगा रहे हैं।

पड़ोसियों ने मामूली विवाद में युवक को पीटकर किया मरणासन्न

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के काजीपुर गांव में शुक्रवार की शाम पड़ोसियों ने मामूली विवाद में युवक को लाठी डंडे से पीटकर मरणासन्न कर दिया।चीख पुकार सुनकर लोगों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।

काजीपुर गांव निवासी घनश्याम कुमार गुप्ता पुत्र स्व. छेदीलाल किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। हरिश्चंद्र के अनुसार उसका पुत्र वीरेंद्र कुमार अपनी कार को घर के बाहर पड़ोसी के जमीन में खड़ी करता है। पड़ोसी ने शुक्रवार को उससे कार खड़ी करने का विरोध किया।बात न मानने से नाराज होकर पड़ोसी उसके साथ

गाली-गलौच करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर पड़ोसी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर लाठी डंडे से उसकी जमकर पिटाई कर दी। इससे वह लहूलुहान होकर मरणासन्न हो गया।चीख पुकार सुनकर लोगों को आता देख हमलावर घायल को छोड़कर मौके से फरार हो गए। घायल के पिता ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

बसपा प्रतिनिधि मण्डल ने रेप पीड़िता के परिवार से की मुलाकात

प्रदेश में बेटियो की सुरक्षा में कानून व्यवस्था धड़ाम- राजू गौतम

बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से बात कर उठाई पीड़ित के सुरक्षा की मांग

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के एक स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा दरिंदगी का शिकार हुई पीड़िता व उसके परिजनों से बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का प्रतिनिधि मण्डल ने शनिवार को मुलाकात की है। पीड़ित परिवार ने बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल से अपना दर्द बता कर सुरक्षा की मांग उठाई है। प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ित का हाल जान कर मौजूदा सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है। पीड़िता के सुरक्षा की मांग किया है।

मंझनपुर मेडिकल कॉलेज शनिवार को बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के नेतृत्व मे 7 सदस्य का प्रतिनिधि मण्डल पहुचा। प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ित व उसके परिवार के पास करीब 40 मिनट रहे। यहाँ उन्होने पीड़ित के परिवार से घटना व कार्यवाही के संबंध मे विस्तृत जानकारी ली। पीड़ित को आर्थिक मदद कर उसका हर संभव मदद का भरोसा दिया। वारदात के दोषियो पर पुलिस कार्यवाही मे देर की।

जिसके चलते पीड़ित ने आत्मघाती कदम उठाया। प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने बताया की बेटियो को इंसाफ के लिए पुलिस अधिकारियों के दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते है।

पीड़ित परिवार ने उन्हे बताया कि आरोपी भले जेल चले गए हो लेकिन पीड़ित की जान का भाव अब भी बना हुआ है।

जिसके लिए वह पुलिस सुरक्षा की मांग कर रहे है। इस दौरान मुख्य जोन इंचार्ज राजू गौतम ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की वर्तमान सरकार में बेटियो की सुरक्षा को लेकर कानून व्यवस्था धड़ाम है। बसपा प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष बसपा विश्वनाथ पाल के साथ पूर्व एमएलसी नौशाद अली, मुख्य जोन इंचार्ज प्रयागराज मण्डल राजू गौतम , अमरेन्द्र बहादुर भारतीय , मण्डल प्रभारी आकाश राव गौतम, जिलाध्यक्ष महेश चौधरी, जिला प्रभारी मोती लाल गौतम, एवं जनपद मे बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बुजुर्ग की संदिग्ध दशा में मौत, हीट स्ट्रोक से आशंका

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की सुबह एक बुजुर्ग की संदिग्ध दशा में मौत हो गई , बुजुर्ग की मौत की खबर पर स्वजनों में कोहराम मच गया , स्वजनो ने हीट स्ट्रोक की आशंका जताते हुए बुजुर्ग का अंतिम संस्कार कर दिया। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव के रहने वाले रामपती 62 वर्ष शनिवार की सुबह अचानक मौत हो गई , बुजुर्ग की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया , वही स्वजनो ने हीट स्ट्रोक की आशंका जताई है।

भाकिमसंयू ने समस्याओं का तीन सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को क्षेत्र की समस्याओं का तीन सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। एसडीएम में उनकी समस्याओं को जल्द निस्तारित कराने का आश्वासन दिया है।

भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को क्षेत्र की समस्याओं का तीन सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ को सौंपा। उन्होंने मांग किया कि विकास खंड नेवादा के पिपरहटा गांव में कोई सरकारी नलकूप नहीं है। जिसके कारण किसानों को कृषि कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।इस सम्बन्ध में 8 माह पूर्व एक ज्ञापन दिया गया था लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव में सरकारी नलकूप को जल्दी लगवाया जाए। ब्लॉक चायल क्षेत्र के समदा गांव से हरदुआ गांव तक सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है।इससे राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क की तुरंत मरम्मत कराई जाए। तहसील के तीनों ब्लाकों में जल जीवन मिशन के तहत पानी आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई जा रही है। ठेकेदारों में रास्तों को गड्ढों में तब्दील कर छोड़ दिया है। इसकी मरम्मत न होने से बारिश में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

एसडीएम में समस्त समस्याओं का जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर श्रवण कुमार पांडेय, नन्हें तिवारी, गोविंद मिश्रा और धर्मेंद्र साहू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सिराथू में डीएम, एसपी की मौजूदगी में 135 में 6 शिकायतो का निस्तारण

डीएम, एसपी ने सिराथू तहसील में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील सभागार में शनिवार को जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम राजेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

डीएम राजेश कुमार राय ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पैमाइश आदि से सम्बन्धित कोर्ट के आदेश का अनुपालन न कराये जाने की शिकायतें प्राप्त होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित किया कि इस प्रकार की शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्णध्समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 135 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया । सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता टांडा गांव की रहने वाली शोभा सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के ही दबंग व्यक्ति द्वारा खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को प्रकरण की जॉच कर खलिहान की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दियें। इसी प्रकार रमपुरवा निवासी दारा सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गांव के ही व्यक्ति द्वारा ग्रामसभा की भूमि पर मकान बना लिया गया है तथा आरसीसी रोड में पिलर गाड़ दिया गया है, जिससे वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, एडीएम (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं एसडीएम सिराथू महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव , डीपीआरओ रवि शंकर दिवेदी , डीपीओ सुरेश गुप्ता , तहसीलदार पूर्णिमा सिंह , डीएफ्ओ रामसिंह , नायब तहसीलदार विनय कुमार सिंह , क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा , पूर्ति निरीक्षक कड़ा राम कुंवर आर्य , खंड विकास अधिकारी सिराथू भवेश कुमार शुक्ला , खंड विकास अधिकारी कड़ा दिनेश चंद्र, सीडीपीओ मनोज वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

सम्पादकीय

आशावाद भी गायब

जहां युवा बेरोजगारी असामान्य रूप से ऊंची हो और खाद्य मुद्रास्फीति लगातार आठ प्रतिशत से ऊपर हो, वहां कैसी जिंदगी की कल्पना की जा सकती है? अप्रैल के जारी ताजा आंकड़ों में भी खाद्य मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत दर्ज हुई है।कुवैत में विदेशी मजदूरों के एक रहवास में हुए भयंकर अग्निकांड में मरे 49 लोगों में तकरीबन 40 भारतीय हैं। उधर रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में भाड़े के सैनिक के तौर पर गए दो और भारतीयों की मौत हो गई है। ये भारतीय उन 30 लोगों से अलग हैं, जिनके परिजनों ने भारत सरकार से संपर्क किया था। मतलब यह कि रूस की तरफ से लड़ने के लिए जिन भारतीयों को बहला-फुसला कर ले जा गया गया, उनकी संख्या उससे कहीं अधिक है, जिसकी जानकारी भारत सरकार और भारत के आम लोगों को रही है। यह खबर तो पहले से बहुचर्चित है कि भारत सरकार ने खुद अपने प्रयास से सैकड़ों देशवासियों को युद्धग्रस्त इजराइल में मजदूरी करने के लिए भेजा।तो मन में पहली नजर में भाव यह उभरता है कि त्रासदी कहीं हो, उससे भारतीयों का कोई ना कोई संबंध निकल आता है। आखिर देश में अवसरों की इतनी कमी और उससे उत्पन्न निराशा इतनी व्यापक क्यों है कि देशवासी कहीं भी जाकर अपनी जान खतरे में डालने के लिए तैयार हो जाते हैं? हम कुछ आंकड़ों पर गौर करें, तो इस बारे में कुछ संकेत पा सकते हैं। मसलन, जहां युवा बेरोजगारी असामान्य रूप से ऊंची हो और खाद्य मुद्रास्फीति लगातार आठ प्रतिशत से ऊपर चल रही हो, वहां आम जन की कैसी जिंदगी की कल्पना की जा सकती है? अप्रैल के जारी ताजा आंकड़ों में भी खाद्य मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत दर्ज हुई है।कुल आलाम यह है कि सर्वे एजेंसी गैलप के एक विश्वव्यापी आकलन में सामने आया कि भारत में सिर्फ 14 फीसदी कर्मचारियों ने अपनी स्थिति को खुशहाल श्रेणी में रखा। बाकी 86 प्रतिशत कर्मचारियों ने अपनी हालत को संघर्षरत या पीड़ादायक बताया। जबकि अपने को खुशहाल बताने वाले कर्मचारियों का वैश्विक औसत 34 प्रतिशत था। शासक तबकों और उनके संचार माध्यमों की तरफ से इस जमीनी सूरत पर परदा डालने के सुनियोजित अभियान लगातार चलाए जाते हैं। मगर उनसे संकट अब छिपाये नहीं छिप रहा है। अब हाल यह है कि अक्सर चुनावों के बाद दिखने वाला आशावाद भी इस बार गायब ही रहा है।

निवेश के बदलते आयाम - प्रगति एवं संभावनाएं

रवि शंकर द्विवेदी,
DPRO कौशांबी।

भारत की अर्थव्यवस्था में पिछले दशक में कई बड़े बदलाव हुए हैं। मिडल क्लास और वर्किंग क्लास की संख्या बढ़ने के साथ ही निवेश के नए-नए अवसर भी सामने आए हैं। पचास हजार रुपये तक की मासिक आय वाले व्यक्तियों के लिए म्युचुअल फंड, ईटीएफ, स्टॉक मार्केट, फिक्स्ड डिपॉजिट, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट, किसान विकास पत्र, जीवन बीमा, प्रोविडेंट फंड और अन्य बचत योजनाएं अब पहले से अधिक सुलभ हो गई हैं। आज हम निवेश के इन अवसरों के पिछले 10 वर्षों के आंकड़ों का विश्लेषण करेंगे और आने वाले 5 वर्षों की संभावनाओं पर पिछले आंकड़ों को आधार मानते हुए विचार करेंगे। साथ ही, फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट्स के माध्यम से सामान्य व्यक्ति कैसे अपनी बचत को बढ़ा सकता है, इस पर भी प्रकाश डालेंगे।

पिछले 10 वर्षों का विश्लेषण

म्युचुअल फंड का विकास

वर्ष 2013 में म्युचुअल फंड इंडस्ट्री का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 8.25 लाख करोड़ रुपये था। जो 2023 में बढ़कर 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। निवेशकों की संख्या 2013 में 4 करोड़ से बढ़कर 2023 में 12 करोड़ हो गई है।

स्टॉक मार्केट में वृद्धि- बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज BSE सेंसेक्स 2013 में लगभग 20,000 के स्तर पर था, जबकि 2023 में यह 60,000 के पार चला गया और वर्तमान में 75000 पार कर चुका है।

पिछले 10 वर्षों में आँकड़ों के आधार पर औसत सालाना रिटर्न लगभग 12त्न रहा है।

ईटीएफ का उदय-वर्ष 2013 ईटीएफ का बाजार बहुत छोटा था। 2023 में इसका एयूएम 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

फिक्स्ड डिपॉजिट (FD)- पिछले 10 वर्षों में फिक्स्ड डिपॉजिट का औसत ब्याज दर 6-7त्न रहा है।

तुलनात्मक रूप से एफडी में निवेश सुरक्षित होता है और निश्चित रिटर्न मिलता है।

नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (NSC)- ह्रस्ष्ट की ब्याज दर लगभग 7-8त्न रहती है। ह्रस्ष्ट में निवेश पर टैक्स छूट मिलती है।

किसान विकास पत्र (KVP)- KVP में निवेश की गई राशि लगभग 10 साल में दोगुनी हो जाती है।

जीवन बीमा- जीवन बीमा पॉलिसी में निवेश से जीवन सुरक्षा के साथ-साथ बचत भी होती है।

प्रोविडेंट फंड (PF)- क्क्न में निवेश लंबी अवधि के लिए होता है और रिटायरमेंट के समय बड़ा फंड बनता है।

सुकन्या समृद्धि योजना (SSY)- यह योजना बालिकाओं के लिए विशेष रूप से बनाई गई है और इसमें उच्च ब्याज दर और टैक्स बेनिफिट्स मिलते हैं।

पब्लिक प्रोविडेंट फंड (PPF)- PPF में निवेश पर मिलने वाला ब्याज कर मुक्त होता है और यह एक सुरक्षित निवेश विकल्प है। PPF में 15 वर्षों की अवधि होती है, जिसे 5-5 साल के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

पोस्ट ऑफिस सेविंग स्कीम- पोस्ट ऑफिस विभिन्न प्रकार की बचत योजनाएं प्रदान करता है, जैसे कि पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट, रेकरिंग डिपॉजिट आदि।

प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (PMVVY)- यह योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से बनाई गई है, जिसमें निश्चित मासिक पेंशन मिलती है।

आने वाले 5 वर्षों की संभावनाएं-

म्युचुअल फंड का विस्तार

वर्ष 2028 तक म्युचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम 75 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से एसआईपी (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) की बढ़ती लोकप्रियता निवेशकों की संख्या को और बढ़ाएगी।

स्टॉक मार्केट की संभावनाएं 2028 तक BSE सेंसेक्स के 1,00,000 के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है। नई कंपनियों की लिस्टिंग और विदेशी निवेश की बढ़ती संभावनाओं से निवेशकों के लिए अधिक अवसर मिलेंगे।

ईटीएफ का विकास-ञ्वर्ष 2028 तक ईटीएफ का एयूएम 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

फिक्स्ड डिपॉजिट- FD की ब्याज दरें स्थिर रह सकती हैं, जिससे यह एक सुरक्षित निवेश विकल्प बना रहेगा।

नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट और किसान विकास पत्र- NSC और KVP में निवेश पर टैक्स छूट और निश्चित रिटर्न मिलते रहेंगे।

जीवन बीमा और प्रोविडेंट फंड

इन योजनाओं में निवेश से वित्तीय सुरक्षा और बचत दोनों मिलती है।

सुकन्या समृद्धि योजना और पब्लिक प्रोविडेंट फंड-ये योजनाएं उच्च ब्याज दरें और टैक्स बेनिफिट्स प्रदान करती हैं।

पचास हजार मासिक आय के व्यक्तियों के लिए सामान्य रणनीतियाँ-*

म्युचुअल फंड में निवेश- एसआईपी के माध्यम से छोटे-छोटे निवेश करके लंबी अवधि में बड़ा फंड बना सकते हैं। लंबी अवधि के लिए निवेश करने से बाजार के उतार-चढ़ाव का प्रभाव कम होगा।

ईटीएफ में निवेश-ईटीएफ में निवेश कम लागत में विविधता लाता है। इसके लचीलेपन के कारण इन्हें स्टॉक एक्सचेंज पर आसानी से खरीदा और बेचा जा सकता है।

स्टॉक मार्केट में निवेश- किसी भी कंपनी में निवेश करने से पहले उसकी वित्तीय स्थिति का अध्ययन करें। यदि किसी वित्तीय सलाहकार की मदद भी रहे हैं तो भी एक बार कंपनियों के बारे में शोध अवश्य कर लें, इसके पश्चात ही निवेश करें। अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश करके जोखिम को कम रखें।

फिक्स्ड डिपॉजिट-ञ्वष्ठ में निवेश करने से सुरक्षित रूप से निश्चित रिटर्न मिलता है। इनमें समय से पहले भी निकासी की सुविधा मिलती है।

नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट और किसान विकास पत्र- इन योजनाओं में निवेश लंबी अवधि के लिए किया जाता है और निश्चित रिटर्न मिलता है।

सावधानियां

सही फंड का चयन

- निवेश के लिए सही म्युचुअल फंड या ईटीएफ का चयन करने के लिए उनके पिछले प्रदर्शन और रिसर्च रिपोर्ट्स को ध्यान में रखें।

शोध और विश्लेषण

सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश करने से पहले कंपनियों का वित्तीय विश्लेषण और बाजार की स्थिति का अध्ययन करें।

विविधता लाएं - अपने निवेश पोर्टफोलियो में विविधता लाना जोखिम को कम करने का सबसे अच्छा तरीका है।

आपातकालीन फंड-

किसी भी निवेश योजना में जाने से पहले एक आपातकालीन फंड बनाएं, जो कम से कम 6-12 महीने के खर्चों को कवर कर सके।

नियमित समीक्षा

- अपने निवेश पोर्टफोलियो की नियमित समीक्षा करें और आवश्यकता पड़ने पर उसमें बदलाव करें।

भारत में निवेश के नए-नए विकल्प सामान्य वर्किंग क्लास के लोगों के लिए आर्थिक स्वतंत्रता और स्थिरता का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। सही जानकारी और सावधानी के साथ निवेश करके वे अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

पिछले 10 वर्षों के शानदार प्रदर्शन और अगले 5 वर्षों की संभावनाओं को देखते हुए, मिडल और वर्किंग क्लास के लिए यह सबसे अच्छा समय है अपने निवेश को नया आयाम देने का।

सरोकार

बंपर नौकरियों के सहारे 2027 में विपक्ष को 'बेरोजगार' करेंगे योगी

अजय कुमार,लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी 2024 जैसे चुनावी नतीजे 2027 विधानसभा चुनाव में नहीं देखना चाहती है। खासकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिये अभी से सरकार के पेंच कसना शुरू कर दिये हैं। संगठन स्तर पर भी काम चल रहा है। यूपी विधानसभा चुनाव 2027 के शुरुआती तीन-चार महीनों में सम्पन्न होना है। इस हिसाब से सरकार के पास तीन साल से भी कम का समय बचा है। लोकसभा चुनाव से सबक लेते हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी खराब छवि वाले विधायकों का टिकट काटने में भी परहेज नहीं करेगी।गौरतलब हो, हाल में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में बीजेपी को उम्मीद से काफी कम सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग ने जो आकड़े जारी किये हैं उसके अनुसार यूपी में 80 लोकसभा सीटें जिसके अंतर्गत 403 विधान सभाएं आती हैं,वहां अबकी से बीजेपी 162 विधान सभा क्षेत्रों में समाजवादी और कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी से पिछड़ गई थी। इन 162 विधान सभा क्षेत्र के विधायकों पर भी गाज गिर सकती है। वहीं 2027 में विपक्ष एक बार फिर से बेरोजगारी को मुद्दा नहीं बना पाये इसके लिये योगी ने सभी खाली पड़े रिक्त पदों को भरने के लिये बम्पर नौकरियां निकाली हैं। अभी एक लाख नौकरियां निकाले जाने की बात कही जा रही है जिसका आकड़ा 2027 के विधान सभा चुनाव की तारीख नजदीक आने तक पांच लाख तक पहुंच सकता हे।इसी के साथ पेपर लीक की घटनाओं पर अंकुश लगाने और इसमें लिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिये भी एसटीएफ तेजी से काम कर रही है।बेरोगारी और पेपर लीक की घटनाओं के चलते युवा वर्ग केन्द्र और राज्य सरकारों के खिलाफ काफी आक्रोशित है।उधर, इन युवाओं को गुस्से को विपक्ष हवा-पानी देने का काम कर रहा है। ऐसी ही एक मोदी सरकार की एक और योजना अग्निवीर भी सरकार के लिये बढ़ा मुद्दा बना हुआ है। विपक्ष लगातार इसे खत्म करने की मांग कर रहा है। इस योजना का दुष्प्रभाव मोदी सरकार लोकसभा चुनाव में देख भी चुकी है। कुल मिलाकर योगी सरकार बम्बर नौकरियां निकाल कर विपक्ष को उसकी बेरोजगारी वाली सियासत से 'बेरोजगार' करना चाहती है।

बात सरकार से हटकर संगठन स्तर की कि जये तो लोकसभा चुनाव में यूपी से मिली चोट भाजपा को बेचैन किए हुए हैं।योगी की छवि पर भी प्रश्न चिन्ह लगा है। केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार के गठन के बाद भाजपा के जिम्मेदार अब यूपी में पार्टी के ग्राफ गिरने के कारणों की पड़ताल पर लगा है। पार्टी स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल ने वोट में आई गिरावट को लेकर चर्चा की है। तय किया गया है कि भाजपा के पक्ष में कम मतदान की जांच होगी। दरअसल, यूपी के चुनाव परिणाम से भाजपा के स्थानीय से लेकर शीर्ष नेतृत्व में हड़कंप मचा हुआ है। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार करीब नौ फीसदी कम वोट मिले हैं। अब इन्हीं वोट का पता लगाने को लेकर माथापच्ची शुरू हो गई है कि आखिर यह वोट भाजपा से छिटक कर कहां गया। इसका पता करने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसमें संगठन के पदाधिकारियों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। फोर्स के सदस्य गांव-गांव जाकर यह पता लगाएंगे कि भाजपा के कोर वोटर माने जाने वाले ओबीसी और दलितों में सेंध किस दल ने लगाया है।

यह भी पता लगाया जाएगा कि गैर यादव ओबीसी और गैर जाटव दलितों को भाजपा से बिदकाने में किन-किन लोगों का हाथ है। साथ ही भितरघात करने वाले पार्टी नेताओं का भी पता किया जाएगा। केंद्र में भले ही लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बन गई है लेकिन पार्टी के लिए सबसे मजबूत सियासी जमीन यूपी में खिसकने की टीस सभी नेताओं को हो रही है। इसलिए अब पार्टी ने नुकसान पहुंचाने वालों के साथ उन मतदाताओं के बारे में भी पता लगाने का फैसला किया गया है कि जो इस बार भाजपा के बजाए विपक्ष की तरफ खिसक गए हैं। यूपी में बीजेपी का ग्राफ गिरने की पूरी समीक्षा के बाद यूपी बीजेपी में संगठन स्तर पर भी कई बदलाव हो सकते हैं।

यूपी बीजेपी को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल सकता है और यह दलित अथवा पिछड़ा समाज को हो तो कोई आश्चर्य नहीं है।वैसे कयास यह भी लगाये जा रहे हैं कि योगी सरकार में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य एक बार फिर संगठन में आना चाह रहे हैं। मौर्य के यूपी बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रहते 2014 में पार्टी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था।

भाजपा इस बात को लेकर बेहद चिंतित है कि वर्ष 2017 में रिकॉर्ड 312 विधानसभा सीटों और 2022 के विधान सभा चुनाव में भी भगवा परचम लहराकर बहुमत की सरकार बनाने वाली भाजपा अबकी लोकसभा चुनाव में 162 सीटों पर ही कैसे पिछड़ गई। वहीं 2017 में कांग्रेस से हाथ मिलाने पर भी 47 सीटों पर सिमटकर सत्ता गंवाने वाली सपा इस चुनाव में सर्वाधिक 183 सीटों पर आगे रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में सिर्फ दो विधायक वाली पार्टी बनी कांग्रेस, लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन कर 40 विधानसभा सीटों पर अव्वल आई।

वैसे सच्चाई यह भी है कि 2017 के विधानसभा चुनाव के बाद से यूपी में एनडीए का ग्राफ लगातार गिर रहा था,लेकिन इस ओर किसी ने विशेष ध्यान नहीं दिया। एनडीए के सहयोगी अपना दल(एस) व सुभासपा संग सरकार बनाने वाली भाजपा को पहला झटका 2019 के लोकसभा चुनाव में लगा। तब सपा-बसपा-रालोद के मिलने पर भाजपा के सांसद जहां 71 से घटकर 62 रह गए। वहीं पार्टी 274 विधानसभा सीटों पर ही बढ़त बना सकी थी। 2.019 में सपा के पांच सांसद जीते और पार्टी 44 विधान सभा सीटों पर आगे रही थी, जबकि 10 सांसद वाली बसपा 66 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। सिर्फ रायबरेली लोकसभा सीट जीतने वाली कांग्रेस मात्र नौ सीटों पर ही औरों से आगे निकली थी।

राशिफल

मेष	आज आपका दिन आज ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही खास है। अपना समय शॉपिंग में बिता सकती हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी मल्टी नेशनल कम्पनी से जॉब के लिए कॉल आ सकता है। आज अपने आप पर विश्वास करें। इस राशि के मंत्रियों की विदेश सम्बन्धी यात्रायें हो सकती है। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहेगा।
वृष	आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। किसी नए काम की शुरुआत करने पर मित्र और परिवार का साथ मिलेगा, जिससे आपका उत्साह बढ़ेगा। यात्रा से संबंधित बनाई गई योजना सफल होगी और आपको इस यात्रा के दौरान नए अनुभव मिलेंगे। लवमेट से मदद मिलेगी आज कोई निर्णय लेना आपके लिए आसान होगा। व्यापार में आज आपको ज्यादा लाभ मिलने से खुशी मिलेगी। आज बिना वजह किसी से उलझने से बचना चाहिए।
मिथुन	आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो कोई बिजनेस करने की सोच रही है उनके लिए आज का दिन अच्छा है। आज ऑफिस में कुछ अधिक ही काम रहेगा। आज किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें। अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय ईश्वर की आराधना के लिए निकालें मन शांत रहेगा। दांपत्य जीवन में खुशियां बनी रहेगी।
कर्क	आज के दिन भाग्य आपका साथ देगा। अगर आप नयी जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो घर के बड़ों की राय जरूर लें। आज लोगों से मिल रहे साथ का सही उपयोग करेंगे। आवेश में आकर कोई भी निर्णय लेने से आज आपको बचना चाहिए। अपने समय का सदुपयोग करने से आपको लाभ होगा। संतान को शिक्षा में उन्नति मिलेगी। लवमेट के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।
सिंह	आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। अगर आज किसी नये काम की शुरुआत करना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप सकारात्मक सोच के साथ काम करेंगे तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी।
कन्या	आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज प्रयत्न करने से आपके रुके हुए कार्य भी समय परपूरा हो जायेगा। आज आप किसी कंपनी के साथ कोई बड़ी डील साइन करने में सफल होंगे। आज अपनी स्किल्स को बढ़ाने के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे।
तुला	आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने काम से जुड़ी पूरी जानकारी प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। आज कोई भी पारिवारिक निर्णय लेते समय जल्दबाजी न करें, परिवार की राय भी ले लें। आज आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।
वश्चिक	आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। किसी बुजुर्ग महिला की सेवा का अवसर मिलेगा। आज आप हर तरह के काम निपटाने के लिए तैयार रहें। आपको सोचे हुए कामों से फायदा हो सकता है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज जीवनसाथी आपको कोई उपहार देंगे। स्पोर्ट से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।
धनु	आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको पहले किए हुए मेहनत का फल जरूर मिलेगा। आज आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेगा। फिल्म जगत से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा। छात्रों को थोड़ी और मेहनत करने कीजरूरतहै। आज आप घर के जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे। वकील वर्ग के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।
मकर	आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको आय के कई मौके मिलेंगे, किसी भी मौके को हाथ न जाने दें। आज आपको किसी से उपहार मिल सकता है, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के छात्रों को करियर में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। आज आप सही योजना के तहत अपने करियर में बदलाव लायेंगे। नवविवाहित दंपत्ति आज साथ में घूमने जाएंगे।
कुम्भ	आज का दिन शानदार रहने वाला है। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज कोई भी कार्य करते समय आपको धैर्य रखना होगा। आज परिवार से जुड़ी किसी समस्या का समाधान मिलने से आपको राहत मिलेगी । व्यापार को आगे बढाने में पिता का सहयोग मिलेगा। सेहत के प्रति आपको सतर्क रहना होगा। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।
मीन	आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को पदोन्नती के अवसर मिलेंगे। आज ऑफिस में आपको सम्मनित किया जाएगा। काम की गति तेज करने का कोई नया प्लान बनायेंगे। आज परिवार वालों के साथ घर पर स्वादिष्ट डिनर का आनंद उठाएंगे। आज आपके जीवन में चल रही सारी परेशानियों का हल निकल जाएगा। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

लोकमित्र का रंग कवियों के संग

जीवन एक सुरंग

अंधकार से भरा हुआ,जीवन एक सुरंग।
जितना घुसते जाओ अंदर,जीवन एक जंग ।
कर्मो को कर भला रौशनी तुमको लाना है।
कभी उदासियों का खोले पिटारा,
किसी में भर दे उत्साह और उमंग
अंधकार से भरा हुआ,जीवन एक सुरंग
एक दूजे का हमराज बनकर।
जीवन में दिया और बाती बनकर।
हमको चलते जाना है
कहीं देखो बिछड़ न जाना
जेस डोर से छूटे पतंग
अंधकार से भरा हुआ,जीवन एक सुरंग
नहीं है रुकना नहीं है थकना
जीवन पथ पर चलते जाना है
जीवन रूपी चक्रव्यूह के पीछे
बैठा एक सन्यासी है
एक चुटकी में पार लगाए
रौशनी भी जिसकी प्यासी है।
जो साथ निभाता,रहता हरदम संग
अंधकार से भरा हुआ,जीवन एक सुरंग।
देता है वो ख्वाब सुनहरे
सच करने का हौसला सबको देता है
नियति और कर्म को लेकर
इंसान तब आगे बढ़ता है
गिरने से हर बार संभाले
मजधार से वो हमेशा निकाले
बेरंग से जीवन में वो ही भरता रंग
अंधकार से भरा हुआ,जीवन एक सुरंग।

मिताली श्रीवास्तव वर्मा
भिलाई, छत्तीसगढ़

लाड़ली (सोना)

हमारी लाडली ये चुलबुली है।
मिटाए जिंदगी की हर कमी है।
दुआओं में सदा मांगा उसे ही।
बड़े नाज़ों तले वो तो पाली है।।
भले तपती यहाँ हो जिंदगी पर।
हमें लगती वही बस चाँदनी है।।
बनी है नूर आँखों का हमारे ।
वही तो जिंदगी की रौशनी है।।
जो रूठे वो कभी हमसे कहें क्या।
लगे ये जिंदगी तब अनमनी है।।
करे शिकवा कभी हमसे यहां जो।
बड़ी भाती हमें वो सादगी है।।
बड़ा मुश्किल उसे है नेह कहना।
जरा सी यार वो भी मनचली है।।

पूनम शर्मा स्नेहिल
जमशेदपुर

मेरा परिचय

वेद अश्वनी मम जनक,तिलसहरी है गांव।
जिला कानपुर में बसा,ममता की यह ठांव।
ममता की यह ठांव,विरासत में है पाई।
पाकर समुचित ज्ञान,दृष्टि शिक्षक की आई।
मन में रखता भाव, नेक हो कथनी करनी।
इच्छा पावन ओम,रखे सुत वेद अश्वनी।।
जीवन मानव का मिला,मिला उचित परिवार।
ओम नाम जग ने दिया,दिखलाकर सत प्यार।
दिखलाकर सत प्यार,मुझे जग ने अपनाया।
सुंदर सजा विधान,कर्म शिक्षक अपनाया।
काव्य सृजन का शौक,रखे हर्षित मम तन मन।
ईश्वर का उपहार,मिला यह मानव जीवन।।

ओम प्रकाश श्रीवास्तव ओम
शिक्षक व साहित्यकार
तिलसहरी, कानपुर नगर



संक्षिप्त खबरें

अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में युवती समेत 3 घायल

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में युवती समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रयागराज जनपद के होलागढ़ थाना अंतर्गत बहरापुर निवासिनी स्वाति पाल 20 वर्ष पुत्री श्याम लाल पाल स्कूटर से भक्तिधाम मनगढ़ दर्शन करने आई थी। वापसी में सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। इलाज के लिए उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के करीम नगर चौसा निवासी संदीप कुमार सरोज 30 वर्ष पुत्र सूबेदार सरोज नशे का आदी है। नशे की हालत में नगर क्षेत्र में पैदल जाते समय कोतवाली के सामने वाहन की टक्कर में सड़क पर गिरकर घायल हो गया। तपती दोपहरी में सड़क पर पड़ा हुआ देखकर लोगों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल के परिजनों को सूचना दी गई, लेकिन परिजन हॉस्पिटल नहीं आए।

मानिकपुर थाना क्षेत्र के जाखामई निवासी किशोर उमाकांत पटेल 16 वर्ष पुत्र रामसुख पटेल सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। जानकारी पर भाई रवि पटेल ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां इलाज के बाद तीनों घायलों के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

विद्युत उपखंड अधिकारी पर हमले का आरोपी गया जेल

लोकमित्र ब्यूरो

सुवंसा (प्रतापगढ़)। थाना फतनपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूरे गोसाई सुवंसा में विद्युत चेकिंग करने आए विद्युत उपखंड अधिकारी वीरेंद्र कुमार मौर्य से मारपीट के मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर एक आरोपी को जेल भेज दिया गया। पाचो आरोपियों के खिलाफ मु0 अ0 स0 115/24 धारा 147, 332, 353, 504, 506, 427 भादवि का मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में 14 जून को प्रभारी निरीक्षक थाना फतनपुर अभिषेक सिरोही के नेतृत्व में उप निरीक्षक प्रभांशु कुमार राय हमराह द्वारा विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त आजाद तिवारी पुत्र श्रीकांत तिवारी ग्राम चंदेलेपुर को फतनपुर क्षेत्र के अंतर्गत गीता नगर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास चल रहा है।

घूर में कूड़ा फेंकने से मना करने पर युवक को कुल्हाड़ी से मार किया जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

पट्टी प्रतापगढ। घूर गड्ढे में कूड़ा फेंकने से मना करने पर विपक्षियों ने युवक को घर में घुसकर कुल्हाड़ी से वार कर घायल कर दिया। घायल ने मामले की नामजद तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के मरहा गांव के रहने वाले रामसुंदर पुत्र झेंगई ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके घूर गड्ढे में विपक्षियों द्वारा कूड़ा कबाड़ डाला जा रहा था। वह जब उसने विरोध किया तो विपक्षी गाली-गलौज करते हुए उसे कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा लिया। वह अपनी जान बचाने के लिए घर के भीतर भागा तो विपक्षी घर में घुसकर उसके ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे उसके बाएं हाथ में गंभीर रूप से चोटें आई। घायल मामले की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचा और पुलिस को तीन लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल युवक को मेडिकल के लिए भेजा तथा मामले की जांच में जुटी है।

प्रसव पीड़ित की मौत के बाद हरकत में आया प्रशासन अस्पताल को सील करने के साथ आशा को बर्खास्त किया

लोकमित्र ब्यूरो

रानीगंज -कधई थाना क्षेत्र के जगदीशगढ़ गांव निवासी दिलीप कुमार बिंद की पत्नी हीरावती 38 वर्ष को प्रसव के लिए शेखूपुर स्थित एजीएस पॉलीक्लिनिक पर शुक्रवार की रात में भर्ती किया गया प्रसव के बाद पीड़िता की शनिवार को सुबह 8ः00 बजे मौत हो गई मौत होने के बाद अस्पताल के संचालकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया परिजनों को मौत की जानकारी मिलने पर पुनः वापस आकर के अस्पताल में शव को रखकर हंगामा करने लगे पुलिस को जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं स्वास्थ्य विभाग पहुंचकर अस्पताल को चीज करने के साथ अस्पताल के संचालक की पत्नी आशा सावित्री देवी को बर्खास्त करने की कार्रवाई कर दिया है

इस बाबत थाना अध्यक्ष आदित्य सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा प्रसव पीड़िता अपने मायके जाजापुर में आई थी वहीं से रानीगंज क्षेत्र के शेखूपुर में एक निजी अस्पताल में भर्ती हुई थी

दहेज के लिए विवाहिता को ससुरालीजन कर रहे प्रताड़ित

● विदा कराने गई मां को गाली गलौज देकर भगाया

लोकमित्र ब्यूरो

पट्टी प्रतापगढ।दहेज के लिए विवाहिता को ससुरालीजनों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है।मामले की जानकारी जब विवाहिता की मां को हुआ तो वह अपनी बेटी को विदा कराने के लिए बेटी के घर पहुंच गई तो ससुराली जनों ने विवाहिता की मां को गाली गलौज देते हुए भगा दिया। बताते चले कि कंधई थाना क्षेत्र की रहने वाली मंजू पत्नी देवी दिन अपनी पुत्री काजल की शादी आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव निवासी नीरज पुत्र रामफेर के साथ हिंदू रीति रिवाज से किया था । साथ ही शादी में हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया था पर शादी के बाद से ही विवाहिता के ससुरालीजनों ने उसे तरह-तरह से प्रताड़ित करते रहे। जब इसकी जानकारी विवाहिता की मां को हुई तो वह बेटी को बिदा कराने के लिए बेटी के ससुराल पहुंच गई। उधर विवाहिता की मां को देख ससुरालीजनों का पारा चढ़ गया और उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे भगा दिया।विवाहिता की मां ने शुक्रवार को इसकी शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में किया और बेटी की हत्या की आशंका जताते हुए बिदाई की गुहार लगाई।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

कुंडा-प्रतापगढ़ संदिग्ध परिस्थितियों में युवक घर के अंदर मरणासन्न हो गया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के गांव रधौंली निवासी गब्बर सिंह 40 वर्ष पुत्र जगन्नाथ सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के भतीजे सर्वजीत सिंह व धर्मराज सिंह गब्बर सिंह को गंभीर हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा ले गए। जहां देखते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के साथ आए भतीजे से डॉक्टर ने जब मृत्यु का कारण पूछा तो उन लोगों ने बताया कि शराब पीने के आदी थे। इसके कारण इनकी मौत हुई है।

जिस लड़के से तय हुई शादी, वही युवती को लेकर हुआ फरार

पट्टी प्रतापगढ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में विवाह तय होने के बाद युवक युवती को लेकर फरार हो गया। युवती की मां मामले की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची और गंभीर आरोपों की तहरीर पुलिस को देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को दिए गए नामजद शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसने अपनी बेटी की शादी नवंबर माह में जिस लड़के के साथ तय की थी वह लड़का उसकी बेटी को शुक्रवार की रात में भगा ले गया। सुबह परिजनों को जानकारी हुई तो हर संभावित स्थान पर खोजबीन की गई ।

गंगा दशहरा महोत्सव की तैयारियां पूर्ण

11551 दीपो से प्रकाशमय होगा मां बेल्हा देवी घाट

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। श्री गंगा दशहरा महोत्सव की तैयारी को आज अंतिम रूप दिया गया। बेल्हा देवी धाम में आयोजन समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह (मुन्ना भैया) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें 16 जून को श्रीगंगा दशहरा महोत्सव मनाने की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। विद्युत झालरो आदि सजावट का काम आयोजन समिति के देखरेख में आज से ही शुरू हो गया। अध्यक्ष प्रमोद सिंह मुन्ना भैया ने सभी मां के भक्तों से अपील किया कि रविवार को 4ः00 बजे शाम को मां बेल्हा देवी धाम पहुंचकर गंगा दशहरा महोत्सव में शामिल होकर पुण्य के भागीदार बने।

कार्यक्रम के संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि 16 जून को होने वाले गंगा दशहरा की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। पूरे मंदिर परिसर को फूल मालाओं एवं विद्युत झालरों से सजाया जा रहा है। शाम को 11551 दीपों से सारे घाटों को प्रकाशमय करके 6ः00 बजे मां सई गंगा की महा आरती होगी, जिसमें काशी से पधारे पांच पुरोहित विशेष मंत्रोंचारण, शंख, घड़ियाल बजाते हुए महा आरती की शुरुआत करेंगे। सभी मां के भक्तों से अनुरोध है कि इस शुभ अवसर पर मां बेल्हा देवी घाट पहुंचकर इस भक्तिमय वातावरण के साक्षी बने और पूण्य के भागीदार बने। रोशनलाल उमरवैश्य ने यह भी कहा कि जिन भक्तों को घर से भी दीपक लाना हो वह ला सकते हैं और महा आरती में शामिल हो सकते हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा की सारी व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल लगाने का निर्देश दिया है। एसडीएम सदर, सीओ सिटी, शहर कोतवाल आदि अधिकारीगण पूरी व्यवस्था में जी जान से सहयोग कर रहे हैं।महोत्सव को भव्य बनाने में व्यवस्थापक मंगला प्रसाद रघ्घू पंडा, जग्गू पंडा, मनोज पंडा,विवेक कुमार, जगदम्बा पंडा, मोनू पंडा, अरविंद सिंह, रंगीली पंडा, दीपक सिंह, दिव्यांशु महाराज, देव शंकर मिश्र, रूद्र शुक्ला, गणेश, प्रदीप, अमन, सुरेश मास्टर, प्रमोद आदि उपस्थित रहे।

शंख, घंटे, घड़ियाल बजाते हुए काशी के पुरोहित करेंगे महा आरती

माँ गंगा प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर जगमगाया शनिदेव धाम

5100 दीयों से सजाया गया धाम व विधि विधान से हुई भव्य आरती

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय परशुराम सेना के संयोजन में गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर पौराणिक शनिदेव धाम पर जुटे श्रद्धालुओं द्वारा बकुलाही नदी व घाट की साफ सफाई की गई व नदी के किनारे पौधरोपण किया गया। लोगो ने बकुलाही नदी को संरक्षित रखने व उसके निर्मलीकरण का संकल्प लिया । इसके उपरांत पूरे मंदिर प्रांगण व बकुलाही घाट को 5100 दीयों की रोशनी से बेहद ही आकर्षक रूप से सजाया गया। शाम होते ही शनिदेव धाम हर हर गंगे के जयकारे से गूंज उठा तथा पूरा

वातावरण भक्तिमय हो गया । आयोजन के मुख्य अतिथि आशुतोष त्रिपाठी व विशिष्ठ अतिथि प्रदीप शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में शनिदेव धाम के महंत मंगलाचरण मिश्र जी महराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने माँ गंगा की भव्य आरती की । इस अवसर पर संजय शुक्ला पंडित अनिल पांडेय संतोष मिश्रा अभिषेक मिश्र रहेंद्र शुक्ला अवनीश पांडेय तरुण भट्ट रत्नेश दुबे शिवसागर शुक्ल प्रदीप मिश्रा विवेक टोनी अमित शुक्ला सुशील मल्होत्रा अनुज मिश्र अनुभव शुक्ल अजय सिंह अनुज पांडेय प्रवीण तिवारी अमित शुक्ल पार्थ द्विवेदी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे ।

जंजाल बनी नल से जल योजना, ग्रामीणों की बढ़ी दिक्कत

● गांव गांव पाइप बिछाने में उखाड़ दी गई सड़के और नहीं हुई मरम्मत, बरसात में बढ़ाएगे दर्द

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जल शक्ति मंत्रालय बनने के बाद हर घर नल से जल दिए जाने की सरकार नें जबरदस्त योजना बनाई जिसका जिम्मा अथवा निविदा कार्य गुजरात की कम्पनी को दे दिया गया। जिम्मेदार कम्पनियो द्वारा सूबे के आस पास से पेड वर्किंग ठेकेदार लगाकर काम करवाया जा रहा है। गौरतलब हो कि पुरे जनपद में योजना पिछली सरकार में ही शुरू की गई किंतु शायद ही किसी नल से जल लोगों को मिला हो। इधर पुरे सूबे में युद्ध स्तर से पाइप लाइन बिछाई जा रही है, जो कि लोगों के लिए ही नहीं अपितु अन्य कई विभागों के लिए भी समस्या बनी हुई है। बताते चलें कि जनपद मुख्यालय के तमाम ग्राम सभाओं में वर्षो पहले पाइप लाइन विछाने में उखाड़े गए खड़ंजे आज भी

अपने दिन बहुरने के इंतजार में टकटकी लगाए हुए हैं । जिसके ठीक होने के आसार इस बरसात में भी नहीं दिख रहे हैं। बात करते हैं जनपद के कुंडा क्षेत्र में कुंडा खनवारी से पुरे वासुदेव तक बनी 7.935 किमी सड़क जो कि ग्रामीणो को समझा बुझा कर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग नें बनाया और उसके खराब न होने अथवा बरसात में पानी के बहाव से बचाने कि व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सड़क के बगल से किसानों की जमीन में उनके जमीन से मिट्टी लेते हुए पटरी तैयार की किंतु जल से नल की योजना में पटरी को पाइप डालने के लिए खोद डाला गया जो बरसात में खतरा बनेगी। इतना ही नहीं कुंडा से दिलेरगंज मार्ग पर करीब दो साल पहले उक्त विभाग नें इंटरलाकिंग सड़क बनाई गई थी, जिसको उखाड़ कर ईट को पाइप लाइन बिछाने वालों नें खंडक में डाल दिया और उक्त ईट को लोग उठा ले गए। जिसकी शिकायत भी विभाग नें उच्चधिकारीयों से की किंतु मामला ढाक् के तीन पात की तरह इधर उधर हो गया। इतना ही नहीं तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया को उक्त मामले की बहुतायत शिकायतें व्यक्तिगत, विभागीय एवं आई जी आर एस के माध्यम से आई जिसपर उन्होंने कार्यवाही के लिए शासन को पत्र लगाकर अवगत करवाया। अब उक्त समस्या का समाधान नहीं निकलने से योजना समाज के लिए जंजाल बनी हुई है। फिलहाल इन दिनों समस्या को देखते हुए कुछ क्षेत्रों में मशीनों से खुदाई कर पाइप लाइन डाली जा रही है। किंतु उक्त समस्या का कोई समाधान अब तक नहीं निकल सका है जो पुरे जनपद की तस्वीर बयां कर रही है।

चोरी की अलग अलग घटनाओं में नकदी समेत लाखों के आभूषण उड़ाये

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली क्षेत्र में चोरी की लगातार दो घटनाओं से हडकंप मच गया। कोतवाली के पूरे अनिरूद्ध ओझा का पुरवा निवासी कलाधर तिवारी की पत्नी सरिता तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह इन दिनों मायके गयी थी। शुक्रवार की शाम ससुराल पहुंची तो घर के मेन गेट का कुण्डा कटा देख आशंकित हो उठी। घर के अंदर पहुंची तो चोरी का नजारा देख पीड़िता आवाक रह गयी। चोरों ने घर से दस हजार नकदी, सोने की अंगूठी तथा कान का टप व पीतल का हण्डा समेत कीमती कपड़े चोरी कर लिया। पीडिता का पति कारोबारी के सिलसिले में दिल्ली रहता है। पीडिता ने शनिवार को घटना को लेकर तहरीर दी है। इधर कोतवाली की नाक के नीचे सांगीपुर वार्ड में नीरज सरोज के घर भी नौ जून की रात चोर सोने चांदी के जेवरात

दरवाजे की कुण्डी काटकर उठा ले गये। पुलिस में दी गई तहरीर में कहा है कि सोने का दो जोड़ी झुमका, चार तोले की चेन, सोने की आठ अंगूठी, मंगलसूत्र, आठ जोडी पायल, नथिया, आधा किलो चांदी के जेवरात पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पीडित के साथ बदमाशों ने घर में रखे उसकी बहन के जेवरात भी उड़ा लिये। पुलिस इन घटनाओं के बाबत जांच कर कार्रवाई का रटारटाया जबाब देती दिखी है।

चोरी की ताबड़तोड़ घटनाओं से वकीलों का फूटा गुस्सा, मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज सर्किल क्षेत्र में चोरी की ताबडतोड घटनाओं को लेकर नाराज वकीलों ने तहसील स्तरीय समाधान दिवस में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वही वकीलों ने लेखपालों की तहसील में कार्य दिवस में गैरहाजिरी समेत कई मुददों पर नाराजगी जतायी। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा महामंत्री सूर्यकांत निराला की अगुवाई में हुई आम सभा में समस्याओं के समाधान न होने पर आंदोलन शुरू करने का भी ऐलान किया गया। वकीलों ने डीएम को संबोधित चार सूत्रीय मांग पत्र नायब तहसीलदार पंकज कुमार को सौंपा। शनिवार को अधिवक्ताओं ने परिसर में आमसभा कर इधर चोरी की घटनाओं को लेकर गुस्सा जताया। लालगंज कोतवाली क्षेत्र में उमापुर निवासी अधिवक्ता प्रमोद मिश्र के घर हुई चोरी को लेकर भी साथियों में गुस्सा दिखा। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि पुलिस की

लापरवाही से चोरी की घटनाएं रोज होने से लोगों में भय व्याप्त हो गया है। पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि लालगंज कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर केस दर्ज न करने से पीडित आक्रोशित हैं। वही ज्ञापन में सांगीपुर में संचालित हो रहे चकबंदी कार्यालय को तहसील परिसर में अविलम्ब संचालित कराए जाने की मांग उठायी गयी । कामकाज के दिन भी लेखपालो की तहसील में गैरहाजिरी से काश्तकारों को हो रही परेशानी को लेकर भी वकील गुस्से में दिखे। वही ज्ञापन में नहरों में पानी न आने से धान की नर्सरी न तैयार हो पाने की भी समस्या उठाई गयी है। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में घूम घूम कर नारेबाजी की। इसके बाद वह नारेबाजी करते समाधान दिवस आ धमके। नायब तहसीलदार ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया है।

इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल, दिनेश मिश्र, बीडी पटेल, संतोष पाण्डेय, सुशील शुक्ल, मस्तराम पाल, रामलगन यादव, ओपी जायसवाल, संदीप तिवारी, सुमित त्रिपाठी, जान्हवी प्रताप सिंह, अरविंद तिवारी, नामवर सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

राज्य स्तरीय शैक्षिक उन्नयन कार्यशाला कुशीनगर में बेल्हा के तीन गुरुजन सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़।मिशन शिक्षण संवाद एवं बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान जनपद कुशीनगर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय शैक्षिक उन्नयन कार्यशाला में बेल्हा के तीन शिक्षक सम्मानित हुए। 14 एवं 15 जून को जनपद कुशीनगर के पी0एन0 नेशनल पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित दो दिवसीय शैक्षिक कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों से चयनित शिक्षक साथियों का आगमन हुआ। इस कार्यशाला में आये हुए इन शिक्षकों के द्वारा अपने अपने विद्यालयों में किए जाने वाले शैक्षिक प्रयासों का पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया। साथ ही साथ बच्चों के विकास के लिए किए जा रहे विभिन्न नवाचारों को भी प्रस्तुत किया गया।

इस राज्य स्तरीय कार्यशाला में जनपद प्रतापगढ से तीन शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले इन तीन शिक्षकों में बाबागंज विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय उतरार से सहायक शिक्षक बबलू सोनी, विकासखण्ड मान्धाता

के उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर से सहायक शिक्षक श्याम प्रकाश मौर्य तथा बाबागंज विकासखण्ड से ही कम्पोज़िट विद्यालय सरांय खान देव से सहायक शिक्षक जय कुमार गौड़ रहे।

आप तीनों शिक्षकों के द्वारा अपने अपने विद्यालय में बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे।

आप सब के द्वारा नित नवीन विधियों व विभिन्न प्रकार के टीएलएम आदि के माध्यम से बच्चो के सर्वांगीण विकास का प्रयास किया जाता है। साथ ही साथ बच्चों को राष्ट्रीय आय आधारित प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जाता है व उन्हें परीक्षा में शामिल भी कराया जाता है। आप सब के प्रयासों का परिणाम भी सुखद रहता है। वर्ष दर वर्ष बच्चों के चयन की संख्या में भी वृद्धि होती जा रही है।

इन सभी के कठिन परिश्रम एवं लगन को देखते हुए इस कार्यशाला में आमन्त्रित किया गया और वहाँ पर जनपद कुशीनगर के विभिन्न विधानसभाओं के विधायक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा अंगवस्त्रम एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मासूम के सिर पर गिराआम, उलाहना देने पर चले लाठी-डंडे, चार घायल

लोकमित्र ब्यूरो

पट्टी प्रतापगढ। घर के सामने खेल रही छह माह की मासूम बच्ची के सर पर आम गिरने की उलाहना देने पर पड़ोसियों ने मां-बेटी समेत चार लोगों को लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। घायलों ने मामले की नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घायलों को मेडिकल के लिए भेज जांच में जुटी है। कोतवाली क्षेत्र के सुखऊ दुबौली गांव की रहने वाली इन्द्रावती पत्नी स्वर्गीय बनवारी लाल बिन्द ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया कि शुक्रवार को शाम 4 बजे घर के सामने स्थित आम के पेड़ से विपक्षी आम तोड़ रहे थे। पेड़ के नीचे उसकी नातिन खेल रही थी। सिर पर आम गिरने से मासूम चोटिल हो गई। विरोध करने पर विपक्षी एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडा लेकर हमलावर हो गए। प्रार्थिनी जान बचाने के लिए घर के भीतर भागी तो आरोपियों ने घर में घुसकर इन्द्रावती को पीटना शुरू कर दिया। हल्ला-गुहार सुनकर उसकी बेटी प्रमीला व शीला बीच-बचाव करने पहुंचे तो उन्हें भी लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया गया। मारपीट की घटना में छह माह की मासूम बच्ची समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों ने मामले की नामजद तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घायलों को मेडिकल के लिए भेजकर जांच में जुटी हुई है।

तीसरे दिन हुआ मृतक का अंतिम संस्कार, पुलिस के हाथ खाली

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर थाना के सेमरा गांव में किशोर की हत्या को लेकर तीसरे दिन शनिवार को भी पुलिस के हाथ खाली दिखे। वहीं परिजनों ने शनिवार की शाम मृतक किशोर अजय का गांव के बगल ही खेत में अंतिम संस्कार कर दिया। परिजन मृतक के बाहर कारोबारी के सिलसिले में रहने वाले उसके बडे भाई शिवम के भुसावल से यहां घर पहुंचने के बाद शव का अंतिम संस्कार करने पर राजी हुए थे। सेमरा गांव के अखिलेश के पुत्र अजय गुप्ता 17 की गुरूवार की रात गांव से कुछ दूर पहले अज्ञात आरोपियों ने अपहरण कर धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। हालांकि पुलिस ने घटना को लेकर मृतक के पिता की तहरीर

पर गांव के नामजद आरोपी समेत दो के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। ठेले पर लाई चना बेंचने वाले किशोर की हत्या को लेकर अभी पुलिस खुलासे के निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है। हालांकि पुलिस के शक की सुई घटना में जुड़े कही न कही से प्रेम प्रसंग को लेकर आ रही है। मृतक के पडोसी जिले में रहने वाली एक युवती पिछले एक माह से यहां उसके घर रह रही थी। ऐसे में पुलिस उस युवती के भी फोन को सर्विलांस पर लेकर घटना से जुड़े क्लू की तरफ बढ़ने की ओर बतायी जाती है। हत्याकाण्ड को लेकर उदयपुर पुलिस ने चार पांच संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि घटना की निष्पक्ष जांच जारी है। किसी भी निर्दोष को जेल नहीं भेजा जाएगा। वहीं शनिवार को दोपहर बाद मृतक अजय के परदेशी भाई के घर पहुंचने पर परिजन एक बार फिर दहाड़ मारकर रोने लगे। परिजनों ने घर से पांच सौ मीटर दूर उसका अंतिम संस्कार किया। हत्याकाण्ड को लेकर शनिवार को भी जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय घटनाचक्र पर नजर जमाये दिखे। एएसपी का कहना है कि मृतक का अंतिम संस्कार हो जाने के बाद अब पुलिस का पूरा फोकस घटना के खुलासे पर केन्द्रित होगा।

आयुष्मान योजना से आच्छादित नर्सिंग होम में मची है लूट

● ● मरीजों से ली जा रही फीस, इंप्लांट की बाहर से हो रही खरीद

▸▸ सरकारी अस्पताल पर रखी जा रही नजर, बाहर नहीं है कोई ध्यान

▸▸ प्राइवेट अस्पतालों में योजना की सीएमओ नहीं करवाते पड़ताल

सारा विवाद प्लेट को लेकर है

आयुष्मान कार्ड का मरीज अगर अपना बेहतर इलाज करवाना चाहते हैं तो डाक्टर और सीएमओ के चक्कर में वह नहीं करवा पा रहा है। हड्डी की बात करें तो इस समय सारे विवाद की जड़ सर्जरी में लगने वाली प्लेट को लेकर है। मरीज चाहता है कि उसका आपरेशन अच्छे से हो। डाक्टर भी मरीज के भले की ही सोचता है। लेकिन इन दोनो की सोच से सीएमओ की सोच मेल नहीं खाती है। जिस वजह से आए दिन विवाद हो रहा है। जिसमें मरीज का भला नहीं हो रहा है।

आयुष्मान कार्ड रद्द करने की दी जाती है धमकी

आयुष्मान का मरीज अपने बेहतर इलाज के लिए अगर कार्ड का लाभ लेने से मना कर देता है। अपने अधिकारी का प्रयोग कर बाहर से प्लेट लगवाना चाहता है। उसमें भी अधिकारियों को दिक्कत है। जिम्मेदार उसका कार्ड रद्द करने की धमकी देते हैं। हाल ही में ऐसा ही एक मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें सीएमओ ने खुद मरीज का कार्ड रद्द करने की बात कही है।

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। भारत सरकार की पसंदीदा योजन आयुष्मान योजना को जिले में स्वास्थ विभाग के अधिकारी ही नहीं चलने दे रहे हैं। उनके क्रिया कलापों और बेसिर पैर की सोच से योजना को पलीता लग रहा है। मरीजों में इसका गलत संदेश जा रहा सो अलग। जिसका नतीजा यह हुआ कि योजना जिले में पूरी तरह से फ्लवती नहीं हो पा रही है। जिसका लाभ योजना के पात्र मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी ही इसको ग्रहण लगाए हुए हैं। इस योजना से आच्छादित लाभार्थी को पांच लाख रुपए तक इलाज कराने की सुविधा भारत सरकार ने दे रखी है। इसके लिए मरीजों का कार्ड बनाया जाता है। कार्ड बनाने का कार्य सीएमओ का विभाग करता है। जानकर बताते हैं कि इसका लक्ष्य भी पूरा नहीं हुआ है। जिन लोगों का कार्ड बना भी है। उनको सीएमओ और मेडिकल कॉलेज प्रशासन की खींचतान में लाभ नहीं मिल पा रहा है। मेडिकल कालेज के बन जाने के बाद भी उसको चलने नहीं दिया जा रहा है। उसके अपने ही लोग उसकी जड़ में मट्ठा डालने का काम कर रहे। उनकी दुकान बंद हो गई है। अब वे लोग मेडिकल कॉलेज की छवि को खराब कर रहे हैं। इस कार्य में एक गुट शामिल है। जिसके बारे में सभी को पता है।

प्राइवेट अस्पतालों पर नहीं रहती सीएमओ की बादशाहत

सरकारी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से होने वाले आपरेशन खासकर हड्डी वाले पर सीएमओ और उनकी टीम टकटकी लगाकर बैठे रहती हैं। जैसे कुछ होता है इनके कार्यालय से एक नोटिस सीएमएस को पहुंच जाती है। इसके इतर आयुष्मान योजना से आच्छादित प्राइवेट अस्पताल और नर्सिंग होम में लाभार्थी से लूट मची है। जानकर बताते हैं कि ओपीडी फीस तक ली जा रही है। बाहर से बेरोकटोक खरीदकर टाइटेनियम की मंहगी प्लेट भी लगाई जा रही है। सब कुछ जानते हुए भी सीएमओ और योजना से जुड़े डाक्टर उधर झांकने भी नहीं जाते हैं। जबकि वहां पर भी वही काम हो रहा है जो सरकारी अस्पताल में। फिर सरकारी अस्पताल और उसके डाक्टर को ही क्यों टारगेट किया जा रहा है..! जिम्मेदारों का यह दोहरा चरित्र क्यों..!

क्या कहते हैं सीएमओ

शासन से एक पत्र आया है। जिसमें आयुष्मान कार्ड के मरीज को दिए गए पैकेज में से 75 प्रतिशत धनराशि का उपभोग उसके इलाज में किया जाना है। जिसमें दवा से लेकर सामान इत्यादि की खरीद फरोख्त तक शामिल है। डाक्टर मरीज पर महंगी प्लेट के लिए दबाव बनाते हैं। प्राइवेट अस्पतालों की जांच होती रहती है।

धर्मनगरी के विकास के लिए चित्रकूट धाम नगर पालिका ने पास किया 54 करोड का बजट

चित्रकूट: धर्मनगरी के विकास के लिए चित्रकूट धाम नगर पालिका ने लगभग 54 करोड का बजट पास किया है। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने चित्रकूट को निरंतर सुन्दर बनाने के लिए बदलाव युक्त विकास करने की बात कही है।

नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी सभागार में पालिका की विशेष बजट बैठक नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की अनुमानित आय 539241150 रूपए एवं अनुमानित व्यय 531244250 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2023-24 की मूल आय 386576305 रूपए व व्यय 339760054 रूपए को बोर्ड मे सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। इसके बाद सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से गत वर्ष के आय व्यय पर चर्चा हुई।

इस मौके पर अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, सभासद सुखदेवी, नीतू सिंह, पवन कुमार, संदीप, राजकमल वर्मा, राजकुमार साहू, राजेश पटेल, विनय कुमार त्रिपाठी,

तापमान कम नहीं हुआ तो छा सकता है बिजली का संकट

प्रचंड गर्मी में फुंक रही है बिजली की केबल, ट्रांसफार्मर

● गर्मी नहीं सह पा रहे उपकरण, जलने का बना रहता है खतरा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। आसमान से बरस रही आग से धरती का टेंपरेचर इतना बढ़ गया है कि सारा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जीव जंतु सभी बेहाल हैं। तापमान इतना है कि लोहा तप रहा है और प्लास्टिक से बनी चीजों में आग लग रही है। अगर तापमान ऐसे चरम पर बना रहा तो बिजली का संकट पैदा हो सकता है। लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर और केबल के फुंकने की संभावना पहले से अधिक बढ़ जाएगी।जिले का तापमान 42 और 45 से नीचे नहीं जा रहा है। लगता है कि आसमान से धूप नहीं आग बरस रही है। सड़के तवे के माफिक जल रही है। घरों में राहत नहीं है। दीवारें और छत भट्ठी जितना तप रही है। गर्मी में खुले में रखे बिजली के ट्रांसफॉर्मर के अंदर का तेल इतना गरम हो जाता है कि वह अंदर और बाहर दोनो की गर्मी को बर्दाश्त नहीं कर पाता और जलने लगता है। इन दिनों इस तरह की घटनाएं शहर में बढ़ गई हैं। पिघल कर जम्फर टूट रहे हैं। शहर में जगह जगह केबल खुद ही जल जा रही है। सियाराम कालोनी में रेल कर्मी रवि सिन्हा के घर की केबल में रात में अचानक से आग लग गई और जलने लगी। जानकारी होने पर बिजली वालों ने बिजली काट दी। मालगोदाम रोड का ट्रांसफार्मर ने धुआं देना शुरू कर दिया।

गर्मी से गुल हो रही बिजली

बेतहासा बढ़ती गर्मी बिजली के उपकरणों को जला दे रही है। जिसके कारण आपूर्ति ठप हो रही है। इसे अघोषित कटौती कह सकते हैं। जब कहीं तार, जमफर टूटने, ट्रांसफार्मर फुंकने की समस्या आती है तो बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ती हैं। स्टॉफका कहना है कि उसके बिना काम करना संभव नहीं हो पाता हैं।

क्या कहते हैं अधिकारी

तापमान के बढ़ने से बिजली की आपूर्ति बढ़ गई है। लोड बढ़ने और गर्मी की वजह से ट्रांसफॉर्मर और तार जल जा रहे हैं। इसके लिए बिजली काटना मजबूरी बन जाता है। बिना उसके उपकरण बनेंगे नहीं। तापमान में गिरावट बिजली के लिए फायदेमंद है।

संदीप कुमार मौर्य
अभियंता रूपापुर उपकेंद्र

बाबा धाम में भण्डारा आज

लालगंज, प्रतापगढ़। बाबा घुइसरनाथ धाम में सामूहिक श्रीरामचरितमानस पाठ को लेकर रविवार की शाम पांच बजे भण्डारे का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी संयोजक उमाशंकर मिश्र बाबा ने दी है।

किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ

कुडा-प्रतापगढ़। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बसवाही गांव निवासिनी प्रिया पाल 16 वर्ष पुत्री इंद्रपाल अज्ञात कारणों से आत्महत्या करने के लिए कीटनाशक जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर जब परिजनों को जानकारी हुई, तो हड़कंप मच गया। तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर भर्ती कराया गया।वहां इलाज के बाद किशोरी के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

आज रामपुरखास आयेंगे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रविवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह दिन में एक बजे लालगंज तथा ढ़ाई बजे घुइसरनाथ धाम, अपरान्ह तीन बजे सांगीपुर व अठेहा तथा सेमरा आदि स्थानों पर विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

युवक को जहरीले जंतु ने काटा

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा-प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के रहवई पनाह नगर निवासी रामू पटेल 32 वर्ष पुत्र जीतलाल पटेल को शनिवार की सुबह किसी जहरीले जन्तु ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन तत्काल इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इलाज के बाद उसके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

जनपद में लोकपाल मनरेगा के रूप में समाज शेखर प्राण को किया गया नियुक्त

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश शासन के ग्राम्य विकास विभाग अनुभाग-7 द्वारा जनपद प्रतापगढ़ में लोकपाल मनरेगा के रूप में समाज शेखर प्राण को शासन द्वारा 2 वर्ष के लिये नियुक्त किया गया है जो 16 मार्च 2024 से विकास भवन स्थित मनरेगा कार्यालय में क्रियाशील है। लोकपाल द्वारा भारत सरकार की गाइड लाइन 20 मार्च 2023 के अनुसार प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध रूप से निस्तारण किया जायेगा। मनरेगा योजना में किसी प्रकार की अनियमितता अथवा भ्रष्टाचार की शिकायत हेतु द्वितीय तल मनरेगा कार्यालय विकास भवन मेंध्मोबाइल नम्बर 8400702124 या ईमेल सवाचंसचतंजंचहंती/हउंपस पर सम्पर्क कर सकते है। चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर को मनरेगा योजना का लोकपाल नियुक्त होने पर जनपद वासियो में उम्मीद जगी है की मनरेगा योजना का भ्रस्टाचार कम होगा और मूलभूत जमीनी कार्यो को बल मिल सकेगा। लोकपाल समाज शेखर ने कहा की स्थानीय समाज के जागरूक नागरिको और पंचायतों को मनरेगा योजना में सशक्त भूमिका निभानी चाहिए। जिससे गाँव और मजबूती तथा स्वावलंबन के साथ अपनी प्राचीन संपदा व संसाधनों को आवश्यकता के अनुरूप विकसित कर सके। उन्होंने कहा की हर जरूरत मंद को उनके आसपास ही कार्य मिलेगा। लोकपाल समाज शेखर ने जनपद के सभी ग्राम प्रधानो व ग्राम पंचायत सदस्यों से आह्वाहन किया है की अपने ग्राम व वार्ड में ग्राम स्तरीय कर्मचारियों व ग्राम के अग्रणी व्यक्तियों के सहयोग से आगामी बरसात में जल श्रोतो गडही - गड्ढो , तालाबो आदि मे जन सहयोग तथा लोक भागीदारी से व्यापक भू जल भरण की योजना बना कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं । वर्ष भर जल संरक्षण व प्रबन्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपेक्षा की है। जल संरक्षण व प्रबन्धन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों व प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक ही नही अपरिहार्य है।

बाबा घुइसरनाथ धाम में सई आरती आज

लालगंज, प्रतापगढ़। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में आज रविवार को मिशन नमामि सई के तत्वाधान में सई मइया की भव्य आरती का आयोजन किया गया है। शाम को होने वाली आरती की जानकारी संयोजक अनन्त कृष्ण मिश्र ने दी है।

कांग्रेस नेताओं ने जताया निधन पर शोक

चित्रकूट: कौंग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृष्णा कोल के पति रामा भाई विनोबा नगर बरगढ और पन्हाई बरगढ निवासी कौंग्रेस के वरिष्ठ नेता देवलाल कोल के आकस्मिक निधन पर जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजनाबराती लाल पांडेय, कालीचरण राजपूत, अवधेश करवरिया, विजय मणि त्रिपाठी, यमुना शुक्ला, सत्यनारायण कोल, राजेश, पवन रजक, इंद्रपाल, महेंद्र सिंह, अतुल तिवारी, राकेश पांडेय, शिव शंकर खंगार, चुनबाद, शिव गुलाम वर्मा, प्रशांत गुप्ता, अनिल गुप्ता, आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

पूर्व सांसद को भैरो मिश्रा को भारत-भूटान समरसता रत्न अवार्ड से किया जाएगा सम्मानित

चित्रकूट: विकासशील राष्ट्र भारत के विकसित राष्ट्रों की और बढते कदमों पर भारत की प्रतिष्ठा, शक्ति, पंचशील सिद्धान्त को वैश्विक स्तर पर पहुचाने के उद्देश्य से अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा उप राष्ट्रपति नेपाल न्यायमूर्ति परमानन्द झा पूर्व न्यायाधीश, नेपाल सर्वोच्च न्यायालय काठमाण्डौ के सानिध्य में थिम्फू भूटान में 19 से 21 जून को जी-22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन समारोह में जी-22 राष्ट्र भारत, नेपाल, भुटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, एंगोला, ऑस्ट्रेलिया, क्रोएशिया, फिनलैण्ड, तुनिशियाँ, जर्मनी, ईराक, ईजराइल, मैकडोनिया, मोरक्को, नीदरलैण्ड, नाईजीरिया, नार्वेजियन, रोमानिया, रायल, डेनिश, श्रीलंका, मालदीव के प्रतिनिधियों को आंमत्रित किया है।

अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म काठमाण्डौ नेपाल ने बताया कि भूटान में आयोजित सम्मेलन भारत-भूटान सम्बन्धों का एक ऐतिहासिक क्षण है। इससे भारत और भूटान के बीच स्थायी शान्ति और मैत्री होगी। पारस्परिक और दीर्घ कालीन लाभ के लिए आर्थिक सहयोग को मजबूत करने और उसके विस्तार, संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थय, खेल तथा विज्ञान और प्रोद्यौगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढेगा। परिपक्वता, विश्वास, सम्मान और समय बूझ निरन्तर विस्तृत भारत-भूटान सम्बन्धों की विशेषता है। सम्मेलन में भारत-नेपाल भूटान की वैदिक कालीन संस्कृति का पुर्नउत्थान हो, भारत पुनः वैदिक कालीन जगतगुरू के आसन पर पद्स्थापित हो, भारत को सुरक्षा परिषद् में विटो पावर के साथ स्थाई सदस्यता दिलवाने के उद्धेश्य से सदस्य राष्ट्रों का नैतिक समर्थन संयुक्त सम्मेलन में भूटान के प्रबुद्व व्यक्तियों के सानिध्य में बांदा उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र को अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान सदन में शत-प्रतिशत उपस्थित एवं राष्ट्र एवं समाज हित के विषयों पर सबसे ज्यादा आवाज उठाने पर व कर्मस्थली के विकास के लिए सबसे ज्यादा योजनाएं लें जाने पर तथा सर्व सामाज में समरसता का भाव उत्पन्न करने तथा अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान पडोसी राष्ट्रों विशेष कर भूटान एवं नेपाल से आपसी सौहार्द मजबूत करने में उनके योगदान को देखते हुए अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच की चयन समिति ने भारत-भूटान समरसता रत्न अवार्ड के लिए चयन किया है।

पुलिस कार्यालय व थानों में हुआ योगाभ्यास

चित्रकूट: पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर 10वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 के अंतर्गत 15 से 21 जून तक आयोजित योग सप्ताह के पहले दिवस पर रिजर्व पुलिस लाइन एवं जनपद के समस्त थानों व पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास किया गया।

एसडीएम व सीओ ने कर्वी में सुनी फरियादियों की समस्याएं

चित्रकूट: उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव व क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल द्वारा तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने के लिए निर्देश दिये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया।

डीएम के निर्देश पर सिंचाई विभाग ने नावें लगाकर कर्वी और सीतापुर में युद्ध स्तर पर शुरु कराई नदी सफाई

चित्रकूट: जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर गंगा दशहरा के पहले मंदाकिनी नदी की सफाई का काम सिंचाई विभाग ने युद्ध स्तर पर शुरु किया है। सीतापुर में पन्नालाल घाट से लेकर बूडे हनुमान मंदिर तक और कर्वी में इंटेकवेल से लेकर पुलघाट तक आधा दर्जन से अधिक नावें लगाकर अभियान का शुभारंभ किया गया है।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी से नदी सफाई कराने का अनुरोध किया गया था। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को बैठक में ही निर्देश दिए थे कि नदी की सफाई कराई जाय। डीएम के निर्देश पर सिंचाई विभाग ने सीतापुर और कर्वी में एक साथ नावें लगाकर सफाई अभियान का शुभारंभ किया। रविवार को गंगा दशहरा के पहले विभाग ने नदी को साफ स्वच्छ करने का लक्ष्य बनाया है।

कर्वी पुलघाट में तो पनसोखना से नदी पट गई थी, यहां घाट पर नहाना भी दूभर था। शुक्रवार से शुरु हुए अभियान के तहत ट्रकों मलबा नदी के बाहर किया गया। शनिवार को भी युद्ध स्तर पर अभियान जारी रहा। सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता एस. के प्रसाद के निर्देश पर एई गुरु प्रसाद और जेई देवेंद्र शुक्ला लगातार नदी घाट पर सफाई करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने कहा था कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा। दिल्ली जैसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पेयजल को लेकर हाहाकार मचा है।

तीर्थ क्षेत्र में मंदाकिनी नदी यहां की लाइफलाइन है, बावजूद इसके पढ़े -लिखे मूर्ख नदी में कचरा फेंककर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड कर रहे हैं। धर्मभीरु लोग गन्दा पानी घरों में आने पर प्रशासन को कोसतें हैं और वही लोग परम्पराओं के नाम पर नदी में पालीथिन में भरकर हवन पूजन सामग्री फेंक रहे हैं। नदी के साथ यह अत्याचार बंद न हुआ तो नदी को बचाना कठिन हो जाएगा।

सास-ससुर ने घरेलू विवाद में बहू समेत मासूम को पीटा

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के महगांव में गुरुवार को बहू और मासूम बच्चे को सास, ससुर ने पीट दिया।पिटाई से वह घायल हो गए।घायल ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। पुलिस के संतोषजनक कार्रवाई न करने से निराश होकर महिला ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से किया है।

महगांव निवासी सरस्वती देवी पत्नी लक्ष्मण ने बताया कि उसका पति रोजी रोटी कमाने के लिए गैर प्रदेश में रहता है। घर पर वह अपने बच्चों के साथ रहती हैं।उसके अनुसार उसका ससुर घर में अपरिचित लोगों को बुलाता है।उनका खाना नाश्ता उसे अकेले बनाना पड़ता है। 12 जून को उसके साथ करीब आधा दर्जन लोग आए हुए थे। जिनके लिए खाना बनाने के लिए ससुर ने कहा। उसके खाना बनाने से मना करने पर सास और ससुर उसके साथ गली गलौज करने लगे। आरोप है कि इसका विरोध करने पर दोनों ने उसकी जमकर पिटाई कर दिया। पास रहे डेढ़ वर्ष के बेटे छोटू को भी पीटा। घायल ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी।

डीएम व एसपी ने किया गोपीपुर का निरीक्षण

चित्रकूटः संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम पंचायत करौहा के मजरा गोपीपुर में पेयजल की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने ग्राम के मजरा गोपीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत सचिव जगदीश पटेल बताया कि पानी का लेवल नीचे होने के कारण कुछ हैंडपंप कार्य नहीं कर रहे हैं। गोपीपुर मजरे में टैंकरों के माध्यम से नियमित रूप से पानी की आपूर्ति की जा रही है।

जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइन के बारे में जानकारी ली। साथ ही जल जीवन के सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि सुबह-शाम पानी की सप्लाई कराया जाए एवं समय-समय पर ग्राम का निरीक्षण किया जाए। साथ ही ग्रामवासीयों से अपील करें कि कोई भी पाइपलाइन में टुल्लू पंप न लगाएं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल के लिए ग्रामीणों के घरों में स्टैंड पोस्ट के साथ कनेक्शन दिए जाएं। साथ ही पानी का प्रेशर बढाने के निर्देश दिए ताकि सभी ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल नियमित रूप से मिल सके। उन्होंने बताया कि मानिकपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन द्वारा बहुत से समस्या वाले ग्राम पंचायतों में पानी का सप्लाई कर दिया गया है। उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम वासियों के साथ सामूहिक बैठक कर पानी के महत्व के बारे में समझाया जाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकार मऊ राजकरन सिंह आदि मौजूद रहे।

योग सप्ताह के तहत अटल पार्क में हुआ योगाभ्यास का शुभारम्भ

चित्रकूट: दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की श्रंखला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम योग सप्ताह (15 से 21 जून) के क्रम में शनिवार को कार्यक्रम का उद्घाटन एवं शुभारम्भ अटल पार्क कोठी तालाब पार्क बस स्टैण्ड कर्वी में प्रातः 6 बजे किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर व क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी विजय कुमार एवं डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, अधिशाषी अधिकारी कर्वी लाल जी यादव ने सामूहिक दीप प्रज्जवलन कर किया।

कार्यक्रम का संयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ नरेन्द्र बहादुर सिंह के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम शासन द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकाल के अनुसार योग स्वयं एवं समाज के लिये के साथ प्रारंभ हुआ। मुख्य योग प्रशिक्षक मंजू केशरवानी, नरेन्द्र नारायण चन्द्रवंशी एवं आयुर्वेद विभाग के समस्त योग प्रशिक्षक एवं योग सहायकों द्वारा योगिक क्रियाओं का प्रदर्शन कर किया गया। जिसमे प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक योगाभ्यास कराकर योग एवं दैनिक जीवन में योग की उपयोगिता एवं लाभ से नोडल अधिकारी डॉ आशुतोष तिवारी परिचित कराया। बताया कि 18 जून को ऐतिहासिक स्थल गणेश बाग परिसर, 20 जून को रामघाट तथा 21 को स्पोर्टस स्टेडियम कर्वी में सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित कर समापन किया जायेगा। कार्यक्रम का समापन नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने योगिक क्रियाओं से होने वाले लाभ पर प्रकाश डालते हुये धन्यवाद ज्ञापित कर किया।

सीडीओ ने राजापुर में सुनी फरियादियों की शिकायते

चित्रकूट: मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता एवं उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा, क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय की उपस्थिति में तहसील सभागार राजापुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। साथ ही भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया गया ।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, कौशाम्बी।
पताः–विकास भवन मंझनपुर कौशाम्बी।
निविदा सूचना

पत्रांक– 97/ग्रा0अ0वि0/ निविदा/2024–25 दिनांक : 07.06.2024

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड कौशाम्बी के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी.डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरुप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:–

क्र.सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) (जीएसटी रहित)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधिशाषी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
सांसद निधि									
1	कौशाम्बी	ग्राम अम्बांवा पश्चिम में सार्वजनिक पुस्तकालय भवन का निर्माण कार्य	4.29	21500	766	3 माह	विकास भवन मंझनपुर कौशाम्बी	परिमण्डल कार्यालय प्रयागराज	कलेक्ट्रेट मंझनपुर कौशाम्बी

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः– 29.06.2024 से 05.07.2024 तक
3. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थान– 05.07.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 06.07.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड कौशाम्बी में सम्पर्क करें।

(विपुल चंद्रा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड कौशाम्बी।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-206072 Date-13/06/2024

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम अदिति पांडेय पुत्री आलोक कुमार पांडेय हैं जो उसके आधार कार्ड संख्या 298571032948 में अंकित है मैंने अपने पुत्री का स्वास्थ्य ठीक ना रहने के कारण अपने ज्योतिषाचार्य के अनुसार उसका नाम अदिति पांडेय से बदलकर अनामिका रख लिया है भविष्य में मेरी पुत्री को अनामिका पुत्री आलोक कुमार पांडेय के नाम से जाना पहचाना जाय

आलोक कुमार पांडेय
पुत्र रमाकांत पांडेय
ग्राम कांधरपुर पोस्ट दोनई
तहसील पट्टी जिला प्रतापगढ़

9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

डीएम, एसपी व मानिकपुर विधायक ने सम्पूर्ण समाधान में सुनी फरियादियों की जनसमस्याएं

चित्रकूटः मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में शनिवार को मानिकपुर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है, उस समस्या के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए ताकि वह समस्या ग्रस्त व्यक्ति अपने समस्या के निस्तारण से संतुष्ट हो सके। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की आज संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं प्राप्त हुई हैं, उनका मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी तथा थाना प्रभारियों से कहा कि जो भूमि सम्बन्धी मामले हैं, उसमें राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। गोपीपुर में पानी की समस्या को लेकर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मानिकपुर, जल निगम व पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि पेयजल की समस्या को मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है कि जमीन सम्बन्धी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं से सम्बन्धित प्रकरणों पर तत्काल निस्तारण कराए।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी जयकरन सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उप कृषि निदेशक राजकुमार, प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी आर के त्रिपाठी, तहसीलदार मानिकपुर अखिलेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी इन्द्र नारायण सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी पी डी विश्वकर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसी राम, बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मान, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, अधिशासी अभियंता जल संस्थान डी के सत्संगी आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस नेताओं ने जताथा निधन पर शोक

चित्रकूटः कौंग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृष्णा कोल के पति रामा भाई विनोबा नगर बरगढ और पन्हाई बरगढ निवासी कौंग्रेस के वरिष्ठ नेता देवलाल कोल के आकस्मिक निधन पर जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजनाबराती लाल पांडेय, कालीचरण राजपूत, अवधेश करवरिया, विजय मणि त्रिपाठी, यमुना शुक्ला, सत्यनारायण कोल, राजेश, पवन रजक, इंद्रपाल, महेंद्र सिंह, अतुल तिवारी, राकेश पांडेय, शिव शंकर खंगार, चुनबाद, शिव गुलाम वर्मा, प्रशांत गुप्ता, अनिल गुप्ता, आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष कुशल पटेल ने बताया कि देवलाल विषम परिस्थिति में भी कौंग्रेस के साथ रहे। कौंग्रेस पार्टी ऐसे कार्यकर्ताओं के दम पर ही देश एवं प्रदेश पर चल रही है। रंजनाबराती पांडेय ने कहा कि 2022 के चुनाव में देवलाल की तबीयत खराब थी, उसके बावजूद भी वह कौंग्रेस पार्टी के प्रचार प्रसार में पूरी ताकत से काम कर रहे थे। कृष्ण कोल के पति रामा भी हमेशा कौंग्रेस पार्टी के लिए काम करते थे। ऐसे कार्यकर्ताओं का निधन पार्टी के लिए बडा नुकसान है।

धर्मनगरी के विकास के लिए चित्रकूट धाम नगर पालिका ने पास किया 54 करोड का बजट

चित्रकूटः धर्मनगरी के विकास के लिए चित्रकूट धाम नगर पालिका ने लगभग 54 करोड का बजट पास किया है। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने चित्रकूट को निरंतर सुन्दर बनाने के लिए बदलाव युक्त विकास करने की बात कही है।

नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी सभागार में पालिका की विशेष बजट बैठक नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की अनुमानित आय 539241150 रूपए एवं अनुमानित व्यय 531244250 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2023-24 की मूल आय 386576305 रूपए व व्यय 339760054 रूपए की बोर्ड में सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। इसके बाद सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से गत वर्ष के आय व्यय पर चर्चा हुई।

इस मौके पर अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, सभासद सुखदेवी, नीतू सिंह, पवन कुमार, संदीप, राजकमल वर्मा, राजकुमार साहू, राजेश पटेल, विनय कुमार त्रिपाठी, सुनीता देवी, नीलम शुक्ला, हेमलता, अरुण कुमार त्रिपाठी, ओमकार यादव, पूजा विश्वकर्मा, मोहम्मद लतीफ, बालू राम निषाद, कान्हा केसरवानी, शकुंतला गुप्ता, अनुज निगम, शंकर प्रसाद यादव, शैलेंद्र सोनी, शुभम केशरवानी, विनीत पयासी, अवर अभियंता संतोष सिंह राठौर, सफाई एवं खाद निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, राजस्व लिपिक प्रवीन्द श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक लेखा लिपिक सुभाष गुप्ता, ज्ञानचंद गुप्ता, राजेंद्र राम, प्रकाश निरीक्षक अशरफ रवि, ज्ञानेंद्र, कौशल आदि मौजूद रहे।

भाकियू ने किसान समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

चित्रकूटः भारतीय किसान यूनियन मासिक किसान पंचायत तहसील परिसर राजापुर में जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल, मऊ तहसील प्रभारी नीलकंठ द्विवेदी, सदर तहसील शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में हुई। किसान पंचायत में किसानों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही किसानों की समस्याओं पर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल ने कहा कि धान की रोपाई के लिए, सिंचाई के लिए नहरों को चिल्ली रॉक्स, चिल्लीमल पम्पकैनाल बरकोट सहित नहरों को संचालित किया जाए, समय रहते गौशालाओं को संरक्षित करने की तैयारी की जाए। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों के विद्युत कनेक्शन कर दिए गए हैं, लेकिन समय से किसानों को विद्युत सामग्री उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जिससे किसानों को बरसात के पहले नलकूप संचलित हो सकें। मऊ तहसील प्रभारी नीलकंठ द्विवेदी ने बताया कि ग्रामीणों क्षेत्रों में लो बोल्टेज की समस्या बनी रहती है। मीटर रीडर रीडिंग नही लेते, जिससे किसानों का बिल की समस्याओं पर निदान नही हो पाता। तहसील मंत्री शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि समितियों में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए, जिससे धान के बेड की तैयारी समय से की जाए।

इस मौके पर किसान राममूरत नामदेव, योगेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, तीरथ प्रसाद, शिव सिंह, रामशरण राजपूत, कमलेश पटेल, बिजय त्रिपाठी, अनिल कुमार, रामेश्वर, छेदीलाल, श्रीकेशन राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

आज होगी गायत्री उपासना

चित्रकूटः ग्रायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक रामनारायण त्रिपाठी ने बताया कि 16 जून को गायत्री जयंती, गंगा दशहरा का पावन दिन है। इस दिन गायत्री उपासना और गंगा स्नान का महा पुण्य मानते हैं। उन्होंने कहा कि गंगा स्थूल शरीर के पापों को धोने महाराज भगीरथ के तप से धरती पर अवतरित हुई हैं, जो उनके कुल के सगर पुत्रो को तारती हुई आज भी सदगति प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि गायत्री विचार शील ब्रह्मा के मानस पटल पर सर्व प्रथम अवतरित हुई और उनको सृष्टि रचना की शक्ति उपासना करने पर प्रदान की आज के संन्त्रस्त कलियुगी मानव सगर पुत्रो के मानस परिष्कार करने युगऋषि पंडित राम शर्मा आचार्य ने पुनः इस धरती पर विश्वामित्र के बाद कठोर तप कर युग शक्ति रूप में अवतरित किया है।

सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में विजन 20-20 की आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

▶▶ निदेशक एवं प्रशासक स्तर के लोगो ने किया इस कार्यशाला में प्रतिभाग

चित्रकूटः संत रणछोडदास महाराज द्वारा स्थापित सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में विजन 20-20 की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, एवं छत्तीसगढ के विभिन्न संस्थानों के निदेशक एवं प्रशासक स्तर के लगभग 40 लोगों ने प्रतिभाग किया। जिसका मुख्य उद्देश्य नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र सारे छोटे बडे संस्थान जो नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार काम कर रहे है, सब एक साथ मिलकर काम करे और सब आपस में अपने अनुभव साझा कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करें।

कार्यशाला का उद्घाटन श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ बी के जैन, विजन 20-20 के ट्रेजरर कुलदीप सिंह, प्रसो फाउंडेशन के प्रेसीडेंट जी वी एस मूर्ति, सेवा फाउंडेशन से ग्लोबल के ट्रेनर अरुण आचार्या, साइट सेवर के स्टेट प्रोग्राम लीड प्रमोद त्रिपाठी, विजन 20-20 इंडिया की प्रोग्राम मैनेजर कल्पना यादव एवं ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने गुरु पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने कहा कि विजन 20-20 एक ऐसा प्लेटफार्म है जिसके जरिए हम सब अपनी समस्याएं एक दूसरे के सामने रख सकते है और सरकार तक भी पहुंचा सकते है।

कोई भी संस्थान छोटा बडा नही होता है, सब अपने अपने स्तर से अच्छा काम करती है और हर संस्थान किसी न किसी क्षेत्र में एक्सपर्ट होता है। इसलिए सबको बिना हिचक के आपस में एक-दूसरे से अपने अनुभव साझा करना चाहिए। साथ ही प्रदेश स्तर पर अगर समिति बना ले तो और बेहतर काम हम सब लोग कर सकते है। वहीं ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ बी के जैन ने कहा कि अगर संगठित होकर सब काम करेगे तो निश्चित तौर पर सफलता मिलेगी, अगर टीम मजबूत होगी तो काम भी अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि

पूर्व सांसद को भैरो मिश्रा को भारत-भूटान समरसता रत्न अवार्ड से किया जाएगा सम्मानित

चित्रकूटः विकासशील राष्ट्र भारत के विकसित राष्ट्रों की और बढते कदमों पर भारत की प्रतिष्ठा, शक्ति, पंचशील सिद्धान्त को वैश्विक स्तर पर पहुचाने के उद्देश्य से अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा उप राष्ट्रपति नेपाल न्यायमूर्ति परमानन्द झा पूर्व न्यायाधीश, नेपाल सर्वोच्च न्यायालय काठमाण्डौ के सानिध्य में थिम्फू भूटान में 19 से 21 जून को जी-22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन समारोह में जी-22 राष्ट्र भारत, नेपाल, भुटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, एंगोला, ऑस्ट्रेलिया, क्रोएशिया, फिनलैण्ड, तुनिशियाँ, जर्मनी, ईराक, ईजराइल, मैकडोनिया, मोरक्को, नीदरलैण्ड, नाईजीरिया, नार्वेजियन, रोमानिया, रायल, डेनिश, श्रीलंका, मालदीव के प्रतिनिधियों को आंमत्रित किया है।

अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म काठमाण्डौ नेपाल ने बताया कि भूटान में आयोजित सम्मेलन भारत-भूटान सम्बन्धों का एक ऐतिहासिक क्षण है। इससे भारत और भूटान के बीच स्थायी शान्ति और मैत्री होगी। पारस्परिक और दीर्घ कालीन लाभ के लिए आर्थिक सहयोग को मजबूत करने और उसके विस्तार, संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थय, खेल तथा विज्ञान और प्रोद्यौगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढेगा। परिपक्वता, विश्वास, सम्मान और समय बूझ निरन्तर विस्तृत भारत-भूटान सम्बन्धों की विशेषता है। सम्मेलन में भारत-नेपाल भूटान की वैदिक कालीन संस्कृति का पुर्नउत्थान हो, भारत पुनः वैदिक कालीन जगतगुरू के आसन पर पद्स्थापित हो, भारत को सुरक्षा परिषद् में विटो पावर के साथ स्थाई सदस्यता दिलवाने के उद्धेश्य से सदस्य राष्ट्रों का नैतिक समर्थन संयुक्त सम्मेलन में भूटान के प्रबुद्व व्यक्तियों के सानिध्य में बांदा उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र को अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान सदन में शत-प्रतिशत उपस्थित एवं राष्ट्र एवं समाज हित के विषयों पर सबसे ज्यादा आवाज उठाने पर व कर्मस्थली के विकास के लिए सबसे ज्यादा योजनाएं लें जाने पर तथा सर्व सामाज में समरसता का भाव उत्पन्न करने तथा अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान पडोसी राष्ट्रों विशेष कर भूटान एवं नेपाल से आपसी सौहार्द मजबूत करने में उनके योगदान को देखते हुए अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच की चयन समिति ने भारत-भूटान समरसता रत्न अवार्ड के लिए चयन किया है।

पुलिस कार्यालय व थानों में हुआ योगाभ्यास

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर 10वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 के अंतर्गत 15 से 21 जून तक आयोजित योग सप्ताह के पहले दिवस पर रिजर्व पुलिस लाइन एवं जनपद के समस्त थानों व पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास किया गया।

एसडीएम व सीओ ने कर्वी में सुनी फरियादियों की समस्याएं

चित्रकूटः उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव व क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल द्वारा तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने के लिए निर्देश दिये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया।

डीएम के निर्देश पर सिंचाई विभाग ने नावें लगाकर कर्वी और सीतापुर में युद्ध स्तर पर शुरु कराई नदी सफाई

चित्रकूटः जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर गंगा दशहरा के पहले मंदाकिनी नदी की सफाई का काम सिंचाई विभाग ने युद्ध स्तर पर शुरु किया है। सीतापुर में पन्नालाल घाट से लेकर बूडे हनुमान मंदिर तक और कर्वी में इंटेकवेल से लेकर पुलघाट तक आधा दर्जन से अधिक नावें लगाकर अभियान का शुभारंभ किया गया है।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी से नदी सफाई कराने का अनुरोध किया गया था। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को बैठक में ही निर्देश दिए थे कि नदी की सफाई कराई जाय। डीएम के निर्देश पर सिंचाई विभाग ने सीतापुर और कर्वी में एक साथ नावें लगाकर सफाई अभियान का शुभारंभ किया। रविवार को गंगा दशहरा के पहले विभाग ने नदी को साफ स्वच्छ करने का लक्ष्य बनाया है।

कर्वी पुलघाट में तो पनसोखना से नदी पट गई थी, यहां घाट पर नहाना भी दूभर था। शुक्रवार से शुरु हुए अभियान के तहत ट्रकों मलबा नदी के बाहर किया गया। शनिवार को भी युद्ध स्तर पर अभियान जारी रहा। सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता एस. के प्रसाद के निर्देश पर एई गुरु प्रसाद और जेई देवेंद्र शुक्ला लगातार नदी घाट पर सफाई करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने कहा था कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा। दिल्ली जैसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पेयजल को लेकर हाहाकार मचा है।

तीर्थ क्षेत्र में मंदाकिनी नदी यहां की लाइफलाइन है, बावजूद इसके पढ़े -लिखे मूर्ख नदी में कचरा फेंककर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड कर रहे हैं। धर्मभीरु लोग गन्दा पानी घरों में आने पर प्रशासन को कोसतें हैं और वही लोग परम्पराओं के नाम पर नदी में पालीथिन में भरकर हवन पूजन सामग्री फेंक रहे हैं। नदी के साथ यह अत्याचार बंद न हुआ तो नदी को बचाना कठिन हो जाएगा।

डीएम व एसपी ने किया गोपीपुर का निरीक्षण

चित्रकूटः संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम पंचायत करौहा के मजरा गोपीपुर में पेयजल की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने ग्राम के मजरा गोपीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत सचिव जगदीश पटेल बताया कि पानी का लेवल नीचे होने के कारण कुछ हैंडपंप कार्य नहीं कर रहे हैं। गोपीपुर मजरे में टैंकरों के माध्यम से नियमित रूप से पानी की आपूर्ति की जा रही है।

जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइन के बारे में जानकारी ली। साथ ही जल जीवन के सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि सुबह-शाम पानी की सप्लाई कराया जाए एवं समय-समय पर ग्राम का निरीक्षण किया जाए। साथ ही ग्रामवासीयों से अपील करें कि कोई भी पाइपलाइन में टुल्लू पंप न लगाएं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल के लिए ग्रामीणों के घरों में स्टैंड पोस्ट के साथ कनेक्शन दिए जाएं। साथ ही पानी का प्रेशर बढाने के निर्देश दिए ताकि सभी ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल नियमित रूप से मिल सके। उन्होंने बताया कि मानिकपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन द्वारा बहुत से समस्या वाले ग्राम पंचायतों में पानी का सप्लाई कर दिया गया है। उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम वासियों के साथ सामूहिक बैठक कर पानी के महत्व के बारे में समझाया जाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकार मऊ राजकरन सिंह आदि मौजूद रहे।

सास-ससुर ने घरेलू विवाद में बहू समेत मासूम को पीटा

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के महगांव में गुरुवार को बहू और मासूम बच्चे को सास, ससुर ने पीट दिया।पिटाई से वह घायल हो गए।घायल ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। पुलिस के संतोषजनक कार्रवाई न करने से निराश होकर महिला ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से किया है।

महगांव निवासी सरस्वती देवी पत्नी लक्ष्मण ने बताया कि उसका पति रोजी रोटी कमाने के लिए गैर प्रदेश में रहता है। घर पर वह अपने बच्चों के साथ रहती हैं।उसके अनुसार उसका ससुर घर में अपरिचित लोगों को बुलाता है।उनका खाना नाश्ता उसे अकेले बनाना पड़ता है। 12 जून को उसके साथ करीब आधा दर्जन लोग आए हुए थे। जिनके लिए खाना बनाने के लिए ससुर ने कहा। उसके खाना बनाने से मना करने पर सास और ससुर उसके साथ गली गलौज करने लगे। आरोप है कि इसका विरोध करने पर दोनों ने उसकी जमकर पिटाई कर दिया। पास रहे डेढ़ वर्ष के बेटे छोटू को भी पीटा। घायल ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी।

योग सप्ताह के तहत अटल पार्क में हुआ योगाभ्यास का शुभारम्भ

चित्रकूटः दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की श्रंखला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम योग सप्ताह (15 से 21 जून) के क्रम में शनिवार को कार्यक्रम का उद्घाटन एवं शुभारम्भ अटल पार्क कोठी तालाब पार्क बस स्टैण्ड कर्वी में प्रातः 6 बजे किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर व क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी विजय कुमार एवं डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, अधिशाषी अधिकारी कर्वी लाल जी यादव ने सामूहिक दीप प्रज्जवलन कर किया।

कार्यक्रम का संयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ नरेन्द्र बहादुर सिंह के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम शासन द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकाल के अनुसार योग स्वयं एवं समाज के लिये के साथ प्रारंभ हुआ। मुख्य योग प्रशिक्षक मंजू केशरवानी, नरेन्द्र नारायण चन्द्रवंशी एवं आयुर्वेद विभाग के समस्त योग प्रशिक्षक एवं योग सहायकों द्वारा योगिक क्रियाओं का प्रदर्शन कर किया गया। जिसमे प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक योगाभ्यास कराकर योग एवं दैनिक जीवन में योग की उपयोगिता एवं लाभ से नोडल अधिकारी डॉ आशुतोष तिवारी परिचित कराया। बताया कि 18 जून को ऐतिहासिक स्थल गणेश बाग परिसर, 20 जून को रामघाट तथा 21 को स्पोर्टस स्टेडियम कर्वी में सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित कर समापन किया जायेगा। कार्यक्रम का समापन नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने योगिक क्रियाओं से होने वाले लाभ पर प्रकाश डालते हुये धन्यवाद ज्ञापित कर किया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, कौशाम्बी।
पताः–विकास भवन मंझनपुर कौशाम्बी।
निविदा सूचना

पत्रांक– 97 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा / 2024–25 दिनांक : 07.06.2024

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड कौशाम्बी के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी.डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरुप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः–

क्र.सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) (जीएसटी रहित)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधिशाषी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
सांसद निधि									
1	कौशाम्बी	ग्राम अम्बांवा पश्चिम में सार्वजनिक पुस्तकालय भवन का निर्माण कार्य	4.29	21500	766	3 माह	विकास भवन मंझनपुर कौशाम्बी	परिमण्डल कार्यालय प्रयागराज	कलेक्ट्रेट मंझनपुर कौशाम्बी

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि– 29.06.2024 से 05.07.2024 तक
3. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थान– 05.07.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 06.07.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड कौशाम्बी में सम्पर्क करें।

(विपुल चंद्रा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड कौशाम्बी।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-206072 Date-13/06/2024

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम अदिति पांडेय पुत्री आलोक कुमार पांडेय हैं जो उसके आधार कार्ड संख्या 298571032948 में अंकित है मैंने अपने पुत्री का स्वास्थ्य ठीक ना रहने के कारण अपने ज्योतिषाचार्य के अनुसार उसका नाम अदिति पांडेय से बदलकर अनामिका रख लिया है भविष्य में मेरी पुत्री को अनामिका पुत्री आलोक कुमार पांडेय के नाम से जाना पहचाना जाय

आलोक कुमार पांडेय
पुत्र रमाकांत पांडेय
ग्राम कांधरपुर पोस्ट दोनई
तहसील पट्टी जिला प्रतापगढ़

सीडीओ ने राजापुर में सुनी फरियादियों की शिकायते

चित्रकूटः मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता एवं उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा, क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय की उपस्थिति में तहसील सभागार राजापुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। साथ ही भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया गया ।

प्रधान ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर लगाया बैंक से पैसा निकालने का आरोप

कसेंदा, कौशाम्बी। विकास खंड नेवादा के शेरगढ़ गांव के ग्राम प्रधान ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर उन्हें बिना जानकारी दिये बैंक से पैसे निकालने का आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान के भाई ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपजिलाधिकारी को मामले की तहरीर दी। एसडीएम ने सीडीपीओ को शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया है।नेवादा के शेरगढ़ गांव के ग्राम प्रधान अरविंद कुमार पाल के अनुसार उनका आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता पाल के साथ बैंक में संयुक्त खाता है। ग्राम पंचायत सदस्य व प्रधान के छोटे भाई अंजय कुमार पाल ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने ग्राम प्रधान से सादे चेक पर हस्ताक्षर करा लिया था। उन्होंने कहा था कि जानकारी देकर वह बैंक से पैसे निकालेगीं। आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने शुक्रवार को ग्राम प्रधान को बिना बताए बैंक से 12 हजार रुपए निकाल लिया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

दो माह बाद शुरू हुए तहसील दिवस में पहुंचे 80 फरियादी, एक शिकायत का हुआ निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। लोकसभा चुनाव और आचार संहिता के चलते तहसील दिवस स्थगित हो गए थे। दो माह के बाद शुरू हुए तहसील दिवस लालगंज में 80 फरियादियों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं को लेकर शिकायतें की है। तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम नवदीप शुक्ला ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और सभी को आस्वस्त किया कि समस्याओं का निस्तारण हर संभव किया जाएगा। एक शिकायत का निस्तारण भी एसडीएम के द्वारा किया गया।तहसील दिवस में अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद जिनमें अवैध कब्जा ,चकरोड खाली कराये जाने,पैमाइश आदि की शिकायतों की भरमार थी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने की भी लोगों ने गुहार लगाई। उगा भाद की ममता देवी पत्नी

शिवनंदन ने शिकायत करते हुए कहा कि उनकी जमीन गंगा एक्सप्रेसवे में चली गई है लेकिन अभी तक बिजली के नलकूप का मुआवजा नहीं मिला है। ममता देवी ने मुआवजा दिलाए जाने की शिकायत डीएम से भी की है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। रेखा पांडे पत्नी संतोष पांडे निवासी सोहाई बाग आलमपुर ने तहसील दिवस में शिकायत करते हुए बताया कि चिलौला गांव की लक्ष्मी देवी, दुर्गेश बाजपेई आदि ने उनकी जमीन के सामने मौरंग गिट्टी डालकर अवरोध पैदा कर दिया है जिससे वह अपनी जमीन पर नहीं जा पा रहे हैं । प्रतिपक्षी उनकी जमीन कब्जा करना चाहते हैं। पूरे राना उत्तरा गौरी निवासी तरुण शर्मा पुत्र सच्चे लाल ने तहसील दिवस में शिकायत करते हुए कहा कि वह गरीब मजदूर व्यक्ति हैं ।कच्चा घर है ।गौशाला भी घर में जुड़ी हुई थी। गिर गई है। इसके निर्माण की कार्य योजना ग्राम पंचायत के प्रस्ताव नंबर 72 पर अंकित है लेकिन कार्यवाही नहीं हो रही है। पशु सेट मुहैया कराए जाने की मांग की है। पूरे गुर्दी मजरे कोरिहरा गांव के डेढ़ दर्जन लोगों ने तहसील दिवस में पहुंचकर मथुरा ,गोवर्धन और शीतल के द्वारा बंद की गई नाली को खुलवाई जाने की मांग की है।

तहसील दिवस में नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे ,खंड विकास अधिकारी सपना अवस्थी, लालगंज क्राइम इंस्पेक्टर विनय तिवारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

700 किलो बजन की अद्भुत हनुमान गदा गुजरात से आई, कष्टभंजन देव धाम में किया जायेगा स्थापित

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली में 700 किलो बजन की अद्भुत हनुमान गदा गुजरात से बनकर आ गई है। 22 फीट लंबी गदा को बनाने में तकरीबन 18 करीगरों की टीम 45 दिन लगातार जुटी रही। रायबरेली के महराजगंज विकासखंड क्षेत्र की टीसा खानापुर ग्राम सभा के गांव गजनीपुर के बजरंगबली भक्त के ऑर्डर पर गदा को गुजरात के इंजीनियरों ने तैयार किया है। इस अद्भुत गदा को आज शनिवार 15 जून 2024 को ट्रक द्वारा रायबरेली के गांव गजनीपुर स्थित कष्टभंजन देव धाम लाया गया है, जहां श्री हनुमान भक्त रामकुमार यादव द्वारा बनवाए गए श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर के गेट पर दो सिल्वर कलर के बड़े कलश के साथ स्थापित किया जाएगा।आपको बता दें कि, रायबरेली के गजनीपुर गांव के हनुमान जी महाराज के भक्त रामकुमार यादव ने

गांव में ही कष्टभंजन हनुमान जी महाराज की एक विशाल मूर्ति बनवाकर मंदिर स्थापित किया है। मंदिर तैयार होने के बाद इसके मुख्य द्वार पर दो बड़े कलश के साथ एक अद्भुत गदा स्थापित करने की उनके मन में इच्छा प्रबल हुई, तो उन्होंने कलश के साथ विशाल गदा बनवाने की इच्छा जताई। बताते हैं कि, गुजरात जाकर करीगरों से अपनी इच्छा जाहिर की। इसके बाद कारीगरों ने उनकी मंशा समझकर गदा बनाने की हामी भर ली, और 45 दिन में 18 कारीगरों के कड़े परिश्रम के बाद दो कलशों के साथ अद्भुत गदा बनाकर तैयार हुई। गदा का वजन 7 कुंतल तथा लंबाई 22 फीट बताई गई है, जिसे गजनीपुर गांव के कष्टभंजन धाम के मुख्य द्वार पर स्थापित किया जाएगा। हनुमान जी महाराज के इस भव्य मंदिर को फूल पत्तियों से सजाया गया है। इसे 16 जून 2024 दिन रविवार को विशाल भंडारा व शाम की बेला में जागरण पार्टी कार्यक्रम के पश्चात पंडितों द्वारा हवन पूजन अनुष्ठान के बाद हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार पर स्थापित किया जाएगा।गदा की सुंदरता बढ़ाने के लिए करीगरों ने इस पर सिल्वर कलर से रंग रोगन किया गया है। गदा को देखने के लिए रायबरेली में लोग उमड़ रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत पर योग सप्ताह का शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2024) व योग सप्ताह के उपलक्ष्य में भारत सरकार, शासन एवं निदेशालय द्वारा जारी की गई गाइडलाइन एवं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 रवि प्रकाश सोनकर के निर्देशन में आयुष विभाग द्वारा योग सप्ताह का उदघाटन प्रातः योग शिविर योग ग्राम गुरु गोविन्द सिंह पर्यावरणीय उद्यान, रायबरेली में किया गया। सर्वप्रथम प्रोटोकॉल अनुसार डॉ0 रवि प्रताप सिंह (योग शिक्षक) द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। इसके पश्चात योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर, जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, परियोजना निदेशक एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारी संख्या में जनमानस द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर जनपद में समस्त ब्लॉक एवं तहसीलों में भी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में योग सप्ताह का शुभारम्भ किया गया।

ईद-उल-अजहा (बकरीद) व गंगा दशहरा को लेकर डीएम-एसपी ने धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों व पीस कमेटी के सदस्यों के साथ की बैठक

अमन चौन के साथ सभी पर्व व त्योहारों को मनाया जाए: डीएम-एसपी

सोशल मीडिया व असामाजिक तत्वों पर रखें कड़ी नजर:डीएम-एसपी

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट के बचत भवन सभागार में संबंधित अधिकारियों, धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों के साथ ईद-उल-अजहा (बकरीद) व गंगा दशहरा सहित आगामी पर्वों व त्योहारों को लेकर पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की और धर्मगुरुओं व पीस कमेटी के सदस्यों से त्योहारों की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए स्थान का चिन्हांकन पहले से ही होना चाहिए। विवादित जगहों पर कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। तय स्थान के अतिरिक्त कहीं और कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न

हो। कुर्बानी के उपरान्त अपशिष्ट के व्यवस्थित निस्तारण किया जाए। ऐसा न होने पर यह अपशिष्ट बीमारी का कारक बनते हैं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 16 जून गंगा दशहरा व 17 जून को बकरीद का पूर्व है और बड़ा मंगलवार में डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप ही हो और इसमें केवल धार्मिक गीत व भजन ही बजाए जाएं। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हो। आयोजकों को अनुमति देने से पूर्व उनसे शांति और सौहार्द सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में स्पष्ट शपथ-पत्र लिया जाए। हर पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाए। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ कठोर कार्यवाही की जायेगी। पर्व-त्यौहार में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। धार्मिक परम्पराध्आस्था को सम्मान दें, पर्व व त्योहारों में कोई नई परंपरा न शुरू हो। अमन चौन के साथ सभी पर्व व त्योहारों को मनाया जाए।जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पर्व-त्योहारों के बीच बिजली आपूर्ति सुचारू रखी जाए। कहीं से भी अनावश्यक कटौती की शिकायत न आए। मार्ग पर जर्जर बिजली के खंभे, झूलते-लटकते बिजली के तार आदि प्रबंधन समय से कर लिया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि गंगा दशहरा, गंगा स्नान के लिए घाटों पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। गंगा दशहरा गंगा स्नान, व अन्य किसी प्रकार के प्रयोजन में व्यक्तियों के आवागमन में ट्रैक्टर ट्राली, माल वाहन वाहनों का प्रयोग न किया जाए। विधि मान्य सवारी वाहनों से ही आवागमन की अनुमति दी जाए। ताकि श्रद्धालुओं को समस्या न हो तथा किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति न बने। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए जनपद के घाटों पर बैरिकेडिंग सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं की व्यवस्था भी रखी जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी सतर्क रहें और जनपद में भाईचारा कायम रखें, आगामी 17 जून को बकरीद का त्योहार है जो हर वर्ष की भांति बहुत ही हर्षोल्लास शांति व भाईचारे के साथ मनाया जाता है। इस बार बकरीद व गंगा दशहरा को गंगा जमुनी तहजीब व हंसी खुशी के साथ मिलजुल कर मनाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सभी अपने-अपने क्षेत्र के थानों में पीस कमेटी की बैठक करें और जो समस्याएं हों उनका तत्काल समाधान कराएं। उन्होंने कहा त्योहारों पर साफ सफाई के साथ मनाया जाए किसी भी तरह कही पर कोई गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई, पानी आदि व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए। अमन चौन को कायम रखना, आमजन को सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन है। सभी लोग त्यौहार को शांतिपूर्वक और सौहार्द के साथ मनाएं, यदि कोई भी सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह जनक संदेशों से माहौल को खराब करने की कोशिश करेगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने कहा कि विगत वर्षों की भांति ही आगामी पर्व पर भी प्रशासन का सहयोग रहेगा तथा किसी भी समस्या के समाधान के लिए पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन के साथ उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि नमाज के लिए मस्जिदों व ईदगाहों के आस-पास समुचित सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन कैमरों की सहायता से निगरानी की जाएगी तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की सभी व्यवस्थाएं की जायेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी धार्मिक आयोजन में यातायात बाधित नहीं होना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा जो भी दिशा निर्देश शासन के हैं उनका शत-प्रतिशत पालन करना हम सभी का कर्तव्य है। सार्वजनिक स्थानों पर कोई भी धार्मिक आयोजन न किए जाएं, यदि कोई आयोजन करना है तो अनुमति अवश्य ले ली जाए। कानून व्यवस्था प्रत्येक दशा में कायम रहे, सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनाए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक एवं समस्त उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी सहित विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरु व प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहें।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में जल प्रबंधन ,वर्षा जल संचयन, बोरवेल एवं तालाबों के निर्माण की सराहनीय पहल

रेल कोच से निकलने वाले मथना नाले के बरसाती पानी को संरक्षित करने की बनाई योजना

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। आधुनिक रेल कोच कारखाने के जीम के द्वारा जल संरक्षण को लेकर विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। वास्तव में जल पृथ्वी पर सभी जीवन के लिए आवश्यक एक बहुमूल्य संसाधन है। रेल कोच के महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने कहा कि इस मूल्यवान संसाधन के प्रबंधन एवं संरक्षण की दिशा में सक्रिय कदम उठाना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। जल संरक्षण का अभिप्राय जल की हर बूंद से है। पानी की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, जल शक्ति अभियान के हिस्से के रूप में आरेडिका ने जल संरक्षण एवं प्रबंधन की रणनीति की योजना बनाई और 2023-24 में 100 मिलियन लीटर जल संरक्षण क्षमता विकसित की। वित्तीय वर्ष 2023-24 में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली ने प्रति वर्ष 30.20 मिलियन लीटर की पुनर्भरण क्षमता

वाले पांच वर्षा जल संचयन का निर्माण किया था। जल संरक्षण की लागत को कम करने के लिए मौजूदा तालाब के चारो ओर रिचार्ज बोर की खुदाई के माध्यम से वर्षा जल संचयन की अवधारणा विकसित की गई है, जिसमें कंक्रीट और ईंट के काम को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, यह एक नयी हरित जल रिचार्जिंग अवधारणा है। मौजूदा तालाब की परिधि पर दस रिचार्ज बोरवेल का निर्माण किया गया, जिससे जल पुनर्भरण क्षमता 33.12 मिलियन लीटर प्रति वर्ष बढ़ गई है।उपरोक्त के अलावा जॉगर्स एवं इको पार्क में एक मौजूदा तालाब का विस्तार किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप जल धारण क्षमता में 18 मिलियन लीटर की वृद्धि हुई । 12.49 मिलियन लीटर जल धारण क्षमता वाले तीन तालाबों का निर्माण किया गया है। आरेडिका परिसर में मथना नाला से गुजरने वाले वर्षा जल का डायवर्जन किया गया है ।यह एक गेम चेंजर साबित होने जा रहा है क्योंकि इससे दर्जनों गांवों को कवर करने वाले बड़े जलग्रहण क्षेत्र के वर्षा जल का संचयन कर उपरोक्त निर्मित एवं विस्तारित तालाबों में किया जाएगा। एक मेगा जल संरक्षण योजना के अन्त गत वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 30.49 मिलियन लीटर की कुल धारण क्षमता वाले चार तालाब और मौजूदा तालाब की परिधि पर 63.22 मिलियन लीटर की कुल रिचार्ज क्षमता वाले पांच वर्षा जल संचयन और दस रिचार्ज बोर बनाए गए थे। 2023-24 में 100 मिलियन लीटर जल संरक्षण क्षमता सृजन के साथ, एमसीएफ की कुल जल संरक्षण क्षमता बढ़कर 530 मिलियन लीटर हो गई है। एमसीएफ ने चालू वर्ष 2024-25 में 100 मिलियन लीटर जल संरक्षण क्षमता बनाने की योजना बनाई है।

तहसील समाधान दिवस आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन,रायबरेली। तीन महीने के लम्बे अंतराल के बाद शनिवार को सलोन तहसील सभागार में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान राजश्व के मामलों को लेकर ज्यादा शिकायते अधिकारियों के सामने आई। वहीं पुलिस की शिकायतें राजश्व के बाद सर्वाधिक रही।ज्यादातर शिकायतें जमीन पर कब्जे से संबंधित थीं।अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी दिव्या सलोन तहसील में लोगों की समस्याओं की सुनवाई की।परशदेपुर निवासी राजपति ने विपक्षी जगदीश प्रसाद पर आरोप लगाया कि उसके लगाए गए पेड़ को जबरन काट रहे है।मना करने पर मारपीट की धमकी देते है।छतोह निवासी विनय कुमार ने बताया कि रामकेवल द्वारा आवेध तरीके से खलिहान की जमीन पर मकान निर्माण करा रहै है।औनानीस निवासी शिवरानी ने विपक्षी सूरज और चंदन पर आरोप लगाया कि उसे दोनो युवकों ने जमकर मारा पीटा है।स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज है।लेकिन जांच ठीक से नही की जा रही है।रंगौती बैरमपुर निवासी लल्लन ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि सुखदेव बबल्लू कलावती द्वारा बैनामे की जमीन में जांच पड़ताल के बाद राजश्व निरीक्षक द्वारा गड़वाये गए पत्थर को उखाड़ फेंका है।इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने सलोन तहसील में लोगों की शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान 88 लोगों की शिकायतें आई। इनमें से मात्र 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। अधिकांश मामले जमीन पर कब्जा, राजस्व और पुलिस, बिजली से संबंधित थे।

शिकायतों की सुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों ने गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण की हिदायत दी।

सड़क दुर्घटना मे बाइक सवार अधेड़ की हुई दर्दनाक मौत

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। लालगंज रायबरेली मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है।रात के अंधेरे में लोडर की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई है।दीपेमऊ गांव निवासी जयपाल सिंह शुक्रवार की रात लगभग 9 बजे बरस गांव से लौट रहा था तभी रास्ते में लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी जिसके चलते जयपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जयपाल की मौत पर पत्नी संतोष व पुत्र शशिवेंद्र सिंह आदि परिवारीजन का रो रो कर बुरा हाल है।

जिलाधिकारी ने 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व 15 से 21 जून तक आयोजित होने वाले योग सप्ताह की तैयारियों को लेकर की बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि शासन के निर्देशों के तहत 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व सामूहिक योग सप्ताह 15 से 21 जून तक मनाया जाना है। 21 जून को 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जनपद स्तर पर किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व योग सप्ताह के सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने का सम्पूर्ण दायित्व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी रायबरेली का होगा एवं डॉ0 रवि प्रताप सिंह योग प्रशिक्षक अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे। योग दिवस व योग सप्ताह सफल आयोजन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा रंगोली, स्लोगन, निबंध, भाषण एवं ड्राइंग व योगासन प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रातः 07 बजे से 09 बजे के मध्य सम्पन्न कराई जाये एवं प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने प्रतिभागियों को 21 जून को मुख्य कार्यक्रम मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, रायबरेली में प्रातः योग शिविर में प्रदान किया जायेगा। जिलाधिकारी ने

कहा कि पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर योग शिविर का आयोजन मुख्य विकास अधिकारीध्समस्त उपजिलाधिकारियों के निर्देशन में सम्पन्न होंगे। कार्यक्रम में योग शिक्षक की अनुपलब्धता होने पर डॉ0 रवि प्रताप सिंह योग शिक्षक द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी, कार्यकत्रियों एवं आशा बहुओं द्वारा योग सप्ताह पर योग के सम्बन्ध में जागरूकता का आयोजन किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि योग स्थलों की साफ-सफाई, पानी, शौचालय, योग स्थलों पर चूना आदि का कार्य नगर पालिकाध्नगर पंचायत द्वारा पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि 15 से 21 जून तक सभी जगह नियमित रूप से योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा योगाभ्यास के फोटो/वीडियो पर अपलोड किया जाए।बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 रवि प्रकाश सोनकर ने बताया कि 15 से 21 जून योग सप्ताह का उद्घाटन प्रातः 06:00 बजे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में प्रोटोकॉल के अभ्यास के साथ योग ग्राम, गुरु गोविन्द सिंह पर्यावरणीय उद्यान रायबरेली में सम्पन्न होगा। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समस्त तैयारियां ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा कहा कि आमजन को भी प्रेरित करें कि योग सप्ताह के दौरान अधिक से अधिक लोग योगाभ्यास करें।बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 रवि प्रकाश सोनकर, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, योग शिक्षक रवि प्रताप सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

देश में सबसे ज्यादा गर्म रही संगम नगरी

रात के पारे ने तोड़ा रिकॉर्ड, अभी चार दिन ऐसे ही हालात रहने की संभावना

संजय बनौधा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। दिन में झुलसा देने वाले गर्म हवाओं के बीच प्रयागराज पर आसमान और धरती दोनों ओर से आफत बरस रही है। दो दिन देश के सबसे गर्म शहर की सीट खिसकने के बाद प्रयागराज शुक्रवार को फिर उबल पड़ा।

शनिवार को करीब 47 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रयागराज फिर से देश का सबसे गर्म शहर बन गया। दूसरी तरफ रात भी धधकती रही। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान के 34.3 डिग्री सेल्सियस पहुंचने से सबसे गर्म रात का 127 साल पुराना रिकार्ड टूट गया।

इस प्रचंड गर्मी से राहत की अगले चार दिनों तक कोई उम्मीद नहीं है। लू के साथ प्रचंड गर्मी के हालात 18 जून तक ऐसे ही रहेंगे और अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के आसपास मंडराता रहेगा।प्रयागराज में इस बार रिकार्ड गर्मी पड़ रही है। पहले मई में 48.8 डिग्री सेल्सियस के साथ सर्वकालिक उच्च तापमान दर्ज किया गया। नौतपा में तपने के बाद प्रयागराज को जून में भी कोई राहत नहीं मिली। इस महीने में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के ऊपर ही दर्ज किया गया।आठ से 11 जून तक प्रयागराज देश का सबसे गर्म शहर रहा। 12 और 13 जून को यह दूसरे स्थान पर था पर शुक्रवार को प्रचंड गर्मी के कारण अधिकतम तापमान 46.9 पहुंच गया जो सामान्य से 6.9 डिग्री अधिक था। दूसरी ओर न्यूनतम तापमान 34.3 दर्ज किया गया जो सामान्य से 5.9 डिग्री अधिक था।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार शुक्रवार को 34.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रयागराज ने अपने 127 वर्षों के अवलोकन इतिहास (1898-2024) में जून की अब तक की सबसे गर्म रात दर्ज की। इससे पूर्व 16 जून 2019 को 33.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था।प्रचंड गर्मी से दहक रहे प्रयागराज में अगले दो से तीन दिन रात का तापमान भी बढ़ा रहेगा। इस दौरान दिन में 46 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान दर्ज हो सकता है और रात में यह 33 से 34 डिग्री के बीच बना रहेगा।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार 20 जून से राहत मिल सकती है। मानसून के प्रभाव से बारिश हो सकती है।

इवि में भूगोल विभाग के प्रो. ए आर सिद्दीकी के अनुसार 22 जून के आसपास मानसून प्रयागराज में दस्तक दे सकता है।

कोरांव का संपूर्ण समाधान दिवस भारी हंगामे के बीच संपन्न, सुनी गई फरियाद

भैंस चोरी और पशु तस्करी को रोकने हेतु क्षेत्रीय किसानों ने जमकर काटा हंगामा

कोरांव(प्रयागराज)। आदर्श आचार संहिता समापन के बाद शनिवार को तहसील सभागार कक्ष कोरांव में आयोजित प्रथम संपूर्ण समाधान दिवस क्षेत्रीय किसानों के हंगामे की भेंट चढ़ गया। काफी देर तक क्षेत्रीय महिलाओं और पुरुषों ने भैंस चोरी और पशु तस्करी को रोकने हेतु दरवाजे पर हंगामा काटा। सूचना पर एसडीएम तहसीलदार और प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे और नारेबाजी कर रहे लोगों की समस्या जानकर मामले में संलिप्त लोगों पर कार्यवाही की बात कही। मामला शांत होने पर समाधान दिवस शुरू हुआ। तमाम विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सुना और शिकायत निवारण का आश्वासन दिया। समाधान दिवस में इलाके के विभिन्न हिस्सों से कुल 177 शिकायतें दर्ज हुई जिसमें राजस्व विभाग की 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग से जुड़े 93 रहे। पुलिस विभाग की 25 शिकायतें सामने आई जिसमें सहायक पुलिस आयुक्त मेजा की एक , कोरांव पुलिस की 20 , खीरी पुलिस की 3 व मांडा पुलिस की एक शिकायत रही। विकास विभाग की कुल 11 शिकायतें दर्ज हुई। बिजली , आपूर्ति निरीक्षक , सहायक अभियंता बेलन , सहायक चकबंदी अधिकारी , सहायक अभियंता लघु सिंचाई व समाज कल्याण विभाग सहित कई अन्य की कुल 48 शिकायतें दर्ज हुई। फरियादी अपनी अपनी समस्या को लेकर समाधान दिवस प्रभारी के समक्ष उपस्थित होकर समस्या से अवगत कराये। एसडीएम अविनाश सिंह ने पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सुना और आश्वस्त किया कि जल्द ही समस्याओं का समाधान पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। अवशेष 163 शिकायतों को संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को इस आशय के साथ अग्रसारित किया गया कि ससमय शिकायतों का बिना किसी भेदभाव के निस्तारण कर आख्या प्रस्तुत करें। इस दौरान एसडीएम कोरांव अविनाश सिंह ने सख्त लहजे में कहा कि फरियादियों के शिकायत निवारण में जिम्मेदारों की मनमानी क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर उक्त के अलावा तहसीलदार राजेश पाल , नायब तहसीलदार रणविजय सिंह , प्रभारी निरीक्षक कोरांव राकेश कुमार भारती सहित कई अन्य विभागों के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

गौशाला में आग लगने से, तीन गोवंश जल कर मरें

लोकमित्र ब्यूरो

बारा (प्रयागराज)। संदिग्ध परिस्थितियों में गौशाला में आग लगने से गौशाला में बंधे गोवंश आग में झुलस कर मरें तो वही गोवंशो को खिलाने के लिए रखा गया कई बीघे का भूसा भी जलकर खाक हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा फायर ब्रिगेड की सहायता से किसी तरह से बुझाई गई आग।

उक्त घटना लालपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिल्ला गौहानी गांव की है। जहां के रहने वाले किसान वकील सिंह , संतोष सिंह, सुरेंद्र सिंह व आशीष सिंह की गौशाला में दोपहर 1-30 बजे के आसपास आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी। आग की लपटों से घिरे हुए गोवंश जब तेजी से चिल्लाना शुरू किया तो आसपास के लोगों ने तपती दोपहरी में घर से बाहर निकल कर देखा तो गौशाला में चारों तरफ से आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठ रही हैं और गौशाला में बांधे हुए पांच गोवंश बुरी तरह से झुलस रहे थे। किसी तरह से ग्रामीणों ने आग की लपटों के बीच से दो गोवंश को गौशाला से बाहर निकाला लेकिन वह गोवंश भी आधे से ज्यादा जल चुके थे। जहां गौशाला में बंधी तीन गाय व एक भैंस का पड़वा आग में जलकर मर गए। पीड़ित किसान वकील सिंह के द्वारा घटना की जानकारी थाना प्रभारी लालापुर को दी गई , साथ ही गौहनिया फायर स्टेशन को भी आग लगने की सूचना दी गई। सूचना के कुछ देर बाद ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों के साथ मिलकर किसी तरह से आग को तो बुझा लिया, लेकिन गौशाला में रखा सात बीघे गेहूं का भूसा व दस क्विंटल गेहूं भी जलकर राख हो गया। जले हुए गोवंश का इलाज करने के लिए पशु चिकित्साधिकारी जसरा भी मौके पर पहुंच करके आग में झुलसे हुए गोवंशो का इलाज किया साथ ही मरे हुए गोवंश का पोस्टमार्टम भी पशु चिकित्साधिकारी के द्वारा किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में मिलने वाले जानकारी से महिलाओं का जीवन खुशहाल बनता है- बीडीओ

सैनेटरी पैड महिलाओ की जीवन रेखा बढ़ाने में सहायक बनेगी-डॉ देवेंद्र कुशवाहा

बारा(प्रयागराज)। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्राम सभाओं में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदान करने के साथ ही उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है इसी क्रम में विकास खंड शंकरगढ़ के ग्राम सोनवर्षा में महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण और माहवारी स्वच्छता को लेकर एक जागरूकता संगोष्ठी और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कंटेनर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड दिल्ली के सहयोग से संजीवनी प्रयागराज के द्वारा किया गया । जिसके मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ ने शुभारंभ किया। खंड विकास अधिकारी राम विलास राय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस

पहल के माध्यम से ग्राम सोनवर्षा सहित कई गांवों की महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता आएगी। उनकी समस्याओं को समझने का सशक्त माध्यम संजीवनी प्रयागराज बना है जो स्वागत योग्य है। डॉ देवेंद्र कुशवाहा ने संगोष्ठी में महिलाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी और उन्हें पोषण संबंधी बुनियादी बातें समझाई और सैनेटरी पैड की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सैनेटरी पैड महिलाओं और किशोरियों की जीवन रेखा बढ़ाने में सहायक बनेगी। महिलाएं हाइजीनिक संज्ञान को बढ़ा सकें और स्वच्छता को बनाए रख सकें, साथ ही बीमारियों पर अंकुश लगाने में सहायक बनेगी इन बातों से महिलाओं को जागरूक किया।

इस मौके पर सचिव उदित नारायण शुक्ला, डॉ आरती चौधरी,डॉ शिवानी पांडेय, डॉ पूजा देवी, अंबुज सचान, प्रधान शैल कुमारी, रावेन्द्र सिंह, एएनएम सरोज सिंह, एएनएम नीलम सिंह, इंद्रेश कुमार, सावन कुमार, शिवलेश कुमारी, नंदलाल दीक्षा, धर्मपाल पटेल आदि उपस्थित रहे,।

गैस सिलेंडर में घटतौली से उपभोक्ता परेशान

नैनी(प्रयागराज)। नैनी क्षेत्र के इंडियन गैस उपभोक्ता गैस वितरण एजेंसियों में आपसी सामंजस्य न बन पाने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्राप्त जानकारी अनुसार इंडियन गैस वितरण हेतु नैनी मे मिर्जापुर रोड पर स्थित बसंत गैस सर्विस को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह रीवा रोड पर स्थित राजलक्ष्मी के नाम से गैस वितरण किया जा रहा है। उपभोक्ताओं का मानना है कि खाऊं कमाऊ नीति के तहत अभी हाल में कुछ उपभोक्ताओं का कनेक्शन इधर से उधर कर देने से उपभोक्ता परेशान हो रहा है। सम्बंधित दोनों वितरण एजेंसियों से बात करने पर प्रबन्धकों द्वारा एक-दूसरे के पास दौड़ाया जा रहा है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि वितरण एजेंसियों द्वारा घर घर भेजे जाने वाले सिलेंडरों में गैस कम रहती है जिससे लोग स्वयं गोडाउन से ले आते हैं

परन्तु कुछ लोग जो ले आने में अस्मर्थ है वे कम गैस वाले सिलेंडर घर पर सप्लाई लेने को मजबूर हैं। नैनी विकास परिषद ने सम्बन्धित जिम्मेदार अधिकारियों से उपभोक्ताओं की नियमित सुविधाओं को ध्यान मे रखते हुए उचित कदम उठाने की मांग की है।

पारिवारिक विवाद में महिला की पिटाई

जारी(प्रयागराज)। कौंधियारा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी जारी अंतर्गत ग्राम पंचायत जारी के सेमरी भोलानाथ का पूरा गांव में एक महिला की उस समय पारिवारिक लोगों द्वारा जमकर पिटाई कर दी गई, जब वह अपने घर पर शौचालय का निर्माण करवा रहेईथी। भोलानाथ का पुरा निवासी राहुल पांडे ने बताया कि ,शनिवार सुबह उसकी मां अनीता देवी घर में बने शौचालय की पाइपलाइन डलवा रही थी तभी परिवार के कुछ लोग मौके पर पहुंचे, और उसकी मां की जमकर पिटाई कर दी। भुक्त भोगी ने थाने पर घटना के लिखित ताहरीर दे दी है। पुलिस जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रही हैं।

चेकिंग के दौरान बाइक सवार को दरोगा जड़ा थप्पड़

किसान नेताओं ने पुलिस को घेरा, भीड़ देख वसूली कर रहे पुलिसकर्मी भागे, बगैर सुविधा शुल्क के निकले भारी वाहन

लोकमित्र ब्यूरो

घूरपुर (प्रयागराज)- शुक्रवार की शाम इरादतगंज बाजार में वाहन चेकिंग के दौरान बेकसूर बाईक सवार को दरोगा ने वसूली का वीडियो बनाने के शक में थप्पड़ जड़ दिया। घटना को देख आसपास की भीड़ उग्र हो दरोगा को घेर नोकझोक करने लगी। आक्रोशित भीड़ देख पुलिस सकते में आ गई।अभी ये मामला सुलझा भी नहीं था कि नो इंट्री खुलने से पहले सुविधा शुल्क लेकर ओवरलोड भारी वाहनों को शहर की ओर छोड़े जाने की वजह से भीषण जाम लग गया। इसी बीच आड़े तिरछे खड़े ट्रक से एक कार टकरा गई। जिस पर कार चालक ने ट्रक चालक को पीट दिया तो और भीड़ जुट गई। इसी बीच दरोगा द्वारा युवक को थप्पड़ मारे जाने की सूचना पर पहुंचे टिकैत गुट के दर्जनों किसान नेता पुलिस से उलझ गए और इरादतगंज यात्री टीन शेड को वसूली केंद्र बना कब्जा करने, नो एंट्री के समय सीमा से पहले ही सुविधा शुल्क लेकर वाहनों को छोड़े जाने से रोजाना जाम और दुर्घटना को लेकर पुलिस को घेर सवालों का बौछार कर दिया। आरोप लगाया कि यात्री टीन शेड में बैठकर वसूली की जाती है।

पास के दुकानदारों के बाहर की लाईट नहीं जलाने दी जाती जिससे कोई रूपए लेते देख न सके। चौराहे पर प्रशासन द्वारा लगे सीसीटीवी कैमरे भी बंद करा दिए जाते हैं।जबकि नो इंट्री प्वाइंट गौहनियां में है तो यहां तक शाम होते ही सैकड़ो वाहन कैसे आ जाती है और क्यों छोड़ा जाता है। यात्री टीन शेड पर पुलिस का कब्जा होने से आम यात्री टीन शेड पर बैठ नही पाते हैं।

इस तरह के तमाम आरोप लगाते हुए किसान नेताओ ने हंगामा कर दिया तो बढ़ती भीड़ देख वसूली केंद्र से पुलिस भाग निकली। मौका पाते ही सुविधा शुल्क दिए बगैर सैकड़ो भारी वाहन शहर की ओर निकल गए। हंगामे की सूचना पर थाने की भारी संख्या में पुलिस पहुंच किसान नेताओं सहित अन्य भीड़ को समझा बुझाकर शांत कराया।

इस बीच शाम साढ़े आठ बजे तक ही इरादतगंज से घूरपुर बाजार तक वाहनों की कतार लग गई। जबकि नो इंट्री प्वाइंट गौहनियां से भारी वाहनों को इरादतगंज आनी ही नहीं चाहिए। इरादतगंज गांव निवासी दो युवक एक ही बाईक से इरादतगंज में सब्जी लेने आए थे कि आरोप है कि दरोगा ने बाईक रोक एक थप्पड जड़ दिया। और गाली गालौज देनी शुरु कर दी। कागज़ात दिखाया गया।

सिर्फ़ हेलमेट नहीं पहना था। हंगामे के बाद पुलिस ने बाईक की चालान कर दी। बताया जाता है कि तीन माह पूर्व भी एक युवक वसूली का वीडियो क्लीपिंग बना रहा था पुलिस ने उसकी मोबाइल छीन थप्पड जड़ दी थी। उस समय भी जुटी भीड़ पुलिस को खदेड़ दी थी। बाद में थाने में दोनो पक्षों के बीच सुलह समझौता कराया गया था।

नहरों में पानी न आने से धान की नर्सरी नहीं लगा पा रहे किसान

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। धान की खेती और नर्सरी की तैयारी का समय चल रहा है । ऐसे समय में क्षेत्र की नहरों व माइनरों में पानी का अभाव होने से किसानों में गहरी नाराजगी व्याप्त है । नहरों के पानी पर आश्रित किसानों का कहना है कि कई गांव में जहां नलकूप बिगड़े पड़े है । वहीं निजी नलकूप से नर्सरी की तैयारी के लिए मंहगे दाम पर पानी मिल रहा है । बिजली भी समय से नहीं मिल पा रहा है । देईबांध, पथरपुर रजबहा से जुड़ी माइनरों में पानी न होने से किसानों की नर्सरी डालने में दिक्कत पैदा हो रही है । लोगों ने नहरों में पानी देने की मांग की है । लेड़ियारी सहित आसपास की नहरों व माइनरों में पानी न आने से किसानों के खेत सूखे पड़े है । इससे नई फसल की रोपाई नहीं हो पा रही है । किहुंनी खुर्द, किहुंनी

कला, गड़री, महुली, मोजरा, बैजला, जानकीतारा, पथरपुर, देवरी, बरहा, खोचा, टौगा, पौसला, बघोल, पूरादत्तु,,चांद, कटरा, पहड़ी आदि शाखा नहरों में पानी न आने से हाहाकार मचा हुआ है।क्षेत्रीय प्रगतिशील किसान आशुतोष कुमार द्विवेदी गोबरा, विजय कुमार भुर्तिया बहरैचा, श्याम नारायण बिंद डीही खुर्द, शशि तिवारी करपिया, शशि पांडेय देईबांध, शांति प्रसाद सिंह पटेल कैथवल, सुरेश कुमार कुशवाहा लेड़ियारी, तेज बहादुर सिंह बघोल आदि का कहना है कि डीजल महंगा होने के चलते इस माध्यम से सिंचाई कर पाना संभव है ।

किसानों ने चेतावनी दी है कि समय से समस्या का समाधान न होने पर धरना - प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा ।

बिजली सप्लाई होने पर चिंगारी निकलने से आए दिन लग रही आग कई घरों का जले उपकरण

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। इन दिनों सुबह आठ बजे विद्युत आपूर्ति ठप होने से शाम सात बजे तक सप्लाई चालू किया जाता है । जबकि बिजली आने - जाने का रात में भी कोई समय निर्धारित नहीं है । जैसे ही बिजली विद्युत चालू होने पर चिंगारी निकलने से खंभे में आग लगने से कई घरों का उपकरण जलने लगते हैं।जिससे घरों में अंधेरा कायम हो जाता है ।

विद्युत विभाग के अनुसार छह जून से मरम्मतीयकरण के नाम पर बिजली सुबह से ही काट दिया जाता है । शाम को जैसे ही चालू होने पर खंभे व ट्रांसफारो में चिंगारी निकलने लगते हैं । तेज आग होने से घरों में आग लगने के भय से लोग फोन पर बिजली काट

दी जाती है । फिर कब आएगी इसका कोई रोस्टर नही है।जबकि आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही है । विद्युत उपकेन्द्र से लगे ट्रांसफार्मरों की यही हाल है बिजली चालू होने पर खंभे में अक्सर आग लगने से लोग काफी भयभीत हो गए । किसी तरह से आग बुझाने के एक घंटे बाद बिजली सप्लाई किया गया । जबकि प्रति दिन ऐसा होता है । दिनभर मरम्मत के नाम पर बिजली काट दिए जाने से इस उमस भरी गर्मी में लोगों का सोना जीना हराम हो गया है । बिजली न रहने से घरों में कैद बच्चे अक्सर बीमार पड़ गए हैं ।

विद्युत विभाग के कर्मचारी नागेन्द्र सिंह ने बताया कि अभी एक हसे तक मरम्मतीयकरण होगा । इसके लिए हमारे उच्चाधिकारियों का निर्देश है । दिनभर सप्लाई बंद किया जाए ।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनी सड़क की हालत दयनीय

लोकमित्र ब्यूरो

घूरपुर (प्रयागराज)। क्षेत्र के ग्राम सभा बोंगी में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत सन 2001 में बनी सड़क की हालत हुई जर्जर, पिछले 24 सालों में एक भी बार रिपेयरिंग नहीं की गई। प्रधानमंत्री सड़क योजना की शुरुआत सन 2000 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई द्वारा की गई। जिसके अंतर्गत सन 2001 में घूरपुर क्षेत्र के घूरपुर- करछना रोड से ग्राम सभा बोंगी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत डेढ़ किलोमीटर सड़क बनाई गई। उस समय इस सड़क को देखकर क्षेत्र में चर्चा थी की बहुत अच्छी सड़क बनाई गई है किंतु जिम्मेदारों की उपेक्षा के कारण पिछले 24 साल से एक भी बार इस सड़क का मरम्मती कारण नहीं किया गया। जिसके कारण सड़क पर डामर

का नामो निशान नहीं है टोटल गिट्टियां बिखरी पड़ी हैं। ठीक उसी प्रकार बोंगी कर्मा रोड की स्थिति है। रीवां रोड इरादतगंज से कर्मा के लिए निकली रोड पिछले दो दशकों से पूरी तरह उखड़ चुकी है। इस रोड से हरिहरपुर, कुशवाबारी, सुल्तनवां, उभारी, दुबना, बोंगी आदि गांव के लोगों का प्रतिदिन का आवागमन है। इस रोड पर कई ईट भट्ठे लगे हुए हैं जिनकी वजह से बड़े-बड़े भारवाहन गुजरने से रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। यह गड्ढे बरसात में जानलेवा हो जाते हैं लोगों का चलन दूभर हो जाता है। लोगों ने शासन प्रशासन से मांग की है की ग्राम सभा के दोनों तरफ की रोड की अविलंब मरम्मत कर ग्राम वासियों को राहत दिलाएं।

लगातार तीसरी बार केंद्रीय मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

करमा (प्रयागराज)। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष/ मिर्जापुर सांसद बहन अनुप्रिया पटेल को लगातार तीसरी बार केंद्र में मंत्री बनने पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर दिल्ली

जाकर दी बधाई। अनुप्रिया पटेल अपना दल (एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मिर्जापुर से लगातार तीसरी बार सांसद निर्वाचित हुई है। जिन्हें हर बार मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। भारत सरकार के नए मंत्रिमंडल में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उर्वरक एवं रसायन राज्य मंत्री बनाए जाने पर 13 जून को उनके निवास स्थान पांच सफदरजंग दिल्ली में जाकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा मार्गदर्शन प्राप्त किया। बधाई देने वालों में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य फूलचंद्र पटेल व अर्पित जायसवाल एवं रमेश चन्द्र पटेल जिलाध्यक्ष किसान मंच यमुना पार प्रयागराज शामिल रहे। माननीय मंत्री जी ने चुनाव में जीत का श्रेय मिर्जापुर के देव तुल्य मतदाताओं एवं पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को देते हुए आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त खबरें

जल संकट पर भाजपा का दावा

हरियाणा और उत्तराखंड से दिल्ली को पूरी मात्रा में मिल रहा है पानी

नई दिल्ली, 15 जून (हि.स.)। दिल्ली में चल रहे जल संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी (आआपा) को आड़े हाथों लिया। उन्होंने शनिवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि दिल्ली को हरियाणा और उत्तराखंड से निश्चित और लगभग पूरी मात्रा में पानी मिल रहा है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने भी शुक्रवार को स्वीकार किया कि पीने के पानी के उत्पादन में मुश्किल से 0.5 से 7 प्रतिशत की कमी है। फिर क्यों आआपा के नेता दिल्ली में जल संकट की स्थिति को लेकर नाटक कर रहे हैं और पड़ोसी राज्यों पर दोषारोपण कर रहे हैं। दिल्ली की सरकार को दोषारोपण बंद करके टैंकर माफिया द्वारा पानी की चोरी और लीकेज की समस्याओं को ठीक कराना चाहिए।वीरेन्द्र सचदेवा ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दिल्ली सरकार को अतिरिक्त पानी के लिए ऊपरी यमुना नदी बोर्ड से संपर्क करने के सख्त निर्देशों के बावजूद दिल्ली सरकार अब केंद्रीय जल मंत्री सी.आर. पाटिल से संपर्क करके एक नया राजनीतिक नाटक कर रही है। दिल्ली वाले समझ नहीं पा रहे हैं कि जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केवल ऊपरी यमुना नदी बोर्ड ही दिल्ली को अतिरिक्त पानी दे सकता है, तो फिर आआपा केंद्रीय जल मंत्री के पास क्यों जा रही है।सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में पानी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने दिल्ली और हरियाणा के जल विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में मुनक नहर पर दिल्ली के लिए कच्चे पानी की उपलब्धता पर चर्चा के लिए दिल्ली की जल मंत्री आतिशी को खुली चुनौती दी है।

सुब्बैया नल्लामुथु को दिया जाएगा वी. शांताराम लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार



नई दिल्ली, 15 जून (हि.स.)। आज से शुरू होने जा रहे 18वें मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में वन्यजीव फिल्म निर्माता सुब्बैया नल्लामुथु को प्रतिष्ठित पुरस्कार वी. शांताराम लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। शनिवार को रेडकार्पेट पर सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने वी. शांताराम लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार की घोषणा की। वन्यजीव फिल्म निर्माता सुब्बैया नल्लामुथु पांच बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता हैं।उल्लेखनीय है कि मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 18वां संस्करण 15 से 21 जून तक आयोजित किया जा रहा है। इस बार इसका आयोजन मुंबई के साथ दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और पुणे में भी आयोजित किया जा रहा है। यह एक द्विवार्षिक आयोजन है। इस महोत्सव में 59 देशों की तीन सौ चौदह फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी। महोत्सव की थीम अमृतकाल में भारत है। जापान, रूस, बेलारूस, ईरान, इटली, वियतनाम और माली की कुल 17 फिल्में भी महोत्सव में दिखाई जायेंगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए कान फिल्म महोत्सव के बाद यह एक अच्छा अवसर होगा।

गाजियाबाद के लोनी स्थित पॉलिथीन बनाने की फैक्टरी में भीषण आग

गाजियाबाद(हि.स.)। उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद जिले के ट्रॉनिका सिटी थाना अंतर्गत लोनी स्थित औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार सुबह पॉलिथीन बनाने की एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। अग्निशमन की 20 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने अथवा घटनास्थल पर किसी के फंसे होने की खबर नहीं है। एहतियात के तौर पर आसपास की फैक्टरियों को खाली करा लिया गया है।अग्निशमन विभाग के एडीजी अमन शर्मा ने मौके का निरीक्षण किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने मीडियाकर्मियों को बताया कि यह फैक्टरी प्रकाश कुमार की है, जिसमें पैकेजिंग का कार्य किया जाता है। शनिवार सुबह फैक्टरी में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते इसने भीषण रूप धारण कर लिया। आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया गया है। इस बीच तेज हवा चलने से कंपनी में केमिकल के ड्रम तेज धमाके के साथ फट रहे हैं। घटनास्थल पर मेरठ, बागपत, गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद से 20 से अधिक अग्निशमन वाहन पहुंच चुके हैं।

मप्र के मदरसों में 9417 हिंदू बच्चों को उर्दू के साथ दी जा रही इस्लाम की तालीम

भोपाल, 14 जून (हि.स.)। मध्य प्रदेश के मदरसों में हिंदू बच्चे भी पढ़ रहे हैं। ऐसे कुल 9,417 हिंदू बच्चे हैं, जिन्हें मदरसों में उर्दू के साथ इस्लाम की तालीम दी जा रही है। चौकाने वाली बात यह है कि इन मदरसों को प्रदेश सरकार आर्थिक सहायता भी प्रदान कर रही है। मदरसों में न तो सुरक्षा के इंतजाम हैं और न ही एनसीईआरटी की शिक्षा व्यवस्था लागू है। यह खुलासा शुक्रवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने किया है।कानूनगो ने शुक्रवार को भोपाल प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में मदरसे अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, लेकिन इस ओर स्कूल शिक्षा विभाग का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने प्रदेश सरकार से हिंदू बच्चों को तत्काल मदरसों से बाहर निकालकर स्कूलों में प्रवेश दिलाने की मांग करते हुए कहा कि हम प्रदेश सरकार को पहले भी मदरसों का सर्वे और उनकी मैपिंग कराने की मांग कर चुके है। इसमें यह भी देखा जाना चाहिए कि इन मदरसों में पढ़ाने वाले शिक्षक निर्धारित शैक्षिक योग्यता पूरी करते हैं या नहीं।कानूनगो शुक्रवार को मंत्रालय भी पहुंचे। उन्होंने यहां प्रदेश में बाल संरक्षण की स्थिति जानने के 12 विभागों की समीक्षा की। उनके अनुसार, वक्फ बोर्ड ने जानकारी दी है कि प्रदेश में चार यतीम खाने संचालित हैं, लेकिन यह किशोर न्याय अधिनियम के तहत शासन में पंजीकृत नहीं हैं। ऐसे सभी मुद्दों को लेकर आयोग ने 18 जून को मप्र के मुख्य सचिव को रिपोर्ट के साथ तलब किया

कोर्ट सुनवाई के ऑडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में सुनीता केजरीवाल को नोटिस

नई दिल्ली, (हि.स.)।

दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पेशी के दौरान ट्रायल कोर्ट की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई के ऑडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को संबंधित ऑडियो हटाने का निर्देश दिया है।याचिका वकील विभव कुमार ने दायर की है। याचिका में 28 मार्च को केजरीवाल की राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेशी के दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हुई सुनवाई को आधार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली आबकारी घोटाला मामले की सुनवाई कर रही जज कावेरी बावेजा की अदालती कार्यवाही की आडियो रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया पर केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, राजस्थान कांग्रेस की उपाध्यक्ष विनीता जैन, प्रमिला गुप्ता और दूसरे लोगों ने पोस्ट किया था।याचिका में सुनीता केजरीवाल, अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि अदालत की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग को जानबूझ कर पोस्ट और री-पोस्ट करना कोर्ट के वीडियो कांफ्रेंसिंग के नियमों का उल्लंघन है। ऐसे में जिन लोगों ने ये आडियो रिकॉर्डिंग पोस्ट किया था उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।28 मार्च को सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने खुद कोर्ट में अपनी बात रखी थी। केजरीवाल ने कहा था कि असली घोटाला ईडी की जांच के बाद शुरू हुआ। ईडी के दो मकसद थे- एक, आम आदमी पार्टी को खत्म करना और दूसरा, स्मोक क्रिएट करना था कि आम आदमी पार्टी पार्टी भ्रष्टाचारी है। केजरीवाल ने कहा था कि ईडी का दूसरा मकसद उगाही करना है। केजरीवाल ने कहा था कि इस मामले में शरद रेड्डी ने गिरफ्तारी के बाद भाजपा को 55 करोड़ रुपये दिये। भाजपा को इलेक्टोरल बांड के रूप में पैसा देने के बाद शरद रेड्डी को जमानत मिल गई।केजरीवाल ने कोर्ट से कहा था कि मुझे किसी भी अदालत ने दोषी नहीं पाया है। ईडी जितने दिन मुझे हिरासत में रखना चाहती है रखे। केजरीवाल ने कहा था कि ईडी और सीबीआई ने हजारों पन्नों की रिपोर्ट लगाई है। आप सभी कागजों को पढ़ेंगे तो आप भी सोचेंगे कि आखिर मुझे गिरफ्तार क्यों किया गया। केजरीवाल ने कहा कि मेरा नाम चार जगह आया है बस। एक सी अरविंद। उसने बोला कि उसने मेरी उपस्थिति में कुछ दस्तावेज सिसोदिया को दिए। मेरे घर रोज विधायक आते हैं। क्या ये बयान काफी है, एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए।केजरीवाल ने दूसरे गवाह राघव मगुंटा के बयान के बारे में बताते हुए कहा था कि ईडी के दबाव में लोग गवाह बन रहे हैं और बयान बदल रहे हैं। केजरीवाल के इस बयान का एएसजी राजू ने विरोध किया। केजरीवाल ने कहा था कि ईडी का केवल एक ही मकसद है मुझे फंसाना। केजरीवाल ने कहा था कि तीन बयान दिए गए लेकिन उनमें से केवल वो बयान लाया गया, जिसमें मुझे फंसाया गया, क्यों। केजरीवाल ने एक और गवाह का नाम लेते हुए कहा था कि इनके सात बयान दर्ज हुए, छह में मेरा नाम नहीं है। जैसे ही सातवें में मेरा नाम आता है, उसे छोड़ दिया जाता है।

स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 22 जून तक बढ़ी

नई दिल्ली, 15 जून (हि.स.)।

दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोपित बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 22 जून तक बढ़ा दी है। आज बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। 27 मई को कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। 14 जून को हाई कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। हाई कोर्ट बिभव की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 01 जुलाई को करेगा।तीस हजारी कोर्ट ने 07 जून को बिभव कुमार की दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि इस मामले की जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और पीड़िता के दिलोदिमाग में अपनी सुरक्षा को लेकर खतरा है। तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी की सांसद हैं और वो अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने गई थीं। कोर्ट ने कहा था कि इस बात की भी आशंका है कि अगर बिभव कुमार को जमानत दी जाती है तो वो गवाहों को प्रभावित कर सकता है।दिल्ली पुलिस ने 18 मई को बिभव कुमार को गिरफ्तार किया था।

पत्रकार रजत शर्मा के खिलाफ आपत्तिजनक ट्वीट को हटाएं

कांग्रेस नेताओं को हाई कोर्ट का निर्देश

नई दिल्ली, 15 जून (हि.स.)।

दिल्ली हाई कोर्ट ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश, पवन खेड़ा और रागिनी नायक को निर्देश दिया है कि पत्रकार रजत शर्मा के खिलाफ पोस्ट किए गए अपमानजनक ट्वीट को हटाएं। जस्टिस नीना कृष्णा बंसल की वेकेशन बेंच ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने इस मामले में जरूरत से ज्यादा सनसनी मचाई।

कोर्ट ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, लेकिन इसके लिए सच्चाई का सामने आना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया कांग्रेस नेताओं के ट्वीट ने न केवल रजत शर्मा की छवि को खराब करने की कोशिश की है बल्कि कांग्रेस नेताओं के ट्वीट के जरिये याचिकाकर्ता की छवि आगे भी खराब की जाएगी। ऐसे में कांग्रेस नेता पत्रकार रजत शर्मा के खिलाफ पोस्ट किए गए ट्वीट को हटाएं। हाई कोर्ट रजत शर्मा की ओर से दाखिल याचिका में कांग्रेस नेताओं से मुआवजे की मांग पर आगे भी सुनवाई जारी रखेगा।पत्रकार रजत शर्मा ने 4 जून को न्यूज चैनल पर शो के दौरान कथित रूप से कांग्रेस नेता रागिनी नायक को गाली देने के मामले में कांग्रेस नेता जयराम रमेश, पवन खेड़ा और रागिनी नायक के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। रागिनी नायक, जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने अपने ट्विटर हैंडल पर रजत शर्मा पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपने शो के दौरान रागिनी नायक को गाली दी। रजत शर्मा ने इन आरोपों को मानहानि वाला बताते हुए इन नेताओं के ट्वीट हटाने की अंतरिम मांग की थी।

रजत शर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कहा था कि रजत शर्मा का शो 4 जून का था जबकि रागिनी नायक ने 10 जून को ट्वीट करते हुए रजत शर्मा पर आरोप लगाया था कि उन्होंने ऑन एयर रागिनी नायक को गाली दी। 4 जून का शो 2024 के लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान का था।अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि 6 दिन बाद रागिनी नायक ने जानबूझकर रजत शर्मा के खिलाफ उन्हें बदनाम करने के लिए ट्वीट किया। उस ट्वीट को कांग्रेस नेताओं ने अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया। ऐसा कर रागिनी नायक और दोनों कांग्रेस नेताओं ने रजत शर्मा को बदनाम करने की कोशिश की।मनिंदर सिंह ने कहा कि रजत शर्मा पिछले 40 सालों से पत्रकारिता में हैं और वे अपने सभ्य व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने टीवी स्क्रीन पर कभी भी किसी से चिल्लाकर भी बात नहीं की। कांग्रेस नेता रागिनी नायक को भी छह दिन बाद तब पता चला, जब उनके किसी फॉलोवर ने उसे सुना होगा। उसके बाद जानबूझकर रजत शर्मा को बदनाम करने के लिए गाली वाला वीडियो ट्वीट में डाला गया। इसके बाद इंडिया टीवी ने रागिनी नायक और कांग्रेस नेताओं जयराम रमेश और पवन खेड़ा को टैग करते हुए सार्वजनिक रूप से कहा कि उन्होंने जो आरोप लगाए हैं, वे झूठे और बेबुनियाद हैं। इंडिया टीवी ने कहा था कि ये आरोप मानहानि वाले हैं और वे फेक न्यूज की श्रेणी में आते हैं।

ईडी के समन की अवहेलना मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोर्ट में नहीं हुए पेश

रांची,(हि.स.)।

ईडी के समन की अवहेलना मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को भी एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में पेश नहीं हुए। इस मामले में हेमंत सोरेन की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ईडी ने कोर्ट में एक आवेदन दिया है।

आवेदन में ईडी ने अनुरोध किया है कि आरोपित हेमंत सोरेन अभी जेल में हैं। उनकी इस मामले में उपस्थिति दर्ज कराई जाए। इस आवेदन के आलोक में बिरसा मुंडा जेल अधीक्षक के पास पत्र लिखा गया है। ईडी के इस आवेदन पर अगले सप्ताह सुनवाई होगी। इससे पूर्व तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था।पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति चौथी बार सीजेएम कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट में यह मामला अभी लंबित है। इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई है।ईडी ने समन की अवहेलना करने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में ईडी ने 19 फरवरी को शिकायत वाद दर्ज कराया था। इस पर गत चार मार्च को सीजेएम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए संज्ञान लिया था और मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत को बताया था कि जमीन की खरीद-बिक्री मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को दस बार समन जारी किया गया था। आठवें समन पर 20 जनवरी और दसवें समन पर 31 जनवरी को ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे।

तीन नए कानूनों पर जागरूकता पैदा करने के लिए तीसरा सम्मेलन कोलकाता में

नई दिल्ली, 15 जून (हि.स.)।

तीन नए कानूनों को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से कानून मंत्रालय देश भर में सम्मेलन का आयोजित कर रहा है। 'आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत के प्रगतिशील पथ' की श्रृंखला में कानून एवं न्याय मंत्रालय का तीसरा सम्मेलन रविवार को कोलकाता में आयोजित किया जाएगा।

कानून एवं न्याय मंत्रालय के मुताबिक 25 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रपति द्वारा ÷भारतीय न्याय संहिता 2023÷, ÷भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023÷ और ÷भारतीय सुरक्षा अधिनियम, 2023÷ को मंजूरी दी गई थी। इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई है। ये नए आपराधिक कानून 1 जुलाई, 2024 से प्रभावी होंगे। ऐसे में इन तीनों कानूनों के बारे में स्पष्टता और जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से नई दिल्ली और गुवाहाटी में दो प्रमुख सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं। इसी क्रम में तीसरा सम्मेलन कोलकाता के आईटीसी रॉयल बंगाल, हाल्डेन एवेन्यू में आयोजित किया जा रहा है।कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टी.एस. शिवगणनम उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन को भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल भी संबोधित करेंगे। सम्मेलन में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार राज्यों के न्यायाधीशों और विभिन्न उच्च न्यायालयों, जिला और निचली अदालतों के पूर्व न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों, पुलिस अधिकारियों जैसी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में लोक अभियोजक, जिला प्रशासन, राष्ट्रीय कानून विश्वविद्यालयों और अन्य कानून कॉलेजों के कानून के छात्र भी भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य सार्थक बातचीत, विचार-विमर्श और प्रश्नोत्तर सत्रों के माध्यम से तीन नए आपराधिक कानूनों की मुख्य विशेषताओं को सामने लाना है।दो सत्रों में आयोजित इस सम्मेलन के पहले सत्र में भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) के कार्यान्वयन का आंकलन करने के लिए तुलनात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर केंद्रित चर्चा होगी। दूसरे तकनीकी सत्र में भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 (बीएसए) के मुख्य पहलुओं पर चर्चा की जाएगी यानी साक्ष्य, अपराध पर निर्णय लेने में आधारशिला। चर्चाएं ÷दस्तावेज़ों÷ और ÷सबूत÷ के विस्तृत दायरे पर केंद्रित होंगी, जो व्यापक परिभाषाओं की शुरूआत से सुगम होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक नेताओं से प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एकाधिकार समाप्त करने का किया आह्वान

बारी (इटली), 15 जून (हि.स.)।

जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक नेताओं से प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एकाधिकार को समाप्त करने का शुक्रवार को आह्वान किया और कहा कि समावेशी समाज की नींव रखने के लिए इसे रचनात्मक बनाया जाना चाहिए। इससे पहले पीएम मोदी जो बाइडन, वोलोदोमीर जेलेंस्की, जार्जिया मेलोनी, ऋषि सुनक, जस्टिन ट्रूडो, यूएन महासचिव एंटोनियो गुटारेस समेत वैश्विक नेताओं से मुलाकात द्विपक्षीय संबंधों पर भी चर्चा की।मोदी ने इटली के अपुलिया क्षेत्र में जी-7 शिखर सम्मेलन के संवाद सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 'ग्लोबल साउथ' के देश वैश्विक अनिश्चितताओं और तनावों का खामियाजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने 'ग्लोबल साउथ' के देशों की प्राथमिकताओं और चिंताओं को विश्व मंच पर रखना अपनी जिम्मेदारी माना है। उन्होंने कहा, ''इन प्रयासों में हमने अफ्रीका को उच्च प्राथमिकता दी है। हमें गर्व है कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने अफ्रीकी संघ को अपना स्थायी सदस्य बनाया है।''प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एकाधिकार समाप्त करने के महत्व पर विस्तार से बात की और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''हमें प्रौद्योगिकी को रचनात्मक बनाना होगा, विघटनकारी नहीं। तभी हम समावेशी समाज की नींव रख पाएंगे।'' मोदी ने कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को लेकर राष्ट्रीय रणनीति तैयार करने वाले शुरुआती कुछ देशों में शामिल है।प्रधानमंत्री ने कहा, ''पिछले वर्ष भारत द्वारा आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हमने एआई के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय शासन-प्रणाली के महत्व पर जोर दिया था।'' उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में भारत का दृष्टिकोण चार सिद्धांतों उपलब्धता, पहुंच, वहनीयता और स्वीकार्यता पर आधारित है। उन्होंने कहा, ''हम 2070 तक 'नेट जीरो' का लक्ष्य हासिल करने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। हमें मिलकर आने वाले समय को 'हरित युग' बनाने का प्रयास करना चाहिए।''

वायु सेना प्रमुख ने हैदराबाद में 235 फ्लाइट कैडेट्स को दिए राष्ट्रपति कमीशन

कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड में 25 कैडेटों को अधिकारी के रूप में कमीशन दिया गया

परेड के समापन पर रोमांचक फ्लाई पास्ट और एरोबैटिक शो में हवाई करतब

नई दिल्ली, 15 जून (हि.स.)।

हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में शनिवार को भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के फ्लाइट कैडेटों के प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण के सफल समापन को चिह्नित करने के लिए कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड हुई। पारंपरिक सैन्य भव्यता के साथ वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने परेड के समीक्षा अधिकारी के तौर पर 235 स्नातक फ्लाइट कैडेटों को उनके प्रशिक्षण के सफल समापन पर राष्ट्रपति कमीशन प्रदान किया।

वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड में 22 महिला अधिकारी शामिल थीं, जिन्हें भारतीय वायु सेना की विभिन्न शाखाओं में कमीशन मिला। समारोह में भारतीय नौसेना के 09, भारतीय तटरक्षक बल के 09 और मित्र विदेशी देशों के 01 अधिकारी को भी 'विंग्स' से सम्मानित किया गया।

यह पहली परेड है, जिसमें 25 कैडेटों को अधिकारी के रूप में कमीशन दिया गया, जो 4 वर्ष पहले ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के लिए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हुए थे। इनमें से 5 अधिकारियों को प्रशासन शाखा में, 3 को लॉजिस्टिक्स शाखा में तथा 17 को भारतीय वायुसेना की तकनीकी शाखा में कमीशन दिया गया है।वायु सेना प्रमुख का स्वागत ट्रेनिंग कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल नागेश कपूर और वायु सेना अकादमी के कमांडेंट एयर मार्शल एस श्रीनिवास ने किया। परेड कमांडर की सलामी के बाद एक शानदार मार्च पास्ट हुआ। परेड के दौरान चार ट्रेनर विमानों ने फ्लाई-पास्ट किया, जिसमें पिलाटस पीसी-7 एमके-11, हॉक, किरण और चेतक हेलीकॉप्टर शामिल थे। परेड का मुख्य आकर्षण 'कमीशनिंग समारोह' था, जिसमें ग्रेजुएट फ्लाइट कैडेट्स को समीक्षा अधिकारी ने उनके 'रैंक और विंग्स' से सम्मानित किया। इसके बाद ग्रेजुएट अधिकारियों को अकादमी के कमांडेंट ने देश की सुरक्षा, संरक्षा, संप्रभुता और सम्मान की रक्षा करने की शपथ दिलाई।फ्लाइंग ब्रांच के फ्लाइंग ऑफिसर हैप्पी सिंह को पायलट कोर्स में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान पर आने के लिए राष्ट्रपति की पट्टिका और 'चीफ ऑफ द एयर स्टाफ स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। फ्लाइंग ऑफिसर तौफीक रजा को ग्राउंड ड्यूटी ऑफिसर्स कोर्स में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान पर आने के लिए राष्ट्रपति की पट्टिका से सम्मानित किया गया।

परेड को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख ने नए कमीशन प्राप्त अधिकारियों को उनके बेदाग टर्न आउट, सटीक ड्रिल मूवमेंट और परेड के उच्च मानकों के लिए बधाई दी। उन्होंने भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक और मित्र देशों के अधिकारियों को भी बधाई दी, जिन्होंने आज अपने 'फ्लाइंग विंग्स' अर्जित किए।परेड का समापन नए कमीशन प्राप्त अधिकारियों ने रवींद्रनाथ टैगोर के 'आनंदलोक' के पारंपरिक स्वरों पर धीमी गति से मार्च करके किया।

कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड के समापन पर पिलाटस पीसी-7 एमके-2, एसयू-30 एमकेआई, सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम एरोबैटिक शो का हिस्सा थे। वायु सेना अधिकारियों के जीवन में आज का कमीशनिंग समारोह इसलिए भी स्मरणीय रहेगा, क्योंकि उन्होंने अपने माता-पिता की उपस्थिति में अपना 'रैंक' हासिल किया।

समयबद्धता और गुणवत्ता से तनिक भी समझौता बर्दाश्त नहीं : मुख्यमंत्री

निर्माणाधीन देवरिया बाईपास फोरलेन और नाला का सीएम योगी ने किया निरीक्षण

नाला की ऊंचाई का रखें ध्यान, ढकने की हो व्यवस्था ताकि फुटपाथ के रूप में हो सके इस्तेमाल

लोकमित्र ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्माणाधीन देवरिया बाईपास फोरलेन, नाला तथा तारामंडल क्षेत्र के सड़क व नाला का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

शनिवार पूर्वाह्न गोरखपुर चिड़ियाघर का निरीक्षण करने के बाद सीएम योगी ने भगत चौराहे पर देवरिया बाईपास फोरलेन के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने भौतिक निरीक्षण करने के साथ ही प्रोजेक्ट के ड्राइंग मैप का भी अवलोकन किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को सीएम ने निर्देशित किया कि फोरलेन के निर्माण में गुणवत्ता से तनिक भी समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्माण समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने की भी हिदायत दी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नाला की ऊंचाई का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि इसमें आसपास के मोहल्ले का पानी आ सके। इसके साथ ही जहां जरूरी हो वहां चेम्बर बनाए जाएं। नाला को ढककर इसे फुटपाथ के रूप में इस्तेमाल करने लायक बनाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश भी दिए कि देवरिया बाईपास के शुरुआती कनेक्टिंग पॉइंट पर बन रहे नौसढ़-पैडलेगंज सिक्सलेन और फ्लाईओवर के पास सर्वे कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि कहीं भी भविष्य में जाम की समस्या न रहे। देवरिया बाईपास के बाद सीएम योगी तारामंडल क्षेत्र में बन रहे सड़क व नाला का जायजा लेने पहुंचे। तारामंडल के सामने निर्माण कार्य को देखने के बाद उन्होंने अधिकारियों से कहा कि काम में तेजी लाकर इसे जल्द पूरा किया जाए। गुणवत्ता के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इसकी ऊंचाई से आमजन को कोई असुविधा न हो।

जाओ और बाड़े में चला गया बब्बर शेर

लोकमित्र ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (गोरखपुर चिड़ियाघर) में बब्बर शेर भरत और शेरनी गौरी को बाड़े में प्रवेश कराया। इन दोनों दुर्लभ वन्यजीवों को मई माह के अंतिम सप्ताह में इटावा लायन सफारी से लाया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा इन्हें बाड़े में छोड़े जाने के बाद अब चिड़ियाघर आने वाले दर्शक बब्बर शेर की इस जोड़ी का दीदार कर सकेंगे। इनकी दहाड़ का भी रोमांच ले सकेंगे। इसके पहले दो जून को भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चिड़ियाघर का भ्रमण करने आए थे। तब उन्होंने बब्बर शेर पांच साल के भरत और शेरनी सात साल की गौरी को देखने के साथ उनके बारे में जानकारी हासिल की थी।

उल्लेखनीय है कि गोरखपुर चिड़ियाघर से सीएम योगी को बहुत लगाव है। जब भी उन्हें मौका मिलता है, वह यहां वन्यजीवों को देखने और उनके देखभाल की जानकारी लेने आते हैं। शनिवार को वह बब्बर शेर की जोड़ी भरत और गौरी को बाड़े में छोड़ने आए। मुख्यमंत्री के साथ वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना भी उपस्थित थे। जैसे ही सीएम ने क्रॉल का गेट खोलकर यह कहा, चलो जाओ, बब्बर शेर दौड़ते हुए बाड़े में चला गया। मुख्यमंत्री ने यहां चिड़ियाघर के निदेशक एवं डीएफओ विकास यादव से दोनों शेरों के बारे में जानकारी ली। शेर के बाड़े के समीप हरिशंकरी पौध का रोपण कर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। सीएम ने यहां तैल चित्रों का भी अवलोकन किया। सीएम योगी ने चिड़ियाघर का भ्रमण करते हुए निरीक्षण भी किया। इस दौरान भ्रमण करते हुए सीएम योगी गैंडों की जोड़ी हरि और गौरी के बाड़े के पास पहुंचे और अपने हाथों से दोनों को चारा खिलाया।

गैंडों की यह जोड़ी मुख्यमंत्री को काफी प्रिय है और इसके पहले 2 जून को वह यहां आकर उन्हें केला खिला चुके हैं। भ्रमण के सीएम योगी हिमालयन भालू बिल्लू के बाड़े पर भी पहुंचे। उसे आवाज देकर बुलाया। गर्मी से परेशान इस भालू को उन्होंने आइसक्रीम, बर्फ का गोला और शहद खिलाया। हरि-गौरी और बिल्लू के बाड़े के पास सीएम ने कुल मिलाकर करीब बारह मिनट का वक्त बिताया।

अवध शिल्प ग्राम में यूनिटी मॉल की निर्माण प्रक्रिया को गति देगी योगी सरकार

लखनऊ में हो रहे इस निर्माण कार्य की प्रगति का मार्ग सुनिश्चित करते हुए सीएम योगी की मंशा अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना पर हो रहा काम

लोकमित्र ब्यूरो

पीएमसी निर्धारण से निर्माण प्रक्रिया में आएगी तेजी

योजना विभाग द्वारा अवध शिल्प ग्राम के सेक्टर 9 में यूनिटी मॉल की निर्माण प्रक्रियाओं की निगरानी के लिए जिस पीएमसी को नियुक्त किया जाएगा वह कई मायने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करेगी। पीएमसी द्वारा रेगुलर मॉनिटरिंग और समय-समय पर दी जाने वाली रिपोर्ट्स न केवल इस प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता निर्धारण में निर्णायक सिद्ध होगी बल्कि इसके जरिए सभी निर्माण कार्यों को ट्रैक करने व उसी आधार पर कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा। रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से निविदा प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है और जुलाई के पहले हफ्ते में कार्यावंटन हो जाएगा। कार्यावंटन के बाद 75 दिनों में कन्सलटेंसी को आर्किटेक्चरल डिजाइन प्रस्तुत करना होगा जिस पर स्वीकृति के बाद 18 महीने में सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर उसे उत्तम प्रदेश बनाने के सपने को हकीकत की शक्ल दे रही योगी सरकार प्रदेश के समेकित विकास के लिए लगातार कार्यरत है। एक ओर, प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए महत्वकांक्षी लक्ष्य की ओर उत्तर प्रदेश ने सीएम योगी के मार्गदर्शन में कदम बढ़ा दिए हैं, वहीं प्रदेश में उत्तम नागरिक सुविधाएं व वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की दिशा में भी विस्तृत कार्ययोजना के अंतर्गत कार्य हो रहा है। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश में तीन यूनिटी मॉल के निर्माण का कार्य भी जारी है जिनमें लखनऊ, आगरा व वाराणसी मुख्य हैं। लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम के सेक्टर 9 में यूनिटी मॉल का निर्माण कार्य निरंतर जारी है तथा इस प्रक्रिया में और तेजी लाते हुए योगी सरकार ने प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कन्सलटेंट (पीएमसी) एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना विभाग द्वारा इस प्रक्रिया को शुरू करते हुए निविदा जारी कर दी हैं जिससे कार्यावंटन का मार्ग सुनिश्चित होगा।

कई प्रकार के निर्माण कार्यों का मार्ग होगा सुनिश्चित: यूनिटी मॉल के निर्माण व विकास के लिए परियोजना के अंतर्गत कई संरचनात्मक कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अंतर्गत रचनात्मक इनडोर स्पेसेस के निर्माण, उचित स्थान नियोजन के साथ ही यहां की जरूरतों के अनुसार विभिन्न कार्यात्मक आवश्यकताओं को पूर्ण किया जाएगा।

मुख्य सचिव और आयुष मंत्री ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह का किया शुभारम्भ

लखनऊ। देश में साल 2014 से अंतराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत के बाद हर साल 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस पूरे देश में बड़ी भव्यता के साथ मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर राजधानी लखनऊ में आज योग सप्ताह की शुरुआत की गई।

जिसका शुभारंभ लखनऊ के राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा और प्रदेश के आयुष मंत्री डॉक्टर दया शंकर मिश्रा दयालु ने किया। इस मौके पर आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी भी मौजूद रही। वहीं कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को जागरूकता के लिए मुख्य सचिव और विभाग के मंत्री सहित सभी लोगो ने योग किया। इसके अलावा लोगों ने जागरुक करने के लिए सभी का आवाहन भी किया। बता दे कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इस बार की थीम योग स्वयं एवं समाज के लिए पर आधारित होगी।

अब एडवांस एमआरआई से ही स्लीप एपनिया का चलेगा पता

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार नवाचार और शोध पर जोर दे रहे हैं ताकि आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर प्रदेशवासियों को इसका लाभ दिया जा सके। इसी क्रम में सीबीएमआर शोधकर्ता और एसजीपीजीआई के प्रोफेसर ने एमआरआई तकनीक के जरिये स्लीप एपनिया (नींद के दौरान होने वाली समस्याएं) के एडवांस स्टेज का पता लगाने के लिए एक शोध किया, जो सफल रहा। इससे शोध से अब एडवांस एमआरआई से स्लीप एपनिया के एडवांस स्टेज का पता लगाया जा सकेगा। इसके जरिये मरीज का सही दिशा और सटीक इलाज हो सकेगा।

सेंटर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च (सीबीएमआर) के शोधकर्ता डॉ. अहमद रजा खान ने एसजीपीजीआई के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर जिया हाशिम और रेडियोडायग्नोसिस विभाग के प्रोफेसर जफर नियाज के सहयोग से किए गए अध्ययन में एमआरआई तकनीक के जरिए ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) के मस्तिष्क की सूक्ष्म संरचना पर पड़ने वाले प्रभाव का पता लगाया है। इस तकनीक से कुछ माइक्रोन से लेकर 20-30 माइक्रोन तक के ऊतक परिवर्तनों की जांच की जा सकती है, जो पारंपरिक एमआरआई माप से 100 से 1000 गुना अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। डॉ. अहमद ने बताया कि डिफ्यूजन एमआरआई में प्रगति, जैसे कि डिफ्यूजन कर्टोसिस इमेजिंग (डीकेआई), जटिल ऊतक वातावरण में गैर-गौसियन जल प्रसार व्यवहार की जांच करती है। बायोफिजिकल मॉडलिंग का उपयोग करते हुए, डीकेआई पैरामीटर एक्सोनल जल अंश जैसे श्वेत-पैरामीटर प्रदान कर सकते हैं। एक्सोन न्यूरॉन्स के ट्रंक हैं। इसलिए, ऐसी जानकारी (एक्सोनल जल अंश), मस्तिष्क में सेलुलर स्तर की न्यूरोनल संरचना को दर्शाती है।

एसजीपीजीआई के प्रोफेसर ने बताया कि एमआरआई से ऐसी सेलुलर जानकारी (एक्सोनल जल अंश) की जांच करके, शोधकर्ता न्यूरोनल संरचना की अखंडता और रोग प्रबंधन के विभिन्न समय पर ओएसए से जुड़े संभावित परिवर्तनों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अध्ययन के निष्कर्ष ओएसए वाले व्यक्तियों में देखी गई संज्ञानात्मक हानि और अन्य न्यूरोलॉजिकल परिणामों के अंतर्निहित न्यूरोबायोलॉजिकल तंत्र पर प्रकाश डालते हैं। इन तंत्रों को समझना ओएसए से संबंधित जटिलताओं के प्रबंधन के लिए बेहतर नैदानिक और चिकित्सीय रणनीतियों के विकास में योगदान दे सकता है।

यह स्लीप एपनिया

स्लीप एपनिया एक व्यापक स्थिति है, जो सोते समय व्यक्ति की सांस को बाधित करती है। इसके कारण व्यक्ति केवल सांस लेने के लिए जागता है, जिससे उसकी नींद बाधित होती है और उसे आराम महसूस नहीं होता। समय के साथ, स्लीप एपनिया गंभीर या यहां तक कि घातक जटिलताओं को जन्म दे सकता है, इसलिए शीघ्र निदान और उपचार महत्वपूर्ण है।

हर प्रोजेक्ट के लिए तय हों नोडल अधिकारी: मुख्यमंत्री

विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट ली जाए। हर प्रोजेक्ट की वरिष्ठ अधिकारी पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर माह में एक बार जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाए। हर परियोजना की एक समय सीमा तय होती है। उसे उसी अवधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए।

सीएम योगी शनिवार दोपहर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ एनेक्सी भवन में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, नगर निगम, जल निगम, जीडीए, गीडा समेत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन विकास परियोजनाओं के लिए जमीनों का अधिग्रहण किया गया है, वहां जमीन की रजिस्ट्री में तेजी लाई जाए और मुआवजा वितरण भी जल्द से जल्द किया जाए।

इसमें किसी तरह की शिथिलता अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री ने कहा निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए एक नोडल अधिकारी को पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी जाए। नोडल अधिकारी हर सप्ताह की प्रगति की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं की मॉनिटरिंग करने के लिए जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी होनी चाहिए। अधिकारी हर माह जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराएं, उनसे मिलने वाले सुझावों पर भी ध्यान दें। सीएम योगी ने कहा कि बरसात का समय सन्निकट है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना होगा कि बरसात होने पर कहीं भी जलभराव न होने पाए। जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी अच्छा काम हुआ है, इसे लगातार उत्कृष्टता की ओर ले जाने की आवश्यकता है। समय रहते सभी नालों की सफाई का काम पूरा करने का निर्देश देने के साथ सीएम ने कहा कि जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए गोड़धोइया नाला परियोजना पर सतत ध्यान दिया जाए।

बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा बाढ़ बचाव के कार्यों में और तेजी लाई जाए। अधिकारी, जनप्रतिनिधियों को साथ ले जाकर बंधों की स्थिति का जायजा लें। बेहतर कार्य के लिए उनसे सुझाव लें। सीएम ने कहा कि समन्वित प्रयासों से जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया गया है। तैयारी ऐसी बनी रहे कि आगामी मानसून सत्र में भी इस पर नकेल कसा रहे। मुख्यमंत्री ने एकला बांध प्रोजेक्ट की भी समीक्षा की और यहां मियावाकी वन विकसित करने पर जोर दिया।

पर्यटकों के लिए जल्द खुलेगा अयोध्या का क्वीन हो पार्क

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। दक्षिण कोरिया और अयोध्या के बीच मधुर संबंधों को मजबूत करने के लिए सरयू तट स्थित क्वीन हो कोरियाई पार्क जल्द ही पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। इसमें पर्यटकों के रुकने के लिए कॉटेज और रेस्टोरेंट जैसी सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। अयोध्या धाम में 2018 के दीपोत्सव आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व दक्षिण कोरिया की प्रथम महिला किम जोंग सुक ने संयुक्त रूप से क्वीन हो पार्क के नवीनीकरण का शिलान्यास किया था।

इस पार्क के संचालन के लिए दिल्ली की कार्यदाई संस्था आईएचडब्ल्यूएचसी को दायित्व सौंपा गया है। सरयू तट पर 2000 वर्ग मीटर में फैले क्वीन हो मेमोरियल पार्क का निर्माण सितंबर 2019 में शुरू हुआ था। नवंबर 2021 में इसका कार्य पूर्ण हो गया। इसमें मेडिटेशन हॉल, क्वीन पवेलियन, किंग पवेलियन, वाटर टैंक, फुट ओवर ब्रिज, सब स्टेशन, ट्यूबवेल, पाथवे, शौचालय, फाउंटेन, लैंडस्केपिंग, स्कल्चर, गार्ड रूम, म्यूरल, ऑडियो-विडियो सिस्टम, बाउंड्रीवॉल, पार्किंग व तालाब का निर्माण किया गया है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी राजेन्द्र यादव ने बताया कि पार्क के संचालन के लिए इसे निजी संस्था को सौंप गया है। यह पार्क दक्षिण कोरिया और भारत सरकार की संयुक्त योजना के तहत बना है। इसमें कोरिया व अवध क्षेत्र की सामाजिक व सांस्कृतिक पहलुओं को दिखाया गया है। पार्क में अवध की संस्कृति को दर्शाने के लिए अवध पवेलियन और कोरिया के कल्चर को दर्शाने वाली कोरियन पवेलियन के साथ ही समुद्र को दिखाने के लिए वाटर बॉडी बनी है। कार्यदाई संस्था के डायरेक्टर सौरभ जैन ने बताया कि अयोध्या और कोरिया को जोड़ने वाले इस पार्क में किसी भी प्रकार का प्रवेश शुल्क नही रखे जाने पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही आने वाले पर्यटको के माध्यम से ही यहां की व्यवस्था भी संचालित हो इसके लिए कोरियन शैली के वेज रेस्टोरेंट, कोरिया में प्रचलित सामानों की दुकानें, बाहर से आने वालों के ठहरने के लिए लग्जरी कॉटेज, कांफ्रेंस हॉल, मनोरंजन केंद्र, कोरियन-इंडियन कल्चर के कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए हॉल शामिल है।

रत्ना डांस अकादमी में लिटिल एंजिल्स ने किया योगाभ्यास

लखनऊ। रत्ना डांस अकादमी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की अवसर पर छोटी-छोटी बच्चियों ने लिटिल एंजिल्स कैटेगरी में योगाभ्यास किया। रत्ना अस्थाना के निर्देशन में गोमती नगर विनय खंड के एम - 4 ध् 76 स्थित भारतीयम् भवन में हुए इस आयोजन में बेटियों से लेकर माताओं तक ने योग की जानकारी हासिल की। इस अकादमी में हर उम्र की महिलाओं को डांस का प्रशिक्षण साल भर दिया जाता है। ऐसे में प्रतिभागियों को बताया गया कि योग के माध्यम से न केवल वह तंदुरुस्त रह सकते हैं बल्कि उनका शरीर भी अधिक लचीला बनेगा और नृत्य के लिए आवश्यक ऊर्जा भी प्राप्त होगी।लिटिल एंजिल्स कैटेगरी में अविका सिंह, अनिका सिंह, तनिष्का सिंह, अवंतिका श्रीवास्तव, अग्रिमा चौरसिया, श्री मौर्या, ध्वनि सिंह, आयुषी सिंह, अनन्या शर्मा, अदिति सिंह, स्वस्तिका त्रिपाठी, अनिका चंदेल, पीहू वर्मा, और स्मार्ट मदर कैटेगरी में बबीता साहू, आशा चौरसिया, गरिमा सिंह सहित अन्य ने योगाभ्यास किया।

ईदगाह लखनऊ में ईद उल अजहा की नमाज़ कल सुबह दस बजे होगी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह व काज़ी शहर लखनऊ ने ऐलान किया है कि ईद उल अज़हा 17 जून को मनायी जायेगी। बकरीद की नमाज़ के लिए ईदगाह ऐशबाग़ लखनऊ में तैय्यारियॉ मुकम्मल हो गयी हैं। इस ऐतिहासिक मैदान में लाखों की संख्या में मुसलमान नमाज़ अदा करते हैं। तैय्यारियों के सिलसिले में इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया और ईदगाह कमेटी के जिम्मेदारों की एक मीटिंग हुई। मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि बकरईद 17 जून 2024 को होगी। इस मौक़े पर मुसलमान बड़ी संख्या में ईदगाह और विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज़ अदा करते है। इसलिए इस अवसर पर जिला प्रशासन व नगर निगम की जिम्मेदारी है कि ईदगाह और तमाम मस्जिदों के आस पास उचित सफाई कराऐ और बिजली व पानी की सप्लाई यक़ीनी बनाए। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अज़हा के मुबारक दिनों में शहर का अमन व अमान और सलामती बनाये रखने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। मौलाना ने कहा कि ईद उल अज़हा की नमाज के मौक़े पर सख़्त गर्मी से निजात के लिए खुदा पाक के हुज़ूर में बारिश के लिए दुआ की जायेगी। उन्होंने कहा कि क़ुर्बानी के जानवरों की आने जाने में किसी प्रकार की रूकावट न लगाई जाए। क़ुर्बानी जो कि 17, 18 और 19 जून 2024 को की जायेगी, इन दिनों में भी सफाई के विशेष प्रबन्ध सुनिश्चित किये जायें। मौलाना ने मुसलमानों से यह भी अपील की कि क़ुर्बानी की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर न डालें और उन्होने कहा कि यह जरूर ध्यान में रखें कि सड़क या आम रास्ते पर नमाज़ अदा न करें।

जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट लखनऊ ने अपने 28वें दीक्षांत समारोह में भावी बिजनेस लीडर्स को किया प्रेरित

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। देश के प्रमुख एकेडमिक संस्थानों में से एक जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, लखनऊ ने पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेन्ट (पीजीडीएम), पीजीडीएम (फाइनैंशियल सर्विसेज) और पीजीडीएम (रीटेल मैनेजमेन्ट) प्रोग्राम के छात्रों (2022-24 बैच) के लिए 28वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया।

इस आयोजन ने 347 ग्रेजुएट छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत, उत्साह एवं अथक प्रयासों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य सभा के प्रतिष्ठित संसद सदस्य डॉ सुधांशु त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। साथ ही 1998-2000 बैच से जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट लखनऊ के पूर्व छात्र और एक्सिस बैंक के सीनियर वाईस प्रेजीडेन्ट अशोक जोशी का स्वागत भी माननीय अतिथि के रूप में किया गया। समारोह के दौरान जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, लखनऊ की डायरेक्टर डॉ कविता पाठक द्वारा सालाना रिपोर्ट पेश की गई और चेयरमैन श्री शरद जयपुरिया ने ग्रेजुएट छात्रों को डिप्लोमा की डिग्री से सम्मानित किया। गौतम बुद्ध की कालजयी शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. पाठक ने आज की तेजी से विकसित हो रही दुनिया में आत्मनिर्भरता और निरंतर सीखने के महत्व पर जोर दिया। अपनी रोशनी स्वयं बनो!

उन्होंने बुद्ध के गहन मार्गदर्शन का उदाहरण देते हुए कहा। श्दीक्षा या साधना की परिणति पर, गौतम बुद्ध का उपदेश था कि अपना रास्ता खुद रोशन करो और इसे बड़ी विनम्रता, आंतरिक चेतना और आत्म-जागरूकता के साथ करो। अपने आप को पूर्वाग्रहों, और किसी भी डर से मुक्त करो जो तुम्हें पीछे धकेलता है। डॉ. कविता पाठक ने कहा। अनुकूलनशीलता की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. पाठक ने स्नातकों से ष् लर्न टू अनलर्न ष् की अवधारणा को अपनाने का आग्रह किया।

उन्होंने टिप्पणी की, ऐसी दुनिया में जहां हर तीन महीने में आप प्रौद्योगिकी को अपना रूप बदलते देखते हैं, सीखते हैं और नए ज्ञान, जानकारी और कौशल के साथ फिर से सीखने के लिए तैयार होते हैं।'मैं आपसे यही कहूंगी कि आपने इस संस्थान में अखंडता और सहानुभूति के जो मूल्य सीखे हैं, उन्हें कभी मत भूलिए, और हमेशा दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध रहिए। याद रखिए कि आपकी शिक्षा सिर्फ ज्ञान प्राप्त करने के बारे में नहीं है, बल्कि आप इस ज्ञान का उपयोग दूसरों के जीवन में सार्थक बदलाव लाने के लिए कर सकते हैं।' उन्होंने कहा। मुख्य अतिथि डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने बताया कि यह भारत का सांस्कृतिक और प्राचीन लोकाचार है जो दुनिया के लिए बेहतर भविष्य बनाने से जुड़ा है और कहा कि भारत में संघर्षों में सामंजस्य बनाने की क्षमता है। इसके अलावा, उन्होंने छात्रों को अनुसंधान में अधिक योगदान देने और समग्र सामग्री, जीनोम अनुक्रमण, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, क्वांटम कंप्यूटिंग इत्यादि जैसी भविष्य की प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करने और बुद्धि के बजाय दृढ़ संकल्प पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने छात्रों को सांस्कृतिक संस्कार देने में सफलता के लिए जयपुरिया लखनऊ की सराहना की। मुख्य अतिथि डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने मेधावी छात्रों को मैडल से सम्मानित किया और स्टूडेन्ट ऑफईयर ने सभा को सम्बोधित किया।

इप्सेफका दावा, विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार को बदलनी होगी नीति

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) ने दावा किया है कि मौजूदा चयन प्रक्रिया के से विभागों में रिक्त पदों पर भर्तियां कभी पूरी नहीं हो सकती हैं। पदों को भरने के लिए सरकार को बदलनी होगी चयन प्रक्रिया। इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र ने बताया कि भारत सरकार और प्रदेश की सरकारों ने रिक्त पदों और नव सृजित पदों पर नियुक्तियों के लिए चयन प्रक्रिया के नीति बनाई है। उसके तहत विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती कभी भी पूरी नहीं हो सकती है। इसका कारण है कि आयोगों को रिक्त पदों का अध्याचन भेजा जाता है। प्रक्रिया के अनुसार जब तक चयन होता है तब तक उतने ही पद सेवा निवृत्त होने से रिक्त होते रहते हैं। उदाहरण के तौर पर उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 20000 कर्मी सेवानिवृत्ति होते हैं। उन्होंने बताया कि यह आंकड़ा मैं बहुत वर्ष पूर्व का बता रहा हूं। वर्तमान प्रक्रिया के अनुसार आयोग 20000 कर्मियों का चयन प्रतिवर्ष कर नहीं पता है। इसी कारण पद रिक्त ही पड़े रहते हैं। पहले दैनिक दर पर रखकर काम चलाया जाता था। वह प्रक्रिया बंद होने के बाद अब आउटसोर्स से कर्मचारी रखकर कम चलाया जा रहा है ।जिनका कोई भविष्य नहीं है। वह 6000 से 8000 पारिश्रमिक से अपना ही जीवन यापन नहीं कर पाते हैं। एक तरह से यदि कोई और कमाई नहीं है तो उनका परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच जाता है। वीपी मिश्र ने भारत सरकार और राज्य सरकारों को सुझाव दिया है कि समूह ग और घ की नियुक्तियां विभागीय चयन समिति के माध्यम से किया जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि भ्रष्टाचार में कमी हो सकती है परंतु समाप्त ना हुआ है और ना पूरी तरह समाप्त हो पाएगा।

संक्षिप्त खबरें

लखनऊ में सरेराह महिला की चेन लूटी

लखनऊ। पीजीआई क्षेत्र में अस्पताल से इलाज कराकर घर लौट रही स्वास्थ्यकर्मी की पत्नी से टप्पेबाजों ने चेन लूट ली। पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए वह 4-5 दिन से पुलिस थाने का चक्कर लगा रही है लेकिन कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, तेलीबाग निवासी राजकुमार यादव पीजीआई के सीवीटीएस डिपार्टमेंट में तैनात हैं। पिछले सोमवार को उनकी पत्नी वंदना इलाज कराने पीजीआई आई थी। दिन में साढ़े 3 बजे पत्नी घर जाने के लिए अस्पताल के पास ऑटो में बैठी। उस वक्त ऑटो में कोई दूसरा पैसेंजर नहीं था। रास्ते में 4 महिलाएं और ऑटो में सवार हो गईं। महिलाओं ने वंदना से धक्का-मुक्की शुरू कर दी और कुछ दूर जाकर वे ऑटो से नीचे उतर गईं। यह घटना अस्पताल से मात्र 200 मीटर दूर हुई और ऑटो चालक भी मिला हुआ था क्योंकि उसने वंदना को नीचे उतारा और वहां से भाग निकला। उनके जाने के बाद पीड़ित महिला वंदना को पता चला कि उसकी सोने की चेन गायब है। वह घबराई और पुलिस के पास शिकायत के लिए पहुंची। पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की और बाद में आने की बात कही गई। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो सकती है क्योंकि वहां कैमरे लगे हैं। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि महिला को बुलवाया गया है। उनकी तहरीर मिलने के बाद केस दर्ज किया जाएगा और आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

योगी व कंगना का वीडियो एडिट कर एक्स पर किया वायरल

लखनऊ। लखनऊ पुलिस ने दो एक्स यूजर्स के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की है। इन लोगों ने सीएम योगी व सांसद कंगना का एडिट वीडियो शेयर किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व सांसद कंगना रनौत का वीडियो एडिट कर एक्स पर वायरल करने वाले यूजर के खिलाफ हजरतगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। वहीं, एक और एक्स यूजर ने भी सीएम का एडिट वीडियो वायरल किया है। गोमतीनगर स्थित गोल्डन क्रश अपार्टमेंट निवासी रवि प्रकाश के मुताबिक एक्स पर एक यूजर ने अपने अकाउंट @FactsBJP से एक एडिट वीडियो पोस्ट की। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाषण के अंश के साथ ही सांसद व अभिनेत्री कंगना रणौत के वीडियो को एडिट कर उसे आपत्तिजनक बनाकर दिखाया गया है। वहीं, एक्स पर इजहार आलम नामक युवक ने अपने अकाउंट @Izharalam00786 से मुख्यमंत्री का एक और एडिट वीडियो पोस्ट किया है। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

छत पर मिली युवक की लाश

लखनऊ। लखनऊ के हजरतगंज इलाके में 28 साल के युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। युवक गोमती रेजीडेंसी में सुरक्षा कर्मचारी के तौर पर तैनात था। वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा और शनिवार सुबह करीब 6 बजे युवक का शव छत पर मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, अमित पांडेय (30) पुत्र सत्येंद्र पांडेय गोमती रेजीडेंसी में गार्ड व क्लीनर की नौकरी करता था। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता था। शुक्रवार रात को वह घर नहीं पहुंचा। पत्नी ने कई बार फोन कॉल किया लेकिन अमित ने फोन नहीं उठाया। सुबह जब उसकी तलाश की जाने लगी तो वह छत पर ही मृत अवस्था में पाया गया। घबराई पत्नी ने तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। बताया जा रहा है कि युवक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। मृत युवक अमित के परिजनों ने उसकी हत्या की अशंका जताई है। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्टर आने के बाद कुछ साफ हो पाएगा। फिलहाल पुलिस हर एंगल पर जांच कर रही है।

महिला को बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

लखनऊ। लखनऊ के माल क्षेत्र में एक महिला को घर में बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने बीमारी का हवाला देकर महिला को अपने घर लाया और उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मसीढ़ा हमीर निवासी आरोपी राजन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हमारी बड़ी बहन की ससुराल माल थाना क्षेत्र में है। घटना 9 जून की है। मसीढ़ा हमीर का रहने वाला आरोपी राजन हमें फोन किया। उसने मेरी बहन की तबीयत खराब होने की जानकारी दी। इतना सुनते ही मैं घबरा गई। मैं बहन के घर जाने के लिए तैयार होने लगी, तभी आरोपी मेरे घर पहुंच गया। वह अपने साथ गाड़ी पर बैठाकर बहन के घर न लेजाकर अपने घर ले गया। यहां उसने हमें बंधक बना लिया। वह मेरे साथ कई बार दुष्कर्म किया। अगले दिन एक अन्य युवक बाइक से छोड़ने आया। वह बीच रास्ते में छोड़ा और घटना के बारे में किसी से न कहने की बात कही। बोला अगर किसी से कुछ बताया तो जान से मार देंगे। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी का कहना है कि महिला हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसने शुक्रवार को प्रार्थना-पत्र दिया है। राजन के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मलिहाबादी दशहरी आम अमेरिका-जर्मनी रवाना

मलिहाबाद। लखनऊ का वर्ल्ड फेमस मलिहाबादी दशहरी आम की डिमांड विदेशों में भी है। इस सीजन की पहली खेप जर्मनी और अमेरिका के लिए रवाना कर दी है। इस खेप में 1100 क्विंटल मलिहाबादी दशहरी आम है। यह खेप हरदोई रोड के रहमान खेड़ा मैंगो पैक हाऊस से भेजा गया है। आम का यह कंटेनर से पहले दिल्ली और फिर फ्लाइट से जर्मनी व अमेरिका के लिए भेजा जाएगा। यह पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी विदेशों में आम भेजा जा गया है। इस सीजन का यह पहला मौका है, मशहूर आम का कंटेनर रवाना किया गया है। बताया जा रहा है कि दशहरी के अलावा चौसा और लंगड़ा आम भी बाहर भेजने की तैयारी चल रही है। रहमान खेड़ा मैंगो पैक हाउस से इससे पहले नेपाल, रूस, फ्रांस और भूटान आदि देशों में आम की सप्लाई की जा चुकी है। पैक हाउस के अकरम ने बताया कि इस बार की यह पहली खेप है, जो जर्मनी व अमेरिका भेजी गई है। इसकी आगे की भी हम तैयारी कर रहे हैं। केंद्रीय बागवान संस्थान के निदेशक टी दामोदर ने बताया पहली बार अमेरिका और जर्मनी में आम की खेप भेजी गई है।

भाषा विश्वविद्यालय के छात्र सीखेंगे प्रोग्रामिंग और कोडिंग

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कोडिंग और प्रोग्रामिंग कोर्स के नए बैच की शुरुआत हुई। स्वदेश संस्था और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसलि ऑफ इंडिया के साथ सैमसंग इनोवेशन कैंपस प्रोग्राम के तहत कोडिंग और प्रोग्रामिंग बैच शुरू किया गया। बैच के 100 छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम चार दिवसीय हैकाथॉन के साथ समाप्त होगा। विश्वविद्यालय की पीआरओ डा रुचित सुजाय चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच तकनीकी शिक्षा और कौशल को बढ़ाना देना है।

प्रो. अमित कुमार सिंह बने संकायाध्यक्ष

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन विभाग के प्रो. अमित कुमार सिंह को स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स का संकायाध्यक्ष नियुक्त किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनएमपी वर्मा ने प्रो. अमित कुमार सिंह को पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। इसके अतिरिक्त विभाग के अन्य शिक्षकों ने भी प्रो. अमित कुमार सिंह को बधाई एवं शुभकामना दी।

गलत टैक्स पर भड़कीं मेयर

अधिकारियों से पूछा- लोगों को क्यों लौटा रहे, 245 लोगों का टैक्स हुआ कम

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। जीआईएस समाधान दिवस में 245 लोगों टैक्स सही किया गया। कुछ लोगों को बिना हाउस टैक्स बिना सही किए वापस किए जाने पर मेयर ने अधिकारियों को फटकार भी लगाई। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने खुद लोगों की शिकायतों को सुना और सभी जोनल अधिकारियों को शत-प्रतिशत निपटारा करने की बात कही।

मेयर से लोगों ने की शिकायत: शुक्रवार को मेयर सुषमा खर्कवाल नगर निगम कार्यकारिणी की मीटिंग के लिए आ रही थीं। तभी कुछ लोग उनके पास पहुंचे और बताया कि बिना हाउस टैक्स सही किए ही उन्हें वापस कर दिया गया। इस पर मेयर ने सभी लोगों को कैंप में बुलाया।

मेयर ने पूछा लोगों को लौटाने का कारण: अधिकारियों से लोगों को लौटाने का कारण पूछा, किसी ने सही जवाब नहीं दिया। इसपर मेयर नाराज हो गईं और मौके पर ही फटकार लगाई। मेयर ने कहा- जब कैंप लगा है तो मौके पर ही मामलों का निस्तारण होना चाहिए। उसके बाद बिल सही किया गया।

मेयर ने जीआईएस मैपिंग को बंद करने को कहा: मेयर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को पत्र लिखकर जीआईएस मैपिंग को बैन करने के लिए कहा था। उसके बाद ही कैंप शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि जीआईएस मैपिंग पर रोक लगाया जा सकता है। शहर में करीब 2 लाख 41 हजार लोगों का हाउस टैक्स जीआईएस सर्वे से आया है।

सही किया गया टैक्स: लखनऊ के हरजीत सिंह के भवन का जीआईएस सर्वे के बाद वार्षिक मूल्यांकन 12240 रुपए कर दिया गया। ओम प्रकाश यादव के भवन का वार्षिक मूल्य 17640 से घटकर 6912 रुपए कर दिया गया। ऊषा गोविल का 58500 से 27416.25 रुपए, शशि शुक्ला का 26460 से 9720 रुपए, चंद्रशेखर का 35100 से 19440 रुपए, किरन जायसवाल का 16560 से 4500 रुपए कर दिया गया।

मोहनलालगंज तहसील पर अधिवक्ताओं ने हंगामा किया

मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिवक्ता की लिखित शिकायत पर मुकदमा दर्ज नहीं होने से नाराज अधिवक्ताओं ने हंगामा किया। अधिकारियों ने उनको मनाने की कोशिश की। मौके पर फरियादियों की शिकायत सुन रहे एसडीएम ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद वकीलों का कहना था कि उन्हें एसडीएम से कोई शिकायत नहीं है। पुलिस से शिकायत है। अधिवक्ताओं की नाराजगी एसीपी मोहनलालगंज से थी। अधिवक्ताओं ने कहा कि पुलिस एकपक्षीय कार्रवाई कर रही है।

165 अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

विरोध करने आए लोगों को खदेड़ा, बिजली काटी तब निकले लोग

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। अकबरनगर प्रथम में कार्रवाई के दूसरे दिन एलडीए व जिला प्रशासन की टीम ने 165 अवैध निर्माण जमींदोज किए और शनिवार सुबह फिर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हो गई। इस दौरान कुछ लोग विरोध करने आए तो उन्हें सुरक्षा बलों ने खदेड़ दिया। उधर, शुक्रवार को भी लोग यहां से विस्थापित होते रहे। इन्हें बसंत कुंज योजना के प्रधानमंत्री आवास में शिफ्ट कराया जा रहा है।

अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में अब तक कुल 614 अवैध निर्माण ध्वस्त किए जा चुके हैं। इस अभियान में 15 पोकलेन मशीन, 12 जेसीबी और 15 वाटर टैंक लगाए गए हैं। सुबह सात से दोपहर दो बजे तक और फिर तीन बजे से रात आठ बजे तक कार्रवाई चल रही है। शुक्रवार को अकबरनगर के 79 आवंटियों को प्रधानमंत्री आवास का कब्जा दिया गया। एलडीए के संयुक्त सचिव एसपी सिंह ने बताया कि अब तक 971 आवंटियों को कब्जा दिया जा चुका है। इसके अलावा 1800 अध्यासियों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित किए गए हैं और सभी लोगों को आवंटन पत्र दिया जा चुका है। शुक्रवार को 42 लोडर वाहनों से लोगों का सामान लादकर आवंटित आवास तक पहुंचाया गया।

बिजली कटी, तब खाली किया मकान: अकबरनगर प्रथम में कुछ लोग मकान नहीं खाली कर रहे थे। प्रशासन के कई बार कहने पर भी इन्होंने सामान नहीं निकाला तो इनके मकानों की बिजली काट दी गई। बिजली-पानी की आपूर्ति बंद होने पर सभी मकान खाली करने लगे।

फ्रीज खाते से भुगतान को फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर ने भेजा लेटर

लखनऊ। सीबीआई के आदेश पर फ्रीज बैंक खातों को खुलवाने के लिए एक बार फिर प्रयास किया गया। 24 मई को गाजीपुर कोतवाली में पीएनबी एचएएल शाखा प्रबंधक ने फर्जी लेटर भेजे जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। ऐसा ही लेटर गोमतीनगर विवेकखंड स्थित पीएनबी ब्रांच मैनेजर को भी मिला। उन्होंने खाताधारक और लेटर भेजने वाले कथित सीबीआई अधिकारी के खिलाफ गोमतीनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। विवेकखंड शाखा के मुख्य प्रबंधक अजय पाण्डेय के मुताबिक सीबीआई सेंचुरी एल्कोवेव, एसोसिएटेड ट्रेडर्स, सेंचुरी वाइन लिकर्स, तिवारी ब्रदर्स, शान ए अवध बीयर बार के साथ रोशनी त्रिपाठी, सुधीर त्रिपाठी के खाते फ्रीज किए गए थे। इन खातों को अनफ्रीज करने के लिए 12 अप्रैल को सीबीआई का एक लेटर बैंक में रिसीव हुआ। इस पर सीबीआई इंस्पेक्टर अमित त्रिपाठी के हस्ताक्षर थे।

अब डेंगू के कहर से मिलेगी राहत जल्द आएगा बचाव का टीका

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। केजीएमयू ने ट्रायल शुरू कर दिया है। सफल होने पर इसका इस्तेमाल शुरू किया जाएगा। इससे बारिश के बाद हर साल फैलने वाले डेंगू के कहर से जल्द राहत मिल सकेगी।

हर साल बारिश के बाद पूरा शहर डेंगू के कहर से जूझता है। जल्द ही इससे निजात मिलेगी। पोलियो, खसरा और टीबी के साथ अब डेंगू से बचाव का टीका भी होगा। केजीएमयू में इसका ट्रायल शुरू हो चुका है। परीक्षण में सफल पाए जाने पर इसका इस्तेमाल शुरू हो जाएगा।

केजीएमयू के संक्रामक रोग प्रभारी डॉ. डी हिमांशु ने बताया कि इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च ने संस्थान को ट्रायल के केंद्र के रूप में मान्यता दी है। आईसीएमआर ने इंडियन क्लीनिकल ट्रायल ऐंड एजुकेशन नेटवर्क के तहत एडवांस सेंटर फॉर क्लीनिकल ट्रायल के लिए केजीएमयू का चयन किया है। ट्रायल शुरू होने के बाद इन रिसर्च के आधार पर इलाज की प्रक्रिया और दवाओं का निर्माण हो सकेगा। इसी के तहत टीके का ट्रायल शुरू किया गया है। इस दौरान टीके का इस्तेमाल पहले जानवरों पर किया जाएगा। इसमें सफलता मिलने पर इसे इंसानों को लगाया जाएगा।

केजीएमयू में इस समय संक्रामक रोग, न्यूरोलॉजी और लिवर की बीमारियों पर क्लीनिकल ट्रायल चल रहा है। आईसीएमआर से नाम मांगे जाने के बाद केजीएमयू ने इन विभागों के नाम भेजे थे। अगले चरण में अन्य विभाग तथा दवाओं पर ट्रायल शुरू किया जाएगा।

योगा टीचर का शव मिला

दिल्ली से योगा सिखाने आए थे, पुलिस को शक- हार्ट अटैक से हुई मौत

राज्य अतिथि गृह के कमरे में पड़ा मिला योग प्रवक्ता का शव

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के हजरतगंज के मीरा बाई मार्ग स्थित राज्य अतिथि गृह सरयू में ठहरे योग प्रवक्ता गुरु देव का शव शनिवार सुबह कमरे में बिस्तर पर अर्धनग्न अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस का मानना है कि उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई है। एसीपी हजरतगंज अरविंद कुमार ने बताया कि दिल्ली के लक्ष्मीनगर निवासी डॉक्टर गुरुदेव (44) दिल्ली स्थित मोरारजी देसाई योग इंस्टीट्यूट में योग प्रवक्ता थे।

वह बाजारखाला के टूड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में होने वाले योग कार्यक्रम में बतौर गेस्ट लेक्चरर शामिल होने के लिए शुक्रवार को आए थे। शाम सात बजे उन्होंने राज्य अतिथि गृह सरयू के प्रथम तल पर स्थित कमरा नंबर-23 में चेक इन किया था।

शनिवार को उनको कार्यक्रम में शामिल होना था तो कार्यक्रम के आयोजक ने उनको फोन कर संपर्क किया, पर उनका फोन नहीं उठा। कई बार कॉल करने के बाद भी जब कॉल नहीं उठी तो वह लोग गेस्ट हाउस पहुंचे। उन लोगों ने उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया पर कोई जवाब नहीं मिला।

अनहोनी की आशंका पर पुलिस को सूचना दी गई। इस बीच डॉक्टरों की एक टीम भी मौके पर पहुंच गई। कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो गुरुदेव का अर्द्धनग्न शव बेड पर पड़ा मिला। पैर में मौजा मौजूद था और शरीर पर शर्ट भी थी। पुलिस ने छानबीन के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया।

एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की। पुलिस ने उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी ने बताया कि उनके परिजनों को सूचना दे दी गई। अभी तक की जांच में ऐसा लग रहा है कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई।

शरीर पर किसी तरह के चोट के कोई निशान भी नहीं थे। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह पता चल सकेगी और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ज्वेलरी शॉप में महिला ने की चोरी

सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात

सोने का आभूषण चप्पल में फंसाया फिर हो गई चंपत

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ के तालकटोरा एरिया राजाजीपुरम के मिनी ज्वेलर्स की दुकान पर महिला द्वारा चोरी करने का मामला सामने आया है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस से शिकायत की है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, सीसीटीवी में साफ देखा जा सकता है कि काले रंग का सलवार-सूट और स्लीपर पहनकर एक महिला दुकान में दाखिल होती है। वह सेल्समैन से बात करती है और ज्वेलरी दिखाने के लिए कहती है। जैसे ही सेल्समैन दूसरी ज्वेलरी दिखाने के लिए घूमता है, महिला एक ज्वेलरी अपने पैरों में छिपा लेती है। फिर वह कुछ देर तक वह दुकानदार और सेल्समैन से बात करती है और फिर बिना कुछ परचेज किए बाहर निकल जाती है। बाहर निकलकर वह पैरों में फंसा गोल्ड निकालती है और पर्स में रखकर बाहर निकल जाती है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया की वायरल वीडियो और पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच शुरू की गई है।

फर्नीचर शोरूम में लगी आग

लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास की घटना, फायर टेंडर की 3 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

200 दुकानें जलने से बचीं

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास फर्नीचर शोरूम में आग लग गई। आग लगने के बाद हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। शनिवार सुबह 10 बजे अचानक दुकान में रखी प्लास्टिक की कुर्सी में आग लग गई।

वहां मौजूद लोगों ने खुद आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन बुझने की जगह आग बढ़ती चली गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इस दौरान धुंए का गुबार लगातार उठता रहा। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्लास्टिक ट्रेडर्स शॉप के मालिक संजीव जायसवाल ने बताया- सुबह करीब 10 बजे के आसपास आग लगी है। आग के कारण का पता नहीं चला है। लेकिन शॉर्ट सर्किट होने से ही आग लग सकती है। संजीव ने बताया कि करीब 5 लाख से ज्यादा का माल जल गया है।

लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास लाइन से करीब 200 दुकानें हैं। किसी भी दुकान के बीच में गैप नहीं है। ऐसे में अगर आग तेजी से बढ़ती तो एक के बाद एक दुकान में आग लग सकती थी। इसके अलावा बिल्डिंग के पीछे शक्तिनगर ढाल इलाका है। यहां पर घनी आबादी रहती है।

दरअसर, घटना के समय अकबरनगर में ही फायर ब्रिगेड और प्रशासन की पूरी टीम मौजूद थी, ऐसे में जानकारी मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

बुजुर्ग माता-पिता को प्रताड़ित करने में बेटे और बहू आगे

लखनऊ। हेल्पएज इंडिया ने 10 राज्यों के 20 टियर प्रथम और टियर द्वितीय शहरों में सर्वे किया। इसमें 5169 बुजुर्गों और 1333 देखभालकर्ता के प्राथमिक परिवार के सदस्यों का सर्वेक्षण किया गया। हेल्पएज इंडिया के राज्य प्रमुख अनूप पंत ने बताया कि सर्वे में सामने आया कि बुजुर्ग के साथ दुर्व्यवहार में बेटे सबसे आगे हैं। 42 फीसदी बेटे माता-पिता को प्रताड़ित करने में शामिल पाए गए हैं। वहीं 28 प्रतिशत बहू सास-ससुर को प्रताड़ित करने में शामिल मिली हैं। स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए बुजुर्गों ने टेक्नोलॉजी का उपयोग कम किया है। पिछले एक साल में 1.5 फीसदी बुजुर्गों ने ही स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए टेली-परामर्श सेवाओं का इस्तेमाल किया है। केवल 31 प्रतिशत बुजुर्ग व्यक्तियों ने स्वास्थ्य बीमा का लाभ लिया। कवरेज मुख्य रूप से आयुष्मान भारत कार्यक्रम (एबीपी) प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई), ईएसआई और सीजीएचएस के तहत थी।

हाथ की नस काटकर थाने पहुंचा सिरफिरा

लड़की से कर रहा था छेड़छाड़, मां बोली- दोनों एक दूसरे को बहुत चाहते हैं

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ में एक युवक हाथ की नस काट कर थाने पहुंच गया। पुलिस ने घायल को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया है। यहां उसका इलाज जारी है। घायल युवक का नाम शिवा रावत है। बताया जा रहा है कि उसने एक युवती को रास्ते में रोका था। उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था। युवती ने विरोध किया तो उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। युवती की भी हालत गंभीर है उसका इलाज लोकबंधु अस्पताल में चल रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही युवक की मां अस्पताल पहुंची। उसने बताया कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे। आज किस बात को लेकर दोनों के बीच लड़ाई हुई यह जानकारी नहीं है। दोनों पहले साथ में पढ़ाई करते थे। तभी से एक-दूसरे को चाहने लगे थे। अब दोनों ने पढ़ाई छोड़ दी है।

इधर, युवती को भी लोकबंधु अस्पताल में भर्ती किया गया है। युवती ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि आरोपी मेरा पड़ोसी है। मैं घर में साफ-सफाई का काम करती हूं। दोपहर 12 बजे के आसपास मैं तीन घरों का काम निपटाकर चौथे घर पर काम करने जा रही थी, तभी बीच रास्ते में शिवा मिल गया। वह नशे में धुत था। मेरा कपड़ा खींचने लगा। विरोध करने पर उसने उठाकर पटक दिया। इस दौरान उसने चाकू मारने की भी कोशिश की। वह मोबाइल छीन कर भाग गया। इससे पहले फोन कर हमें और परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी भी दिया था। प्रियम प्लाजा के पास लकड़ी के पिता की दुकान है। घटना के बाद लड़की के घर वाले जैसे ही थाने पहुंचे वैसे ही आरोपी दुकान पर पहुंच गया। यहां वह गाली गलौज शुरू कर दिया। दुकान में तोड़फोड़ भी करने लगा।

आरोपी शिवा रावत का इलाज होने के बाद लोकबंधु अस्पताल से साढ़े 4 बजे वापस आशियाना थाने लेकर पहुंची है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि लड़की पक्ष के लोग उन्नाव जनपद के विषपरी थाना इलाके के अजगैन के रहने वाले हैं।

व्यवसायी को चौकी में बंद कर पीटा

पुलिसकर्मी बोले- धंधा करना है तो 1 लाख रुपये दो, आडियो वायरल

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मौरंग व्यवसायी ओमजी तिवारी को पुलिसकर्मियों ने टीपी नगर चौकी में बंद कर जमकर पीटा। जेल भेजने की धमकी दी। इसके बाद 50 हजार रुपये वसूल कर छोड़ दिया। मामला तूल पकड़ा तो पुलिस कर्मी, व्यवसायी से फोन पर बात कर मान मनौव्वल करने लगे।

पुलिस कर्मियों की बातचीत इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गई। ओमजी ने कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को भी प्रार्थनापत्र भेजा था। इसके बाद पुलिस उपायुक्त दक्षिणी तेज प्रताप सिंह ने इंस्पेक्टर सरोजनीनगर की रिपोर्ट पर सिपाही शिवानंद को शुक्रवार रात निलंबित कर दिया। अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका की जांच एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी को सौंपी गई है।

धंधा करना है तो एक लाख रुपये दो: ओमजी ने बताया कि पुलिस कर्मियों ने कहा कि अगर यहां धंधा करना है तो एक लाख रुपये दो। नहीं तो गांजा और स्मैक तस्करी में जेल भेज दूंगा। धमकाते और मारते रहे। अंत में 50 हजार रुपये पर बात तय हुई। रुपये लेकर पुलिस कर्मियों ने छोड़ा।

ओमजी ने चौकी से छूटने के बाद अपने कुछ परिचितों को जानकारी दी। इसके बाद इंटरनेट मीडिया पर मैसेज प्रसारित हो गया। मैसेज प्रसारित होने के बाद पुलिस कर्मियों ने माडवाली के लिए ओमजी को फोन किया। फिर किसी मौर्या ने ओमजी को फोन कर पुलिस कर्मियों को दिए गए रुपये वापस कराने की बात कही।

उत्तर में ओमजी ने कहा कि उन्होंने किसी से रुपये पुलिस कर्मियों को देने की बात नहीं बताई है। शुक्रवार को मौर्या और पुलिस कर्मियों की बातचीत का आडियो भी वायरल हो रहा है। पुलिस उपायुक्त ने मामले का संज्ञान लिया और इंस्पेक्टर सरोजनीनगर शैलेंद्र गिरी को जांच सौंपी। इंस्पेक्टर की रिपोर्ट के बाद शिवानंद को निलंबित कर दिया गया।

लात-घूसों से जमकर पीटा

पीड़ित ओमजी तिवारी ने बताया कि वह पारा प्रगति विहार के रहने वाले हैं। मौरंग और बालू के व्यवसायी हैं। ओमजी के मुताबिक गुरुवार तड़के पांच बजे वह मंडी पहुंचे। मंडी में नौ नंबर पार्किंग के पास मौरंग वाले ट्रक के पास खड़े थे। इस बीच दारोगा अनुज, सिपाही शिवानंद और तीन अन्य सिपाही पहुंचे। गाली-गलौज करते हुए पकड़ा और चौकी लेकर चले गए। चौकी में जमीन पर बैठाया। लात-घूसों से जमकर पीटा।

संक्षिप्त खबरें

नौकरी देने का झांसा देकर 2.17 लाख ठगे

गाजियाबाद। कविनगर के गोविंदपुरम की रहने वाली पूजा को शातिरों ने जाल में फंसाकर 2.17 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने इंस्टाग्राम पर डाटा एंट्री की नौकरी का लिंक भेजकर ठगी की। मामले में उन्होंने कविनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पूजा का कहना है कि उनके पास इंस्टाग्राम पर एक लिंक आया। जिसे खोलने पर डाटा एंट्री करने की नौकरी के संबंध में जानकारी मिली। इसके बाद लॉगिन करने पर उनसे रुपये मांगे गए और बताया कि कमीशन के साथ रुपये वापस मिल जाएंगे। इसके बाद उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया। जहां उन्हें एक व्यक्ति ने काम से संबंधित जानकारी दी। विश्वास में आकर उन्होंने कई बार में 2.17 लाख रुपये दे दिए लेकिन उन्हें रुपये वापस नहीं मिले। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि ठगी की रकम को फ्रीज करने का प्रयास किया जा रहा है। महिला के खाते से 2.65 लाख रुपये निकाले = नेहरूनगर निवासी मंजू यादव के खाते से ठगों ने 2.65 लाख रुपये निकाल लिए। उनका कहना है कि इस ट्रांजेक्शन के संबंध में उनके पास न कोई कॉल आई और न ओटीपी। इसके बावजूद उनके खाते से रुपये निकल गए। मामले में उन्होंने सिहानी गेट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। एसीपी नंदग्राम का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

बेवफा पत्नी की जुदाई में पति ने खाया विषाक्त

एटा। पत्नी की बेवफाई से पति इस कदर परेशान दिखा कि उसने आत्महत्या करने का फैसला कर लिया। अपने मासूम दो बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हुई पत्नी की जुदाई पति बर्दाश्त ना कर सका और उसने जान देने का फैसला कर डाला। विषाक्त खाने के बाद हालत बिगड़ने पर बहन द्वारा उसे जिला मेडिकल कॉलेज पर भर्ती कराया गया जहां उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत में सुधार बताते हुए उसे घर भेज दिया। पूरा मामला थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत शिवगंज का है जहां युवक निक्की पुत्र सूरजपाल उम्र लगभग 25 वर्ष ने घर पर ही चूहामार दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, हालत बिगड़ने के बाद बहन गुड़िया द्वारा उसे जिला मेडिकल कॉलेज पर भर्ती कराया समय से मिले उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत में सुधार बताते हुए उसे घर भेज दिया। पूछताछ करने पर बहन गुड़िया ने बताया कि उसकी भाभी प्रियंका 4 महीने पूर्व अपने प्रेमी के साथ दो मासूम बच्चों को छोड़कर फरार हो गई। इसके बाद से ही भाई निक्की परेशान चल रहा था हाल ही में भाभी प्रियंका घर आई और 4 वर्ष की बेटी को अपने साथ लेकर चली गई इसके बाद निक्की ने पत्नी को समझने का प्रयास किया लेकिन उसने एक न मानी बाद में निक्की ने कमरे में जाकर घर में रखी चूहेमार दवा को खाकर जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया।

फर्जी सोने की ईंट दिखाकर ठगी करने वाले गिरफ्तार

निघासन-खीरी। क्षेत्र में प्रतिरूपित सोने की ईंट का गिरोह सक्रिय था जिसके चलते कई मासूम लोग इसके चंगुल में जा फंसे साथ ही ठगी का शिकार भी हुए जबकि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अपराधियों को धर दबोचा चलिए आपको बता दें कि पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के निर्देशन में जनपद स्तर पर चलाये जा रहे वारण्टी,वांछित व संदिग्ध अभियुक्तों व ठगी करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी निघासन प्रवीण कुमार यादव के पर्यवेक्षण में साथ ही कार्यवाहक प्रभारी थाना निघासन उप निरीक्षक आदित्य कुमार यादव के कुशल नेतृत्व में निघासन पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण दिनेश कुमार उर्फ बाबा पुत्र गेंदूलाल निवासी सेमरपुरवा मजरा मिर्जागंज,विनोद कुमार पुत्र मनोहर लाल निवासी ग्राम जम्होरा व राजेश सिंह पुत्र राम अचल निवासी प्रतापगढ़ मजरा मूडाबुजुर्ग को ग्राम बस्तीपुरवा में स्थित आम के बाग से पुलिस हिरासत में लिया गया जैसा कि जामा तलाशी से प्रतिरूपित सोने की ईंट,आठ लाख रुपये व एक अदद मोटर साइकिल प्लेटिना (क्र31क्क्ष 3411) की बरामदगी हुई साथ ही अभियुक्त गणों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए धारा 406,411 व 420 के तहत अभियुक्त गणों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया साथ ही कार्यवाही की गई कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार तिवारी, कांस्टेबल दिनेश कुमार,राजकुमार यादव आदि मौजूद रहे।

बदलती जीवनशैली में योग से रोग निदान

लखीमपुर-खीरी। जनपद खीरी के धौरहरा छेत्र के उच्च शिक्षा में अग्रणी चौधरी बेचेलाल महाविद्यालय में शारिरिक एवम मानसिक विकास हेतु शिक्षा के साथ साथ योग को महत्वपूर्ण साधन माना है ,कॉलेज के प्राचार्य के द्वारा योगाभ्यास शुरू कराया गया, जिसमें अध्यापक केके वर्मा का बहुत बड़ा योगदान रहा,कॉलेज के स्टॉफ के साथ साथ छात्र एवम छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । लगातार बदलती जीवनशैली के कारण बीमारियों से लड़ने की शक्ति कम हो रही हैं जिसे प्राकृतिक चिकित्सा में योग के द्वारा सही किया जा सकता है एवम रोगों से लड़ने की ताकत मिलती हैं । समस्त महाविद्यालय परिवार ने मिलकर योग सेसन को सफल बनाया।

अयोध्या यात्रा का आगरा में जोशीला स्वागत

आगरा। सुमेरपुर राजस्थान से श्रीजी सनातन सेवा संस्थान के तत्वावधान में अयोध्या जा रही यात्रा का शुक्रवार को गुरु का ताल के पास स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर भव्य आरती के साथ स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश की महिला विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने हनुमान गदा का पूजन किया और कहा कि यह यात्रा लोक कल्याण के उद्देश्य से हो रही है मैं कामना करती हूँ इसके सभी मनोरथ सिद्ध हों। स्वागताध्यक्ष पूरन डावर ने इस मौके पर कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमें हमारी सनातन संस्कृति से जोड़ते हैं। यात्रा का नेतृत्व कर रहीं आचार्य दीदी डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़ ने श्री राम रथ में विराजमान पंचधातु से निर्मित 1100 किलो के विशाल राम धनुष एवं 1600 किलो हनुमान गदा के आध्यत्मिक महत्त्व पर प्रकाश डाला। आरती महंत योगेश पुरी ने की। इस मौके पर नरपत परिहार, सूरजपाल सिंह, पं. रमेश दवे, महेंद्र दवे, बिशन सिंह देवड़ा, राजीव वासन, डॉ. सुशील गुप्ता, सुधीर नारायण, उषा सोनी, दुर्गा गहलोत, सरस्वती, अजय शर्मा, ब्रजेश शर्मा, अविनाश वर्मा, पवन आगरी, महेंद्र कुमार शर्मा, श्याम भदौरिया, अशोक चौबे, कैलाश चंद्र सारस्वत, डॉ. पंकज नगाइच, संजय गोयल, शकुन बंसल, हरि नारायण चतुर्वेदी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने सुनी जन समस्याएं

ग्राम स्तरीय कर्मचारी गांव में कैम्प लगाकर लोगों की समस्याओं को निस्तारित कराएं, लापरवाही नहीं चलेगी: डीएम

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की समाप्ति के उपरान्त शासन के निर्देशों के क्रम में जनशिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत माह के तृतीय शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने एसएसपी राजेश कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ तहसील एटा सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग कर जनता की समस्याओं को सुना।

डीएम ने कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण को लेकर शासन बेहद गंभीर हैं, मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा भी समीक्षा के दौरान जनशिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त जनशिकायतों को गंभीरता से लें, शिकायतों के निस्तारण में खानापूर्ति नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी अपनी पूरी टीम को एक्टिव करें, प्रथम बार में ही शिकायत को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित किया जाए। उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी अपने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करें।

ग्राम स्तरीय कर्मचारी यथा लेखपाल, पंचायत सचिव, सफाईकर्मी, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की उपस्थिति गांव में शतप्रतिशत सुनिश्चित करें। गांव में कैम्प लगाकर लोगों की समस्याओं को निस्तारित किया जाए। तो वहीं वीएचएनडी सत्रों के आयोजन की नोडल अधिकारी निरीक्षण कर मॉनीटरिंग करें तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों की सूची दें। यदि किसी भी गांव में लापरवाही बरती गई, तो संबंधित कर्मचारी पर कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।

तहसील एटा सदर में कुल 52 प्राप्त शिकायतों में से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील जलेसर में एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चैधरी ने एसडीएम राज कुमार मौर्य, तहसीलदार राजीव फौजदार सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में जन समस्याओं को सुना।

पीस कमेटी की बैठक आयोजित

एटा। जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अलीगढ़ मंडल आयुक्त, महानिरीक्षक अलीगढ़ रेंज अलीगढ़, जिलाधिकारी एटा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा गंगा दशहरा, ईद अल-अजहा तथा अन्य आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कलैक्ट्रेट सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर शान्ति पूर्ण एंव सौहार्द पूर्ण माहौल बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी। जनपद एटा में कानून तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत शनिवार को अलीगढ़ मंडल आयुक्त श्रीमती चैत्रा वी, महानिरीक्षक अलीगढ़ रेंज अलीगढ़ शलभ माथुर, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा गंगा दशहरा, ईद अल-अजहा तथा अन्य आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी धर्मों के धर्म गुरुओं तथा संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी।

ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री में आग लगने से मची दहशत

लोकमित्र ब्यूरो

लोनी। ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में पॉलिथीन बनाने की फैक्टरी में शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर लोनी और साहिबाबाद फायर स्टेशन से दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में पॉलिथीन बनाने की फैक्टरी में शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर लोनी और साहिबाबाद फायर स्टेशन से दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। आसपास की चार से पांच फैक्टरियां खाली कराई गई हैं।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने लगातार आग फैलने पर जनपद के फायर स्टेशनों को अलर्ट किया है। उन्होंने बताया कि आज को काबू करने का काम तेजी से चल रहा है। अभी तक फैक्ट्री में किसी के फंसे होने की सूचना नहीं है। फैक्ट्री मालिक प्रकाश कुमार और अन्य उद्यमी आग को काबू करने में दमकल कर्मियों की मदद में जुटे हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में पैकेजिंग कंपनी में आग लगने के बाद अभी तक मेरठ, बागपत, नोएडा और गाजियाबाद से गाड़ियां मंगाई गई हैं। अभी आग पर पूर्ण रूप से काबू नहीं पाया गया है। दमकल कर्मी कड़ी मशक्कत से आसपास की फैक्टरियों को चारों तरफ से घर कर आग बुझाने में जुटे हुए हैं। सूचना पर दमकल विभाग के एडीजी अमन शर्मा ने भी मौके का निरीक्षण किया है। इस बीच तेज हवा चलने से कंपनी में केमिकल के ड्रम तेज धमाके के साथ फट रहे हैं।दमकल विभाग के कर्मी आग बुझाने में सुबह से लगे हुए हैं। आग के अधिक तापमान से दो फैक्टरी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

धैर्य एवं कायरता दोनों अलग चीज:रामहर्ष

लखीमपुर-खीरी। तारीफ करनी होगी हिन्दुओं के धैर्य एवं सहन शीलता की। मजाल है जो जातिवाद नामक जाल से बाहर निकलने के लिए या उसे लेकर हमेशा के लिए उड़ जाने हेतु कभी एक साथ खड़े भी हो जाये, विरोध तो करने से रहे। तक्षशिला जल गई हम धैर्य वान बने रहे, आज अयोध्या हार गए हम धैर्य वान बने हैं, दर असल ये धैर्य नही है आपकी हकीकत है, आप बना ही ऐसे दिये गए हैं। सच में जो आज आप हैं आप एक वो डिजाइन मात्र हैं जिसकी आज से कइयों वर्ष पूर्व बनाने की शुरुआत हुई थी। धैर्य एवं कायरता दोनों अलग ही चीज हैं। आपको अहिंसा परमो धर्म का उपदेश देने वाले स्वयं इस बात को कहते थे कि धर्म और राजनीति अलग नही हो सकती और राजनीति को आप सभी भली भांति जानते ही हैं कि कितना अधर्म होता है। फिर अंहिसा परमो धर्म का क्या कहा जाय? इसमें कहां है अहिंसा और कहां है धर्म? अपने सिद्धांतों को साबित करने के लिए चाहे वो मैकाले हो, पेरियार हो, गाँधी हो, सबने भारतीयों की सहनशीलता को आधार मानकर उन पर हमेशा अपने सिद्धांतों के प्रयोग किये हैं।

झोलाछाप डॉक्टर ने लगाया गलत इंजेक्शन मरीज की हुई मौत

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। जनपद के कस्बा व थाना सकीट में झोलाछाप डॉक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। व्यक्ति की मौत के बाद झोलाछाप चिकित्सक क्लिनिक छोड़कर फरार हो गया क्लीनिक पर मौजूद स्टाफ ने क्लीनिक संचालक के कहने पर मृतक को जिला मेडिकल कॉलेज पर भर्ती कराया और मौके से फरार हो गए मौत की खबर लगते ही घर में मातम पसर गया। आपको बता दे पूरा मामला कस्बा व थाना सकीट क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद का है जहां प्रमोद पुत्र धनपत सिंह उम्र 45 वर्ष जो कि खांसी की दवा लेने के लिए कस्बा सकीट में चौधरी बदन सिंह विद्यालय के समीप स्थित राधा कृष्णा क्लीनिक पहुंचा तो डॉक्टर द्वारा उसे इंजेक्शन लगा दिया गया जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी और उसकी मौत हो गई।

क्लीनिक पर मौजूद मृतक के गांव के ही लोगों ने बताया कि खांसी की दवा लेने पहुंचे प्रमोद कुमार ने क्लीनिक संचालक डॉक्टर पुनीत राजपूत को अपनी परेशानी के बारे में बताते हुए उपचार की बात कही तभी डॉक्टर द्वारा उसे एक इंजेक्शन दिया गया जिसके लगते ही प्रमोद डॉक्टर से चक्कर आने की बात कहने लगा और उसकी हालत बिगड़ने लगी इस दौरान वह वही मेज पर गिर गया और उसकी मौत हो गई।

डॉक्टर ने मौजूद अपने स्टाफ कर्मियों से उसे जिला मेडिकल कॉलेज भिजवा दिया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया बताया गया कि राधा कृष्णा क्लीनिक का संचालक मौके से फरार हो गया।

मेरे खिलाफ चल रहा है षड्यंत्र: रवि प्रधान

मेरा किसी भूमि पर नहीं है कब्जा ना किसी जमीन पर हो रहा है भवन निर्माण: रवि प्रधान

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। मीडिया क्लब मे आज एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नयागांव के रवि प्रधान और भाजपा नेता ने कहा कि आज की कॉन्फ्रेंस मैंने एक महत्वपूर्ण विषय के संदर्भ में बुलाई है. वैसे तो आप सभी लोग मुझे भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष के रूप में जानते है लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि आज मै मंडल अध्यक्ष के नाते ना उपस्थित होकर अपने गांव का प्रधान और एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते आपके बीच में आया है।

रवि प्रधान ने कहा कि मेरा परिवार पिछले 40 वर्षों से निरंतर सामाजिक सेवा में है, और गांव के प्रधान के रूप में लोगों की सेवा कर रहा है। कुछ दिनों से एक सुनियोजित तरीके से मेरे खिलाफ षड्यंत्र चलाया जा रहा है जिससे मेरी छवि समाज में धूमिल हो इस षड्यंत्र में कुछ तथाकथित लोग सम्मिलित है जिनकी पृष्ठभूमि भूमाफिया और समाज में विकृत लोगों जैसी है उन लोगों के मंसूबे हैं हमेशा समाज को नुकसान पहुंचाने वाले रहते हैं।

मैं हमेशा ऐसे लोगों का विरोध किया है वह लोग किसी न किसी माध्यम से नोएडा विकास प्राधिकरण में गलत तथ्य प्रस्तुत करके मुझे किसी न किसी प्रकार की हानी पहुंचाना चाहते हैं इस षडयंत्र में नोएडा प्राधिकरण के कुछ अधिकारी व कर्मचारी भी सम्मिलित है जो बार-बार मेरी छवि को धूमिल करने पर उतारू रहते हैं मेरा किसी भी प्रकार का किसी भूमि कोई कब्जा नहीं है और ना ही किसी भी नई भूमि पर भवन निर्माण है नयागांव में किसी भी भवन के निर्माण को मुझे जोड दिया जाता है यह उचित नहीं है मैंने इसकी शिकायत प्राधिकरण के सीईओ एवं ओएसडी साहब से की है कि प्राधिकरण के कुछ अधिकारी इस प्रकार के षड्यंत्र में मेरी छवि धूमिल करने वाले लोगों का साथ दे रहे हैं, जो बर्दाश्ते काबिल नहीं है उच्च अधिकारियों ने मुझे कार्रवाई का भरोसा दिया है।रवि प्रधान ने बताया कि इस विषय में अपने पार्टी के जिला अध्यक्ष आदरणीय मनोज गुप्ता जी और शीर्ष नेतृत्व को भी अवगत करा दिया है वो लोग छवि धूमिल करने के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी को भी बदनाम करना चाहते हैं।

किराये के फ्लैट और होटलों में धड़ल्ले से चल रहा देह व्यापार

लोकमित्र ब्यूरो

साहिबाबाद । दिल्ली-नोएडा बॉर्डर से सटे इंदिरापुरम, साहिबाबाद, शालीमार गार्डन, टीला मोड़ थाना क्षेत्र के किराये के फ्लैट और होटल में देह व्यापार तेजी से बढ़ रहा है। हालत यह है कि जिन जगहों पर छापे की कार्रवाई हुई है, वहां गिरोह के सरगना और संचालिका साठगांठ से बंद ताले के पीछे भी बेधड़क यह काम कर रहे हैं। इंदिरापुरम क्षेत्र में इस तरह के मामले सबसे ज्यादा सामने आई हैं। पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि इंदिरापुरम में यह गोरखधंधा तेजी से बढ़ा है। एक जनवरी 2023 से दो जून 2024 तक पुलिस ने देह व्यापार का भंडाफोड़ कर नौ मुकदमे दर्ज किए हैं जिनमें मैनेजर और संचालक समेत 63 पुरुष गिरफ्तार हुए जबकि 75 महिलाएं व युवतियों को पकड़ा है। इनमें से सात युवतियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। दूसरी बड़ी कार्रवाई बीते वर्ष लिंकरोड थाना क्षेत्र में हुई।डीसीपी के निर्देश पर पेसेफिक मॉल के नौ स्पा सेंटर पर छापा मारकर 99 युवक-युवतियों को पकड़ा था। जांच के बाद 50 युवक गिरफ्तार किए जबकि दो महिला मैनेजर-संचालिकाओं को गिरफ्तार कर आठ युवतियों को बचाया था। जनवरी माह में शालीमार गार्डन पुलिस ने दो जगह छापा मारकर आठ पुरुष और सात संचालिकाओं को पकड़ा था। ऐसे में पुलिस होटल, फ्लैट और स्पा सेंटर से कुल 151 युवक-युवतियों को गिरफ्तार कर चुकी है। देह व्यापार पर छापे की कार्रवाई ने पुलिस सत्यापन पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्रांस हिंडन में 15 हजार रुपये प्रतिमाह से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक किराया देकर युवतियों को जबरन इस धंधे में धकेला जाता है। तुलसी निकेतन, शालीमार गार्डन डीएलएफ, नीतिखंड, वसुंधरा, लिंकरोड में हुई कार्रवाई ने खुफिया तंत्र को भी हैरानी में डाल दिया था ।

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद । वर्ष 2023 की भांति फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन ए ओ ए द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य आयोजन कल दिनांक 16 जून 2024 रविवार को राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र की वी वी आई पी सोसाइटी के क्लब में किया जाएगा।

आयोजन समिति की आज हुई बैठक में संस्था अध्यक्ष सचिन त्यागी ने बताया कि वर्ष 2016 से फेडरेशन इस प्रकार के सर्वहित आयोजन करती रही है, प्रस्तावित आयोजन हेतु मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित सांसद अतुल गर्ग, सम्मानित अतिथि राज्य मंत्री सुनील शर्मा, विशिष्ट अतिथि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण सचिव राजेश कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त अवनेन्द्र कुमार सिंह, कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी व डॉ. राम अवतार एवं प्रायोजक नारायणा अस्पताल समूह से मुख्य परिचालन अधिकारी नवीन शर्मा रहेंगे। आयोजन का पहला सत्र बच्चों हेतु होगा, जिसमें होने वाली ड्रॉइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में सम्पूर्ण राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के बच्चे भाग ले सकेंगे।

आयोजन के दूसरे सत्र में राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श हेतु एक गोल मेज सभा होगी जिसमें क्षेत्र की समस्त उपलब्ध ए ओ ए पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों एवं फेडरेशन द्वारा की गई चर्चा के माध्यम से प्राप्त निष्कर्ष से एक चार्टर तैयार व आयोजन के सभी हितधारकों के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षरित कर समस्याओं के समाधान हेतु आयोजन अतिथियों व सक्षम अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा। साथ ही अन्य सत्र में चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य और जीवनशैली पर बातचीत होगी, जिसमें उपस्थित अतिथिगण अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर स्पष्टीकरण पा सकेंगे। इस सत्र में फेडरेशन व नारायणा अस्पताल समूह के बीच अनुबंध हेतु एक वचन-पत्र (स्न्ह्व) हस्ताक्षरित किया जाएगा, जिसके माध्यम से नारायणा अस्पताल समूह की ओर से राजनगर एक्सटेंशन के सभी निवासियों हेतु विशेष एवं फेडरेशन सदस्यों हेतु विशिष्ट स्थायी छूट के प्रावधान होगा, जिसकी घोषणा विवरण के साथ इस आयोजन में कर दी जाएगी।

आज मौके पर पहुंचेगा कई हिंदूवादी संगठनों का दल हो सकता है फूलबेहड़ में भारी प्रदर्शन

लखीमपुर-खीरी। फूलबेहड़ कस्बे के गुड्डू रस्तोगी की अपने छोटे भाई राजेश रस्तोगी से 12 जून को मारपीट हो गई थी। इसकी शिकायत लेकर गुड्डू ग्राम प्रधान के पास गया था। रात 10 बजे गुड्डू की पुत्री 18 वर्षीय गौरी घर पर अकेली थी।आरोप है कि भाई राजेश ने अपने बेटे और सहयोगियों के साथ घर में घुसकर गौरी को मारा-पीटा और फंदे से लटका दिया।जिसमें पुलिस ने एनसीआर दर्ज मु.अ.सं.258/2024 धारा 323,338,504,506 में दर्ज की घायल अवस्था में परिजन युवती को जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर देख उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। गुरुवार की रात उसकी मौत हो गई।गांव वासियों मृतक युवती की मां का कहना है।गौरी की मौत का कारण बना छोटे भाई के यहां अराजक तत्वों का आना राजेश की पुत्री कीर्ति और पत्नी कुशमा का चाल चलन ठीक नहीं था।

योग सप्ताह का हुआ आगाज

विधायक,डीएम-एसपी ने किया शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। शनिवार को जिले की मितौली तहसील परिसर में विधायक कस्ता सौरभ सिंह सोनू ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एसपी गणेश प्रसाद साहा,सीडीओ अनिल कुमार सिंह की मौजूदगी में योग सप्ताह का दीप जलाकर शुभारंभ किया। सभी तहसील व ब्लाक मुख्यालयों में भी योग सप्ताह पर भव्य कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ हरवंश कुमार ने किया।

कार्यक्रम में विधायक सौरभ सिंह सोनू, डीएम, एसपी, सीडीओ ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा ने योगा प्रोटोकॉल के अनुक्रम में विभिन्न योगाभ्यास कराएं। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस योग स्वयं एवं समाज के लिए थीम पर व्यापक स्तर मनाया जा रहा है।

विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय परम्परा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। योग अभ्यास शरीर, मन विचार कर्म आत्मसंयम एवं पूर्णता की एकात्मकता और मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य प्रदान करता है। यह स्वास्थ्य एवं कल्याण का पूर्णतावादी दृष्टिकोण है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने इसके महत्व को समझा और समाज को पूर्ण स्वास्थ्य रखने के लिए योग को मानव जीवन के साथ जोड़ने का निरन्तर प्रयास कर रहे है, उन्ही की देन है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है। वही आज से अमृत यही योग सप्ताह का भी शुभारंभ भव्यता के साथ किया जा रहा।

वही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि योग केवल व्यायाम नही है, बल्कि स्वयं के साथ, विश्व और प्रकृति के बीच एकत्व खोजने का भाव हैं। योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरूकता उत्पन्न करता है तथा प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले बदलावों को सहन करने में सहायक होता है। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक एवं 21 जून को दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस जिसकी थीम ÷योग स्वयं एवं समाज के लिए पर ज़िले में व्यापक स्तर पर मनेगा।

स्वस्थ जीवन योग के माध्यम से ही सम्भव इसलिए योग को दैनिक दिनचर्या में करे शामिल: सुरेन्द्र वर्मा

हरियाणा/ हिसार (नवप्रीत कौर)। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिन के उपलक्ष्य में उचाना के निकटवर्ती गांव खेड़ी मसानिया स्थित व्यायामशाला में भी 21 जून को योग दिवस मनाया जाएगा। योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिला आयुर्वेद अधिकारी अमित रोहिल्ला के दिशा-निर्देशानुसार आयुष योग सहायक सतीश कुमार की अगुवाई में गांव में योग जागरूकता यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बच्चों एवं महिलाओं ने भी बढ़चढ़कर भाग लिया। इस दौरान जीवन जितना सादा होगा-तनाव उतना ही आधा होगा, योग करे-रोज करे-निरोग रहें आदि नारों के माध्यम से जन समुदाय को योग की महता का संदेश दिया गया। उधर , उपायुक्त जींद मोहम्मद इमरान रजा के आह्वान पर लोक सम्पर्क विभाग हरियाणा के रिटायर्ड डीआईपीआरओ सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

योग स्वयं एवं समाज के लिए थीम पर योग सप्ताह का आज से शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

आगरा। आज प्रातः एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में योग स्वयं एवं समाज के लिए थीम पर,दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सात दिवसीय योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए योग क्रियाओं का अभ्यास कर उन्हें दैनिक दिनचर्या में शामिल करना नितांत आवश्यक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से योग, पूरे विश्व में सर्वव्यापी हो चुका है। योग हमारी प्राचीन पद्धति है। आज पूरा विश्व इसका अनुसरण कर रहा है। विधायक जीएस धर्मेश ने कहा कि योग करने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है, पूरी दुनिया में भारत ने योग के रूप में नई पहचान बनाई है। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी सुनील चंद्र जोशी,क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ सुधा महेंद्र सागर , जिला हौम्योपैथिक अधिकारी श्री डॉ प्रभात कुमार जी, चिकित्सक संघ अध्यक्ष डॉ नवल सागर जी, रीना सिंह जी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।डॉ सुधा महेंद्र प्रसाद सागर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, आगरा एवं डॉ प्रभात कुमार कुलश्रेष्ठ जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी, आगरा एवं डॉ नवल सागर अध्यक्ष चिकित्सक संघ आगरा द्वारा संयुक्त रूप से अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर कर स्वागत किया इस अवसर पर आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारियों योग प्रशिक्षको, कर्मचारियों तथा खेल कूद विभाग के अधिकारियों के साथ साथ सहयोगी संस्था क्रीडा भारती के पदाधिकारियों की विशेष उपस्थित रही।

संक्षिप्त खबरें

युवक का शव पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटकता पाया गया

अयोध्या। तारुन नन्सा मार्ग के किनारे स्थित सराय शेख महमूद भवापुर गांव में ननिहाल में रह रहे युवक का शव शनिवार सुबह कमरे में पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटकता पाया गया है। घटना की खबर मिलते ही आसपास गांव के लोगों की भीड़ भी इकट्ठा हो गयी। मृतक युवक आदर्श सिंह किसान नेता हरिशंकर सिंह फौजी का पौत्र बताया गया है।बताया जा रहा है कि आदर्श सिंह पुत्र राजकुमार अपनी मां सुनीता के साथ ननिहाल में रहता था, जो कि जनपद बाराबंकी के थाना टिकैत नगर ग्राम हरिहर का मूल निवासी था। मृतक के मामा के लड़के उदय प्रताप सिंह उर्फ सोनू ने बताया कि आदर्श जिस कमरे में सोता था कभी अंदर से सिटकनी नहीं बंद करता था। सुबह 7 बजे जब घर के लोगों ने आवाज दी तो कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजे को धक्का मारकर खोला गया तो अंदर का नजारा देखकर होश उड़ गए। परिवार के लोगों ने पुलिस सहायता के लिए 112 डायल कर जानकारी दी।हल्का दरोगा मुन्नीलाल ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसे लेकर क्षेत्र व बाजार में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

किसान नेता फरीद अहमद ने की जिलाधिकारी से शिकायत

सोहावल- अयोध्या। तहसील तहसील दिवस में जिला अधिकारी के समक्ष किसान नेता फरीद अहमद ने सालेपुर निमैचा पंचायत भवन पर खिरौनी नगर पंचायत बाबू कुलदीप पांडे द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है जिस पर डीएम के आदेशा अनुसार सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान होनी चाहिए जिसकी शिकायत कई बार किसान नेता फरीद अहमद ने किया था सुनवाई ना होने पर आज जिलाधिकारी से फिर शिकायत कर कहा कि भवन खाली न होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी और 4 किलोमीटर दूरी राशन लेने जाना पड़ता है और आपके आदेश का भी पालन नहीं कर रहा है बाबू इसी बात का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी महोदय ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खिरौनी को बुलाया अधिशासी अधिकारी के मौजूद न रहने पर एसडीम सोहावल को आदेश किया की 1 दिन का वेतन काटा जाए और जल्द से जल्द पंचायत भवन को खाली कराया जाए।

पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक

अमेठी। अमेठी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र की विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई । बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी । बैंक डियूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये ।

जनपद के थानों पर किया गया योगाभ्यास

अमेठी। शनिवार को योग सप्ताह (15-21 जून) के प्रथम दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में जनपद के समस्त थानों/चौकियों पर शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए योग शिविर कार्यशाला का आयोजन कर योगाभ्यास किया गया ।

38 कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

कोठी, बाराबंकी। असन्द्रा व कोठी पुलिस ने शुक्रवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कियाव। उनके कब्जे से 38 लीटर कच्ची शराब बरामद की। दोनों विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई। जिसमे असन्द्रा पुलिस ने मौजी लाल पुत्र रामलखन निवासी दुर्गापुर मजरे किठैठया थाना असन्द्रा के कब्जे से 20 लीटर व कोठी पुलिस ने छविलाल पुत्र श्याम निवासी नकटा सहेरिया थाना कोठी के कब्जे से 19 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस पूछताछ में दोनों ने इसकी बिक्री करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की। शुक्रवार न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

मनरेगा योजना प्रधानों के लिए बनी कमाई का जरिया

रामसनेहीघाट बाराबंकी। मजदूरों को गांव में मजदूरी उपलब्ध कराने के लिए चलाई जा रही मनरेगा योजना जनप्रतिनिधियों की कमाई का जरिया बन गई है। बनीकोडर विकासखंड अंतर्गत कही खेतों के समतलीकरण के नाम पर तो कही तालाबों की खुदाई के नाम पर फर्जी मजदूर लगाए जा रहे हैं यही नहीं कई जगहों पर तो मजदूरों की जगह जेसीबी से कार्य कराकर मजदूरों की मजदूरी हड़पी जा रही है। भ्रष्टाचार का आलम तो यह है कि गांव में कराए जा रहे विकासखंड से अनुमति मिलने से पूर्व ही ग्राम प्रधान जल्दबाजी में कार्य करने में लगे हुए हैं। रसूलपुर गांव पंचायत में ग्राम प्रधान द्वारा ब्लॉक से आई डी व कार्य योजना जनरेट होने से पहले ही सोमवार व मंगलवार को बब्बन के खेत का जेसीबी से समतलीकरण करा दिया गया। जबकि बब्बन के खेत के समतलीकरण के लिए आईडी शनिवार को जारी की गई। ग्राम पंचायत के सचिव प्रगति श्रीवास्तव ने बताया कि बब्बन के खेत के समतलीकरण करने के लिए शनिवार को आईडी जेनरेट हुई है इससे पूर्व अगर कोई कार्य हुआ है तो उसकी जानकारी नहीं है। इसी प्रकार सड़वा भेलू गांव में लिंक मार्ग से गांव तक रास्ते की मरम्मत का कार्य जेसीबी लगाकर कर दिया गया है। खंड विकास अधिकारी विनय मिश्रा ने बताया कि आईडी जनरेट होने से पूर्व कार्य करना पूरी तरह गलत है। जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। श्रीमद भागवत कथा से पूर्व महिलाओं ने कोटवाधाम चौराहे से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जो श्रीकोटवाधाम के बड़े बाबा के पवित्र अभरन सरोवर पंहुच कर जल भरकर कथा स्थल पर पंहुची जहां विधि विधान के साथ श्रीमद भागवत कथा के शुभारम्भ हेतु पूंजन अर्चन शुरु हो किया गया। शनिवार को श्रीकोटवाधाम चौराहे पर तिवारी गौशाला से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा में दर्जनों महिलाओं व बलराम दास, दुर्गेश दीक्षित रिंकू तिवारी, शशिकुमार शुक्ला, सन्तोष श्रीवास्तव, रामपाल विश्वकर्मा डाक्टर अभय मिश्रा, के के बाजपेई आदि पवित्र अभरन सरोवर से कलश में जल भरकर श्रीमद भागवत कथा स्थल कोटवाधाम चौराहे पर पंहुचे जंहा पूज्य संत श्री जय नारायण शुक्ल जी महराज ने विधि विधान के साथ पूंजा अर्चना शुरू की।आज रात से पूज्य संत जय नारायण शुक्ल जी के मुखार विंद से भागवत कथा की अमृत वर्षा की जायेगी।

सुंदरकांड पाठ के साथ भंडारे का हुआ आयोजन

दरियाबाद , बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के चतुर्थ शनिवार पर मुरारपुर गांव स्थित श्री हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। संगीतमय सुंदरकांड पाठ के उपरांत भव्य भंडारा आयोजित हुआ। सुंदरकांड का शुभारंभ कार्यक्रम के संयोजक संदीप वर्मा, रमेश चन्द्र वर्मा, दिनेश,डा सुरेश वर्मा आदि परिवार के साथ महाबली की विधिविधान से पूजन किया। संगीतमय सुंदरकांड में रामधुन पर रामभक्त जमकर झूमें। गायक रामनरेश यादव की टीम बृजेश यादव, पवन, अमर पांडेय, दीपक, सर्वेश ने माहौल राममय कर दिया। सुंदरकांड के समापन मौके पर राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा महाबली का पूजन कर भंडारा का शुभारंभ कराया। मंत्री ने पूजन के बाद प्रसाद वितरित किया। यहां महाबली के जयकारों की गूंज रही।सुंदरकांड और भंडारे में अधीक्षक डा अमित दुबे, चंद्रशेखर वर्मा, इन्द्रप्रताप सिंह, मनोज तिवारी, उमेश वर्मा, अखिलेश वर्मा, डॉ सुरेश चन्द्र वर्मा, संदीप वर्मा, रामू वर्मा, कुलदीप वर्मा, जितेंद्र वर्मा, जितेंद्र यादव, लवकुश, अतुल चौहान, बैंक प्रबंधक विवेक कुमार, राहुल जायसवाल आदि शामिल हुए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन हुआ

कुल 202 शिकायतें प्राप्त हुई, 6 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। जन समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने एवं विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं, शासकीय सुविधाओं की डिलवरी, विभिन्न कार्यालयों के स्थान पर यथासंभव एक ही स्थान पर सुगमता से उपलब्ध कराये जाने तथा जन सामान्य एवं अधिकारियों के मध्य सीधा जन-संवाद स्थापित करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील सोहावल में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी के साथ साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा यथासंभव उनका मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष समस्याओं को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया।

जन समस्याओं की सुनवाई के दौरान राजकुमार प्रधान ग्राम पंचायत अमौना द्वारा ग्राम पंचायत अमौना में पशुचर भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सोहावल को प्रकरण में परीक्षण करने तथा तत्काल नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा 02 बजे तक जन समस्याओं को सुनने के उपरांत सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर में दर्ज शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का अवलोकन किया जिसमें पैमाइश आदि से सम्बंधित विभिन्न शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता संतोषजनक न पाये जाने पर समस्त लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार तथा तहसीलदार व उप जिलाधिकारी को शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करने के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने समस्त लेखपालों, कानूनगो को निर्देशित किया कि पैमाइश सम्बंधी प्रार्थना पत्रों को मौके पर जाकर पैमाइश कर निराकरण करें और आपसी सहमति से पैमाइश का निराकरण सम्भव न हो पाने की दशा में ही नियमानुसार धारा 24 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाए तथा सम्बंधित को धारा-24 की पूर्ण प्रक्रिया से अवगत करा दिया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को कोर्ट पर लम्बित पैमाइश सम्बंधी समस्त वादों का प्राथमिकता पर तेजी से निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त लेखपालों, कानूनगो, नायब तहसीलदारों आदि को राजस्व विभागों के अद्यतन शासनादेशों की भी अच्छी जानकारी रखने तथा उसके अनुसार जरूरतमंदों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 202 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 06 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित किया गया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी सोहावल सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

शेषनाथ सिंह ने सम्भाला सती चौरा चौकी की कमान

सोहावल- अयोध्या। रौनाही थाना सत्तीचौरा चौकी को एक,पखवाडे के बाद चौकी इंचार्ज मिला। थाना पटरंगा मे तैनात एस आई शेष नाथ सिंह ने चार्ज संभालते ही पुलिस कर्मियो के साथ बैठक करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था तथा आने वाले पीडितो के प्रति किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी।बीट,पर तैनात कर्मियो से सुरक्षा व्यवस्था मे किसी भी प्रकार की हीला हवाली नही करने का सख्त की सलाह दी।पीडितो को बैठने तथा पानी पीने की व्यवस्था तथा परेशानियों की सुनवाई कर निष्पक्ष कार्यवाही कर न्याय दिलाने मे सहयोगियो को तत्पर्य रहने का कडा निर्देश दिया । चौकी का प्रभार संभालते ही बडागांव बाजार हाजीपुर लोहिया पुल क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को खंगाला।

सभी तहसीलों में आयोजित हुआ समाधान दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। शनिवार को जनपद की समस्त तहसील पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गए । शिकायतें प्राप्त हुई 180, निस्तारण हुआ 20 का जनपद में जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में तहसील गौरीगंज में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील अमेठी में 74 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 39 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 06 का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 32 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

51 हजार बकाया पर उपभोक्ता हंगामा, केबिल कटी

कोठी, बाराबंकी। थाना क्षेत्र के माझियावां गांव में शुक्रवार विद्युत संविदाकर्मी मीटर रीडर ने जैसे 51 हजार बकाया बिल रसीद उपभोक्ता परिजन थमाया। वह भड़क गया। इसे कम करने पर विवाद शुरू कर दिया। तब मीटर रीडर अपने साथी लाइनमैन को बुला लिया। दोनों पक्षों में घंटे तू-तू मैं-मैं बाद पोल से केबिल काट दी गई। इसकी शिकायत थाने पर पर की गई। जैदपुर विद्युत उपकेंद्र के अतरौली फीडर से जुड़ा पहाड़पुर गांव निवासी मीटर रीडर अनिल कुमार का कहना है कि शुक्रवार को माझियावां में विद्युत बिल निकाल रहा था। वह सुल्तान पुत्र मुस्ताक घर मीटर रीडिंग निकाली। 51 हजार सात सौ 70 बकाया बिल रसीद दी। वह भड़क गया। बिल कम करने पर अड़ गया। विवाद होता देख उसने अपने साथी लाइनमैन रोहित शुक्ल, रूपेंद्र सिंह, नंदकिशोर उर्फ नंदू व जय प्रकाश बुला लिया।

डारे में पहुंचे सांसद का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

निन्दूरा, बाराबंकी। बाराबंकी के नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद का एक भंडारे के कार्यक्रम में पहुंचने पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। शुक्रवार को निंदूरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जमुवा में चल रही सात दिवसीय भागवत के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नवनिर्वाचित क्षेत्रीय सांसद तनुज पुनिया के पहुंचने पर क्षेत्रीय इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। विजयी होने के बाद पहली बार अपने बीच अपने सांसद को पाकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित दिखे उनके गाड़ी से उतरते ही राहुल गांधी जिंदाबाद अखिलेश यादव जिन्दाबाद जय समाजवाद जय अखिलेश के नारे लगाए।क्षेत्रीय सांसद तनुज पुनिया ने बाराबंकी से पार्टी की इस ऐतिहासिक जीत पर अपने बब्बर शेर कार्यकर्ताओं का धन्यवाद सहित बाराबंकी की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा आप लोगों के बीच में हमारी उपस्थित एक नेता नहीं बेटा भाई मित्र के रूप में सदैव रहेगी हम आपकी आवाज बनकर संसद में हर समस्या के समाधान हेतु उठाने का काम करेंगे। इस मौके पर रमेश कश्यप सुखलाल यादव प्यारेलाल यादव राजू रावत अर्जुन यादव कन्हैया लाल यादव रामचन्द्र यादव राम प्रवेश यादव अकलीम अहमद राजेश यादव सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय जनता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विकसित भारत के लिये सस्टेनेबिलिटी अपनाना जरूरी

आईसीएसआई के प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों का हुआ दो दिवसीय 25वां राष्ट्रीय सम्मेलन

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। रामनगरी में हुयी दो दिवसीय इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों के 25वें राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्र के विकास में कॉर्पोरेट जगत की भूमिका और स्टार्टअप्स, फिनटेक और एमएसएमई के लाभ उठाने आदि विषयों पर चर्चा हुयी। वहीं विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिये स्किल, स्केल, स्पीड और सस्टेनेबिलिटी को अपनाने पर जोर दिया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, उत्तर प्रदेश ने किया था। जिसमें उन्होंने कहा कि सेक्रेट्रीज गुणवत्ता नियंत्रण में अहम भूमिका निभाते हैं। ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस में और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत को विश्वगुरु भारत बनाने में इनका सहयोग बेहद आवश्यक है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में विकसित भारत वर्ष 2047 में कंपनी सेक्रेट्रीज की भूमिका और देश की प्रगति तथा विकास के लिए चर्चा की गयी। सम्मेलन में असीम अरुण , राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार के अलावा नीतीश कुमार, आईएएस, जिला मजिस्ट्रेट, अयोध्या, विशिष्ट अतिथि थे। मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह सम्मेलन विकसित भारत के विचार का ही एक रूप है। हम सभी सामाजिक समावेश और स्थिरता की दिशा में सामूहिक रूप से काम कर रहे हैं। भारत में सस्टेनेबिलिटी सदियों पुरानी अवधारणा रही है, जिसे की इनोवेशन और प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ने की जरूरत है। मैं कंपनी सचिवों से आग्रह करता हूं कि विश्व गुरु बनने से पहले, आइए हम सब मिलकर विश्व शिष्य बनने का प्रयास करें और दुनिया से सीखने के सभी अवसरों का लाभ उठाएं। समावेशिता को अपनाने पर जोर देते हुए नीतीश कुमार ने कहा सुशासन के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक, सभी को साथ लेकर चलना है। क्षेत्र के विशेषज्ञों के रूप में, कंपनी सचिव ही ऐसी नीतियां विकसित करने में मदद कर सकते हैं जो देश में व्यापक बदलाव लाने के मानदंड निर्धारित करती हों। आईसीएसआई के अध्यक्ष बी. नरसिम्हन ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 4 एस अर्थात स्किल, स्केल, स्पीड और सस्टेनेबिलिटी को अपनाने के बारे में बात की।

जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो



अमेठी। जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में योग सप्ताह का शुभारंभ शनिवार को किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी निशा अनंत, सम्मानित जनप्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं तथा जन सामान्य ने योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक धर्मेंद्र वर्मा, प्रेम सुधा सिंह एवं राघवेंद्र द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया तथा योग के विभिन्न आसन सिखाए गए। बताते चलें कि 21 जून को आयोजित होने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में शासन के निर्देश पर 15 से 21 जून तक योग सप्ताह आयोजित कर सामूहिक योगाभ्यास कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में आज प्रातः 6:00 बजे से 7:00 तक जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में सामूहिक योगाभ्यास किया गया इसके साथ ही सभी तहसीलों, ब्लॉकों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, नगरीय निकायों आदि जगहों पर भी सामूहिक योग्याभ्यास के कार्यक्रम आयोजित कर जन सामान्य को योग के महत्व के बारे में बताया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में जिलाधिकारी ने सभी को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया, कहा कि योग के माध्यम से शरीर में होने वाली विभिन्न बीमारियों से बचा जा सकता है।

कानपुर में होगी शांतिपूर्ण बकरीद

सड़क पर नमाज पढ़ने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

सकुशल बकरीद के लिए कमिश्नर के नेतृत्व में तैयारियां पूरी

लोकमित्र ब्यूरो

कानपुर। यहां लोकसभा चुनाव के साथ ही बीते सभी त्योहारों को भी सौहार्द और शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सफल बेहद जुझारू वरिष्ठ आईपीएस एडीजी अखिल कुमार की अगुवाई वाली कमिश्नरेट पुलिस ने बकरीद के आगामी त्यौहार को भी पूर्ण शांति और सद्भाव के साथ संपन्न कराने के लिए अपनी कमर कस ली है। यही नहीं इसके लिए उसने इस बारे में जिस तरह की तगड़ी तैयारियां की है , उसके मुताबिक बीते हर त्योहार की तरह बकरीद का त्यौहार भी पूर्ण शांति और सद्भाव के साथ ही संपन्न होकर रहेगा। इसके लिए थानों में भी पीस कमेटियों के साथ बैठकों का दौर जारी है। जिसमें ईद उल अजहा यानी बकरीद के त्यौहार को भाईचारे और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील के साथ ही योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली यूपी सरकार की उस आदेश निर्देश और मंशा से भी अवगत कराया जा रहा है ,जिसके तहत नमाज सड़कों पर कदापि नहीं पढ़ी जाएगी। और जो भी ऐसा करेगा। उसके खिलाफ तत्काल ही कड़ी कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

अवगत कराते चलें कि प्रदेश के इस अति संवेदन शील जिले में ईद बकरीद समेत लगभग सभी त्योहारों को तरीके से संपन्न करा लेना शुरू से ही पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती रही है।

यह भी सच है कि बकरीद जैसे किसी भी त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करा ले जाना तभी संभव होता है ,जब उसके लिए हर तरह से मजबूत तैयारियां की गई हों। इसी क्रम में जहां तक 17 जून को होने वाले बकरीद इस त्यौहार को शांति और सद्भाव पूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने का सवाल है। इसके लिए देश प्रदेश के कर्तव्य निष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में गिने जाने वाले यहां के जुझारू पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने लगभग सारी तैयारियां कर ली हैं। वह इस बारे में अपने मातहतों को आवश्यक आदेश निर्देश भी लगातार दे रहे हैं।

एसआईबी टीम का भट्टे पर मारा छापा, स्टॉक किया सीज़

रामसनेहीघाट बाराबंकी। एस आई बी के डिप्टी कमिश्नर श्री प्रकाश यादव ने शुक्रवार की शाम अपनी टीम के साथ तहसील क्षेत्र के दो भट्टो पर छापा डालकर अभिलेख ना होने के आरोप में डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की ईट सीज कर दी।

स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम अयोध्या के डिप्टी कमिश्नर श्री प्रकाश यादव ने असिस्टेंट कमिश्नर सुरेंद्र व अन्य अधिकारियों के साथ शुक्रवार की शाम तहसील क्षेत्र स्थित जेठवनी गांव के बाहर बने आलोक ब्रिक फील्ड पर छापा मारा। भट्टे पर करीब 20 लाख ईट लगी पाई गई। भट्ठा मालिक आलोक जैन स्टाक के संबंध में कोई अभिलेख नहीं दिखा सके। टीम ने मौजूद ईट का स्टॉक को सीज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। इसी क्रम में टीम ने भीखरपुर स्थित क्षत्रिय बंधु ईट भट्टे पर भी छापामारी की यहां पर भी टीम को करीब 13 लाख ईट का स्टॉक मौजूद मिला।

विश्व रिकार्ड बनाने की तैयारी में अवध विवि

अयोध्या के महंत सहित शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर ली योग की शपथ

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए बढ़चढ़ कर आंनलाइन योग शपथ में हिस्सा लिया। वहीं दूसरी ओर नाका हनुमानगढी के महंत रामदास ने भी मन्दिर में लोगों को आंनलाइन योग की शपथ दिलाई।

योग शपथ का विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के दिशा-निर्देशन में विश्वविद्यालय व सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने योग के प्रति संकल्प लेकर काफी संख्या लोगों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट के लिए जागरूक किया। विश्वविद्यालय को शीर्ष स्थान दिलाने व उत्तर प्रदेश का नाम गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराने का लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल मार्गदर्शन में आनलाइन योग शपथ के लिए विश्वविद्यालय व सम्बद्ध महाविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं लोगों को व्यक्तिगत योग की शपथ दिलाने के लिए प्रेरित कर रहे है। इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए अवासीय परिसर के फार्मेसी संस्थान के निदेशक प्रो. शैलेन्द्र कुमार, बीफार्मा समन्वयक डॉ. अनिल कुमार, डीफार्मा समन्वयक डॉ. सिंधु सिंह व नाका हनुमानगढी में प्रौढ सतत शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र की मौजूदगी में महंत रामदास द्वारा काफी संख्या में लोगों को शपथ दिलाई गई। वहीं परिसर के कर्मचारियों ने भी शपथ सर्टिफिकेट डाउनलोड कर योग के प्रति संकल्प लिया। सभी को जागरूक करते हुए कहा कि राजभवन के पोर्टल या विश्वविद्यालय की वेबसाइट योगा प्लेज डॉट इन के लिंक पर जाकर अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन योग शपथ सर्टिफिकेट डाउनलोड करें। इस मुहिम को शिक्षकों में डॉ. अजय कुमार शुक्ला, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, डॉ. विमल कुमार, कुणाल अगम, विनीत भारती, विष्णु प्रसाद यादव, प्रभा मंजरी और दीपा यादव सहित अन्य संकाय के सदस्यों ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई।

आगामी बकरा ईद त्योहार को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

हैदरगंज- अयोध्या। शनिवार को हैदरगंज थाने में आगामी बकरा ईद त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में तहसीलदार बीकापुर धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित हैदरगंज थाने की पुलिस मौजूद रहीं । बैठक में पहुंचे क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि बकरा ईद पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। नई परिपाटी की शुरुआत नहीं होगी। बकरा ईद पर्व पर कुर्बानी देते समय सोशल मीडिया पर इसकी फोटो लोड नहीं की जाएगी। साथ ही घर के अंदर ही कुर्बानी करेंगे और बचे अवशेष को मिट्टी में दफन करें। इस दौरान अराजकता फैलाने वाले लोगों पर सबसे सख्त से सख्त कार्रवाही की जाएगी। बैठक में राकेश पाठक, नरसिंह शर्मा, शमशाद अहमद, मौलाना जुबेर, मौलाना मिसबाहुद्दीन, मौलाना दिलशाद अहमद सहित पुलिस कर्मियों के साथ दर्जनों लोग उपस्थित रहे ।

न्यायालय के आदेश पर जालसाजी का मुकदमा हुआ दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

सुबेहा, बाराबंकी। न्यायालय के आदेश पर सुबेहा पुलिस ने पति के खिलाफ जालसाजी की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मामला सुबेहा थाना क्षेत्र के पूरे अमृत मजरे शुकुलपुर गांव का है। उक्त पूरे अमृत गांव निवासी मंगली का विवाह सुंदरलली नामक एक युवती के साथ हुआ था। दोनों के बीच एक बच्चे का जन्म भी हुआ था। दोनों पक्षों में मन-मुटाव के चलते पति पत्नी एकाकी जीवन जीने लगे। पत्नी ने पति के ऊपर बच्चे के परिवारिस को लेकर गुज़ारा भत्ता का मुकदमा पंजीकृत करा दिया।

जिसके बाद मंगली पति ने जन्मे पुत्र विनीत को अपना पुत्र ही मानने से इंकार कर दिया। न्यायालय को साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए मंगली ने जेबी किड्स एकेडमी विद्यालय शुकुलबाजार के अभिलेख प्रस्तुत किए। जिसमें पिता के स्थान पर अखिलेश तिवारी का नाम दर्ज दिखाया गया। जिसके बाद न्यायालय ने जांच के आदेश दे दिए। जांच में सभी अभिलेख फर्जी पाए गए। फर्जी अभिलेख मिलने के बाद न्यायालय ने आरोपी मंगली के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिया। न्यायालय का आदेश मिलने के बाद सुबेहा पुलिस ने आरोपी पति मंगली के खिलाफ 419,420,467,468,व471आदि गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन हुआ

कुल 202 शिकायतें प्राप्त हुई, 6 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । जन समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने एवं विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं, शासकीय सुविधाओं की डिलवरी, विभिन्न कार्यालयों के स्थान पर यथासंभव एक ही स्थान पर सुगमता से उपलब्ध कराये जाने तथा जन सामान्य एवं अधिकारियों के मध्य सीधा जन-संवाद स्थापित करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील सोहावल में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी के साथ साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा यथासंभव उनका मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष समस्याओं को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। जन समस्याओं की सुनवाई के दौरान राजकुमार प्रधान ग्राम पंचायत अमौना द्वारा ग्राम पंचायत अमौना में पशुचर भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सोहावल को प्रकरण में परीक्षण करने तथा तत्काल नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी द्वारा 02 बजे तक जन समस्याओं को सुनने के उपरांत सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर में दर्ज शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का अवलोकन किया जिसमें पैमाइश आदि से सम्बंधित विभिन्न शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता संतोषजनक न पाये जाने पर समस्त लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार तथा तहसीलदार व उप जिलाधिकारी को शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करने के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने समस्त लेखपालों, कानूनगो को निर्देशित किया कि पैमाइश सम्बंधी प्रार्थना पत्रों को मौके पर जाकर पैमाइश कर निराकरण करें और आपसी सहमति से पैमाइश का निराकरण सम्भव न हो पाने की दशा में ही नियमानुसार धारा 24 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाए तथा सम्बंधित को धारा-24 की पूर्ण प्रक्रिया से अवगत करा दिया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को कोर्ट पर लम्बित पैमाइश सम्बंधी समस्त वादों का प्राथमिकता पर तेजी से निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त लेखपालों, कानूनगो, नायब तहसीलदारों आदि को राजस्व विभागों के अद्यतन शासनादेशों की भी अच्छी जानकारी रखने तथा उसके अनुसार जरूरतमंदों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 202 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 06 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित किया गया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी सोहावल सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अवैध कब्जे को लेकर किसान नेता फरीद अहमद ने की जिलाधिकारी से शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या ।तहसील तहसील दिवस में जिला अधिकारी के समक्ष किसान नेता फरीद अहमद ने सालेपुर निमैचा पंचायत भवन पर खिरौनी नगर पंचायत बाबू कुलदीप पांडे द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है जिस पर डीएम के आदेशा अनुसार सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान होनी चाहिए जिसकी शिकायत कई बार किसान नेता फरीद अहमद ने किया था सुनवाई ना होने पर आज जिलाधिकारी से फिर शिकायत कर कहा कि भवन खाली न होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी और 4 किलोमीटर दूरी राशन लेने जाना पड़ता है और आपके आदेश का भी पालन नहीं कर रहा है बाबू इसी बात का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी महोदय ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खिरौनी को बुलाया अधिशासी अधिकारी के मौजूद न रहने पर एसडीम सोहावल को आदेश किया की 1 दिन का वेतन काटा जाए और जल्द से जल्द पंचायत भवन को खाली कराया जाए।

पर्यटकों के लिए जल्द खुलेगा अयोध्या का क्वीन हो पार्क, कोरियाई पार्क में पर्यटकों के ठहरने के लिए होगी कॉटेज की व्यवस्था

▸ अयोध्या और दक्षिण कोरिया के सदियों पुराने रिश्ते को प्रगाढ़ करने के लिए बना है क्वीन हो पार्क

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। दक्षिण कोरिया और अयोध्या के बीच मधुर संबंधों को मजबूत करने के लिए सरयू तट स्थित क्वीन हो कोरियाई पार्क जल्द ही पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। इसमें पर्यटकों के रुकने के लिए कॉटेज और रेस्टोरेंट जैसी सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। अयोध्या धाम में 2018 के दीपोत्सव आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व दक्षिण कोरिया की प्रथम महिला किम जोंग सुक ने संयुक्त रूप से क्वीन हो पार्क के नवीनीकरण का शिलान्यास किया था।

इस पार्क के संचालन के लिए दिल्ली की कार्यदाई संस्था आईएचडब्ल्यूएचसी को दायित्व सौंपा गया है। सरयू तट पर 2000 वर्ग मीटर में फैले क्वीन हो मेमोरियल पार्क का निर्माण सितंबर 2019 में शुरू हुआ था। नवंबर 2021 में इसका कार्य पूर्ण हो गया। इसमें मेडिटेशन हॉल, क्वीन पवेलियन, किंग पवेलियन, वाटर टैंक, फुट ओवर ब्रिज, सब स्टेशन, ट्यूबवेल, पाथवे, शौचालय, फाउंटेन, लैंडस्केपिंग, स्कल्चर, गार्ड रूम, म्यूरल, ऑडियो-विडियो सिस्टम, बाउंड्रीवॉल, पार्किंग व तालाब का निर्माण किया गया है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी राजेन्द्र यादव ने बताया कि पार्क के संचालन के लिए इसे निजी संस्था को सौंप गया है। यह पार्क दक्षिण कोरिया और भारत सरकार की संयुक्त योजना के तहत बना है। इसमें कोरिया व अवध क्षेत्र की सामाजिक व सांस्कृतिक पहलुओं को दिखाया गया है।

पार्क में अवध की संस्कृति को दर्शाने के लिए अवध पवेलियन और कोरिया के कल्चर को दर्शाने वाली कोरियन पवेलियन के साथ ही समुद्र को दिखाने के लिए वाटर बॉडी बनी है।

कार्यदाई संस्था के डायरेक्टर सौरभ जैन ने बताया कि अयोध्या और कोरिया को जोड़ने वाले इस पार्क में किसी भी प्रकार का प्रवेश शुल्क नही रखे जाने पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही आने वाले पर्यटको के माध्यम से ही यहां की व्यवस्था भी संचालित हो इसके लिए कोरियन शैली के वेज रेस्टोरेंट, कोरिया में प्रचलित सामानों की दुकानें, बाहर से आने वालों के ठहरने के लिए लग्जरी कॉटेज, कांफ्रेंस हॉल, मनोरंजन केंद्र, कोरियन-इंडियन कल्चर के कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए हॉल शामिल है।

कैप्टन डॉ डी.आर.भुवन को प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप मिला मेडल, अब तक 53 मेडल प्राप्त कर चुके हैं डॉ. भुवन

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या।रामनगरी अयोध्या में भवदीय ग्रुप आफ़ कॉलेज में प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर डी आर भुवन को बेहतर प्रदर्शन के लिए आए हुए मुख्य अतिथि द्वारा मेडल प्रदान किया गया ढ्ढ डॉ भुवन को अब तक शूटिंग चैंपियनशिप में 53 मेडल प्राप्त हो चुके है ढ्ढ प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में इस बार 400 खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किया गया ढ्ढ .क्क स्टेट राइफल शूटिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में भवदीय शूटिंग रेंज में प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का पुरस्कार वितरण के साथ समारोह पूर्वक समापन हुआ ढ्ढ मुख्य अतिथि के रूप में मंडल आयुक्त गौरव दयाल, विशिष्ट अतिथि एसपी सिटी मधुबन सिंह, सीओ यातायात राजेश तिवारी, उपाध्यक्ष जगदीप मधोक, व महासचिव जीएस सिंह ने विजेताओं को मेडल प्रदान किया ढ्ढ प्रतियोगिता आयोजन व भवदीय शूटिंग रेंज के मुख्य कोच सनी कुमार वर्मा ने बुके प्रदान कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया ढ्ढ शूटिंग प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर विजेताओं को मुख्य अतिथि मंडल आयुक्त गौरव दयाल ने बधाई देते हुए ढ्ढ आपको बताते चले की 26 जून को श्रीलंका में होने वाली शूटिंग प्रतियोगिता में टीम इंडिया की तरफ से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.डी.आर भूवन को टीम इंडिया का कैप्टन बनाया गया है ढ्ढ टीम इंडिया का कैप्टन बनाए जाने पर डॉक्टर डी आर भुवन ने आयोजकों का धन्यवाद ज्ञापित किया है ।

विकसित भारत के लिये स्किल, स्केल,स्पीड और सस्टेनेबिलिटी अपनाना जरूरी

आईसीएसआई के प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों का हुआ दो दिवसीय 25वां राष्ट्रीय सम्मेलन

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। रामनगरी में हुयी दो दिवसीय इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों के 25वें राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्र के विकास में कॉर्पोरेट जगत की भूमिका और स्टार्टअप्स, फिनटेक और एमएसएमई के लाभ उठाने आदि विषयों पर चर्चा हुयी। वहीं विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिये स्किल, स्केल, स्पीड और सस्टेनेबिलिटी को अपनाने पर जोर दिया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, उत्तर प्रदेश ने किया था। जिसमें उन्होंने कहा कि सेक्रेट्रीज गुणवत्ता नियंत्रण में अहम भूमिका निभाते हैं। ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस में और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत को विश्वगुरु भारत बनाने में इनका सहयोग बेहद आवश्यक है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में विकसित भारत वर्ष 2047 में कंपनी सेक्रेट्रीज की भूमिका और देश की प्रगति तथा विकास के लिए चर्चा की गयी। सम्मेलन में असीम अरुण , राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार के अलावा नीतीश कुमार, आईएएस, जिला मजिस्ट्रेट, अयोध्या, विशिष्ट अतिथि थे। मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह सम्मेलन विकसित भारत के विचार का ही एक रूप है। हम सभी सामाजिक समावेश और स्थिरता की दिशा में सामूहिक रूप से काम कर रहे हैं। भारत में सस्टेनेबिलिटी सदियों पुरानी अवधारणा रही है, जिसे की इनोवेशन और प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ने की जरूरत है। मैं कंपनी सचिवों से आग्रह करता हूं कि विश्व गुरु बनने से पहले, आइए हम सब मिलकर विश्व शिष्य बनने का प्रयास करें समावेशिता को अपनाने पर जोर देते हुए नीतीश ने कहा सुशासन के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक, सभी को साथ लेकर चलना है। क्षेत्र के विशेषज्ञों के रूप में, कंपनी सचिव ही ऐसी नीतियां विकसित करने में मदद कर सकते हैं जो देश में व्यापक बदलाव लाने के मानदंड निर्धारित करती हों। आईसीएसआई के अध्यक्ष बी. नरसिम्हन ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 4 एस अर्थात स्किल, स्केल, स्पीड और सस्टेनेबिलिटी को अपनाने के बारे में बात की। उन्होंने कहा कंपनी सचिवों को अधिक व्यापक जीडीपी (शासन, विकास और प्रदर्शन) के लिए एकाग्र प्रयास करने चाहिए। सीएस पेशे के ये 25 प्रतिष्ठित वर्ष देश में सुशासन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में उद्योगपति, वरिष्ठ कॉर्पोरेट प्रोफेशनल्स, नियामक निकायों के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य हितधारक भाग लिया।

अवध विवि द्वारा योग की शपथ के साथ विश्व रिकार्ड बनाने की तैयारी

अयोध्या के महंत सहित शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर ली योग की शपथ

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए बढ़चढ़ कर आंनलाइन योग शपथ में हिस्सा लिया। वहीं दूसरी ओर नाका हनुमानगढी के महंत रामदास ने भी मन्दिर में लोगों को आंनलाइन योग की शपथ दिलाई। योग शपथ का विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के दिशा-निर्देशन में विश्वविद्यालय व सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने योग के प्रति संकल्प लेकर काफी संख्या लोगों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट के लिए जागरूक किया। विश्वविद्यालय को शीर्ष स्थान दिलाने व उत्तर प्रदेश का नाम गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराने का लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है।विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल मार्गदर्शन में आनलाइन योग शपथ के लिए विश्वविद्यालय व सम्बद्ध महाविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं लोगों को व्यक्तिगत योग की शपथ दिलाने के लिए प्रेरित कर रहे है। इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए अवासीय परिसर के फार्मेसी संस्थान के निदेशक प्रो. शैलेन्द्र कुमार, बीफार्मा समन्वयक डॉ. अनिल कुमार, डीफार्मा समन्वयक डॉ. सिंधु सिंह व नाका हनुमानगढी में प्रौढ सतत शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र की मौजूदगी में महंत रामदास द्वारा काफी संख्या में लोगों को शपथ दिलाई गई। वहीं परिसर के कर्मचारियों ने भी शपथ सर्टिफिकेट डाउनलोड कर योग के प्रति संकल्प लिया। सभी को जागरूक करते हुए कहा कि राजभवन के पोर्टल या विश्वविद्यालय की वेबसाइट योगा प्लेज डॉट इन के लिंक पर जाकर अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन योग शपथ सर्टिफिकेट डाउनलोड करें। इस मुहिम को शिक्षकों में डॉ. अजय कुमार शुक्ला, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, डॉ. विमल कुमार, कुणाल अगम, विनीत भारती, विष्णु प्रसाद यादव, प्रभा मंजरी और दीपा यादव सहित अन्य संकाय के सदस्यों ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। वहीं कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष व प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा एवं नामांकन राजेश पाण्डेय व विभागीय कर्मचारियों में डॉ0 राजेश सिंह, रवीन्द्र पाण्डेय, कृष्णा, संतराम, हरीश, संजीव श्रीवास्तव, दिलीप, अंशुमान, डॉ0 आदित्य सिंह, शरीफ, रामजी, सुरेन्द्र, रामजनक, राजेन्द्र, श्यामजी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने योग का संकल्प लेते हुए शपथ ली।

आगामी बकरा ईद त्योहार को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

हैदरगंज- अयोध्या। शनिवार को हैदरगंज थाने में आगामी बकरा ईद त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में तहसीलदार बीकापुर धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित हैदरगंज थाने की पुलिस मौजूद रहीं । बैठक में पहुंचे क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि बकरा ईद पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाएं । नई परिपाटी की शुरुआत नहीं होगी । बकरा ईद पर्व पर कुर्बानी देते समय सोशल मीडिया पर इसकी फोटो लोड नहीं की जाएगी । साथ ही घर के अंदर ही कुर्बानी करेंगे और बचे अवशेष को मिट्टी में दफन करें । इस दौरान अराजकता फैलाने वाले लोगों पर सबसे सख्त से सख्त कार्रवाही की जाएगी । बैठक में राकेश पाठक, नरसिंह शर्मा, शमशाद अहमद, मौलाना जुबेर, मौलाना मिसबाहुद्दीन, मौलाना दिलशाद अहमद सहित पुलिस कर्मियों के साथ दर्जनों लोग उपस्थित रहे ।

समर्पण उत्थान सोसायटी रुदौली अयोध्या के तत्वाधान में हुआ भव्य भंडारा

लोकमित्र ब्यूरो

रुदौली-अयोध्या।लगातार बढ़ रहे तापमान को देखते हुए व इस प्रचंड गर्मी को देखते हुए सोसायटी ने भेलसर चौराहा स्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के बगल सराहनीय कार्यों की पहल करते हुए हलुवा एवं शीतल जल की व्यवस्था कराई। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी के पेशकार संकटा प्रसाद बाजपेई जी ने महाकालेश्वर मंदिर पर सुंदरकांड पाठ हवन पूजन करा कर तदुपुरांत हलुवा प्रसाद वितरण हेतु दीप प्रज्ज्वलित करके हनुमान जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राहगीरों को प्रसाद वितरण करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अचानक विशेष अतिथि के रूप में रुदौली विधायक माननीय रामचंद्र यादव जी ने पंडाल में पहुंचकर सैकड़ो श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया और सोसायटी के सराहनीय कार्यों की सराहना किया।जिसमें हजारों राहगीरों ने प्रसाद एवं शीतल जल ग्रहण किया। मुख्य अतिथि बाजपेयी जी ने कहा कि जब से हम रुदौली में तैनात हैं तब से देख रहे हैं कि सोसायटी हर आपदा में जनमानस की सेवा में तत्पर रहती है। संस्था के सभी सदस्य कर्मठता और सेवा भाव से कार्य कर रहे हैं । जो कि बधाई के पात्र हैं। सोसायटी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। विधायक रुदौली रामचंद्र यादव ने सोसाइटी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सोसाइटी जन कल्याण के लिए हमेशा कार्य कर रही है और उम्मीद है कि भविष्य में भी लोक कल्याण के लिए कार्य करती रहेगी। संकट काल में सोसाइटी हमेशा आगे आ करके सराहनीय कार्य करती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रवण कुमार गुप्ता, पवन कुमार शर्मा, रंजीत विश्वकर्मा, डॉ विकास श्रीवास्तव, डॉ0 एम एल राजन ,राम सिंह, अनिल कुमार, विनय कुमार गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता ,धर्मेंद्र मिश्रा, महेश कुमार साहू ,राम सिंह, बृजेंद्र सिंह ,धर्मेंद्र मिश्रा ,राजू चतुर्वेदी, रामानंद पाठक, राजबहादुर ,राघवेंद्र सिंह, मुकुल ,रोशन, विकास गुप्ता, सुनील विश्वकर्मा, राजन मिश्रा ,श्रेयांश सिंह, अंशु यादव, श्याम सुंदर, आर्यन साहू आदि लोग उपस्थित रहे।

मिल्कीपुर में संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम वित्त एवं राजस्व ने सुनी जन शिकायतें

142 शिकायतों के सापेक्ष मौके पर मात्र 2 का निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

मिल्कीपुर -अयोध्या । मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर शनिवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

समाधान दिवस में ग्राम प्रधान किनौली सुशीला यादव ने दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि गाटा संख्या 1455 क, रक्बा 0.047 0 हेक्टेयर नवीन परती तथा गाटा संख्या 1455 ख रक्बा 1.1600 हेक्टेयर जंगल झाड़ी की भूमि पर ग्राम सभा किनौली पूरे गसद्दीपुर निवासी रामकरन पुत्र भगेलू द्वारा जबरन अवैध निर्माण काफी दिनों से किया जा रहा है लेकिन कई प्रार्थना पत्र उच्च अधिकारियों को दिए जाने के बाद भी कार्य बंद नहीं हो रहा है जबकि रामकरन खुद को सत्ता पक्ष का बताते हुए लगातार काम जारी रखे हुए है।

प्रधान पलिया जगमोहन , विजय सिंह ने शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन योजना के द्वारा कराए जा रहे कार्यों से ग्राम सभा की अधिकांश सड़कें गड्ढे में तब्दील हो गई है और आए दिन राहगीर चोटहिल होते रहते हैं अतः इस समस्या से बचने के लिए त्वरित कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता है।तहसील समाधान दिवस के दौरान कुल 142 शिकायतें पेश हुई जिनमें मात्र 2 शिकायतों का ही निस्तारण कराया जा सका।

संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर मामले सरकारी भूमि पर अवैध कब्जेदारी से ही संबंधित रहे। समाधान दिवस के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह ने समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों व प्रतिनिधियों को खाना पूर्ति न करने का निर्देश देते हुए कहा कि स्थल पर जाकर पीड़ित से मिले तभी कोई रिपोर्ट लगाए ।

इस मौके उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, तहसीलदार मिल्कीपुर प्रदीप कुमार सिंह, नायब तहसीलदार आनंद प्रकाश राय, क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर सुनील कुमार सिंह ,खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर के के सिंह, उपखंड अधिकारी विद्युत मिल्कीपुर अमित कुमार सिंह, पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर रषीश कुमार, सर्कल मिल्कीपुर के तीनों थानों के प्रतिनिधि व अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

हाथरस ब्राह्मण हत्याकांड पर चाणक्य परिषद लड़ेगी आर पार की लड़ाई

यूपी में बढ़ रहे ब्राह्मण उत्पीड़न पर चाणक्य परिषद गंभीर

अयोध्या।उत्तर प्रदेश में लगातार ब्राह्मणों की हत्या और उनके उत्पीड़न से पूरा प्रदेश भर का ब्राह्मण समाज दुखी और आहत है इसके लिए अब एकजुट होकर आर पार की न्याय की लड़ाई लड़ने के मूड में आ गए हैं।मृतक योगेश उपाध्याय हाथरस के भाई उमेश उपाध्याय से अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एंवम श्री श्री परशुराम राम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय संरक्षक एवम अध्यक्ष पंडित कृपानिधान तिवारी ने उपरोक्त ब्राह्मण उत्पीड़न की घटना पर काफी दुखी है और तुरंत मोबाइल से वार्ता करके सम्पूर्ण घटना की जानकारी लिया।घटना मे चार नामजद अपराधी दो अज्ञात पेशेवर हत्यारे अपराधी हैं। जिसमे से दो की गिरफ्तारी हो चुकी है बाकी फरार चल रहे हैं। श्री तिवारी ने पुलिस अधीक्षक हाथरस से वार्ता कर पूरी जानकारी लिया जिसके अनुसार पूरी पुलिस टीम गिरफ्तारी के लिए लगी हुई है। अपराधियों की अबिलंब गिरफ्तारी होगी। श्री तिवारी ने उन्हें एक सप्ताह का समय दिया है। यदि एक सप्ताह के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो पूरे प्रदेश के सभी ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी सदस्य एवं ब्राह्मणहितार्थ सड़क से लेकर सदन तक संघर्षरत सभी ब्राह्मण बंधु बांधवो अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति के बैनर तले 24 जून दिन सोमवार को हाथरस पहुंचकर धरना प्रदर्शन करेगें तथा आवश्यकता पड़ी तो रोड जाम करने हेतु बाध्य होगें।जब तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक संघर्ष समिति के कार्यकर्ता हाथरस में ही रहेंगे।अनशन भी करना पड़े तो करेंगे।सभी ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारियों सदस्यों से निवेदन है कि प्रदेश मे लगातार बढ़ती ब्राह्मण हत्याओं हेतु अब एकजुटता के साथ ब्राह्मण समाज की लड़ाई लड़ना आवश्यक हो गया।

शेषनाथ सिंह ने सम्भाला सती चौरा चौकी की कमान

सोहावल- अयोध्या। रौनाही थाना सत्तीचौरा चौकी को एक,पखवाडे के बाद चौकी इंचार्ज मिला। थाना पटरंगा मे तैनात एस आई शेष नाथ सिंह ने चार्ज संभालते ही पुलिस कर्मियो के साथ बैठक करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था तथा आने वाले पीडितो के प्रति किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी।बीट,पर तैनात कर्मियो से सुरक्षा व्यवस्था मे किसी भी प्रकार की हीला हवाली नही करने का सख्त की सलाह दी।पीडितो को बैठने तथा पानी पीने की व्यवस्था तथा परेशानियों की सुनवाई कर निष्पक्ष कार्यवाही कर न्याय दिलाने मे निर्देश दिया ।

थाना भवन के निर्माण के बहाने सार्वजनिक मार्ग पर ही कब्जा करने पर उतारू पुलिस, ग्रामीणों में आक्रोश

डीएम के निर्देश पर एसडीएम बल्दीराय ने रुकवाया निर्माण

जिला मुख्यालय पर दर्जनों ग्रामीण पहुंचे विरोध करने

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। नवीन थाने के भवन निर्माण के बाद सार्वजनिक रास्ते को अंदर करने और उखाड़ कर गेट लगा अवरुद्ध करने का मामला मुखर हो गया हैं। कई गांवों के विरोध करने पर लोकल पुलिस मुकदमा लिखा जेल भेजने की धमकी दे रही है। फिलहाल दर्जनों ग्रामीणों ने लोकल पुलिस की शिकायत कर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया है। इसके बाद अवरुद्ध हो रहे मार्ग को रोक दिया गया है। जब मित्र पुलिस ही गुंडई पर उतारू हो जाय तो सवाल उठना लाजमी हैं।

मामला जिले के धनपतगंज थाने से जुड़ा है। जहां पर नवीन थाने का भवन अतरसुमा ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन हैं। मंडी परिषद द्वारा निर्मित पक्के मार्ग को थाने के अंदर करते हुए बाउंड्री वॉल बना ली गई थी।अब सड़क को रात में उखाड़ कर गेट लगाने की योजना भांप ग्रामीण आक्रोशित हो गए है। पहले से कई गांवों के ग्रामीणों ने सार्वजनिक मार्ग को छोड़ कर निर्माण करने की मांग करते रहे है। इसके बावजूद कार्यदाई संस्था ने मार्ग के दोनो तरफ निर्माण कर रास्ते को अंदर में कर लिया है। अब गेट लगा कर डामर युक्त मार्ग को बंद करने के लिए पूरी रात जेसीबी से उखाड़ दिए है। इस जबरन कार्य में ग्रामीणों का आरोप है धनपतगंज के थानाध्यक्ष समेत पुलिस बल की पूरी भूमिका है।पहले भी एसडीएम ने रास्ते को अवरूद्ध न हो इसकी हिदायत दी थी।फिर भी पुलिस कुछ ग्रामीणों को धमकी देते हुए मुकदमा दर्ज कराने व शांति भंग के अंदेशे में चालान भी कर दिया है।पता चला है कि रास्ता अवरुद्ध न हो अदालत में वाद भी दायर हैं।फिलहाल शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचे ग्रामीणों में जय प्रकाश पाल, ऋषिदेव मिश्र एडवोकेट, रविंद्र कुमार, दिलीप कुमार, राज कुमार, रीता चौरसिया, शिव बहादुर वर्मा, पवन कुमार, अवनीश यादव, मोहित पांडेय, यशो मति, शकुंतला, रीना, कुसुम, कलावती, मीना आदि दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन देते हुए आर पार की लड़ाई का ऐलान किया है। ग्रामीणों का कहना है पुलिस जबरन कर रही है। यदि रास्ता बंद कर लिया गया तो दूसरा कोई विकल्प नहीं है। फिलहाल डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने मौके पर नायब तहसीलदार को भेज कर निर्माण रोकवा दिया गया है।यही नहीं यह मार्ग वर्ष2011 में मंडी परिषद ने कई लाख रु के लागत से डामर युक्त बनाया था।आगे भी मरम्मतीकरण हेतु प्रस्तावित भी है। स्थानीय विधायक का भी कहना है कि किसी कीमत पर मार्ग बंद नहीं होगा।खैर इस सार्वजनिक रास्ते से नवीन थाने के उत्तरी छोर पर रहने वाले कई ग्रामीणों के साथ ही अतर सुमा, कोदैला, चमरूपुर, नरायन पुर, करमोली समेत बार्डर तक जाने का एक मात्र रास्ता हैं। वही थाने के प्रभारी पंडित त्रिपाठी का कहना है कि अभी निर्माण करा रही कार्यदाई संस्था ने विभाग को हैंड ओवर नही किया है। इससे पुलिस या मेरा कोई लेना देना नही है। फिलहाल ग्रामीणों ने मार्ग बंद हुआ तो धरना प्रदर्शन करने, मुख्य मंत्री के साथ ही हाई कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाने का मन बना लिया हैं।

जनाब-ए-मुस्लिम अलैहिस्लाम की शहादत पर जुलूस का आयोजन आज

सुल्तानपुर । इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के चचेरे भाई व उनके दूत जनाब मुस्लिम इबने अकील अलैहिस्सलाम को ईराक के कूफा शहर में 9जिलहिज सन 60हिजरी को शहीद कर दिया गया था। उसी याद में हर साल शिया इलाको में गम मनाया जाता है, जो 16जून को इस वर्ष पड़ रहा है। रविवार को सुबह 5 बजे जामा मस्जिद अमहट में एक मजलिस होगी जिसको मौलाना मोहम्मद जाफर खान पढ़ेंगे, मजलिस के बाद शबीह ताबूत जामा मस्जिद अमहट से उठकर हुसैनिया नौ तामीर पर पहुँचेगा। जुलूस 8बजे समाप्त होगा जिसमें अमहट की सभी अंजुमने नौहा मातम करेंगी। इसके अलावा अमहट %गोराबारिक% अलीगढ% तुराबखानी %अलीनगर %हसनपुर मनियारपुर %जूडूपुर %प्रतापपुर% मनियारी %लौहर दक्षिण% भाई% पीथापुर %मनियारी %खैराबाद% सजैया %सैदपुर %चुनहा %सुरौली% हयातनगर %कोटवा% मूँगर %बेलहरी% कादीपुर %सैदखानपुर %लुसहा% कारीभीट %वलीपुर %माल्हा% इसौली% आदि इलाकों में भी मजलिस व जुलूस का आयोजन किया जायेगा। 17जून को ईदुल अजहा बकरीद की नमाज जामा मस्जिद अमहट में 10बजे सुबह होगी जिसको मौलाना मोहम्मद जाफर खान पढ़ाऐंगे।

नीट परीक्षाओं में धांधली को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

सुल्तानपुर। नीट परीक्षा परिणामो में धांधली को लेकर कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजदूगी में दो दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से निकलकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए 6 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में आये सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को भेजा है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नीट परीक्षा 2024 में की गई धांधली अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच हो जिससे दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा सके।नीट परीक्षा में जिन छात्रों के नंबर 580 से ऊपर आए हैं उनके परीक्षा केदो के नाम सार्वजनिक किया जाए।नीट परीक्षा में जिन परीक्षा केदो के परीक्षार्थियों को उच्चतम अंक मिले हैं उनके परीक्षा केंद्र के भीतर की वीडियो रिकॉर्डिंग सार्वजनिक की जाए।नीट परीक्षा 2024 संपन्न करने वाली संस्था एन0टी0ए0(ह्रञ्) द्वारा जिस मनमानी तरीकों को अपनाते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों का उलझन करते हुए परीक्षार्थियों की ग्रेस मार्क दिए गए तथा अनियमितताएं की गई को दृष्टिगत रखते हुए आगामी किसी भी परीक्षा को संपन्न करने के लिए संस्था एन0टी0ए0(NTA) को प्रतिबंधित किया जाए, आदि मांग पत्र के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि पिछले 10 वर्षो में भाजपा शासन काल में पेपर लीक होना आम बात हो गई है।नीट परीक्षा में हुई धांधली से लाखों बच्चों के भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है लेकिन केंद्र सरकार देश के नौजवान छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर कोई चिंता नहीं है, और न ही पारदर्शिता से प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन करने में सक्षम है।

वहीं उन्होंने सरकार से परीक्षा को दोबारा करने का आग्रह किया है, ताकि सभी छात्र-छात्राओं के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि नीट परीक्षा जो कि देश की सबसे बड़ी प्रतिष्ठित और बड़ी परीक्षाओं में से एक है, उसका पेपर लीक हो गया। बेरोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहे नौजवानों को भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार ने एक और झटका दे दिया। एक और जहां संवेदनहीन मोदी सरकार में भर्तियों का टोटा है तो वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार में डूबी सरकार सभी प्रकार के परीक्षाओं का पेपर लीक करवाने की जिम्मेदार है, जिसकी वजह से नौजवानों को अपने उज्जवल भविष्य का कोई मार्ग नहीं दिख रहा है।

इस मौके पर वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी लाल पद्माकर सिंह, जिला प्रवक्ता नफीस फारुकी अमोल बाजपेई, पवन मिश्र कटांवा, नकी जफर खां, ममनून आलम, सुब्रत सिंह सनी, अवधेश गौतम, इमरान अहमद, नंदलाल मोर्य गुड्डू जायसवाल विश्वनाथ मिश्र, शीतला साहू, शिवपूजन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय शैक्षिक समागम में बेसिक शिक्षिका सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

हरिद्वार/ सुलतानपुर। उत्तराखंड एस सी आर टी के राज्य समन्वयक, नियोजन, डॉ अजय कुमार चौरसिया तथा वरिष्ठ एवं राष्ट्रीय साहित्यकार डॉक्टर रजनीकांत शुक्ला की अध्यक्षता में हरिद्वार की पावन नगरी में राष्ट्रीय शैक्षिक समागम, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश एवं कई राज्यों से शिक्षक/लेखक शामिल हुए। जिसमे सुलतानपुर जनपद की बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत शिक्षिका अनुपम शुक्ला को उनके शिक्षा विभाग में विगत वर्षों से अनवरत योगदान और उत्कृष्ट लेखन तथा उपलब्धियों को देखते हुए अनुपम शुक्ला को प्रशस्ति पत्र और शील्ड तथा उनके द्वारा स्वरचित लेखन के कार्य का विमोचन करते हुए उन्हें शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया।

हिंदी साहित्य के अनमोल मोती, सम्पादक-मनीष देव, सह सम्पादक-अमिता सचदेव, स्वालंबन (तृतीय संस्करण) संपादक-मनीष देव, सह सम्पादक- डॉ.अनिल चौबे, डॉ. रजनी रंजन जायसवाल, हरि मंजरी, सम्पादक-रीना गुप्ता की महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वरिष्ठ एवं राष्ट्रीय साहित्यकार रजनीकांत शुक्ल, रमेश रमन, भूदत्त शर्मा, उत्तराखंड एस सी आर टी के राज्य समन्वयक, नियोजन, डॉ अजय कुमार चौरसिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में 10 राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों द्वारा पुरस्कार के संदर्भ में विशेष सत्र एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का संयोजन ÷सृजन÷ अंतरराष्ट्रीय कला, साहित्य, संस्कृति न्यास अयोध्या के राष्ट्रीय संयोजक मनीष देव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संतोष कुमार, पंकज आर्या, सुरेश कुमार, श्री प्रकाश पाठक (जिला संयोजक) ÷सृजन÷ अयोध्या, मांडवी सिंह, सरिता तिवारी, अनुराधा बब्बर, आशीष कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

तहसील केराकत सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया



जौनपुर । जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में तहसील केराकत सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कुल 278 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई, जिसमें राजस्व विभाग के 165, पुलिस विभाग के 70, विकास विभाग के 18 एवं अन्य के 25 है जिसमें से मौके पर ही 28 शिकायतों का निस्तारण किया गया। समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जे, पुलिस एवं राशन कार्ड से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई जिसे सम्बंधित अधिकारियों को सौपते हुए निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये और निस्तारण करने के उपरान्त शिकायतकर्ता से बात अवश्य कर ले। वंशधारी पुत्र जगजीवन ग्राम बीरीबारी रसड़ा थाना चंदवक द्वारा शिकायत किया गया कि बंजर खाते के भूमि पर मुन्ना उर्फ श्यामधनी यादव व शिवधनी यादव पुत्रगण स्वर्गीय रामबदन द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर अन्य व्यक्तियों को बेचने की शिकायत की गई, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार को निस्तारण करने का निर्देश दिया गया एवं राजू पाल पुत्र हरगेन पाल ग्राम मटियारी थाना केराकत द्वारा शिकायत किया गया की राजस्व निरीक्षक द्वारा पत्थरगडी की कार्यवाही कर दी गई है परंतु अभी तक प्रार्थी को प्रभावित रकबे पर कब्जा दखल नहीं मिल सका है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उप जिलाधिकारी केराकत ज्ञान प्रकाश, तहसीलदार महेंद्र सिंह, पी0डी0 जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, जिला दिव्यांगजन अधिकारी दिव्या शुक्ला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत रूपईपुर में राजभर बस्ती के निकट ग्राम चौपाल कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

सुल्तानपुर। मंत्री, पंचायती राज तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग, उ0प्र0 शासन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, श्री ओम प्रकाश राजभर द्वारा मुख्यमंत्री, उ0प्र0 द्वारा सभी मंत्रियों को दिये गये निर्देश 'चलें गॉव की ओर' अभियान के अन्तर्गत आज जनपद भ्रमण के दौरान ब्लाक भदैयॉ के ग्राम सभा-दिलावलपुर के समीगंज बाजार में पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण, ब्लाक अखण्डनगर के ग्राम पंचायत रूपईपुर तथा पंचायत कुड़री में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत द्वारा कराये गये/कराये जा रहे विभिन्न कार्यों का स्थलीय निरीक्षण तथा ग्राम पंचायत रूपईपुर में राजभर बस्ती के निकट ग्रामीण चौपाल में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर मा0 विधायक कादीपुर राजेश गौतम, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष अरविन्द राजभर, उप निदेशक पंचायतीराज, प्रभारी सीडीओ/जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, अधिशासी अभियन्ता पी0डब्ल्यू0डी0 संतोषमणि त्रिपाठी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हरिओम नारायण चन्द्र, जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 धीरेन्द्र कुमार, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कार्यकर्तागण भी उपस्थित रहे।

मंत्री, पंचायती राज तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग, उ0प्र0 शासन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का जिला पंचायतराज अधिकारी अभिषेक शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ व मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। मा0 मंत्री जी द्वारा भदैयाँ के ग्राम सभा-दिलावलपुर के समीगंज बाजार मेंजल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल योजना के तहत निर्माणाधीन पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात मंत्री जी द्वारा पौधरोपण भी किया गया। तत्पश्चात मंत्री जी द्वारा मा0 विधायक कादीपुर राजेश गौतम के साथ ब्लाक अखण्डनगर के ग्राम पंचायत रूपईपुर तथा पंचायत कुड़री में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत द्वारा कराये गये/कराये जा रहे विभिन्न निर्माण/निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण तथा ग्राम पंचायत रूपईपुर में राजभर बस्ती के निकट ग्रामीण चौपाल में प्रतिभाग किया गया। मा0 मंत्री जी द्वारा जिला पंचायत द्वारा कराये गये/कराये जा रहे विभिन्न निर्माण/निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने जिला पंचायत द्वारा कराये जा रहे कार्य हाई मास्ट एलईडी लाइट की स्थापना के बारे में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने अन्य निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व ससमय कराये जाने के निर्देश दिये।

तत्पश्चात मंत्री जी द्वारा ग्राम पंचायत रूपईपुर में राजभर बस्ती के निकट ग्रामीण चौपाल में प्रतिभाग किया गया। वहां पर राजभर समाज के लोगों द्वारा मंत्री जी का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंत्री जी ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 द्वारा गॉव चलों अभियान के तहत हमें भेजा गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सरकार द्वारा संचालित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ब्लाक स्तर पर गठित पंचायत भवन में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सरकार आपके घर पर भी समस्त सुविधाएं उपलब्ध करायेगी। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से अपील की कि आप लोग घरों से निकलकर पंचायत भवन में आकर ऑनलाइन आवेदन करें, जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आप लोगों को उपलब्ध हो सके। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि आप लोग अपने बच्चों को स्कूलों में पढ़ने के लिये जरूर भेजें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु आवेदन कराये जा रहे हैं, उन सभी में आप लोग आवेदन करें, जिससे आप लोगों को रोजगार सुलभ हो सके। इस अवसर पर विधायक कादीपुर द्वारा अपने संबोधन में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया। इसी प्रकार प्रभारी सीडीओ/जिला विकास अधिकारी द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास परक योजनाओं के बारे में अवगत कराया तथा मा0 मंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अन्त में जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला द्वारा मंत्री जी का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन करते हुए आश्वस्त किया गया कि आपके द्वारा सुझाये गये सभी बिंदुओं का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। इस अवसर पर समस्त सम्बन्धित ब्लाक के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सेवायोजन कार्यालय परिसर में कैरियर कॉउन्सिलिंग एवं रोजगार मेला का आयोजन

जौनपुर । जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर निकट नारायण नर्सिंग होम जौनपुर में 18 जून 2024 को प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 10 कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी शैक्षिक योग्यताः- हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों का कैम्पस सलेक्शन करेंगी। जिसमें अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त करें।

जिला सेवायोजन अधिकारी शशिकान्त सरोज ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति आई0डी0प्रूफ बायोडाटा सहित प्रतिभाग करें। सेवायोजन वेब पोर्टल- https://rojgaarsangam.up.gov.in/ के माध्यम से पंजीकरण कर अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

धान खरीद की समीक्षा बैठक मीटिंग हॉल में संपन्न हुई

जौनपुर । जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार मांदड की अध्यक्षता में धान खरीद की समीक्षा बैठक मीटिंग हॉल में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा जनपद के राइस मिल पर अवशेष सीएमआर(कस्टम मिल राइस) की समीक्षा की गई। विपणन शाखा ,पी सी यू एवं पीएसएफ का सीएमआर उतार अभी बाकी है ।

जिलाधिकारी द्वारा सभी मिलों को कड़े निर्देश दिए गए कि 30 जून के पहले सीएमआर का शत प्रतिशत संप्रदान एफसीआई डिपो में करें, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जो मिले निर्धारित समयावधि में सीएमआर उतार नहीं कर पाएंगे, उन्हें आगामी वर्षो के लिए डिबार कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी जिला प्रबंधकों एवं डीएफएमओ, एआर कोऑपरेटिव को निर्देश दिया गया कि समस्त मिलो का निरीक्षण करते हुए निर्धारित समय अवधि में शत प्रतिशत सीएमआर संप्रदान कराये।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, डीएफएमओ एन के पाठक, एआर कोऑपरेटिव अमित पांडे, आर एम पीसीएफ, जिला प्रबंधक पीएसएफ, जिला प्रबंधक पी सी यू, सभी राइस मिल प्रोपराइटर उपस्थित रहे।

बाइक सवार दो युवकों को डंफर ने मारी टक्कर, एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के लोदीपुर उतरावा गांव निवासी राज बाबू(30) पुत्र हरी लाल अपने मित्र पिंकू द्विवेदी के साथ बाइक से रायबरेली जा रहा था। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे राज बाबू की मौत हो गई और पिंकू द्विवेदी गंभीर रूप से घायल हो गया ।राज बाबू के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं पिंकू द्विवेदी को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। राज बाबू की मौत से परिवार में मातम छा गया है।

आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कानून/शांति व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित

सुल्तानपुर। जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल की उपस्थिति में आगामी त्यौहार ज्येष्ठ माह गंगा दशहरा, ईद-उल-अजहा (बकरीद), ज्येष्ठ माह का बड़ा मंगल आदि के दृष्टिगत कानून/शांति व्यवस्था, साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नये मीटिंग हॉल में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में नगर के संभ्रांत व्यक्ति, धर्मगुरु, मौलवी, सुरक्षा संगठन समिति के पदाधिकारीगण आदि उपस्थित रहे। बैठक में आगामी त्योहारों की तैयारियों- साफ-सफाई, बिजली, पानी, धार्मिक सद्भाव आदि के सम्बन्ध में सभी धर्मगुरुओं, सम्भ्रान्त नागरिकों व सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी से अपील की गयी कि आगामी त्यौहार के दृष्टिगत आपसी भाईचारे व सद्भावना के साथ मनाया जाय। उन्होंने कहा कि उक्त त्योहारों के दृष्टिगत साफ-सफाई, बिजली, पानी सहित समस्त तैयारियों के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों दिये गये हैं। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर नजर रखें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, शांति सुरक्षा बनी रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी आगामी त्यौहार को आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण ढंग से मनायें। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारीगण व थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी त्योहार के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु निगरानी रखें व पैदल मार्च भी करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त प्रबंध किये गये हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि आगामी त्यौहार को सौहार्दपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ मनायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) एस. सुधाकरन, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चन्द्र, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित नगर के संभ्रांत व्यक्ति, धर्मगुरु, मौलवी, सुरक्षा संगठन समिति के पदाधिकारीगण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

नगर पंचायत शिवगढ़ के वार्ड-02 का मतदान 08 जुलाई व मतगणना 10 जुलाई को:हर्षिता माथुर

नामांकन 22 जून, पत्रों की संवीक्षा 24 जून, अभ्यर्थन वापसी 26 जून, प्रतीक आवंटन 27 जून, मतदान 08 जुलाई व मतगणना 10 जुलाई को:जिला मजिस्ट्रेट

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली हर्षिता माथुर ने राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 की अधिसूचना के अनुसार जनपद रायबरेली में अवस्थित नगर पंचायत शिवगढ़ के वार्ड संख्या 02 अजीत खेड़ा के रिक्त सदस्य के स्थान/पद (यदि मा0 न्यायालय के स्थगन आदेश से बाधित न हों) पर उप निर्वाचन, जो विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार कराए जाने के निर्देश दिये हैं।

इस विवरण के अनुसार रिटर्निंग अधिकारी नगर पंचायत शिवगढ़ (न0पं0) द्वारा वार्ड सं0 02 अजीत खेड़ा के रिक्त सदस्य के स्थानध्पद की सार्वजनकि नोटिस 18 जून 2024 को जारी करेंगे की तिथि से नामांकन पत्रों का विक्रय किया जायेगा।नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति का अन्तिम तिथि व समय 22 जून 2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक), नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 जून 2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक), अभ्यर्थन की वापसी 26 जून 2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक), प्रतीक आवंटन 27 जून 2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे से कार्य समाप्ति तक), मतदान 08 जुलाई 2024 (पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक), मतगणना 10 जुलाई 2024 (पूर्वाह्न 08:00 बजे से कार्य समाप्ति तक)जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली हर्षिता माथुर ने बताया है कि नाम निर्देशन पत्र विक्रय तथा प्राप्त करने, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, अभ्यर्थन वापस लेने, प्रतीक आवंटन एवं मतगणना की कार्यवाही सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारी/सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नगर पंचायत शिवगढ़ की तहसील महराजगंज पर की जायेगी। उपर्युक्त समय सारिणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

संक्षिप्त खबरें

पूर्व ग्राम प्रधान की बीमारी से हुई मौत , गांव में शोक

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया प्रयागराज। विकास खंड बहरिया के ग्राम पंचायत भरेहता के पूर्व ग्राम प्रधान व वीरगंज निवासी मोती लाल गुप्ता उम्र 78 वर्ष की तबीयत कुछ दिनों से खराब चल रही थी शनिवार की सुबह अचानक तबीयत कुछ ज्यादा खराब हो गई तो परिजन फाफामऊ के एक निजी अस्पताल ले गये जहां कुछ देर में उनकी मौत हो गई उनकी मौत की सूचना जब ग्रामवासियों को हुई तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई लोग पूर्व प्रधान को एक सामाजिक व मिलनसार बताते हुये कहा कि लोगों के सुख-दुख में हर सयय खड़े रहते थे मृतक अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गये हैं शनिवार की देर शाम इनका अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट पर किया गया।

ग्राम प्रधान के श्वसुर की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया प्रयागराज। विकास खंड बहरिया के ग्राम पंचायत रामगढ़ कोठारी के ग्राम प्रधान श्रीमती सरोजा देवी के श्वसुर छोटे लाल पटेल उम्र 80 वर्ष जो काफी दिनों से बीमार चल रहे थे कि शुक्रवार की शाम मौत हो गई मृतक की पत्नी गुलाबपत्ती जो ग्राम प्रधान थी इनकी भी मौत भी पद पर रहते हुये मौत सवा साल पहले हो गई थी छोटे लाल पटेल का अंतिम संस्कार शनिवार को फाफामऊ घाट पर किया गया अंतिम संस्कार में आये हुये लोगों का आभार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार पटेल ने जताया।

गांवों में लगे इंण्डिया मार्का हैण्डपम्प पड़े है खराब

लोकांमत्र ब्यूरो

बहरिया प्रयागराज। विकास खण्ड बहरिया के अन्तर्गत आने वाले दर्जनों गांवों में इण्डिया मार्का हैण्डपम्प खराब पड़े हैं । जानकारी के अनुसार करनाईपुर, बहरिया, सिकन्दरा, महुली, हुसैनपुर गांव में गणेश प्रसाद मिश्र के दरवाजे पर लगा हैण्डपम्प जिसका हैण्डिल टूटा पड़ा है जिसकी शिकायत ग्राम सचिव एवं ग्राम प्रधान तथा खण्ड विकास अधिकारी से किया है ।

इसी प्रकार बुद्दू हरिजन बस्ती हुसैनपुर, नरेश हरिजन के दरवाजे पर लगा हैण्डपम्प जो कि खराब पड़ा है ।

उपरोक्त लोगो ने भी सम्बंधित जिम्मेदारों से शिकायत किया है । पर आज तक कोई सुध लेने नही आया और न ही कोई कार्रवाई ही की गयी । इन बस्ती वाले ग्रामीणों को दूर दराज से पीने के लिये पानी लाना पड़ रहा है।

रथ यात्रा के पूर्व भगवान जगन्नाथ जी का विग्रह मंदिर का हो रहा निर्माण

प्रयागराज। श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट के द्वारा रथ यात्रा की स्वर्ण जयंती मनाने की तैयारी में जुट गई है। ट्रस्ट के रथ यात्रा सहसंयोजक राजेश केसरवानी ने बताया कि इस वर्ष श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट अपना रजत जयंती पर्व मना रही है। इस अवसर पर काशी राजनगर कटघर स्थित प्रयागेश्वर नाथ जगन्नाथ धाम के मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ जी के विग्रह मंदिर का निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है। रथ यात्रा के पूर्व पूरा मंदिर प्रांगण का सौंदर्यीकरण किया जाएगा जो दूर से ही लोगों को आकर्षित करेगा।

अनुप्रिया पटेल से मिलने प्रतापपुर से पहुंचे दिल्ली

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। विधानसभा प्रतापपुर के दयालापुर गांव निवासी अपना दल एस युवा मंच के जिला उपाध्यक्ष राजा बाबू हिंदुस्तानी और पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा पार भानु प्रताप पटेल जो प्रतापपुर की करुवाडीह गांव के निवासी हैं ।पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल से मिलने दिल्ली पहुंच गए। आपको बता दे की अनुप्रिया पटेल तीसरी बार सांसद बनने के साथ मंत्री का पद ग्रहण किया है। अपनी नेता को बंधाई देने के लिए राजा बाबू हिंदुस्तानी और पार्टी के जिला अध्यक्ष भानु प्रताप पटेल दिल्ली पहुंचकर अपने नेता से मुलाकात कर उन्हें बंधाई दी। जिला अध्यक्ष के साथ पार्टी के अन्य कार्यकर्ता और नेता भी अपनी लोकप्रिय नेता से मिलने उन्हें बधाई देने के लिए दिल्ली पहुंचे।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महेवाघाट थाने की एण्टी रोमियों टीम ने चलाया गया जागरूकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

कोचिंग के लिए साईकिल से निकला किशोर घर लौट कर नहीं आया, घर में मचा है कोहराम

अनहोनी की आशंका से घर वालों का रो-रो कर हो गया है बुरा हाल

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। उतरांव थाना क्षेत्र के कहरा गांव का एक किशोर कोचिंग के लिए साइकिल से घर से निकला लेकिन तीन दिन बीत जाने के बावजूद घर वापस लौटकर नहीं आया। अनहोनी की आशंका से घर में कोहराम मचा हुआ है। पीड़ित पिता थाने में गुमसुदकी दर्ज कराई है। वही बेटे का पिता इस भयंकर भीषण तपती गर्मी में बेटे को दरबदर खोज रहा है। स्थानीय पुलिस भी किशोर को खोजने में लगी हुई है। कहरा गांव के डिहवा बस्ती निवासी सुरेंद्र त्रिपाठी उर्फ मुन्नन का 15 वर्षीय बेटा सुधांशु त्रिपाठी 12 जून को सुबह कोचिंग के लिए घर से साइकिल लेकर निकला लेकिन तीन दिन के बाद भी वापस नहीं लौटा है।

घर के लोग सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। सुधांशु का जगतपुर और हंडिया में हालांकि पुलिस को सीसीटीवी फुटेज तो मिल गया है। लेकिन वह साइकिल से कहां गया है यह पता नहीं चल सका है। पीड़ित पिता ने बताया कि सुधांशु काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए जाने को कह रहा था।

इस बात की आशंका को लेकर पीड़ित पिता काशी विश्वनाथ भी पहुंच कर सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चला जिससे वहां स्थानीय पुलिस स्टेशन पर भी बेटे के गुमसूदकी के बारे में सूचना करा दिया गया है। वहीं स्थानीय उतरांव थाने में बेटे की गुमसुदकी की दर्ज कर दी गई है। दूसरी तरफ अनहोनी की आशंका से घर में कोहराम मचा हुआ है मां, भाई, बहन, पिता सबका रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। सुधांशु दो भाई और तीन बहन है। वही जिगर के टुकड़े के लापता होने से परिवार के सभी सदस्य घुट घुट कर जीने को मजबूर हैं। सभी परिवार के सदस्य खून के आंसू रोने को विवश हैं।



दि फ़िफ्त पिलर क्लब दस विकेट से जीता

प्रयागराज। दि फ़िफ्त पिलर क्लब ने अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता में रामबाबू पाल क्लब को दस विकेट से हराया।

सीएवी कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में रामबाबू पाल क्लब ने 34.5 ओवर में 140 रन (शौर्य प्रताप सिंह 40, दीपांशु 37, युवराज 4/24, अनिल 2/19, अनिक सिंह 2/44) बनाये। जवाब में दि फ़िफ्त पिलर क्लब ने 7.2 ओवर में बिना विकेट खोए 143 रन (अंश यादव 71 नाबाद, आदित्य वर्मा 69 नाबाद) बना लिए।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । हर साल, विश्व रक्तदाता दिवस रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अधिक लोगों से रक्तदान करने के लिए आग्रह करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है ÷20 साल का जश्न मनाने का– धन्यवाद रक्तदाताओं!÷। डॉ. एस. के हांडू ने जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य देखभाल संगठनों के लिए स्वस्थ रक्त की निरंतर आपूर्ति में मदद करने के लिए रक्तदान करने का आग्रह किया।डॉ.कल्पना मिश्रा ने वर्षों से जीवन बचाने वाले दान के लिए रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया । डॉ. उषा एस.पी.यादव ने रक्त के घटकों और रक्तदान के लाभों पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के साथ विस्तार से विषय पर बात की।इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदाताओं का पंजीकरण भी किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त थानाध्यक्षों के साथ हुई बैठक

➪बैठक में थानाध्यक्षों को नोटिस तामील के संबंध में प्रदान किए गए दिशा निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। आज सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 29 जुलाई से 03 अगस्त तक आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत एवं 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त थाना के थानाध्यक्ष की बैठक जनपद न्यायालय सभागार में दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

समस्त थानों के थानाध्यक्ष को बैठक में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 एवं राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई हेतु नोटिस तामील के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किए गए और अधिक से अधिक नोटिस की तामिला कराकर सर्वोच्च न्यायालय की विशेष लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु निर्देश प्रदान किए गए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शशि कुमार द्वारा समस्त थाना अध्यक्षों को पुरानी फाइलों में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा निर्देश को बताया गया और कहा गया कि इसको प्राथमिकता के आधार पर इसकी पैरवी करना सुनिश्चित करें, जिससे इनका निस्तारण किया जा सके। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की।

इलाहाबाद सर्जन एसोसिएशन की तरफ से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। इलाहाबाद सर्जन्स एसोसिएशन के सौजन्य से आज मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

अखिल भारतीय सर्जन एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रोबल नियोगी की पहल पर एसोसिएशन की तरफ से पूरे देश में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए, और इसी श्रृंखला में इलाहाबाद सर्जन्स एसोसिएशन ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस शिविर की थीम ÷पे बैक टू सोसाइटी÷ थी।

शिविर का उद्घाटन इलाहाबाद सर्जन्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल और मोती लाल नेहरू

मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. कमल सिंह, इलाहाबाद सर्जन्स एसोसिएशन के सचिव डॉ. वैभव श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह, संयुक्त सचिव डॉ. संतोष सिंह, सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. वी के पांडे, सर्जरी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सबी अहमद, डॉ यूके पांडे, डॉ अरविंद श्रीवास्तव, डॉ कचनार वर्मा, डॉ सुबिया अंसारी, के पी सिंह समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस पुण्य अवसर पर संयुक्त सचिव डॉ संतोष सिंह ने सबसे पहले रक्तदान कर शुरुआत की। इसके साथ ही बायोकेमेस्ट्री विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. बीनू और चर्म रोग विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुधा यादव, डॉ विशाल केवलानी, डॉ अखिलेश यादव, डॉ रवि राज पाटिल, डॉ तरुण कलर, डॉ आलोक सिंह, डॉ सुयश, डॉ नीतू समेत कुल 65 लोगों ने रक्तदान किया।

इस आयोजन का उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों ने इस प्रयास को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शहर कांग्रेस के महासचिव बने कमल शर्मा

नैनी(प्रयागराज)। शहर कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक शहर उपाध्यक्ष नयन कुशवाहा के आवास पर संपन्न हुई।

बैठक में शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के द्वारा शहर कांग्रेस कमेटी में कमल शर्मा को शहर महासचिव बनाए जाने पर सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी गणों ने संयुक्त रूप से कमल शर्मा को बधाई एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया।

बैठक में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक कुमार पाण्डेय, शहर महासचिव राकेश श्रीवास्तव,अंजुम नाज, शहर सचिव अशोक सोनी, शिव शंकर मिश्रा, प्रदीप वर्मा, शंकर प्रसाद मिश्रा,संगम लाल, निजाम सड़वा,सुनील रावत, इंदुबाला चौधरी,वार्ड अध्यक्ष राज कुमार, जमाल अख्तर, मुन्ना जाफरी,राजू भारतीय, नागेश, छबिराम यादव, इंजीनियर विजय कुमार, उर्मिला आदिवासी, दुलारे लाल, हरीओम भारतीय, बाबू भाई, नाटे सहित अन्य कई गणमान्य कार्यकर्ता गण और पदाधिकारी गणों की उपस्थिति रही है।

श्रीमद् भागवत कथा श्रवण मात्र से मानव जीवन से मुक्ति- मनीष आनंद जी महाराज

लोकमित्र ब्यूरो

खीरी (प्रयागराज)। मनुष्य के संपूर्ण मानव जीवन में श्रीमद् भागवत कथा का बहुत ही बड़ा स्थान है। श्रीमद् भागवत कथा श्रवण मात्र से ही मनुष्य को मानव जीवन से मुक्ति प्रदान होती है। उक्त बातें मां काली मंदिर पुरादत्तु में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य पंडित मनीष आनंद शास्त्री जी द्वारा बतलाई गई। पंडाल में उपस्थित भक्तजनों को कथा श्रवण कराते हुए भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि प्रत्येक को उनके संस्कारों की सीख लेना चाहिए ।उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण स्वयं परमात्मा होते हुए भी अपने माता-पिता के चरणों को प्रणाम करने में संकोच नहीं करते थे। धर्म की रक्षा के लिए भगवान श्री कृष्ण ने धरती पर जन्म लिया और साथ ही साथ तमाम लीलाओं को भी उन्होंने वर्णित किया। आगे कथावाचक ने बालिकाओं का समाज और परिवार में महत्व बतलाते हुए कहा कि पुत्र केवल एक कुल का उद्धार करता है। लेकिन पुत्री तीन कुल का उद्धार करती है बेटियां इस संसार की जन्मदातरी हैं। उन्हें शिक्षित, संस्कारित कर उनकी सदैव रक्षा करना चाहिए कथा श्रवण के दौरान पंडाल भक्तों से भरा रहा।

एनसीसी के बच्चों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के बहुउद्देशीय हॉल में 67 सी टी आर एनसीसी कैंप के बालक वा बालिकाओं को प्रयागराज यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट रविन्द्र खत्री बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि द्वारा पवन पाण्डेय को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में निरीक्षक पवन पाण्डेय द्वारा बताया कि सड़क दुर्घटना में न जाने कितने लोगों की जान चली जाती है। खासकर साइकिल चालकों के लिए सुरक्षित सफर करना एक बड़ी चुनौती बन गई है। कारण है कि लोग नियमों को लेकर लापरवाही करते हैं। छात्रों को बताया गया कि कार चालक सीट बेल्ट वा दोपहिया चालक सही मानकों वाला हेलमेट पहनकर ही घर से निकलें। सड़क पर हमेशा दूसरे वाहनों से निश्चित दूरी बनाकर रखनी चाहिए। सड़क किनारे लगे दिशासूचक बोर्ड व सड़क सुरक्षा नियमों की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए। वाहन चलाते समय नशा न करें। लोग कान में इयरफोन लगाकर गाड़ी चलाते हैं जो बेहद खतरनाक है। बच्चो के यातायत संबंधी प्रश्नों के उत्तर के उत्तर भी दिए। उन्होंने बच्चो को गुड सेमिरिटन वा यातायात के दस स्वर्णिम सिद्धान्त के भी बारे में बताया। इस कार्यशाला में एनसीसी के 450 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में कैप्टन केपी सिंह, मेजर डीपी गोस्वामी, लेफ्टिनेंट सुनील कुमार, समाजसेवी नितीश शुक्ल, प्रदीप दुबे, सतेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, कमलेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

महिला थानाध्यक्ष ने पति-पत्नी के आपसी विवाद को सुलझाया

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। सामाजिक रिश्तों और परिवारों के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर पति-पत्नी के बीच टूट रहे रिश्तों को बचाने के लिए महिला थाना प्रभारी निरीक्षक उर्मिला सिंह और उनकी टीम की महिला कांस्टेबल विद्या यादव द्वारा हर-संभव प्रयास किया जा रहा हैं, इस कार्य में उन्हें सफलता भी मिल रहीं हैं। बीते कई दिनों से कई घर टूटने से बचाया गया। पति पत्नी के बीच सुलह समझौता कराकर एक साथ रहने को राजी किया गया।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम द्वारा प्रार्थना पत्र की काउंसलिंग किया गया। जिसमें काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों की खुद की सहमति से थाने में सुलह समझौता किया गया। साथ ही पुलिस टीम ने दोनों जोड़ों को उनके जीवन के पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया। इस दौरान दोनों पक्षों ने बताया कि हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है. अब हम लोग अपने खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं। तभी पुलिस टीम ने दोनों पक्षों का मूलह समझौता कराया। दोनों पक्षों को पुलिस द्वारा एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करने की सलाह दिया गया। साथ ही विपक्षी को हिदायत दिया गया, की पुरानी बातों को भूलकर अपनी पती को अपनाते हुए जीवन यापन करेंगे।

यह दोनों लोग अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपनी जीवन की नई श रूआत करेंगे। इसके बाद थाने से दोनों लोगों को हंसी-खुशी उनके घर की तरफ शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया गया।

मामूली बात पर मारपीट महिला की मौत 7 के खिलाफ केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। फूलपुर थाना क्षेत्र के बसना गांव में मामूली सी बात पर दो पक्षों ने जमकर मारपीट हुई जिसमे कई लोग घायल हो गए।

उपचार के बाद शहर ले जाते समय एक महिला की मौत हो गई। जिसमे मामले में 7 लोगो के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फूलपुर थाना क्षेत्र के बसना गांव निवासी विजय सिंह पुत्र स्वर्गीय अवधेश सिंह ने शनिवार को फूलपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया की शुक्रवार देर शाम मामूली सी बात पर पड़ोसी दीनू सिंह आदि से मार पीट हो गई जिसमे बिपक्षियो ने लाठी डंडे के साथ लोहे की राड से मारने लगे जिसमे कई लोग घायल हो गए

जिसमे आवेदक। की मां सावित्री देवी को काफी गंभीर चोटे आई उन्हे सी एच सी फूलपुर में भर्ती कराया गया जहां हालत नाजुक होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया उन्हे उपचार के लिए शहर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई ।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया मामले में विपक्षी दीनू सिंह,दीपू सिंह, करन सिंह,सचिंद्र सिंह,अशोक सिंह,और शशी सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल पुलिस कर रही है।

करारी में छत से गिरने से गैराज मैकेनिक की मौत

करारी, कौशाम्बी। कस्बा के आजादनगर मोहल्ले में शुक्रवार की रात छत से गिरने गैराज मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को सूचना दिए बगैर अंतिम संस्कार कर दिया।कस्बा के आजाद नगर मोहल्ले के वीरेंद्र कुमार सरोज (30) पुत्र सुक्खू गैराज मिस्त्री का काम करता है। उसकी छत मदरसा जामिया इमदादुल उलूम से मिला हुआ है। शुक्रवार को रात वह काम करके लौटा। खाना खाने के बाद वह मदरसा की दूसरी बिल्डिंग पर सो रहा था। रात करीब 11 बजे लघुशंका के लिए उठा। अचानक वह छत से नीचे मदरसा परिसर में गिर गया। मदरसा में आवासीय परिसर में रह रहे छात्रों ने देखा तो इसकी सूचना प्रिंसपल को दी। प्रिंसपल ने वीरेंद्र के घरवालों को बताया। वीरेंद्र को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।

जिंदा साबित होने की जंग में दो साल से सरकारी दफ्तरों में भटक रहा है मृतक राम आसरे.....!

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिले के सरकारी महकमों का गजब हाल है। घोर लापरवाही की सारी हदें पार करते हुए वृद्धावस्था पेंशन धारक वरिष्ठ नागरिक को सरकारी कागजों में मृतक दिखाकर पेंशन रोक दी गई है। बीते दो साल से खुद को जिंदा साबित करने की जद्दोजहद में सरकारी दफ्तरों का चक्कर काट रहा वृद्ध अब तक जिंदा नहीं हो सका है। हैरानी की बात है कि आइजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री से फरियाद लगाने के बावजूद सरकारी कागजों में अभी तक जिंदा नहीं हो सका है।

कौशांबी जिले के सरसंवा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत भरसंवा गांव का रामआसरे वृद्धावस्था पेंशन धारक है।

मनमाने तरीके और घोर लापरवाही के साथ बीते करीब दो साल पहले भौतिक सत्यापन में मृतक दिखा कर जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के पेंशन डाटा में रोक लगाकर पेंशन के लाभ से वंचित कर दिया गया है। सरकारी मनमानी और घोर लापरवाही से पीड़ित रामआसरे ने बताया है

कि खंड विकास अधिकारी सरसंवा से लेकर जिला समाज कल्याण अधिकारी और जिलाधिकारी कार्यालय तक अपनी फरियाद लेकर लगातार भटकने के बावजूद आज तक समाज कल्याण विभाग के पोर्टल में वह जिंदा नहीं हो सका है।

हैरानी की बात है कि आइजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री से फरियाद लगाने के बावजूद अधिकारियों ने उसे अब तक जिंदा नहीं किया है।